# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com

www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 | अंक : 144 | पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर | पृष्ठ : 08, | मूल्य : 2 रुपये, | रविवार 24 जुलाई 2022 | (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी विश्व चौंपियनशिप में सातवें स्थान पर रहीं

यूजीन। भारत की अन्नू रानी विश्व एथलेटिक्स चौंपियनशिप में 61.12 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ शुक्रवार को यहां महिला भाला फेंक फाइनल में सातवें स्थान पर रही। इस स्पर्धा में लगातार दूसरी

बार फाइनल में प्रतिस्पर्धा करते हुए अन्नू ने अपने दूसरे प्रयास में दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन उनके अन्य पांच थ्रो 60 मीटर की दूरी को पार करने में विफल रहे। अन्नू ने अपने छह प्रयास में भाले को क्रमशरू 56.18 मीटर, 61.12 मीटर, 59.27 मीटर, 58.14 मीटर, 59.98 मीटर और 58.70 मीटर दूर फेंका। इस 29 साल की खिलाड़ी का सत्र और व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 63.82 मीटर (राष्ट्रीय रिकॉर्ड) हैं। अन्नु इस स्पर्धा में अगर अपने व्यक्तिगत रिकॉर्ड को हासिल करती तो उन्हें पदक मिल जाता लेकिन उन्होंने यहां अपने पूरे अभियान के दौरान संघर्ष किया। इस राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी ने 59.60 मीटर के थ्रो के साथ क्वालीफिकेशन दौर में आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह पक्की की थी। गत चौंपियन ऑस्ट्रेलिया की केल्सी–ली बार्बर ने 66.91 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।

### पंजाब सरकार ने निभाया अपना वादा, हर महीने 300 यूनिट फ्री बिजली के लिए सर्कुलर जारी

पंजाब। पंजाब सरकार ने दिल्ली की तरह ही इस राज्य के लोगों को मुफ्त बिजली देने का वादा पूरा किया है. पंजाब की आप सरकार ने यहां की जनता को फ्री बिजली देने के लिए सर्कुलर जारी कर दिया है. इस सर्कुलर के तहत हर महीने 300 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी. इसी तरह एक बिल में 600 यूनिट फ्री दिए जाएंगे।

गौरतलब है कि पंजाब की भगवंत मान सरकार पंजाब विधानसभा के चुनावों के दौरान आम आदमी पार्टी ने मुफ्त बिजली देने का वादा किया था. आखिरकार भगवंत मान सरकार ने पंजाब के लोगों को मुफ्त बिजली देने का फैसला ले लिया जो उन्होंने पूरा करके दिखा दिया है. फ्री बिजली देने का सर्कुलर जारी कर पंजाब की आप सरकार अपने वादे पर खरी उतरी है. सर्कुलर में कहा गया है कि पंजाब की जनता को हर महीने 300 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी. इसमें एक बिल में 600 यूनिट फ्री दिए जाने का प्रावधान ही है. इसके साथ ही जनरल वर्क के 600 से ज्यादा यूनिट आने पर सभी यूनिट का खर्चा उपभोक्ता को देना पड़ेगा. इसमें एससी, बीसी स्वतंत्रता सेनानी और जिन लोगों को पहले 200 यूनिट फ्री बिजली का लाभ मिल रहा था, वो भी फ्री बिजली के हकदार होंगे. अब उनके 300 प्रति यूनिट बिजली और एक बिल में 600 यूनिट बिजली का फ्री मिलेगी. इसके लिए अलग से एक फॉर्म जारी किया गया है. इस फॉर्म को इस वर्ग के लोगों को भरकर देना होगा।

### महा विकास आघाडी में बड़ी हो रही दरार, अब कांग्रेस के कई नेता शिवसेना में हुए शामिल

महाराष्ट्र।महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी में दरार बड़ी होती जा रही है. पहले राष्ट्रपति चुनाव में महा विकास आघाडी के दलों ने अलग–अलग उम्मीदवारों को समर्थन दिया वहीं महाराष्ट्र विधान

परिषद में विपक्ष के नेता के चुनाव को लेकर भी ये दल अलग–अलग राह पर रहे. अब शिवसेना ने महाराष्ट्र कांग्रेस में सेंध लगा दी है. महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के कई कांग्रेसी नेता कांग्रेस छोड़ उद्धव ठाकरे के हाथों, शिव बंधन बंधवाकर शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) में शामिल हुए हैं।

कांग्रेस से शिवसेना में शामिल हुए नेताओं में सिंधुदुर्ग कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बाला गावड़े, पर्यावरण विभाग के प्रदेश सचिव सच्चितानंद बुगड़े, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष कौस्तुभ गावडे, विभागीय सचिव संदीप कोठावले, किरण गावड़े, वैभव सुतार समेत कई पदाधिकारी हैं।

# सांसदों ने रामनाथ कोविंद को दी विदाई

## पार्टियों को दलगत राजनीति से ऊपर उठना चाहिए - राष्ट्रपति

राम कृपाल सिंह

नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को आज लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों ने संयुक्त रूप से विदाई दी है। संसद भवन में यह विदाई समारोह आयोजित किया गया था। इस मौके पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने देशवासियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मैंने पूरी क्षमता के साथ अपने कर्तव्यों को निभाया है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कह दिया कि बाबासाहेब अंबेडकर के सपनों का भारत अब बन रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि कई पुरानी स्मृतियां उमड़ रही हैं। उन्होंने पार्टियों को दलगत राजनीति से ऊपर उठने के लिए भी कहा। कोविंद ने कहा कि देश के लिए जरूरी मुद्दों पर काम करना बेहद जरूरी है। रामनाथ कोविंद ने कोरोना महामारी के दौरान भारत के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि देशवासियों के सपने को नई उड़ान मिल रही है। निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ

कोविंद ने कहा कि संसद में बहस और असहमति के अधिकारों का इस्तेमाल करते समय सांसदों को हमेशा गांधीवादी दर्शन का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद लोकतंत्र का मंदिर है। उन्होंने कहा कि मुझे राष्ट्रपति के रूप में सेवा करने का अवसर देने के लिए देश के नागरिकों का हमेशा आभारी रहूंगा। इस विदाई समारोह में राज्य सभा के चेयरमैन एम वेंकैया नायडू और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी मौजूद रहे। इनके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित सभी केंद्रीय मंत्री भी इस आयोजन में शामिल हुए। आपको बता दें कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को खत्म हो रहा है। 25 जुलाई को देश की नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शपथ लेंगी। रामनाथ कोविंद को एनडीए की ओर से 2017 में राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया गया था जिसमें उन्होंने जीत हासिल की थी। रामनाथ कोविंद का कार्यकाल कई मायनों में बेहद महत्वपूर्ण रहा। रामनाथ कोविंद के लिए कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से एक भोज का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए थे। रात्रिभोज में देश के सभी हिस्सों से प्रतिनिधि आए थे, जिसमें कई पद्म पुरस्कार विजेता और आदिवासी नेता शामिल थे।

मुर्मू ने बृहस्पतिवार को एकतरफा मुकाबले में विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को हराते हुए भारत की पहली आदिवासी राष्ट्रपति बनकर इतिहास रच दिया। मुर्मू (64) को निर्वाचक मंडल सहित सांसदों और विधायकों के मतपत्रों की एक दिन की मतगणना में 64 प्रतिशत से अधिक वैध मत प्राप्त हुए और सिन्हा के खिलाफ उन्होंने भारी अंतर से जीत हासिल की। निर्वाचन अधिकारी पी सी मोदी ने 10 घंटे से अधिक समय तक चली मतगणना प्रक्रिया के खत्म होने के बाद मुर्मू को विजेता घोषित किया और कहा कि उन्हें सिन्हा को मिले 3,80,177 वोट के मुकाबले 6,76,803 वोट मिले। वह आजादी के बाद पैदा होने वाली और शीर्ष पद पर काबिज होने वाली सबसे कम उम्र की पहली राष्ट्रपति होंगी। वह प्रतिभा पाटिल के बाद राष्ट्रपति बनने वाली दूसरी महिला होंगी।

### राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद कल राष्ट्र को करेंगे संबोधित, कल ही खत्म हो रहा है कार्यकाल

राम कृपाल सिंह ने.ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। राम नाथ कोविंद ने 25 जुलाई 2017 को भारत के 14वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी. कल उनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है। भारत के निवर्तमान राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का कार्यकाल कल यानि 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है. कल राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद राष्ट्र को संबोधित करेंगे. राष्ट्रपति का संबोधन शाम 7 बजे होगा. देश के नए राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण समारोह 25 जुलाई को होना है. इससे पहले आज राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को संसद के द्वारा विदाई दी गई. दोनों सदनों की ओर से निवर्तमान राष्ट्रपति के लिए संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने अपने विदाई भाषण के दौरान राजनीतिक दलों से आह्वान किया कि राष्ट्रहित में पक्षपातपूर्ण राजनीति से ऊपर उठकर लोगों के कल्याण के लिए क्या आवश्यक है ये तय करें. संसद को लोकतंत्र का मंदिर बताते हुए राष्ट्रपति कोविंद ने पार्टियों से सदन में बहस के दौरान गांधीवादी फिलॉसफी का उपयोग करने का आग्रह किया।

उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत कई सांसद राष्ट्रपति कोविंद को विदाई देने के लिए संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित किए गए इस समारोह में शामिल हुए. निवर्तमान राष्ट्रपति कोविंद ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए कहा, मैं द्रौपदी मुर्मू को अगले राष्ट्रपति के रूप में चुने जाने के लिए हार्दिक बधाई देता हूं, उनके मार्गदर्शन से देश को लाभ होगा। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को भारत के 15वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगी।

गौरतलब है कि राम नाथ कोविंद ने 2017 में भारत के 14वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी. वह दलित समुदाय से राष्ट्रपति के रूप में सेवा करने वाले केआर नारायणन के बाद दूसरे व्यक्ति हैं. राष्ट्रपति बनने से पहले उन्होंने 2015 से 2017 तक बिहार के राज्यपाल के रूप में कार्य किया था. साथ ही वे राज्यसभा के सदस्य भी रह थे. राजनीति में प्रवेश करने से पहले वे 16 साल तक वकील रहे. उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट में वकालत की थी।

# सीजेआई के मीडिया ट्रायल वाले बयान पर अनुराग ठाकुर बोले- ये अपने आप में बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है

नई दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण ने आज कहा कि कहा कि मीडिया द्वारा चलाई जा रही कंगारू अदालतें और एजेंडा आधारित बहसें लोकतंत्र के लिए हानिकारक हैं। इसी को लेकर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का भी बयान सामने आ गया है। एक बयान में अनुराग ठाकुर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमण जी ने रांची में एक बयान दिया कि कुछ मीडिया हाउस कंगारू अदालत की तरह काम करती हैं। ये अपने आप में बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह एक बार अंदर झांकने के लिए लोगों को मजबूर भी करता है किक्या समाचार चलाते हुए आप कहीं लक्ष्मण रेखा को लांघ तो नहीं जाते हैं। क्या मीडिया ट्रायल तो नहीं होता है। उन्होंने मीडिया के सामने इस तरह का

प्रश्न खड़ा किया है।

वहीं प्रधान न्यायाधीश के बयान पर कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मुझे लगता है कि CJI एन.वी. रमना ने अपने संबोधन के दौरान जजों के जीवन के बारे में बात करने के लिए एक टिप्पणी की और उनकी टिप्पणी को सही परिप्रेक्ष्य में समझा जा सकता है और इस पर चर्चा की जा सकती है। मैं इस समय कोई टिप्पणी नहीं दूंगा। आपको बता दें कि रांची में न्यायमूर्ति सत्यव्रत सिन्हा की याद में स्थापित व्याख्यान के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने यह भी कहा कि मीडिया ट्रायल से न्यायपालिका की स्वतंत्रता और निष्पक्ष कामकाज प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि मीडिया ट्रायल किसी मामले में फैसला लेने में मार्गदर्शक कारक साबित नहीं हो सकता है। पिछले कुछ समय में हमने मीडिया को कई बार उन मुद्दों को लेकर कंगारू अदालतें चलाते देखा है, जिनमें यहां तक कि अनुभवी न्यायाधीशों के लिए भी निर्णय लेना मुश्किल होता है।

न्यायमूर्ति रमण ने साफ तौर पर कहा कि मीडिया द्वारा प्रचारित किए जा रहे पक्षपातपूर्ण विचार लोगों को प्रभावित कर रहे हैं, लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं और व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे न्याय देने की प्रक्रिया पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अपनी जिम्मेदारियों से भागकर आप हमारे लोकतंत्र को दो कदम पीछे ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया में अभी भी कुछ हद तक जवाबदेही बची है, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की कोई जवाबदेही नहीं है, क्योंकि यह जो दिखाता है, वह हवा में गायब हो जाता है।

# यूपी में फिल्म सिटी बनाने के लिए निकलेगा ग्लोबल टेंडर, नोएडा में 1000 एकड़ में होना है निर्माण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में फिल्म सिटी बनाने को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है. शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार अब राज्य में फिल्म सिटी बनाने के लिए ग्लोबल टेंडर निकाला जाएगा. सीएम योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट रही इस फिल्म सिटी को लेकर अब कवायद तेज हो गई है।

यूपी स्थित गौतम बुद्ध नगर के नोएडा के सेक्टर–21 में फिल्म सिटी का निर्माण होना है. अब 1000 एकड़ में बनने वाली इस फिल्म सिटी को लेकर ग्लोबल टेंडर निकालने की बात सामने आई है. अगले कुछ दिनों में लखनऊ में औद्योगिक विकास प्राधिकरण की बैठक होने वाली है. माना जा रहा है कि उस बैठक के दौरान इस प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है।

लखनऊ में होने वाली औद्योगिक विकास प्राधिकरण की बैठक में फिल्म सिटी बनाने के टेंडर का प्रस्ताव रखा गया है. कुछ महीने पहले ही राज्य में प्रस्तावित इस फिल्म सिटी के लिए बिड खोल दिए खोल दिए गए थे. बताया जा रहा है कि बिड में दस हजार करोड़ रुपये की इस फिल्म का प्रस्ताव रखा गया था।

इस फिल्म सिटी का निर्माण तीन चरणों में होना है. जबकि पोजेक्ट में इस फिल्म सिटी के प्रोजेक्ट को 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. इसके पहले चरण में फिल्म स्टूडियो, खुला एरिया, एम्यूजमेंट पार्क, विला आदि तैयार किए जाने की बात है. माना जा रहा है कि पहले चरण में ही फिल्म शूटिंग से जुड़े 80 फीसदी हिस्से को तैयार कर लिया जाएगा।

### प्रधानमंत्री चुना गया तो पहले दिन से ब्रिटेन को संकट से निपटने के लिए काम शुरु कर देंगेः ऋषि सुनक

लंदन।ऋषि सुनक ने ब्रिटेन की सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के चुनाव में जीत के लिए सप्ताहांत गहन अभियान की शुरुआत की। उन्होंने शनिवार को वादा किया कि अगर वह प्रधानमंत्री चुने जाते हैं तो पहले दिन से ही ब्रिटेन के संकट से निपटने के लिए काम शुरू कर देंगे।ब्रिटेन के 42 वर्षीय पूर्व चांसलर ने 'द टाइम्स' को दिए गए साक्षात्कार में कहा कि जो चल रहा है उसे चलने देने का रुख देश के सामने मौजूद गंभीर आर्थिक चुनौती से निपटने के लिए कारगर नहीं होगा। उन्होंने कहा, '' सरकार के भीतर रहने की वजह से मेरा मानना है कि जो व्यवस्था चल रही है वह काम नहीं कर रही, जैसा की उसे करना चाहिए। मैं जिन चुनौतियों की बात कर रहा हूं वे कल्पना नहीं है... ।''

सुनक ने कहा, ''वे चुनौतियां हमारे सामने आ रही है और जैसा चल रहा, उसे चलने दें की मानसिकता उनसे मुकाबला नहीं कर सकती। इसलिए , कार्यालय में (प्रधानमंत्री के) दाखिल होने के पहले दिन से हम संकट से निपटने के प्रयास कर देंगे।'' वर्ष 1980 के दौरान ब्रिटेन की प्रधानमंत्री रहीं मार्गरेट थैचर के गृह नगर पूर्वी इंग्लैंड के ग्रैंथम में होने वाली बहस से पहले कंजर्वेटिव पार्टी के दोनों नेता (प्रधानमंत्री पद के दावेदार) सुनक और उनकी प्रतिद्वंद्वी लिज ट्रस अपने पारंपरिक मतदाताओं को पक्ष में करने के लिए थैचर को अपना आदर्श बता रहे हैं। ब्रिटेन के साउथम्पटन में जन्मे भारतीय मूल के सुनक ने रेखांकित किया कि कैसे उनके परिवार के फार्मेसी कारोबार को कंजर्वेटिव मूल्यों ने दिशा दी। सुनक ने कहा कि महंगाई को राष्ट्रीय आपात स्थिति की तरह निपटने के साथ वह धन के बेहतर मूल्य को लेकर ध्यान केंद्रित करेंगे, करदाताओं से प्राप्त धन, उनसे वित्तपोषित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) पर जोर देंगे।

# हैलेट ब्लड बैंक में खून की दलाली करने वाले गैंग का खुलासा, दो कर्मचारी बर्खास्त

कानपुर नगर। हैलेट ब्लड बैंक में खून की दलाली करने वाले गैंग का खुलासा हुआ है. जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय काला ने खून की दलाली में लिप्त पाए जाने के आरोप में लैब सहायक योगेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया है. वहीं आउटसोर्सिंग के दो कर्मचारियों को बर्खास्त कर प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित कर दी गई है. इस गैंग में कई अन्य कर्मियों के लिप्त होने की आशंका है. इसे लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है।

4 हजार रुपये दलाल को दिलाए थेः प्राचार्य की माने तो मेडिकल कॉलेज से संबद्ध मेटरनिटी विंग में कोरोना की जांच के लिए लगी ट्रूनेट मशीन में योगेंद्र कुमार लैब सहायक के पद पर कार्यरत हैं. योगेंद्र कुमार ने 21 जुलाई की रात वार्ड 16 में भर्ती फूलमती के तीमारदार से ब्लड के नाम पर 4 हजार रुपये किसी दलाल को दिलाए थे. इसके बाद मेडिकल कॉलेज पैथोलॉजी विभाग की प्रोफेसर डॉक्टर सुमनलता से ब्लड मुफ्त में दिए जाने की अनुमति ली और तीमारदार को ब्लड बैंक ले गया. ब्लड बैंक में ड्यूटी कर रहे लैब टेक्नीशियन संजय शुक्ला को शक हुआ तो उसने तीमारदार से पूछ लिया. तीमारदार ने चार हजार रुपए देने की बात कही।

योगेंद्र को पकड़ा गया

तीमारदार ने यह भी बताया कि यह रकम योगेंद्र ने जिसे दिलाई है उसे वह नहीं जानता. इसके बाद योगेंद्र को पकड़ लिया गया. ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ की माने तो संजय शुक्ला गार्डो के सहयोग से लैब सहायक योगेंद्र कुमार और तीमारदार उसे आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर के पास ले गया. वहां उनसे पूछताछ की और प्राचार्य को इसकी जानकारी दी. प्राचार्य की मानें तो शुरुआती जांच के आधार पर उसे निलंबित कर दिया गया है और आउटसोर्सिंग के कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है।

# उधर से तलाक आया, हमने कबूल कर लियाः ओपी राजभर

लखनऊ।सपा ओर से जारी चिट्ठी के बाद सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि वह अखिलेश यादव के तरफ से दिए गए तलाक का स्वागत करते हैं. राजभर ने कहा कि सपा की तरफ से तलाक हो गया और हमने उसे कबूल कर लिया है. उन्होंने साथ ही तंज भरे लहजे में कहा कि ईश्वर करें कि अखिलेश यादव कभी एसी से बाहर न निकलें. वहीं, आगे की संभावनाओं पर उन्होंने कहा कि वह बसपा नेता से मुलाकात करेंगे। अखिलेश के साथ अपनी खींचतान और आज की चिट्ठी पर प्रतिक्रिया देते हुए राजभर ने कहा, श्उधर से तलाक हो गया और हमने उसे कबूल कर लिया है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर भी

अपनी भड़ास निकाली. उन्होंने कहा, श्विधानसभा के चुनाव में हम लड़ते रहें कि अतिपिछड़ों और अतिदलितों को हिस्सेदारी दो. उनको यह बात बुरी लगी कि मैं हिस्सेदारी मांग रहा हूं. आजमगढ़ में खुद कहा था कि चौहान या कुशवाहा को टिकट दे दो. लेकिन लड़ेगा तो यादव. हम यादव और मुसलमान के खिलाफ नहीं है लेकिन जब आपका वोट छिटक रहा है तो नया वोट पैदा कीजिए यह कहना उनको बुरा लगा।

# संक्षिप्त समाचार

## स्मार्ट सिटी के द्वारा किये जा रहें कार्यो की समीक्षा

• कार्यदायी संस्थाओं को नवम्बर तक अपने–अपने कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश : मण्डलायुक्त

लखनऊ। मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में आज स्मार्ट सिटी के सभागार में लखनऊ शहर का सौन्दर्यीकरण हेतु स्मार्ट सिटी के कार्यों की सम्बन्धित अधिकारीध्कार्यदायी संस्थाओं के सदस्यों के साथ बैठक की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने इमामबड़ा, रूमी दरवाजा, कैसरबाग जंक्शन, टूरिज्म मार्केट, मल्टीमीडिया टाइप पार्क, मल्टीमीडिया जनेश्वर मिश्र पार्क, अलीगज, निशातगंज में स्मार्ट स्कूलों, भातखण्डे लाइब्रेरी, फसाद लाईटिंग आदि योजनाओं के सौन्दर्यीकरण हेतु सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि वे नवम्बर तक सभी कार्यो को पूर्ण करे, इसके लिये कोई समय सीमा नही बढाई जायेगी। उन्होंने भातखण्डे को सख्त निर्देश दिये कि वे लाइब्रेरी के डिस्टलाइजेशन कार्य के साथ भातखण्डे का सौन्दर्यीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण करे। मण्डलायुक्त ने शहर के प्रमुख चौराहों की ट्रैफिक समस्याओं पर समीक्षा की जिससे उन्हें संस्था द्वारा बताया गया कि कुल 48 चौराहों का कार्य निर्धारित किया गया था, जिसमें 38 कार्य पूर्ण हो गये है, शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के स्कूलों पर विशेष ध्यान दें शिक्षा विभाग के अधिकारी अलीगंज व निशातगंज के सरकारी स्कूलों का भी कायाकल्प कार्य में गुणवत्तापूर्ण तेजी लायी जाये। जनेश्वर मिश्र पार्क का सौन्दर्यीकरण का कार्य समय सीमा में करें। उन्होंने कहा कि हर पार्कों का सौन्दर्यीकरण मूलभूत सुविधाओं के हिसाब से हो। कैसरबाग जंक्शन के सौन्दर्यीकरण पार्क व बैठने की सुविधा, शौचालय आदि की व्यवस्था गुणवतापूर्ण हो। अमीरूद्दौला लाइब्रेरी का डिजिटलाइजेशन के साथ सौन्दर्यीकरण करें साथ ही रूमी दरवाजें के पास निर्धारित सौन्दर्यीकरण हो। उन्होंने कहा कि लखनऊ विकास प्राधिकरणध्नगर निगम/सयुक्त निदेशक शिक्षा व सम्बन्धित एजेन्सी आदि अपने–अपने क्षेत्रों से सम्बन्धित कार्य का सौन्दर्यीकरण निर्धारित ससमय में पूर्ण करें, कहीं अगर किसी तरह की समस्या आती है तो उसे तत्काल अवगत कराये ताकि समस्याओं का समाधान करते हुए कार्यों में तेजी लायी जा सके। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही होगी। बैठक में लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा0 इन्द्रजीत त्रिपाठी, सचिव श्री पवन कुमार गंगवार, नगर आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

## दिव्यांशी सारस्वत ने अंग्रेजी में शत प्रतिशत और कुल 94.36 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार का नाम किया रोशन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा। जनपद के रमन लाल शोरावाला पब्लिक स्कूल, मथुरा की मेधावी छात्रा दिव्यांशी सारस्वत ने दशमी कक्षा के घोषित सीबीएसई के परिणामों में अंग्रेजी में सर्वश्रेष्ठ 100 में से 100 अंक और कुल 94.36 प्रतिशत अंक प्राप्त करके सारस्वत परिवार का नाम रोशन किया है। दिव्यांशी के ताऊ राजकुमार सारस्वत एवं गिरीश सारस्वत ने संयुक्त रूप से बताया कि डॉ.( प्रोफेसर ) जीवन सारस्वत एवं श्रीमती पूनम सारस्वत की पुत्री दिव्यांशी सारस्वत ने बिना किसी ट्यूशन के ही केवल स्कूल और घर में ही पढ़ाई करके यह गौरवशाली सफलता प्राप्त की है। बेटी की इस उपलब्धि के बाद सारस्वत ब्राह्मण समाज उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य रजत सारस्वत (पत्रकार), टाइम्स विश्वविद्यालय के रजिस्टर डॉ कुलदीप सारस्वत व रिश्तेदारों और इष्ट घनिष्ट मित्रों के द्वारा बधाइयों का ताँता लगा हुआ है तथा पूरे सारस्वत परिवार में खुशी का माहौल है।

## नगर आयुक्त महोदय के आदेश के अनुपालन दिनांक 23.7. 2022 को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा। नगर आयुक्त महोदय के आदेश के अनुपालन में दिनांक 23.07.2022 को श्री डी0के0 सिंह सहायक नगर आयुक्त के नेतृत्व में निम्नानुसार अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गयी। वार्ड संख्या 37 स्थित प्रभू नगर (अपना नगर) मथुरा की नालियों के पानी को कतिपय व्यक्तियों के द्वारा रोके जाने व सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण के सम्बन्ध में शिकायत की गयी है। प्रवर्तन दल द्वारा सन्दर्भित स्थल का निरीक्षण करते हुए शिकायत को सही पाया गया। आज दिनांक 23.07.2022 को प्रभू नगर (अपना नगर) मथुरा की नालियों व सार्वजनिक मार्ग पर किये गये अतिक्रमण को ध्वस्त कराकर नालीध्सार्वजनिक रास्ते को खाली कराया गया। कार्यवाही के समय मौके पर क्षेत्रीय स्वच्छता अधिकारी श्री सुरेन्द्र यादव, स्वच्छता निरीक्षक श्री विपिन कुमार व श्री मुकेश शर्मा, अवर अभियन्ता श्री मुनिदेव, प्रवर्तन दल के सूबेदार राजेश कुमार, नायब सूबेदार पदम सिंह, नायब सूबेदार राजेश कुमार, पी0पी0 सिंह, दिगम्बर सिंह, योगेश कुमार, धर्मवीर, नरेन्द्र सिंह, पंकज उपस्थित रहे।

## सूचना

निवेदन है कि प्रार्थी पर्वत सिंह पुत्र पूरन सिंह निवासी – 40, आचार्य नगर दामोदर पूरा औरंगाबाद थाना सदर जिला मथुरा का निवासी हूं यह कि प्रार्थी का विवाहित पुत्र अंकित व उसकी पत्नी नीतू पुत्री हरप्रसाद प्रार्थी के कहने में नहीं है तथा प्रार्थी का पुत्र अंकित गलत शौहबत वह संगत में पड़ गया है तथा प्रार्थी की इच्छा के विरुद्ध लेन देन कर रहा है तथा प्रार्थी व प्रार्थी के परिवार के साथ दुर्व्यवहार करता है जिसमें अंकित की पत्नी नीतू भी सहयोग करती है प्रार्थी ने अपने पुत्र अंकित व अंकित की पत्नी नीतू को अपनी संपूर्ण चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है प्रार्थी के पुत्र अंकित व अंकित की पत्नी नीतू का प्रार्थी की संपूर्ण संपत्ति में कोई भी हिस्सा भविष्य में नहीं रहेगा और भविष्य में कोई भी लेनदेन करता है वह खुद जिम्मेदार होगा मैं अपनी सूचना देने का अयोध्या टाइम्स न्यूज पेपर में प्रकाशित करता हूं।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में आई0जी0 आर0एस0 प्रकरणों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

• शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण हो निराकरण–मण्डलायुक्त

• जनहित की समस्या का तत्काल निस्तारण करायें : मण्डलायुक्त

लखनऊ। मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में आज आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर मा0 मुख्यमंत्री सन्दर्भ, जिलाधिकारी सन्दर्भ सहित अन्य सन्दर्भों के सापेक्ष प्राप्त निस्तारित एवं लम्बित शिकायतों के प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयुक्त कक्ष में गूगल मीट द्वारा आयोजित किया गया। मण्डलायुक्त ने गूगल मीट द्वारा मण्डल के सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करके रिर्पोट को पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। आयुक्त ने आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतों के डिफाल्टर होने व निस्तारित शिकायतों की खराब गुणवत्ता पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी को इसमें सुधार लाने के कड़े निर्देश दिये कहा कि ऐसी स्थिति नही आनी चाहिए कि निस्तारित गुणवत्ता खराब होने के कारण उच्च स्तर से शिकायते पुनः वापस आ जायें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण प्रक्रिया के दौरान शिकायत कर्ता का पक्ष भी अवश्य सुना जायें और सन्दर्भो के निस्तारण का परिणाम से भी शिकायत कर्ता को अवगत कराया जाये। क्योंकि शिकायत कर्ता की संन्तुष्टि ही सन्दर्भों का निस्तारण का मूल्य लक्ष्य है। मण्डलायुक्त ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में जो भी शिकायतें आती है उनका ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का निस्तारण मौके पर करें और सम्बन्धित विभाग की एक समन्वय टीम बनाकर मौके पर जाना सुनिश्चित करें, जिससे समस्या का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण आसानी से किया जा सके। जनहित की समस्या का तत्काल निस्तारण करायें तथा तहसील दिवस में सम्बन्धित अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि निस्तारण पंजिका का 15 मिनट अध्ययन करें, जिससे गुणवत्तापूर्ण निस्तारण/ समयबद्ध तरीके से भौतिक सत्यापन की जानकारी प्राप्त हो सके। इस अवसर पर श्री सूर्यपाल गंगवार जिलाधिकारी लखनऊ, श्रीमती माला श्रीवास्तव जिलाधिकारी रायबरेली, श्री महेन्द्र बहादुर सिंह जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी सहित मण्डल के सभी जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## कार्यो की प्रगति से संबंधित जन प्रतिनिधियों को अवगत कराएं

• घरौनी वितरण कार्य शीघ्र सम्पन्न कराएं

• प्रधानमंत्री आवास (शहरी) हेतु नई पात्रता सूची अभी से तैयार की जाए

• नहरों में रोस्टर अनुसार वितरण सुनिशित कर निगरानी की जाए

• हर घर तिरंगा कार्यक्रम में ग्राम स्तर पर व्यक्तिगत जिम्मेदारी निर्धारित करें

• मृतक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रतिनिधियों को पेंशन का लाभ दिया जाए

• सफाई कर्मचारी द्वारा नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाए

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। उक्त निर्देश आज मा० मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के क्रम में मा0 मंत्री जी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग ६ मा० सदस्य, विधानसभा क्षेत्र – भोगनीपुर, राकेश सचान जी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में मा0 जनप्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं को सुनते हुए उपस्थित अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान राशन वितरण, विद्युत आपूर्ति, जल निगम, सिंचाई, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, गोल्डन कार्ड, पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, हर घर तिरंगा कार्यक्रम, व्यक्तिगत व सामुदायिक शौचालय, ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कर्मचारी की उपस्थिति, मिशन कायाकल्प, प्रधानमंत्री आवास शहरी, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री आवास, रा0 ग्रामीण आजीविका मिशन, अमृत सरोवर, गरीब कल्याण योजना आदि महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश निर्देश दिए कि जनपद में विद्युत व्यवस्था एवं विद्युत बिल से संबंधित समस्याओं की समीक्षा प्रथक से किए जाने हेतु जिलाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से प्राप्त क्षेत्र की विभिन्न शिकायतों से संबंधित अधिकारियों सहित जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया एवं शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। मा0 मंत्री जी द्वारा नहर सिंचाई के संबंध में भी रोस्टर अनुसार वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं निगरानी हेतु संबंधित अधिकारी से नहरों में की जाने वाली सिंचाई की रिपोर्ट की समीक्षा नियमित रूप से किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान माननीय जनप्रतिनिधि द्वारा शिकायत की गई थी निचली गंगा नहर में कसोलर व सहनी की नहर में साफ नही की गई है जिससे आस पास के क्षेत्र प्रभावित रहते हैं। इसे प्रथक उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त शिकायतों की भी संबंधित अधिकारी से समीक्षा की एवं शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने योजनाओं की प्रगति संबंधित विधायक के साथ साझा किए जाने एवं जनता को दी जाने वाली सुविधाएं को माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के क्रम में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सम्बंधित अधिकारी को मा0 जनप्रतिनिधियों से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर किये जाने एवं निस्तारण उपरकान्त मा0 जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के निर्देश दिए। इस दौरान हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यक्रम की रूप रेखा समस्त जनप्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत की एवं प्राप्त सुझावों पर कार्य किये जाने हेतु आश्वस्त किया। इस दौरान मा० सदस्य, विधान परिषद/जिलाध्यक्ष, भा०ज०पा०, अविनाश सिंह चौहान जी, मा० राज्यमंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार/मा० सदस्य, विधानसभा क्षेत्र – अकबरपुर प्रतिभा शुक्ला जी, मा० अध्यक्ष, जिला पंचायत, नीरज रानी जी ,मा० सांसद, लोकसभा क्षेत्र–इटावा के प्रतिनिधि अरविंद कठेरिया, मा० सदस्य, विधान परिषद्, अरूण पाठक जी, मा० सदस्य, विधानसभा क्षेत्र–रसूलाबाद, पूनम संखवार जी, जिलाधिकारी नेहा जैन, पुलिस अधीक्षक सुनीति, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गरिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जे0पी0 गुप्ता सहित अन्य संबंधित जन प्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मा0 सदस्य अल्पसंख्यक आयोग उ0प्र0 श्री सरदार परविंदर सिंह ने आज जनपद भ्रमण के दौरान सर्किट हाउस सभागार में प्रेसवार्ता की

कानपुर नगर। मा0 सदस्य अल्पसंख्यक आयोग उ0प्र0 श्री सरदार परविंदर सिंह ने आज जनपद भ्रमण के दौरान सर्किट हाउस सभागार में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि 1984 के नरसंहार में दिल्ली के बाद सबसे अधिक नरसंहार कानपुर में हुआ था। उन्होंने कहा कि अनेक सरकारें आई और गई लेकिन सिखों के दर्द को किसी ने नहीं समझा मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सिखों की पीड़ा को समझा और उन्हें न्याय दिलाने के लिए एस0आई0टी0 का गठन किया। एस0आई0टी0 द्वारा सिखों के नरसंहार में शामिल 73 लोगों को चिन्हित किया गया, जिसमें 28 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मैं कानपुर के सिखों व पूरे सिख समाज की तरफ से मा0 मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने सिखों की पीड़ा को समझा वह उन्हें न्याय दिलाने का कार्य किया।

## मोतीझील स्थित "कारगिल पार्क" का दौरा किया तथा पार्क के जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण" हेतु किये जा रहे कार्य की प्रगति की समीक्षा

राम कृपाल सिंह ने.ब्यूरोचीफ

कानपुर। आयुक्त/अध्यक्ष, कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने सीईओ/नगर आयुक्त, नगर निगम/कानपुर स्मार्ट सिटी, और विकासकर्ता (ईपीसी कम्पनी) के साथ मोतीझील स्थित "कारगिल पार्क" का दौरा किया तथा पार्क के जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण" हेतु किये जा रहे कार्य की प्रगति की समीक्षा की।

इस परियोजना की कुछ मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं–

1) इस पार्क में कुल 1.8 किमी0 का एक जॉगिंग ट्रैक होगा।

2) यह जॉगिंग ट्रैक EPDM फ्लोर का जॉगिंग ट्रैक होगा, इसमें तीन सर्किट होंगे। पहला सर्किट फास्ट जॉगर के लिए, दूसरा सर्किट धीरे जागिंग करने वालो के लिए व तीसरा सर्किट वृद्ध आयु वर्ग के लिए होगा।

3) इस पार्क में अलग–अलग AMBIENT लाइटिंग होगी, जिससे देर रात मे भी लोग को जागिंग का लुफ्त उठा सकेंगे।

4) इस पार्क में पाइप म्यूजिक की भी व्यवस्था होगी, जिससे मार्निंग वाकर वॉक करते भजन इत्यादि का लुफ्त उठा सकेंगे।

5) इस पार्क में जगह–जगह कुर्सियां और झूले इत्यादि लगाये जायेंगे, जिससे वाक के दौरान आराम करने हेतु इसका उपयोग किया जा सकेगा।

6) जॉगिंग ट्रैक के दोनों ओर नाली भी बनाये जायेगी, ताकि बरसात या धुलाई इत्यादि का गन्दा पानी ट्रैक पर जमा न हो सके। 7) संपूर्ण परिसर सीसीटीवी कैमरा एवं वाईफाई सुविधा से लैस होगा।

8) इस परियोजना की कुल लागत 4.30 करोड़ है।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा दिये गये महत्वपूर्ण एवं निर्देश निम्न हैः–

अनुबन्ध के अनुसार इस परियोजना को 15 अक्टूबर 2022 तक पूर्ण किया जाना है। वर्तमान में इस परियोजना की भौतिक प्रगति 80 प्रतिशत है। ज्ञात ही है कि देश में दिनांक 13 अगस्त से 17 अगस्त, 2022 तक "आजादी का अमृत महोत्सव" का आयोजन किया जाना है। इस विशेष क्षण को ध्यान में रखते हुए आयुक्त ने नगर आयुक्त को इस परियोजना के समस्त अवशेष कार्यों को 15 अगस्त, 2022 के पूर्व तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। इस पर विकासकर्ता एम0एच0पी0 एल0 कम्पनी द्वारा समस्त कार्यों को 15 अगस्त तक पूर्ण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर विशेष रूप से वीरगति को प्राप्त हुए भारत, प्रदेश व कानपुर के महान पुरूषों, क्रान्तिकारियों व जवानों को याद करने व उनकी वीरगाथाओं व स्मृतियों से आम जनमानस को अवगत कराने के लिए इस परियोजना के अन्तर्गत "कारगिल पार्क" में उनके एल0ई0डी0 ग्लोसाइज व साइनेजेज लगाने को कहा। इस परियोजना में यूपी एथलेटिक एसोसिएशन को जॉगिंग ट्रैक के मानकों के लिए एडवाइजरी कमेटी के रूप में नामित किया गया, जिनके सुझावों व मानकों के अनुसार ही पार्क में जॉगिंग ट्रैक विकसित किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने नगर आयुक्त को पार्क में अमृत योजना के अन्तर्गत स्वीकृत सभी कार्यों को 15 अगस्त के पहले–पहले तक पूर्ण कराये जाने को कहा। पाया गया कि सिंथेटिक जागिंग ट्रैक के दोनों ओर कुछ जगहों पर मिट्टी के ढेर लगे हुए है। वर्षा के मौसम को देखते हुए आयुक्त ने नगर आयुक्त को इस पर विशेष ध्यान देते हुए नगर निगम के ठेकेदार द्वारा इन सभी मिट्टी के ढेर को जल्द से जल्द हटवाये जाने के निर्देश दिये। इस परियोजना की आर्किटेक्चर ड्रॉइंग की वेटिंग तथा कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता की थर्ड पाटी जांच के लिए एच0बी0टी0यू0 व पी0डब्ल्यू0डी0 को नामित किया गया, जिसके द्वारा पूर्व में 3 बार इस परियोजना का विजिट कर अपनी संतोषजनक रिपोर्ट स्मार्ट सिटी कार्यालय में उपलब्ध करायी जा चुकी है।

8. विगत निरीक्षण में दिये गये निर्देशानुसार पार्क में स्थित दोनों झीलों में से एक झील (जिसमें पानी नहीं है और उसमें शिल्ट व घास–फूस जमा है) की सफाई कराकर उसमें फाउण्टेन विकसित कर किया जा रहा है, जल्द ही दूसरी झील की भांति ही इसमें पानी भरवाकर इसका आम–जनमानस द्वारा लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। आयुक्त ने इसे 15 अगस्त, 2022 के पूर्व तक आवश्यक रूप से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने नगर आयुक्त को पार्क में लगे साउण्ट सिस्टम को आपरेट करने के लिए आपरेटर व जागिंग हेतु बने संथेटिक ट्रैक की सुरक्षा हेतु पर्याप्त गार्ड को विशेष ट्रेनिंग देकर नियुक्त करने को कहा। इसके साथ ही सम्पूर्ण परिसर में पर्याप्त संख्या में सी0सी0टी0वी0 कैमरें लगवाने को कहा।

## खादी ग्रामोद्योग बोर्ड तथा माटी कला बोर्ड के संयुक्त तत्वाधान में स्टाक एक्सचेन्ज सभागार में गॉव-गाय-ग्रामोद्योग की सार्थकता पर संगोष्ठी व सम्मान समारोह

कानपुर। उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग महासंघ व उत्तर प्रदेष खादी ग्रामोद्योग बोर्ड तथा माटी कला बोर्ड के संयुक्त तत्वाधान में स्टाक एक्सचेन्ज सभागार में गॉव–गाय–ग्रामोद्योग की सार्थकता पर संगोश्ठी व सम्मान समारोह हुआ जिसमें लोकमान्य तिलक जी व महात्मा गॉधी के चित्र पर माल्यापर्ण कर मुख्य अतिथि श्री राकेष सचान ने संगोश्ठी का षुभारम्भ किया। प्रजापति समाज के 40 उद्यमियों को विद्युतचलित चाकों का निषुल्क वितरण मुख्य अतिथि व सदस्य माटी कला बोर्ड उत्तर प्रदेष द्वारा किया गया। साथ ही साथ मुख्य अतिथि श्री राकेष सचान जी द्वारा खादी एवं ग्रामोद्योग व महासंघ में उत्कृश्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया। संगोश्ठी में प्रदेष से कई जिलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और अपनी बातें रखी। श्री सुरेष गुप्ता को ग्रामोद्योग रत्न की उपाधि से सम्मानित किया। अन्य सम्मानित व्यक्तियों में सर्वश्री सुबोध अग्रवाल, पुरूशोत्तम तोशनीवाल, अभय त्रिपाठी, के.के. पाण्डेय, नरेन्द्र ओमर प्रभाकर मसाले, परिमल बाजपेई, कैलाष रोहरा आदि को खादी ग्रामोद्योग में उत्कृश्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। संगोश्ठी को सम्बोधित करते हुये श्री पुरूशोत्तम लाल तोशनीवाल ने गौषाला में बन रहे उत्पादों की जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामोद्योग व गौषाला को एक साथ मिलकर कार्य करना होगा तभी प्रदेष का विकास सम्भव है। श्री सुरेष गुप्ता अध्यक्ष ने खादी ग्रामोद्योग महासंघ ने मुख्य जो मुददे उठाये वह थे खादी के राश्ट्रीय ध्वज की गुणवत्ता न बदली जाये। जेलों में खादी एवं ग्रामोद्योग के उत्पाद बनवाये जाये व उनकी प्राथमिकता के आधार पर खरीद हो। उत्पाद बिकी का लाभ उन्हीं कैदियों को दे दिया जाये। कानपुर में राश्ट्रीय स्तर पर एक प्रदर्षनी का आयोजन करने की बात कही। साथ ही साथ सोलर चरखे से खादी का उत्पाद की मांग रखी और यह भी कहा कि जब तक जी.एस.टी. के मकड़जाल में खादी के विकास की परिकल्पना बेईमानी होगी। कानपुर को खादी ग्रामोद्योग का एक हब बनाना होगा। श्री सतीष प्रजापति सदस्य मॉटी कला बोर्ड उ0प्र0 ने कहा कि प्रजापति समाज को अधिक से अधिक मिटटी के उपयोग कर उत्पादों को बनाए। बाजार में इसकी मांग बहुत बढ गई है। श्री अभय त्रिपाठी समन्वयक ने माटी कला बोर्ड के गठन से लेकर अभी तक किए गये कार्यो पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। मुख्य अतिथि श्री राकेष सचान मंत्री खादी ग्रामोद्योग उ0प्र0 द्वारा संगोश्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो समस्याएं श्री सुरेष गुप्ता अध्यक्ष महासंघ ने जो खादी ग्रामोद्योग की उजागर की गई है उनको षासन व बोर्ड स्तर से उनका निराकरण कराउंगा और महासंघ से अपेक्षा है कि खादी ग्रामोद्योग के उत्थान के लिए सार्थक प्रयास करें। 75वीं अमृतोत्सव के अवसर पर जितना भी राश्ट्रीय ध्वज महासंघ संस्थाओं द्वारा उत्पादित दिला सकें वह सारे झण्डे सरकार खरीद लेगी। महासंघ के प्रतिनिधियों को जिला उद्योग बन्धु/मण्डलीय उद्योग बन्धु तथा राज्य स्तरीय उद्योग बन्धु में प्रतिनिधित्व दिया जायेगा। गौषालाओं के सम्बन्ध में बोलते हुए कहा कि जो अभी 30/– अनुदान प्रति गॉय मिल रहा है उसे भी बढाने की योजना है क्योंकि भूसा के मूल्य रू16 किलो हो गया है। गौषालाओं के लोगों से अनुरोध किया कि वे दान पर कम अनुसन्धान पर ज्यादा जोर दे और गौषालाओं को स्वावलम्बी बनाये। 12 खादी उत्पादन केन्दों को चालू कराया जा रहा है जिससे कि खादी की गुणवत्ता सही होगी। खादी उत्पाद कैसे बढे इसपर हमें जोर देना होगा। पूर्व खादी ग्रामोद्योग मंत्री श्री सत्यदेव पचौरी जी द्वारा जो कार्य अधूरे हैं उन्हें पूर्ण किया जाये। खादी को नये लुक में (डिजाईन) बनाने का कार्य प्रारम्भ हो गया है। सोलर चरखा 1000 खरीद हो चुके हैं जिससे कि खादी का उत्पादन किया जायेगा। श्री सचान ने कहा कि यह जिम्मेदारी खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष को देता हूँ कि कानपुर में हब की जो उनकी परिकल्पना है वह तैयारी करें हम उनको पूरा सहयोग करेंगे। गांवों में मनरेगा से गौषालाओं का निर्माण किया जा रहा है। गौषालाओं को बायोगैस लगना चाहिए जिससे विद्युत की समस्या दूर हो सके गौषालाओं को आत्मनिर्भरता बढेगी। समारोह की अध्यक्षता श्री सुरेष गुप्ता अध्यक्ष उत्तर प्रदेष खादी ग्रामोद्योग महासंघ ने की। संचालन श्री अभय त्रिपाठी ने किया। मुख्य रूप से सर्वश्री पुरूशोत्तम लाल तोशनीवाल, सतीष प्रजापति, सुबोध अग्रवाल, के. के. पाण्डेय, नरेष त्रिपाठी अध्यक्ष कानपुर बार एसोसियेषन, मनोज षुक्ला परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी, नीरज पाण्डेय, अनिल गुप्ता, दून्दून गुप्ता, डॉ0 षैलेन्द्र नाथ पाण्डेय, कैलाष रोहरा, नरेन्द्र ओमर, अमित कुमार प्रजापति, डॉ0 एस.के. सचान, हरिलाल गुप्ता, सत्येन्द्र सिन्हा, रविन्द्र षर्मा एडवोकेट, वीरेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट, मनोज पाठक, राजीव द्विवेदी काफी सख्या में खादी ग्रामोद्योग कर्मचारी व सस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे। श्री के.के. पाण्डेय महामंत्री उत्तर प्रदेष खादी ग्रामोद्योग संघ ने आये हुये आगन्तुकों को धन्यवाद दिया।

## रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स वृक्षारोपण कार्यक्रम

दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांद

कानपुर। वृक्षों का होना मानव जीवन के लिये अति आवश्यक है इसी को ध्यान में रख कर रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स ने एक छोटा सा प्रयास किया जिससे क्लब के सदस्यों व परिवार जनों एवं जनमानस में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता फैले इस दृष्टि से रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स एवं कलम एक स्वैक्षिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आज दिनांक 23 जुलाई 2022 को प्राथमिक विद्यालय, बरहट बांगर, बिठूर में किया गया सांकेतिक तौर पर 'कुछ औषधीय एवं फलदार पेड़ नीम, आँवला, अमरूद अनार आदि के 30 पेड़ लगाए गए क्लब के अध्यक्ष रो मयंक गहोई ने बतलाया कि इस विद्यालय प्रांगण को और सुंदर बनाया जाएगा। इस वृक्ष रोपण कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक गण ने भी पूरे मनोयोग से भाग लिया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम केकार्यक्रम निदेशक रो गोपाल शुक्ला है। क्लब के सचिव रो अर्पित गुप्ता ने बतलाया कि क्लब के सदस्यों से अनुरोध किया कि सदस्य जन अपने घर या आसपास पौधा लगाये और उसके साथ अपनी सेल्फी भेजे और पुरस्कार पाए। क्लब के चार्टर अध्यक्ष रो डॉ भक्ति विजय शुक्ला ने बतलाया कि इस वृक्षारोपण कार्यक्रम को और वृहद करने के लिये अन्य रोटरी क्लबो से भी बात चल रही है और हो सकता है कि इस माह कानपुर के अन्य रोटरी क्लबो के साथ मिलकर वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम होंगे।

आज कार्यक्रम में क्लब के चार्टर अध्यक्ष रो डॉ भक्ति विजय शुक्ला, रो लक्ष्मी शुक्ला अध्यक्ष रो मयंक गहोई, सचिव रो अर्पित गुप्ता, संस्थापक सदस्य रो सुरेन्द्र सिंह राठौर ,रो जितेंद्र शुक्ला, रो डॉ बिपिन शुक्ला क्लब के कोषाध्यक्ष रो एस के सिंह तथा कार्यक्रम निदेशक रो गोपाल शुक्ला आदि थे।ग्राम बरहट बांगर के वयोवृद्ध पूर्व सरपंच श्री राम आसरे शुक्ल ,चिकित्सा विभाग से सेवानिवृत्त श्री रामबाबू मिश्र ,शरद मिश्र,आशीष शुक्ल,मनीष शुक्ल, जे जे पाल,विनय मिश्र,पप्पू पाल, प्रेम सागर पाल, कलम संस्था के संरक्षक श्री जागेश्वर शुक्ल ने बड़ा वट व्रक्ष रोपित किया साथ मे ग्राम प्रधान पति बउवन पाल, व्यवसायी श्री अशोक मिश्र पैगुपुर ग्राम से व्रक्षारोपन में सहयोग किया।

## भूजल दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में सौम्या ने पाया दूसरा स्थान

अमन सिंह लखीमपुर,खीरी। भूजल दिवस पर आयोजित हुई प्रतियोगिता के परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिये गये।

जिला स्तर पर भूजल संरक्षण पर आयोजित हुई प्रतियोगिता में कुंवर खुशवक्त राय बालिका इंटर कालेज की सौम्या जायसवाल ने जिले में दूसरा स्थान हासिल कर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। बताते चले कि भूजल दिवस पर राजकीय इण्टर कालेज में भूजल संरक्षण पर छात्र–छात्राओं के बीच निबन्ध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता समेत भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। शुक्रवार को आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित कर दिये गये। जिसमें कुंवर खुशवक्तराय बालिका इंटर कालेज की कक्षा 11 की छात्रा सौम्या जायसवाल ने जिला स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं अपने कालेज में पहला स्थान पर रही। प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित होने पर विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

## ग्राम टेगुन खुर्रमनगर में हुआ चलो गांव की ओर चौपाल का आयोजन

कमलेश अवस्थी

लखीमपुर,खीरी। स्टेट बैंक कृषि विकास शाखा के तत्वावधान में रात्रिकालीन चौपाल चलो गांव की ओर का आयोजन मोहम्मदी के ग्राम टेगुन खुर्रमनगर के प्राथमिक विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव, क्षेत्रीय प्रबंधक विक्रांत तिवारी, ब्लॉक प्रमुख महेन्द्र बाजपेई व चौयरमैन नपाप संदीप मेहरोत्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने किसानों को बैंक की योजनाओं से लाभ उठाने का आवाहन किया। क्षेत्रीय प्रबंधक विक्रांत तिवारी ने केसीसी, गोल्ड लोन, उद्योग लोन, स्वयं सहायता समूह को बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। संविलियन विद्यालय बैदा तथा संविलियन विद्यालय पलिया के छात्र–छात्राओं ने बैंक की योजनाओं पर आधारित लोकनाटिका व जागरूकता गीत प्रस्तुत किये। समाज में विशिष्ट कार्य करने वाले मां जानकी रसोई, जानकी एंबुलेंस सफल संचालन करने वाले समाजसेवी शिवम राठौर, अवनीश गुप्ता, अतुल रस्तोगी, शिक्षिका अर्शी सुल्ताना, छात्र प्रसून दीक्षित को सम्मानित किया गया। प्राथमिक विद्यालय टेगुन खुर्रम नगर तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय पलिया दोनों विद्यालय को एक–एक कंप्यूटर बैंक के द्वारा प्रदान

किया गया। किसानों व छात्र–छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। बैंक के अधिकारियों ने रात्रि विश्राम प्राथमिक विद्यालय में ही किया। प्रातः काल 501 पौधों का वृक्षारोपण भी विद्यालय में किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी भगवान राव, मुख्य प्रबंधक एनबी सिंह, शाखा प्रबंधक वीरेंद्र वर्मा व विपिन मिश्रा, उप प्रबंधक विपिन वर्मा, सुधीर पांडेय, राम सिंह, मनोज सिंह, अमित अवस्थी सहित सैकड़ों किसान व ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शचीन्द्र नारायण दीक्षित ने किया।

## एसडीएम ने थाने का किया औचक निरीक्षण

नवीन भसीन

सम्पूर्णानगर,खीरी। एसडीएम

ने शनिवार को थान सम्पूर्णानगर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों को विस्तारपूर्वक चेक किया। शनिवार को पलिया एसडीएम अवनीश कुमार मौर्य ने थाने में पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने एक–एक अभिलेखों को विस्तारपूर्वक चेक किया और कार्यवाहक थानाध्यक्ष रामनारायण को निर्देश दिए कि कोई भी कार्य अधूरा ना छोड़ा जाए। इसके अलावा एसडीएम ने मालखाना, बैरक,लावारिस खड़े दोपहिया वाहनों के बारे में जानकारी ली व तस्करी में पकड़ी गई खाद की भी जानकारी ली।

एसडीएम ने आदेश दिया कि जो भी लावारिस वाहन व तस्करी की खाद पकड़ी गई है, उनका तत्काल निस्तारण किया जाए।

इसके अलावा एसडीएम ने समस्त स्टाफ को आदेश दिया कि पूरी ईमानदारी व लगन के साथ अपना कार्य करें। किसी भी तरह की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए।

## शिक्षा राज्यमंत्री ने किया वाईडी कॉलेज का औचक निरीक्षण, परखी व्यवस्थाएं

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। शुक्रवार की शाम अचानक उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय पहुंची, जहां उन्होंने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा व परखा तथा संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। कॉलेज में राज्यमंत्री रजनी तिवारी के आगमन पर एनसीसी कैडेटस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मंत्री ने एनसीसी के छात्रों की परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने महाविद्यालय संस्थापक राजा युवराज दत्त सिंह की मूर्ति पर मार्ल्यापण किया। उन्होंने महाविद्यालय परिसर, स्वर्ण जयंती सभागार का भ्रमण कर प्राचार्य, शिक्षकों से शैक्षिक गतिविधियों जानी। मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय का पुस्तकालय, छात्र–छात्राओं के लिए शौचालय व्यवस्था, टीचर्स के बैठने की व्यवस्था सहित तमाम बिन्दुओं पर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राचार्य कक्ष के समक्ष फलदार, छायादार, शोभादार पौध का रोपण किया। पौधरोपण के समय एनएसएस के छात्रध्छात्रायें उपस्थित रहे। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने महाविद्यालय के प्रत्येक अध्यापक एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ से परिचय प्राप्त कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने प्राचार्य प्रो. हेमन्त कुमार पाल को एनईपी–2020 के अनुसार अध्ययन अध्यापन का निर्देश दिया।

## संविलियन विद्यालय मड़रिया में स्मार्ट क्लास का कस्ता विधायक ने किया शुभारंभ

हर्ष गुप्ता मितौली,खीरी। मितौली ब्लॉक के सिविलियन विद्यालय में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक व विशिष्ट अतिथि बीईओ ने फीता काटकर शुभारंभ किया। मितौली ब्लाक की न्याय पंचायत भीखमपुर के संविलियन विद्यालय मडरिया में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर स्मार्ट क्लास कक्ष का उद्घाटन मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू व विशिष्ट अतिथि बीइओ फूलचंद व राष्ट्रीय शैक्षिक संघ मितौली के जिलाध्यक्ष संतोष मौर्य, कक्षाध्यकक्ष आदित्य नारायण अवस्थी का स्वागत इंचार्ज अध्यापक नीरज तिवारी, नीरज देवी व प्रीती वर्मा ने बैज लगाकर, माल्यापर्ण व पुष्प देकर सम्मानित किया। विद्यालय में बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत मड़रिया प्रधान चौधीलाल व प्रधान प्रतिनिधि चंद्रगुप्त मौर्य ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बैठक को क्षेत्रीय विधायक ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मितौली क्षेत्र के संविलियन विद्यालय मडरिया में स्मार्ट क्लास के संचालन पर क्षेत्र व अध्यापकों की प्रशंसा कर विधानसभा के मडरिया गाव में स्मार्ट क्लास का पहला गांव है जिसमें बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। इस

अवसर पर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि व राष्ट्रीय शैक्षिक संघ मितौली के अध्यापक व अध्यापिकाओं समेत लोगों ने पीपल के पौधे का रोपण किया। इस मौके पर प्रधान पति मनोज मिश्र, अखिलेश चौधरी, शिशु मौर्य समेत क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## कस्तूरबा विद्यालय बेहजम में जांच करने पहुचे बेसिक शिक्षा अधिकारी

ब्रजेश सिंह बेहजम,खीरी। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बेहजम में छात्राओं से साफ–सफाई करवाने की सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लखीमपुर मामले की जांच करने बा स्कूल बेहजम पहुंचे। बताते चले आज सोशल मीडिया पर एक खबर वायरल हुई थी, जिसमें एक लड़की ने आरोप लगाया कि स्कूल में हम से साफ–सफाई कराई जाती है, जबकि इस मामले की जांच करने आये बेसिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने बताया कि वायरल खबर में आरोप लगाने वाली विद्यालय की छात्रा नहीं है और उसकी छोटी बहन स्कूल में नामांकित है और शिक्षा ग्रहण कर रही है। उसने बताया लगाए गए आरोप निराधार है हमें स्कूल में किसी प्रकार कोई परेशानी नहीं है और हम बीते सप्ताह से घर भी नहीं गए है। स्कूल निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्कूल में सब कुछ ठीकठाक पाया।

## आरटीओ ने दी एक मुश्त शास्ति समाधान योजना की जानकारी

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। शुक्रवार को सम्भागीय परिवहन अधिकारी लखनऊ आरपी द्विवेदी ने परिवहन विभाग के रोड सेफ्टी अवेयरनेस हाल में जनपद के समस्त बस, ट्रक, आटो, ई–रिक्शा, टैक्सी यूनियन के प्रबन्धकों, पदाधिकारियों, वाहन स्वामियों संग कार्यालय स्तर पर बैठक करते हुए उपस्थित लोगो को एक मुश्त शास्ति समाधान योजना के तहत सभी व्यवसायिक वाहनों के प्रति बकाया कर पर देय शास्ति से शत–प्रतिशत छूट प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपर परिवहन आयुक्त (राजस्व), उप्र लखनऊ द्वारा एक मुश्त शास्ति समाधान योजना एक अप्रैल 2020 को या उसके पूर्व पंजीकृत एवं बकाया कर से आच्छादित परिवहन यानों पर देय शास्ति से शत–प्रतिशत छूट प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने योजना के क्रियान्वयन हेतु कार्यालय स्तर पर अधिकारियों, कर्मचारियों को सहयोग करने हेतु निर्देशित किया। उक्त बैठक में एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे, यात्री कर अधिकारी संजय शर्मा, यात्रीकर अधिकारी, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) पंकज, सभी कार्यालय कर्मचारीगण तथा एक सौ से अधिक यूनियन पदाधिकारियों व वाहन स्वामियों ने प्रतिभाग किया।

बताते चलें कि योजना के तहत शुक्रवार को 46 आवेदकों ने पंजीकरण कराया। जिससे उनके वाहन के प्रति बकाया कर पर लगने वाले शास्ति से शत–प्रतिशत छूट प्राप्त की जा सके। यदि अन्य वाहन स्वामी जिनकी वाहन के प्रति बकाया कर, शास्ति की देयता है तो अविलम्ब कार्यालय में स्वयं अथवा अपने किसी प्रतिनिधि के माध्यम से सम्पर्क कर बकाया कर की शास्ति (पेनाल्टी) में शत–प्रतिशत छूट प्राप्त कर सकते है। विभाग द्वारा यह योजना 26 जुलाई तक प्रभावी है। उक्त के अलावा सम्भागीय परिवहन अधिकारी, लखनऊ ने कार्यालय के आईजीआरएस पोर्टल पर लम्बित आवेदन पत्रों के सम्बन्ध में जानकारी की। आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया।

## अशक्सफोर्ड स्कूल में गौरी व अरहन रहे टॉपर

नवीन भसीन

सम्पूर्णानगर,खीरी। सीबीएसई हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम काफी लेट में आया। शुक्रवार को दोपहर बाद जैसे ही परिणाम आए ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। कस्बा निवासी संदीप शर्मा की बेटी गौरी शर्मा व कृष्णानगर कॉलोनी निवासी अली अहमद के पुत्र अरहन अली ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। इसके अलावा कार्तिक मिश्रा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में द्वितीय स्थान प्रियंका राजपूत ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रिंसिपल डॉक्टर झुम्पा मल व चेयरमैन गुरु कृपाल सिंह मांगट शिक्षक दीपक सक्सेना ने छात्र–छात्राओं के कठिन परिश्रम के लिए बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अखिल भारतीय फार्मसिस्ट एसोसिएशन के सदस्य बने डॉ शैलेश चंद्र वर्मा

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। जनपद के क्षेत्र लखपेड़ाबाग मैरिज हॉल में शनिवार सुबह अखिल भारतीय फार्मसिस्ट एसोसिएशन का कार्यक्रम नवीन वर्मा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के नेतृत्व में आयोजन हुआ। जिसमें थाना सफदरगंज के क्षेत्र उधौली गांव के निवासी डॉ शैलेश चंद्र वर्मा को फार्मेसिस्ट संगठन अखिल भारतीय फार्मसिस्ट एसोसिएशन का सदस्य बनाया गया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने डॉ शैलेश चंद्र वर्मा को फूल माला मिठाई एवं तालियों से संगठन में स्वागत किया। श्री शैलेश चंद्र वर्मा ने बताया कि मैं संगठन को ईमानदारी एवं मेहनत से कार्य कर आगे के गति की ओर ले जाऊंगा। इस मौके पर संगठन के प्रदेश सचिव अभिषेक वर्मा, जिला अध्यक्ष पवन एवं संगठन के तमाम कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे।

## अनवरत परिश्रम करने वाले अवश्य होते हैं सफल : प्रियंका

अमन सिंह लखीमपुर,खीरी। सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में आज सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में सफल छात्रों को सम्मानित किया गया। स्कूल ट्रस्ट ओम फाउंडेशन की ट्रस्टी प्रियंका गुप्ता ने सभी छात्र एवं छात्राओं को माला पहनाकर पुरुस्कृत किया। इसके साथ ही उन्होंने सभी वरिष्ठ शिक्षकों एवं प्रधानाचार्या को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चो ने कठिनतम परिस्थितियों में उच्चतम धैर्य एवं दृढ़ निश्चय के बल पर ये उपलब्धि प्राप्त की है। बच्चों की इस सफलता के लिए प्रधानाचार्या, अभिभावक एवं सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं। इस हर्ष के अवसर पर प्रधानाचार्या शालिनी सचान ने बच्चों को शुभकामनाये देते हुए कहा कि परिश्रम एवं खुद पर विश्वास ही असली सफलता की सीढ़ी है।

# संक्षिप्त समाचार

### परिषदीय विद्यालय गेट पर जलभराव, बच्चों और ग्रामीणों का निकलना मुश्किल

हर्ष गुप्ता भीखमपुर,खीरी। मितौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत ग्रन्ट इनायत चीफ के गाव अवधपुर में स्वच्छता अभियान कागजों पर सिमट कर रह गया है। मुख्यमंत्री ने बरसात से पहले ही नाले, नालियों का निर्माण व साफ–सफाई के आदेश दिए थे। लेकिन अवधपुर में इंटरलॉकिंग रोड़ के निर्माण के साथ नाली निर्माण न होने के चलते बच्चों और बुजुर्गों को निकल पाना मुश्किल है। प्राथमिक विद्यालय के गेट तक गंदे पानी व जलभराव से नौनिहाल निकलते है और गिरकर भींग जाते है। ग्रामीण व राहगीरों को जलभराव से भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जलभराव से परेशान होकर कप्तान निषाद, विनोद निषाद, राजेन्द्र शर्मा, रामचरण निषाद के मकान तक लगभग पच्चास मीटर नाली निर्माण की मांग की है। जिससे गंदे पानी से परिषदीय विद्यालय के गेट तक जलभराव से बच्चे बुजुर्गो को निकलने में परेशानी होती है फिर भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे है जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

### सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गठित हुआ पूर्व छात्र परिषद

हर्ष गुप्ता लखीमपुर,खीरी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीबीएससी बोर्ड में एक पूर्व छात्रों की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता कालेज के प्रधानाचार्य शेषधर द्विवेदी द्वारा की गई। कार्यक्रम का

आयोजन मंजुल शुक्ला ने किया। इस दौरान वहां पर पूर्व छात्र परिषद की कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें इस दौरान पूर्व छात्र परिषद का अध्यक्ष सूर्यमणि मिश्रा को बनाया गया। इसी के साथ–साथ उपाध्यक्ष हर्ष गुप्ता, संचालक सचिन मिश्रा, महामंत्री प्रदीप सिंह, मंत्री अभिषेक मोहन दीक्षित, मंत्री हर्षित मिश्रा, मंत्री सचिन कुमार शुक्ल, सोशल मीडिया प्रभारी ऋषभ मिश्रा, शगुन कुमार वर्मा से सोशल मीडिया प्रभारी बनाए गए। इसी क्रम में पूर्व छात्र परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे कालेज के प्रधानाचार्य शेषधर द्विवेदी ने बताया कि पूर्व छात्र परिषद इसलिए बनाया जा रहा है जिससे कि हम सभी पूर्व छात्र सभी एक साथ संगठित रहें और एक दूसरे के सदैव साथ खड़े रहे और एक दूसरे से मिलते रहें। जिससे हम सभी इस कॉलेज से और एक दूसरे से हमेशा जुड़े रहें और भविष्य में अगर किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या होती है तो हम सब एक विद्यालय परिवार छात्र परिवार सभी एक दूसरे के सुख दुख में साथ खड़ा रहे।

### समाधान दिवस में आयी आठ शिकायतें

नवीन भसीन सम्पूर्णानगर,खीरी। एसडीएम व सीओ की अगुवाई में हुए समाधान दिवस के दौरान आठ शिकायतें हुई दर्ज। शनिवार को एसडीएम अवनीश कुमार मौर्य सीओ राजेंद्र कुमार की अगवाई में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस

दौरान चार शिकायतें राजस्व विभाग से व चार शिकायतें पुलिस विभाग से दर्ज की गई। जिस पर अधिकारियों ने तत्काल टीमें बनाकर मौके पर भेज कर मौका मुआयना कर शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधान क्षेत्रीय लेखपाल व कार्यवाहक थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

### छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को बीईओ ने दी बधाई

कमलेश अवस्थी लखीमपुर,खीरी। ब्लॉक मोहम्मदी क्षेत्र के दो बेसिक स्कूलों के तीन बच्चों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने पर खंड शिक्षा अधिकारी भगवान राव ने बधाई दी है। बताते चले कि जिला स्तरीय राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 24 अप्रैल को कराई गई थी। जिसमें जिले के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया था। जिसका परिणाम 20 जुलाई को घोषित किया गया। जिसमें मोहम्मदी ब्लाक के गांव सहिजना के उच्च प्राथमिक विद्यालय के सतेंद्र सिंह और आदित्य भारती तथा सविलियन विद्यालय कुंवरपुर की छात्रा पूनम ने परीक्षा उत्तीर्ण कर नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता पर उनके गुरुजन अरुण कुमार सिंह, प्रभा शंकर और राजकुमार सिंह ने बधाई दी। सरकार द्वारा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी को प्रतिमाह एक हजार रुपए की छात्रवृत्ति चार वर्षों तक देने का प्राविधान है।

### अनियंत्रित होकर दुकान में घुसी कार, चालक की मौत

अमन सिंह लखीमपुर,खीरी। थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत बीती देर रात एक कार अनियंत्रित होकर एक दुकान में जा घुसी। जिसमें चालक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, थाना फरधान के ग्राम मोहम्मदपुर के 24 वर्षीय शुभम वर्मा पुत्र लाल वर्मा बीती रात लखनऊ से घर वापस जा रहे थे, जहां मेला मैदान स्थित सुदामा स्वीट्स की दुकान में अनियंत्रित होकर घुस गई, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद मृतक को गाड़ी से बाहर निकाला और परिजनों को जानकारी दी। परिजनों के जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।

# सम्पादकीय....

## हर घर तिरंगा अभियान

### विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा

• हर घर तिरंगा अभियान में नागरिकों की सहभागिता से राष्ट्रभक्ति की भावना का तेजी से संचार होगा

• हर घर में 13 से15 अगस्त 2022 को तिरंगा फहराने के पीएम के आग्रह को रेखांकित करने से स्वतंत्रता के 75 वें अमृत जयंती महोत्सव जश्न में चार चांद लग जाएंगे

सोने की चिड़िया भारत की गाथा अगर हम वर्णित करने जाएंगे तो हजारों वर्ष पूर्व की संस्कृति,सभ्यता,अतिथि देवो भव सहित ऐसी हजारों गाथाओं को गाते, वर्णित करते हुए कलम और कागज कम पड़ जाएंगे पर गाथा का वर्णन पूरा नहीं हो पाएगा ऐसा है हमारा दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत!! स्वतंत्रता की 75 वीं अमृत जयंती हम पूरे वर्ष भर से मना रहे हैं। वर्ष भर करीब–करीब हर शासकीय, प्रशासकीय और मंत्रालय स्तरपर इसके उपलक्ष में समारोह, डिबेट, वेबीनार सहित अनेकों कार्यक्रमों को संचालित किया गया। अब 15 अगस्त 2022 वह दिन आ रहा है जिसका भारत की आन बान शान हमारा भारतीय ध्वज तिरंगा को 13 से15 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत माननीय पीएम द्वारा तीन दिन सभी नागरिकों से घरों पर तिरंगा फहराने की अपील कीहै जिसमें राष्ट्रभावना राष्ट्रभक्ति की भावना का तेजीसे संचार होगा जिसे रेखांकित करना जरूरी है। आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से भारत की आजादी, भारतीय ध्वज और घर–घर तिरंगा अभियान पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम हर घर तिरंगा अभियान की करें तो पीआईबी के अनुसार माननीय पीएम ने दिनांक 22 जुलाई 2022 को अपने ट्विटर हैंडल से नागरिकों से अपील कर कहा है कि, आज, 22 जुलाई की हमारे इतिहास में विशेष प्रासंगिकता है। 1947 में इसी दिन हमारे राष्ट्रीय ध्वज को अंगीकार किया गया था। इतिहास से कुछ दिलचस्प बातें साझा कर रहा हूँ, जिनमें हमारे तिरंगे से जुड़ी समिति का विवरण और पंडित नेहरू द्वारा फहराया गया पहला तिरंगा शामिल हैं। आज, हम उन सभी लोगों के अदम्य साहस और प्रयासों को याद करते हैं, जिन्होंने स्वतंत्र भारत के लिए एक ध्वज का सपना देखा था, जब हम औपनिवेशिक शासन के खिलाफ संघर्ष कर रहे थे। हम उनकी दृष्टि को पूरा करने और उनके सपनों के भारत के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।

पीएम ने लोगों से हर घर तिरंगा अभियान को मजबूत करने का आग्रह किया है। ट्वीट्स की एक श्रृंखला में, पीएम ने कहा, इस साल, जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, आइए हम हर घर तिरंगा अभियान को मजबूत करें। 13 से 15 अगस्त के बीच तिरंगा फहराएं या अपने घरों में इन्हें प्रदर्शित करें। यह अभियान राष्ट्रीय ध्वज के साथ हमारे जुड़ाव को और मजबूती देगा।

साथियों बात अगर हम सत्ताधारी पार्टी की इस अभियान में तैयारी की करें तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अनुसार, उनका अभियान के दौरान वंदे मातरम गाने का आह्वान किया इससे पहले, पार्टी ने दो दिन पहले स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अपने हर घर तिरंगा अभियान के तहत सुबह के जुलूस के दौरान अपने सदस्यों से भक्ति गीत 'रघुपति राघव राजा राम' और राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' गाने के लिए कहा है। पार्टी के महासचिव ने सभी राज्य इकाइयों को जारी एक आदेश में कहा कि पार्टी ने देशभर में अपनी सभी राज्य इकाइयों, सांसदों और विधायकों को नौ अगस्त से शुरू हो रहे सप्ताह भर चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने का निर्देश दिया है।

साथियों बात अगर हम भारत माता की गाथा में संस्कृति के श्लोकों की करे तो, हिमालयं समारभ्य यावत् इंदु सरोवरम् ।
तं देवनिर्मितं देशं हिंदुस्थानं प्रचक्षते।। अर्थ – हिमालय पर्वत से शुरू होकर हिन्द महासागर तक फैला हुआ यह ईश्वर निर्मित देश है जिसे "हिंदुस्थान" कहते हैं । वन्दे नितरां भारतवसुधाम्
दिव्यहिमालय–गंगा–यमुना–सरयू–कृष्णशोभितसरसाम्।।
अर्थ – देवभूमि हिमालय, गंगा, यमुना, सरयू कृष्णा और कई नदियों के साथ चमकने वाली भारत की भूमि को नमन। एत देश प्रसूतस्य सकाशादग्र जन्मनः ।
स्वं स्वं चरित्र शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्व मानवाः ।। अर्थ प्राचीन काल में, इस देश (भारत) में जन्में लोगों के सामीप्य द्वारा (साथ रहकर) पृथ्वी के सब लोगों ने अपने–अपने चरित्र की शिक्षा ली।वीरकदम्बैरतिकमनीयां सुधिजनैश्च परमोपास्याम् ।वेदपुराणैः नित्यसुगीतां राष्ट्रभक्तैरीड्याम् भव्याम् ।। अर्थ
वह (भारत माता) सुंदर दिखने के लिए योद्धाओं की एक माला पहनती है, जो श्रेष्ठ विद्वानों द्वारा पूजी जाती है। वेद और पुराणों के माध्यम से प्रतिदिन गाई जाती है, देशभक्तों के साथ जो भव्य दिखती है, ऐसे (मां भारती) को नमन।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि हर घर तिरंगा अभियान सराहनीय है विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा। हर घर तिरंगा अभियान में नागरिकों की सहभागिता से राष्ट्रभक्ति की भावना का तेजी से संचार होगा 13 से15 अगस्त 2022 को हर घर में तिरंगा फहराने की पीएम के आग्रह को रेखांकित करने से स्वतंत्रता के 75 वें अमृत जयंती महोत्सव जश्न में चार चांद लग जाएंगे।

–संकलनकर्ता लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट
किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

## शुभ यात्रा!

बहुत समय से बैठे हैं, घर के अंदर,
चलो करें, शुरू एक नया सफर,
घूमे गांव और अलग–अलग शहर,
महसूस करें, पर्वत और समुंदर की लहर!
करें यात्रा रेलगाड़ी, विमान और जहाज पर,
लगाए एक बार, इस प्यारी सी दुनिया का चक्कर,
चलो होकर आए, अपनों के घर,
हां जी, आज और अभी हि है, सही अवसर!
छोड़ आए कई स्थानों पर अपना असर,
कुछ समय के लिए, ऊपर वाले पर हो जाए निर्भर,
कभी समेटे स्वयं को, कभी जाए हवा में बिखर,
छू ले यात्रा मैं हर एक, उच्च शिखर!
आए अत्यंत सुंदर जगहों को घूमकर,
अपने दर्द और तनाव को पूर्ण रूप से भूलकर,
सब से कुछ नया, कुछ अलग सीख कर,
हर यात्रा में बनते चले, एक इंसान बेहतर!!

डॉ. माध्वी बोरसे!

# नई तकनीक के चलते हार्ट से जुड़ी बीमारियों का इलाज काफी सुरक्षित हो गया है : डा. गौरव महाजन

मेरठ. मौजूदा वक्त में दिल से जुड़ी बीमारियों के केस काफी संख्या में आने लगे हैं. ऐसे में लोगों को अवेयर करने की बेहद जरूरत है ताकि वो अपने दिल की सेहत का ख्याल रख सकें और समय पर बेहतर इलाज पा सकें. दरअसल, दिल के जरिए शरीर के बाकी हिस्सों में जो ब्लड सर्कुलेट होता है वो एऑर्टिक वाल्व के माध्यम से जाता है. अगर इस वाल्व पर कुछ भी असर पड़ता है तो वाल्व के सिकुड़ जाने का खतरा रहता है. ब्लॉकेज होने का खतरा रहता है, जिसे हार्ट फंक्शनिंग प्रभावित होती है.कैसे ये सर्जरी पहले की तुलना में अब बेहद सुरक्षित हो गई है. मॉडर्न टेक्नॉलजी के चलते अब ऐसे बहुत कम केस रहते हैं जिनमें मरीज को ब्लड की जरूरत पड़ती है. साथ ही इससे मरीज को ज्यादा दिन अस्पताल में नहीं रहना पड़ता और तुरंत ही उनकी रिकवरी भी होने लगती है. इसी को ध्यान में रखते हुए में गाजियाबाद के वैशाली स्थित मैक्स सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल ने मेरठ में मरीजों के लिए एक अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किया.इस कार्यक्रम में मैक्स सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल वैशाली में कार्डियक सर्जरी के डायरेक्टर डॉ. गौरव महाजन मौजूद रहे. साथ ही मेरठ शहर के वो तीन मरीज भी मौजूद रहे जिनकी मैक्स अस्पताल में सफल कार्डियक सर्जरी की गई. सर्जरी के बाद मेरठ के रहने वाले आरके शर्मा, संजय शर्मा और मुकेश भटनागर अब नॉर्मल लाइफ जी रहे हैं. अवेयरनेस कार्यक्रम में डॉ. गौरव महाजन ने 38 वर्षीय संजय शर्मा का जिक्र करते हुए बताया कि नई तकनीक के चलते हार्ट से जुड़ी बीमारियों का इलाज काफी सुरक्षित हो गया है और सर्जरी मिनिमली इनवेसिव होती है यानी कम से कम चीर–काट की जरूरत पड़ती है.डॉ. गौरव महाजन ने संजय शर्मा के केस को विस्तार बताते हुए कहा, मरीज जब हमारे पास आए तो उन्हें महीनों से सांस की दिक्कत हो रही थी. उनकी एऑर्टिक वाल्व में समस्या थी. ये वाल्व बदलना बहुत ही आम बात है और सर्जरी करके इसे बदल दिया जाता है. हमने मरीज के केस को स्टडी किया और हाई रिस्क देखते हुए TAVR कराने का फैसला किया. TAVR यानी ट्रांस एऑर्टिक फेमोरल वाल्व रिप्लेसमेंट, जो मरीज के लिए बेस्ट ट्रीटमेंट जाता है. इसमें पैर की फेमोरल आर्टरी के जरिए वाल्व बदला जाता है. इस प्रक्रिया में न ही मरीज के सीने में कोई कट लगाया जाता और न ही हार्ट ओपन करने की जरूरत पड़ती है. हमने सफलतापूर्वक वाल्व बदल दिया. मरीज ने पूरा दिन आईसीयू में गुजारा और दूसरे ही दिन उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया. मरीज को न ही खून बहने की शिकायत हुई और न ही उनकी चेस्ट पर कोई बड़ा जख्म हुआ. कुछ ही दिनों में मरीज अपनी रोजमर्रा की जिंदगी सामान्य तौर पर गुजारने लगा। डॉ. गौरव महाजन ने कार्यक्रम में दूसरे मरीज का उदाहरण देते हुए बताया, आरके शर्मा को हार्ट अटैक के कारण सीने में दर्द हुआ था जिसके चलते उन्हें मैक्स में भर्ती कराया गया. यहां डॉक्टर्स ने उनकी पूरी तरह से जांच–पड़ताल की, जिससे पता चला कि उन्हें कोरोनरी आर्टरी डिसीज (CAD) है. उनकी तीनों ही आर्टरी में कम्प्लीट ब्लॉकेज था, जिस कारण उनके दिल का बड़ा हिस्सा इससे प्रभावित हो रहा था. उनका हार्ट बस 30 प्रतिशत ही काम कर रहा था, ऐसे में बायपास सर्जरी बहुत रिस्की थी. डॉक्टर्स की टीम बीटिंग हार्ट बायपास सर्जरी करने का फैसला किया. ये सर्जरी सफल रही और ऑपरेशन के 5वें दिन पेशंट को डिस्चार्ज कर दिया गया. यहां तक कि पेशंट को ब्लड चढ़ाने की जरूरत भी नहीं पड़ी और उनका हार्ट सुचारू रूप से काम करने लगा. आरके शर्मा की सर्जरी को 3 साल से ज्यादा गुजर गए हैं और आज वो एक बेहतर जीवन जी रहे हैं, हार्ट अटैक के डर के बिना अपने सब काम कर रहे हैं. सर्जरी के आरके शर्मा ने बहुत तेज रिकवरी की थी और वो महज 2–3 हफ्तों में ही अपने काम करने लगे थे।

इन दो मरीजों की सक्सेस स्टोरी शेयर करने के साथ ही डॉ. गौरव महाजन ने मेरठ के ही मुकेश भटनागर का केस भी लोगों के सामने रखा. मुकेश भटनागर की हालत ऐसी थी कि उनके लिए 500 मीटर चल पाना भी मुश्किल था. उनके सीने में बहुत ही गंभीर दर्द की शिकायत थी. जिसके चलते उन्हें बायपास सर्जरी के लिए कहा गया और उनकी सर्जरी भी सक्सेसफुल रही. आज यही मुकेश भटनागर 4 किलोमीटर तक वॉक कर लेते हैं और अपनी नॉर्मल लाइफ जी रहे हैं।

हार्ट अटैक एक ऐसी बीमारी है जिसके लिए ये माना जाता था कि ये ज्यादा उम्र के लोगों को होती है. क्योंकि बढ़ती उम्र के साथ दिल भी कमजोर पड़ने लगता है. लेकिन अब हकीकत बदल गई है. मौजूदा वक्त में 20, 30, 40 साल की एज ग्रुप के युवा भी हार्ट से जुड़ी गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं. आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी वाले स्ट्रेस ने युवाओं के दिल भी कमजोर कर दिए हैं. यंग आबादी में दिल की बीमारियां अधिक स्ट्रेस लेने, लगातार घंटों तक काम करने और ठीक रुटीन में न सोने की वजह से हो रही हैं।

साथ ही स्मोकिंग के कारण भी यंग पॉपुलेशन हार्ट डिसीज की चपेट में आ रही है. ऐसे में इस बीमारी के प्रति सचेत रहना जरूरी है, साथ ही इसके इलाज के बारे में भी. हार्ट के मामलों में वाल्व बदलने की सलाह दी जाती है क्योंकि वाल्व का इलाज संभव नहीं है. ऐसे में अगर किसी को वाल्व की समस्या है तो उन्हें बहुत ही सावधानी बरतनी चाहिए और समय पर सही इलाज कराना चाहिए।

# यहाँ पे आपका यूनिकोड सच्चाई और साहस जीवन में सफलता के बड़े सूत्र

(संयम के साथ सच का साथ दीजिए)
यह कहावत एकदम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहींस यदि सत्य सच्चाई नहीं होती तो मानव जीवन नहीं होता क्योंकि प्रगति पहाड़ झरना नदिया जंगल बुक और प्रकृति द्वारा दिए गए प्रतिशत के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति हैस और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच,स्पृहा, कामना,कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और वैशाखी लेकर त्वरित लाभ के लिए जीवन के भाव सागर में कूद पड़ता है परंतु सत्य ही अंतिम सत्य है।परंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से अरे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे।

आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है ।इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा हैस प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक,सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया हैस भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा हैस व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा हैस समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्वर्स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है । सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है।

नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है। इसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति अत्यंत उन्मुक्त निसंकोच तरीके से असत्य का सहारा लेने से भी नहीं चूक रहा है। भौतिक सुख साधनों की लालसा में मनुष्य में साधनों की सत्यता तथा शुद्धता फिर भी गहरा समझौता कर समाज में असामाजिक व्यवहार को अपना लिया है जिसके दूरगामी परिणाम भारतीय समाज के लिए अच्छे संकेत नहीं है। आज मनुष्य नैतिकता एवं अनैतिकता की बारीक लकीर हो पहचानने से काफी दूर हो गया है तथा भौतिक विकास के लिए किसी भी साधन को अपनाने से नहीं परहेज करता है। मानव बुद्धि विवेक संपन्न होने के कारण भौतिक सुख सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए हर तरह के उपायों को नए–नए हथकंडे के रूप है उपयोग करने लगा है जिससे समाज मे विसंगतियां पैदा होकर आत्मीय संबंधों की बलि चढ़ गई है। आदिकाल से ऐतिहासिक तौर पर भी मानव की सच्चरित्रता पर सवालिया निशान खड़े होते रहे हैं। समाज ने आपसी संबंधों को संचालित करने के लिए कुछ आदर्श मापदंड का प्रावधान भी रखा है जिनमें सबसे महत्वपूर्ण सावधान सत्य बोलने का है किंतु मनुष्य अपने सुख साधन बटोरने के लिए सदैव सत्य से परहेज करने लगा जिससे मनुष्य नैतिकता से काफी दूर हो गया एवं सामाजिक मान्यताओं को छिन्न–भिन्न करता आया है। आज भौतिक साधन संपन्नता समाज में सर्वोच्च शिखर पर है और समाजिक व्यक्तिगत आत्मीय संवेदनशील संबंध ताक पर रख दिए गए हैं। नैतिकता सिद्धांतों की परिपाटी नष्ट प्राय होती जा रही है। ऐसे में एक आदर्श समाज की कल्पना बेमानी हो गई है। आज हमें सामाजिक मूल्यों को बचाने आत्मीय संबंधों की रक्षा करने के लिए सत्य तब और संयम का सहारा लेने की आवश्यकता होगी अन्यथा भारतीय समाज को पश्चिमी समाज के रूप में यहां संवेदनशीलता आत्मीयता और मानवीय संबंधों की गरिमा खत्म होने के कगार पर है अपनाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा एवं भारतीय मूल्य संस्कार संस्कृति धीरे धीरे सनातनी समाज से दूर होते जाएंगे और हम हाथ में हाथ धरे देखते रह जाएंगे। आज नैतिकता केवल दूसरों के लिए उपदेश देने की वस्तु बन कर रह गई है। मनुष्य सामाजिक व्यवस्था का स्वयं निर्माता है किंतु नैसर्गिक रूप से लोभी,आलसी, तथा संग्रहण की प्रवृत्ति वाला हो चुका है ऐसे में कम परिश्रम में ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए असत्य फरेब एवं जालसाजी का ही सहारा लेकर अनैतिकता का परचम फैलाने में लगा हुआ है। यह भारतीय परिवेश के लिए कतई शुभ संकेत नहीं है। संजीव ठाकुर

# 75 साल आजादी दिवस पूरे होने के पहले देश में गूंजेगा जय हो का नारा

महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने 75वें आजादी का अमृत महोत्सव मनाने का आह्वान करते हुए जन जागरूकता अभियान के तहतमुंबई में एक अनूठी पहल आई स्टैंड फॉर वारियर्स जय हो को गति देने के लिए देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत पोस्टर जारी किया। डॉ अनुषा श्रीनिवासन अय्यर – समतावादी, पृथ्वी योद्धा, एमडी – नारद पीआर और इमेज स्ट्रैटेजिस्ट, मेंटर – मेक अर्थ ग्रीन अगेन मेगा फाउंडेशन और पॉजिटिव फार्म सैंक्चुअरी, अनुभवी संगीत प्रतिभा रूपकुमार राठौड़ और लेस्ली लुईस, धनुष कोडी शिवानंदन – पूर्व मुंबई पुलिस आयुक्त, मेजर जनरल नंदीराजू श्रीनिवासराव सेवानिवृत्त, डॉ. हरि कृष्ण मरम – विजन डिजिटल इंडिया के अध्यक्ष, उद्यमी–सामाजिक कार्यकर्ता एराम फरीदी, स्वयंभू विश्वकर्मा पुरस्कार विजेता वास्तु एस्ट्रोयोगी बसंत आर रसिवासिया, प्रोफेसर एबी पंडित – रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान के वीसी , डॉ वैभव आर देवगिरकर, चिकित्सा निदेशक – एचजे दोशी अस्पताल, डॉ श्रीनिवासन आर अयंगर, निदेशक – जेबीआईएमएस, जगजीवन कन्याल – सामाजिक सुधारक, और कई अन्य लोग रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान (मुम्बई) में आई स्टैंड फॉर वारियर्स जय हो की पहल से संबंधित इस कार्यक्रम में उपस्थित हो कर अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का एक मात्र उद्देश्य है कि इस बार 15 अगस्त को हम सभी भारतीय,अपने देश के योद्धाओं को श्रद्धांजलि देंगे।यह एक अनूठी पहल होगी जहां शिक्षाविद, रक्षा कार्मिक, एनजीओ नेता हमारे देश की रक्षा करने वालों के लिए एक साथ खड़े होंगे। उन्होंने लोगों से 15अगस्त के दिन ऐतिहासिक दिन बनाने की इच्छा जाहिर की , वहीं रूपकुमार राठौड़ ने संदेशे आते हैं... गीत से दर्शकों को उत्साहित किया। संगीतकार लेस्ली लुईस ने अपने अलग अंदाज में दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। जहाँ भीड़ ने जय हो का नारा लगाया और आयोजकों ने उम्मीद जाहिर की कि 15 अगस्त को यह राष्ट्र जय हो का जाप करेगा और सभी भारतीय नागरिक बहादुर भारतीय सैनिकों, पुलिस और अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं का समर्थन करेंगे।

प्रस्तुति :
काली दास पाण्डेय

# मायूसी

चार दोस्त आपस में एक दूसरे के जिगरी दोस्त हैं जो एक दूसरे के साथ सच्ची दोस्ती भी निभाते हैं।
इन चारों दोस्तों के नाम बहुत अहम है।
पहला दोस्त उम्मीद
दूसरा दोस्त सब्र
तीसरा दोस्त रहमत
चौथा दोस्त ईमान
और चारों दोस्त अल्लाह के बहुत करीब भी नजर आते हैं। लेकिन इन चारों दोस्तों की एक दुश्मन भी है जिसका नाम मायूसी है।एक दिन उम्मीद का झगड़ा मायूसी से होता है और मायूसी उम्मीद से कहती है कि मैं सब पर भारी हूं। लेकिन उम्मीद तो उम्मीद है उम्मीद कहती है कि तुम तो सिर्फ इंसानियत को खोखला बनाने के अलावा और कोई काम नहीं करती और वह जो तुम्हारा साथी गम है न इंसान को खा जाता है इसलिए तुमको हमारी फेहरिस्त में नहीं रखा गया। इस बात पर मायूसी कहती है तुम लोग तो बेबस हो सिर्फ अपने अल्लाह से दुआ के अलावा और कर ही क्या सकते हो मुझे देखो मैंने इंसान को अपने बस में कर रखा है जो शराब, नशाखोरी, जुआ, चोरी, डकैती, मारकाट, झगड़ा, फसाद और खून खराबा के चपेट में है इनसे मेरा पेट भरता है यह सब के सब हमारी खुराक हैं।
इस पर सब्र को बहुत गुस्सा आता है और मायूसी से कहता है दुआ मोमिन का हथियार है। सब्र कहता है कि मैं पूरी दुनिया पर गालिब आ गया मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता मैंने अपनी ताकत से बड़े बड़े कारनामे जीते हैं। तुम मायूसी बेशक अंधेरे की मानिंद हो और हर होने वाली अंधेरी रात के बाद चमकती हुई सुबह जरूर होती है। दरमियान में दोस्त ईमान आकर कहता है हमारे नबियों को अल्लाह ने आजमाईश में डाला और सख्त मराहिलो मुश्किलात से गुजारा गया लेकिन उन्होंने अपने ईमान पर डाका नहीं डाला और सब्र का दामन मजबूती से हमेशा थामे रहे।बड़ी–बड़ी जंगों में आसानी के साथ फतेह हासिल की फिर रहमत आकर बोलती है कि आखिर अल्लाह ने उन पर अपनी रहमत बरसानी ही शुरू कर दी और आखिर मायूसी तेरा ही जवाल आ कर रहा यानी अब तेरी जिन्दगी बहुत कम है। फिर उम्मीद कहती है कि ऐ मायूसी अगर तू इंसान के लिए आधी मौत है तो यह मत भूलना मैं भी इंसान पर आधी जिंदगी बनकर गालिब हूं।
तब रहमत कहती है कि बेशक कितनी भी मुश्किल पेश आ जाएं लेकिन हमेशा यही सोचो कि सब ठीक हो जाएगा और हां मायूसी से हारना नहीं चाहिए बल्कि मायूसी को हरगिज हरा देना चाहिए। और उम्मीद तो बड़े काम की चीज है यह तो सबको संभाल कर रखती है। और ईमान कहता है की मायूसी ईमान की कमजोरी है और कुफ्र है। कुरआन में अल्लाह फरमाता है।
'ला तकनतू मिर रह मतिल लाह'
'अल्लाह की रहमत से कभी मायूस नहीं होना चाहिए।'
इसलिए सबसे अहम बात यह है की इंसान को कभी भी मायूस नहीं होना चाहिए।
बल्कि मुश्किलात के आने पर, मायूसी के अंधेरों में भी उम्मीद और सब्र का दामन थामे रखिए सब्र एक सवारी है जो हर मुश्किल में बड़ी आसानी के साथ इस रास्ते को पार कर वाता है। और मुश्किलात का एक एक लम्हा भी जाया नहीं होने देता और हर मुश्किल लम्हात के साथ अपने दोस्त रहमत को जरूर लेकर आता है। और फिर यह चारों दोस्त मिलकर उम्मीद, सब्र, रहमत और ईमान अपनी दुश्मन मायूसी का गला घोंट देते हैं। और हम सब मिलकर अल्लाह के फजलो करम से कामयाबी की मंजिल तै कर लेते हैं।

– असमा सबा ख्वाज

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

## आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

## : प्रसारित :

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रूखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

## शिवम कुमार ने इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान प्राप्त कर ग्राम औड़ेरा का नाम रोशन किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स राठ (हमीरपुर) शुक्रवार को सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट का छात्र शिवम कुमार ने 93 प्रतिशत अंक पाने में सफलता हासिल की है। कस्बे के औड़ेरा गांव निवासी शिवकुमार का पुत्र है वह दिल्ली में रहकर मायो इंटरनेशनल इंटर कॉलेज मैं पढ़ता है। उसके पिता शिव कुमार खेती किसानी करते हैं। शिवम कुमार की सफलता पर परिवार वालों ने खुशी जाहिर करी है।

## आपदाओं से बचने हेतु जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण स्कूलों में चला रहा है प्रशिक्षण अभियान

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जनपद में आपदाओं की प्रवृत्ति व प्रकृति को देखते हुए जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण एन0डी0आर0एफ0 के माध्यम से विद्यालयों में आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। अब तक इस अभियान में जिले के 12 विद्यालयों में छात्रों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। आज इसी क्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र–छात्राओं को विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया गया। विद्यालय में कमाण्डेंट मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में पहुंची टीम की अगुवाई टीम कमाण्डर धीरेन्द्र उपाध्याय ने की। उन्होने बताया कि किसी भी आपदा से निपटने के लिए धैर्य बहुत आवश्यक है। धैर्य के साथ उचित जानकारी होने के साथ हम बड़ी से बड़ी आपदाओं से सफलतापूर्वक निपट सकते है। टीम ने बच्चों के सामने आग से बचाव, स्ट्रेचर बनाना, प्राथमिक उपचार, हीट स्ट्रोक से बचाव, सड़क सुरक्षा, कोविड–19 से बचाव, बाढ़ से बचाव, गले में फंसी वस्तु को बाहर निकालना आदि समस्याओं के समाधान बताये व बच्चों को भी प्रैक्टिकल कर बचाव की तकनीक सीखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपनिरीक्षक शिवपूजन सिंह, विद्यालय के प्राचार्य राम बहादुर वर्मा सहित विद्यालय के 18 शिक्षक व 180 छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## एकमुश्त समाधान योजना से संबंधित कार्यो का सम्पादन किया जाएगा

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विनीत कुमार मिश्र ने बताया है कि 01.04.2020 को अथवा उसके पूर्व पंजीकृत परिवहन यानों के बकाया कर की शास्ति में छूट प्रदान की गयी है, जिसके आवेदन की अन्तिम तिथि 26 जुलाई, 2022 है। उन्होने यह भी बताया है कि उक्त के दृष्टिगत कार्यालय 24 जुलाई, 2022 (रविवार) को कार्यालय पूर्व की भॉति खुला रहेगा व एकमुश्त समाधान योजना से सम्बन्धित कार्यो का सम्पादन किया जायेगा। जिन बकाया वाहन स्वामियों को बकाया कर की शास्ति में शत्–प्रतिशत छूट का लाभ लेना चाहते है, वे 24 जुलाई, 2022 (रविवार) को कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

## राजपूत करणी सेना के जिला संगठन मंत्री बने : गोविन्द सेंगर

अनुराग ठाकुर विधूना,औरैया। देश के सबसे बड़े संगठन श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना उत्तर प्रदेश के सुप्रीमो राकेश सिंह रघुवंशी जी के आदेशानुसार गोविंद सिंह सेंगर को जिला संगठन मंत्री औरैया उत्तर प्रदेश के पद पर नियुक्ति किया गया है।मां करणी से प्रार्थना है। कि आप इस पद की गरिमा व सम्मान बनाए रखते हुए। संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। संगठन की मजबूती में अपना पूर्ण योगदान देंगे। कार्यकाल के दौरान पद का व्यक्तिगत एवं राजनीतिक उपयोग, अनुशासन हीनता, एवं किसी भी तौर पर संगठन को नुकसान पहुचाने की स्थिति में आपको तुरंत प्रभाव से मुक्त कर दिया जाएगा। हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना के करते है। वहीं आपको बताते चले गोविन्द सेंगर ने बताया कि मैं पूरी निष्ठा व ईमानदारी के अपना दायित्व निभाऊंगा और टीम को बढ़ोत्तरी के पद आगे ले जाने में कुशल होंगे , टींम राकेश सिंह रघुवंशी श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना डॉ सोनू चौहान जिलाध्यक्ष औरैया जो कि पूरी तरह से कार्यों को निभा रहे उसी प्रकार से टीम के समस्त कार्यकर्ता भी पूरी तरह व ईमानदारी से कार्य करेंगे।

## अवैध देशी कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्तगिरफ्तार

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट तम्बौर सीतापुर। थाना तम्बौर के अंतर्गत निवासी ग्राम मल्लापुर से प्रभू पुत्र गया प्रसाद को 20 लीटर देशी कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है आप को बताते चले पुलिस अधीक्षक सीतापुर द्वारा वांछित अभियुक्त वारंटी व नशामुक्त के तहत चलाए जा रहे अभियान के सम्बन्ध मे दिए गए दिशा निर्देशो के क्रम क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक महोदय उत्तरी के निर्देशन मे क्षेत्राधिकारी बिसवा के नेतृत्व मे आज दिनांक 23/7/2022 को तम्बौर पुलिस टीम हे० का० जयराम पाण्डेय का० राहुल के द्वारा 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है अभियुक्त के विरूद्ध धारा 60 ExAct पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बिलगांव में देसी शराब का ठेका बंद कराने के लिए एकत्रित हुए ग्रामीण

दैनिक अयोध्या टाइम्स राठ (हमीरपुर)। जनपद के सरीला तहसील क्षेत्र अन्तर्गत गांव बिलगांव में देशी शराब का ठेका बंद कराने के लिए प्रधान सहित ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया गया।

बता दें कि सरीला क्षेत्र के बिलगाँव में वर्तमान प्रधान रामपाल राजपूत पूर्व प्रधान भारत सिंह राजपूत के साथ सभी ग्रामवासी एकत्रित हुए उन्होंने बताया ठेका खोलने से गाँव की महिलाओं लड़कियों को खासी समस्या का सामना करना पड़ रहा है ठेका सरीला मुस्कुरा के मेन मार्ग में स्थापित है उसी रास्ते पर धार्मिक स्थल, विद्यालय, जन सेवा केंद्र, पंचायत भवन आदि सभी जगह जाने का मार्ग है तो औरतों महिलाओं को जाने में काफी समस्या होती है। नवयुवक नशा करते हैं और नशा की सामग्री धार्मिक स्थलों में फेंक देते हैं उल्टी–सीधी भाषा का प्रयोग करते हैं और नशा करके एक दूसरे से अपनी खुन्नस निकालते हैं गाली गलौज भी होता है जिससे आसपास रह रहे परिवारों को भी खांसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तो सभी वर्तमान प्रधान रामपाल राजपूत जी ने बताया कि ठेका बंद ना होने से गांव की नव युवा पीढ़ी पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है और घटनाएं भी हो रही हैं सभी ग्रामवासी चाहते हैं ठेका बंद हो जाए ताकि गांव के बच्चे गलत दिशा में ना जा सके और गांव सुरक्षित रहे सभी लोग खुशहाल रहे धार्मिक स्थल साफ रहे मैं लाया आने जाने में अपने आप को सुरक्षित महसूस करें आने वाले समय में कोई अनहोनी ना हो।

## प्रस्तावित मूल्यों के सम्बन्ध में आपत्ति सुझाव उपनिबंधक कार्यालय जनपद श्रावस्ती में कर सकते हैं प्रस्तुत

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) ने बताया है कि उत्तर प्रदेश सम्पत्ति का मूल्यांकन (द्वितीय संशोधन) नियमावली के अधीन निर्गत पुनरीक्षित वार्षिक मूल्यांकन सूची को 01 अगस्त, 2022 से लागू किया जाना है। जिसके लिए अन्तिम पुनरीक्षित दर सूची तैयार कर ली गयी है।

जो जनपद श्रावस्ती के अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), सहायक महानिरीक्षक निबन्धन एवं उप निबन्धक कार्यालयों में जन सामान्य के अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

उन्होने बताया कि यदि किसी को उक्त दर सूची में उल्लिखित/प्रस्तावित मूल्यों के सम्बन्ध में आपत्ति/सुझाव हो तो वह 28 जुलाई, 2022 सायंकाल 05 बजे तक लिखित रूप में आपत्ति/सुझाव अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), सहायक महानिरीक्षक निबन्धन एवं सम्बन्धित उप निबन्धक कार्यालय, जनपद श्रावस्ती में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्तिध्सुझाव स्वीकार्य नहीं होगा।

## छात्रों पर पुस्तक खरीदने का दबाव डालते हैं तो विधिक कार्रवाई की जाएगी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक सन्त कुमार ने बताया है कि शैक्षिक सत्र 2022–23 में एन0सी0आर0टी0 पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता एवं उन्ही के माध्यम से अध्ययन–अध्यापन का कार्य कराये जाने हेतु 03 मुद्रकों माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा अधिकृत किया गया है। गुणवत्तापूर्ण और अत्यन्त सस्ते दरों पर अधिकृत किया गया है। उक्त अधिकृत मुद्रकों द्वारा खुली बाजार में पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध है। प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या, समस्त राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/वित्तविहीन, हाईस्कूल/इण्टर कालेज, जनपद श्रावस्ती में नामित प्रकाशन के पुस्तकें विद्यालय में संचालित करते है या छात्रों पर पुस्तक खरीदने पर दबाव डालते है तो शिकायत संज्ञान में आने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होने जनपद के समस्त पुस्तक विक्रेताओं को सूचित किया है कि विद्यालय में अध्ययनरत छात्रध्छात्राओं को उनकी मॉग के अनुसार अधिकृत मुद्रकों की पुस्तकें निर्धारित न्यूनतम दर पर उपलब्ध करायी जाये। यदि किसी छात्रध्अभिभावक द्वारा पुस्तक विक्रेताधविद्यालय पर अनाधिकृत मुद्रकोंध्प्रकाशकों की मंहगी पुस्तकध्खरीदने का दबाब बनाये जाने का तथ्य प्रकाश में आता है तो उसके विरूद्ध कठोर विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा अधिकृत मुद्रक श्री कैला जी बुक्स प्रा0लि0, हास्पीटल रोड, आगरा मोबाइल नम्बर–9412264098, 7017888028, पीताम्बरा बुक्स प्रा0लि0, औद्योगिक क्षेत्र, बिजौली, झांसी मोबाइल नम्बर –9450927614, 8299172694 एवं डायनामिक टेक्स्ट बुक्स प्रिन्टर्स प्रा0लि0, औद्योगिक क्षेत्र, बिजौली झांसी, मोबाइल नम्बर–9450917603 है।

## आईटीआई में प्रशिक्षण सत्र 2022 -23 प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया आवेदन प्रारंभ हुई

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर प्रधानाचार्य आई0टी0आई0 भिनगा ने बताया है कि जनपद में संचालित राजकीय आई०टी० आई० भिनगा, जमुनहा (एन०सी०वी०टी०) व निजी आई०टी०आई० में प्रशिक्षण सत्र 2022–23 प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया आवेदन 07.07.2022 से प्रारम्भ हो गयी है।

कक्षा आठ/हाईस्कूल उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राये प्रवेश हेतु परिषद की वेबसाइड http://www.scvtup.in पर ऑनलाइन फार्म भर सकते है। ऑनलाइन आवेदन शुल्क सामान्यधपिछडा वर्ग हेतु रू० 250/ अनु0जा0 एवं अनु0 जन जाति हेतु रू0 150ध्फार्म भरने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई, 2022 है।

## इस योजनान्तर्गत सिर्फ आनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जायेंगे

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी देवेन्द्र राम ने बताया है कि अल्पसंख्यक कार्य मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा केन्द्र पुरोनिधानित प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति 2022–23 (कक्षा–1 से 10 तक) एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा–11 एवं उससे ऊपर) तथा मेरिट–कम–मीन्स (व्यवसायिक पाठ्यक्रम) हेतु आनलाइन आवेदन आमान्त्रित किये गये हैं, जिसका सम्पूर्ण विवरण नेशनल स्कालरशिप पोर्टल www.scholarships.gov.in पर भी उपलब्ध है। यह छात्रवृत्ति मुस्लिम, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध, पारसी एवं जैन समुदाय के मेधावी छात्रों हेतु है।

पात्र छात्र नेशनल स्कालरशिप पोर्टल www.scholarships. पर जाकर उसमें दिये गये निर्देशानुसार आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उक्त योजनान्तर्गत सिर्फ आनलाइन आवेदन ही स्वीकार किये जायेंगे। आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 20 जुलाई, 2022 से प्रारम्भ हो चुकी है। प्री–मैट्रिक आनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर, 2022 है तथा पोस्ट–मैट्रिक तथा मेरिट–कम –मीन्स छात्रवृत्ति की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर, 2022 निर्धारित है। पात्र छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन के पश्चात समस्त संलग्नकों सहित हार्डकापी विद्यालय/कालेज/ मदरसे में जमा करना होगा तथा सम्बन्धित विद्यालय/कालेज के प्रधानाचार्य समस्त संलग्नकों आदि का विधिवत परीक्षण करने के पश्चात पात्र पाये गये आनलाइन आवेदन अपनी आई0डी0 से स्वीकार करते हुये जनपद स्तजर पर अग्रसारित करेंगे तथा उसके पश्चात आवेदन की हार्डकापी समय से सत्यापन हेतु अल्पसंख्यक कल्याण विभाग कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।

प्रधानाचार्य का दायित्व होगा कि कोई भी त्रुटिपूर्ण अथवा अपात्र आवेदन अपनी आई0डी0 से किसी भी दशा में अग्रसारित नहीं करेंगे। समस्त छात्र भलिभांति अवगत हों कि राज्य सरकार या भारत सरकार छात्रवृत्ति में से किसी एक ही छात्रवृत्ति हेतु आवेदन कर सकते हैं।

## समाधान दिवस/थाना दिवस में आये हर फरियादियों की शिकायतों का समय से हो निस्तारण : डीएम

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। शासन के मंशानुरूप समाधान दिवस/ थाना दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उनका निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर–उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच अब फरियादियो के मोबाइल पर बात कर की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारीध्कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उक्त विचार थाना मल्हीपुर में आयोजित समाधान दिवसध्थाना दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने व्यक्त किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि समाधान दिवसध्थाना दिवस में आई जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को बार–बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर–उधर भटकना न पड़े। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि बालिकाओंध्महिलाओं की शिकायतों का मौके पर जाकर प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि यदि चकमार्गो पर कहीं अतिक्रमण की शिकायत आती है तो पुलिसध्राजस्व की टीम द्वारा मौके पर जाकर सीमांकन कर चकमार्ग खाली कराये और अतिक्रमण कारी व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि समाधान दिवस में आई छोटी–बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा उनका समय–सीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन प्रकरणों की पुनरावृत्ति न होने पावे। इस अवसर पर प्रशिक्षु आई0ई0एस0 सुश्री आरूषी गुप्ता, तहसीलदार जमुनहा मोहम्मद अहमद फरीद खान, थानाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, राजस्व निरीक्षकगण, लेखपालगण सहित फरियादीगण उपस्थित रहे। तदोपरान्त थाना सोनवा में आयोजित समाधान दिवसध्थाना दिवस में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीमों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायते प्राप्त हुई है, उनका मौके पर जाकर बिना किसी पक्ष पात के निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को अपनी समस्याओं को लेकर इधर–उधर भटकना न पड़े।

इस अवसर पर प्रशिक्षु आई0ई0एस0 सुश्री आरूषी गुप्ता, उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला, थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार शर्मा, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं फरियादीगण उपस्थित रहे।

## श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की गई बैठक पत्रकार पर हो रहे अत्याचार पर की गई चर्चा

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट लहरपुर सीतापुर। पत्रकार उत्पीड़न सहित तमाम विन्दुओ पर चर्चा के साथ संगठन की मजबूती पर दिया गया जोर लहरपुर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक शनिवार को लहरपुर तहसील के मोहल्ला छावनी में स्थित वाहिद हॉस्पिटल में आयोजित की गई इसमें पत्रकारो के हित मे संगठन को और अधिक मजबूती देने पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष हरिराम अरोड़ा की अध्यक्षता मे संपन्न हुई बैठक का संचालन लहरपुर तहसील अध्यक्ष एहतिशाम बेग ने किया।

संगठन के जिलाध्यक्ष हरिराम अरोड़ा ने कहा कि जनता की आवाज को नौकरशाहों और सरकार तक पहुंचाने का काम करने वाले पत्रकारों की आवाज को आज दबाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कहा कि पत्रकारों में आपसी फूट डलवाकर अधिकारी पत्रकारों को कमजोर करने का काम कर रहे हैं, लेकिन श्रमजीवी पत्रकार संगठन से जुड़े पत्रकार कमजोर नहीं। बैठक मे पत्रकार उत्पीड़न के मामले को मजबूती से उठाने, सूचना विभाग द्वारा पत्रकारों की सूची सभी विभागों व थानो पर भेजवाने, अपने ही जनपद मे आने–जाने के लिए टोल प्लाजा पर पत्रकारों को टोल टैक्स से मुक्त करने, पत्रकारों पर लगे किसी आरोप व मामले को पहले सक्षम अधिकारी द्वारा जांच कराने के बादयदोषी पाये जाने पर ही कार्रवाई करने, पत्रकार के प्रेस क्लब के लिए भूमि आवंटित करने सहित तमाम विन्दुओ पर बडी बारीकी से चर्या की गयी। उसके बाद सभी पत्रकारो ने ध्वनी मत से सभी प्रस्तावो पारित किया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार तहसील बिसवां अध्यक्ष रामचन्द्र वर्मा ने कहा पत्रकारों मे एकजुटता बहुत जरूरी है।

इस अवसर पर बिसवां कार्यकारिणी सदस्य अनूप यादव,अभय कुमार अवस्थी, तबस्सुम अंसारी,सैय्यद रेहान खान, खालिद मंसूरी, अभिनव त्रिवेदी, देशप्रीत सिंह,शिवम अवस्थी, रियाजुद्दीन अंसारी,डॉक्टर अख्तर हुसैन, आरिफ खान,रिंकू कर्मा,असलम अंसारी, आदि ने अपने विचार रखे जहां तहसील के तमाम पत्रकार मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत उजवारा ब्लाक फतेहपुर बाराबंकी

पत्रांकः मैमो संख्या/मनरेगा योजना अंतर्गत/2022–2023 दिनांकः 24.07.2022

**कोटेशन टेंडर नोटिस**

ग्राम पंचायत उजवार में उजवारा गागेमऊ रोड से कमलेश, गुलाम व श्याम के घर तक इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022– 23 में निम्नवत कार्य कराया जाना है इच्छुक पंजीकृत फर्म कार्यालय से टेंडर फार्म प्राप्त कर प्रत्येक दशा में विज्ञापन टेंडर प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अंदर ग्राम पंचायत कार्यालय में मध्यान्ह करीब 1.00 बजे जमा कर दें उस दिन 4.00 बजे के बाद खोली जाएंगी निविदा स्वीकृति के बाद मांग अनुरूप सामग्री उपलब्ध करानी होगी सामग्री कार्य स्थल पर पहुंचानी होगी। समयावधि के उपरान्त कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | माप | सामग्री |
|---|---|---|---|---|
| 01 | इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 688325.00 | 150 मी. | आवश्यकतानुसार |

वंदना पाल
ग्राम विकास अधिकारी

सुनील कुमार वर्मा
ग्राम प्रधान उजवारा

## कार्यालय ग्राम पंचायत बीघेपुर वि.ख.अजीतमल, औरैया

पत्रांकः मैमो संख्या/15वां वित्त/रा.वि./मनरेगा योजनांतर्गत 2022–2023 दिनांकः 24.07.2022

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बीघेपुर के मजरा जगतपुर में 15वां वित्त/रा.वि./मनरेगा योजनांतर्गत गाटा सं. 733 में सरोवर का जीर्णोद्धार का कार्य

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | निविदा प्रस्तावित मूल्य |
|---|---|---|---|
| 01 | ग्राम पंचायत बीघेपुर के मजरा जगतपुर में सरोवर का जीर्णोद्धार निर्माण कार्य | 12.98 | आवश्यकतानुसार |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बीघेपुर
विकास खण्ड अजीतमल, औरैया

ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत बीघेपुर
विकास खण्ड अजीतमल, औरैया

# संक्षिप्त समाचार

### पानी की समस्या को लेकर मुहल्ला शांतिनगर के लोगों ने अतिरिक्त एसडीएम को सौपा ज्ञापन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। शहर के मुहल्ला शांतिनगर बार्ड–4 के लोगों ने आज शनिवार को पीने के पानी की समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच कर अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन भेंट कर समस्या को हल करने की मांग उठाई। शहर के मुहल्ला शांतिनगर निवासी माताप्रसाद, वासुदेव, देवेन्द्र कुमार, ओमप्रकाश वर्मा, विनीता यादव, सुमन, सुनीता सहित दर्जन भर लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन देते हुए बताया कि तीन माह पहले टयूबवैल की पाइपलाइन बिछाई गयी थी परंतु उक्त कार्य को बीच में ही बंद कर दिया गया।यह भी बताया कि पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क को खोदा गया था

जो सड़क अभी तक खुदी पड़ी है। जिससे मुहल्ले के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे है।कीचड़ होने की बजह से दुघर्टना होती रहती है। उन्होंने बताया कि टयूबवैल लगभग 9 माह पहले लग चुका है इसके बाद भी पानी की सप्लाई शुरू नहीं की गयी है।जिससे पीने के पानी की समस्या पैदा होती जा रही है। मुहल्ले के लोगों ने प्रशासन से मांग उठाई है कि समस्या को हल किया जाये जिससे मुहल्ले के लोगों को निजात मिल सके।

## विधिक साक्षरता शिविर तहसील उरई में 26 को

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)। सचिव/तहसीलदार तहसील विधिक सेवा समिति उरई ने विधिक साक्षरता शिविर/जागरूकता कार्यक्रम 26 जुलाई के आयोजन के संबंध में बताया कि सचिव/सिविल जज (सीडि) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्र के द्वारा माह जुलाई, 2022 में विधिक सेवा कार्यक्रम/विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन तहसील उरई में 26 जुलाई को सर्वोदय इण्टर कॉलेज उरई में बच्चों के अधिकार एवं पोक्सो एक्ट, बाल श्रम पर रोग एवं कोविड–19 से बचाव के सम्बन्ध में अपरान्ह 12:30 बजे निर्धारित किया गया है, जिसमें टीम लीडर करन सिंह यादव व महेन्द्र सिंह परिहार, पीएलवी नामित किये गये हैं। उक्त के सम्बन्ध में करन सिंह यादव व महेन्द्र सिंह परिहार, पीएलवी द्वारा बताया गया कि विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन तहसील उरई के सर्वोदय इण्टर कॉलेज उरई में 26 जुलाई को अपरान्ह 12:30 बजे आयोजित किया जा रहा है। अतः आप से अनुरोध है कि उक्त शिविर में निर्धारित तिथि एवं ससमय से प्रतिभाग करने का कष्ट करें। कार्यक्रम के दौरान मास्क, फेस कवर, सैनेटाइजर व कोविड–19 के बचाव हेतु सोशल व फिजिकल डिस्टेन्सिंग (सामाजिक व शारीरिक दूरी) का पालन किया जाना अनिवार्य है।या जाना अनिवार्य है।

### जिलाधिकारी ने शासन के मंशानुरूप समाधान दिवस में सुनी जनता की समस्याएं

- एट थाना परिसर में फरियादियों की समस्याओं को सुनती जिलाधिकारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने शासन के निर्देश पर शनिवार को ऐट थाने में संपूर्ण समाधान का आयोजन किया गया जिसमे आए हर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समय सीमा के अंतर्गत उनका निस्तारण भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फरियादियों को अपनी शिकायतों को लेकर इधर–उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। शिकायतें के निस्तारण

की गुणवत्ता की जांच फरियादियों के मोबाइल पर बात करके की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान थाना दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को बार–बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर–उधर दौड़ना पड़े। संपूर्ण समाधान थाना दिवस के बाद थाना का निरीक्षण भी किया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि थाने में बंद पुराने वाहन को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए नीलाम किये जाए। उन्होंने पकड़ी गई अवैध शराब को नष्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपराध रजिस्टर, माल खाना रजिस्टर, तोहार रजिस्टर आदि रजिस्टर का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर एसएचओ जितेंद्र कुमार आदि सहित अधिकारियों फरियादी मौजूद रहे।

### कातिकारी चन्द्रशेखर आजाद व मंगल पाडे के जन्मोत्सव पर गोल चौराहे पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

कानपुर। क्रांतिकारी संगठन आप और हम राष्ट्रीय भषटाचार अपराध मुक्त संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स बी एस वेदी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव रमेश सिहवानी के नेतृत्व में कातिकारी चन्द्रशेखर आजाद व मंगल पांडे के जन्मोत्सव पर गोल चौराहे पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल को संबोधित मांग पत्र भेजकर कहा कि कानपुर नगर में बन रहे मेट्रो स्टेशन के नाम शहीद क्रांतिकारी के नाम पर रखने की मांग की और क्रांतिकारी के नाम पर बने हुए पार्कों में शहीदे आजम भगतसिंह के नाम पर लाटूश रोड स्थित पार्क,गोल चौराहे पर स्थित पार्क चन्द्रशेखर आजाद पार्क, फूलबाग स्थित पार्क गणेश शंकर विद्यार्थी पार्क का सुंदरीकरण कराने की मांग की । इस अवसर पर मुख्य रूप से सवश्री राकेश कुमार आर्य द्रोपदी भाटिया, रमेश सिहवानी गोपाल सक्सेना आशीष जैन निशा निगम सिमरनजीत सिंह कौर श्रदा चौधरी ब्रजेश मिश्र मो जावेद मसूरी मेराज अहमद सिद्दीकी तौफीक अहमद कुरैशी संजय शाह लक्ष्मी सचान आदि उपस्थित थीं।



## ऑनलाइन फ्राड से खाते से निकले पैसे साइबर क्राइम पुलिस ने वापस कराए

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। ऑनलाइन ठगी के मामले में लगातार बढ़ रहे अपराध को कम रोकने के लिए साइबर सेल को सूचित करें इससे आपके पैसे तुरंत मिलने के चांस काफी बढ़ जाते है।

ऐसा ही मामला जनपद जालौन के कोंच कोतवाली क्षेत्र केपटेल नगर निवासी अनिल कुमार के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति ने 42. 240 की धनराशि धोखाधड़ी कर कार खरीदने का झांसा देकर ठगी कर ली थी जिसकी शिकायत अनिल कुमार ने पुलिस से की थी । पुलिस अधीक्षक जालौन रवि कुमार के निर्देश पर व अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में साइबर सेल को यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी जिसको देखते हुए साइबर सेल ने कुछ दिनों में ही युवक के खाते से गायब हुए पैसों को वापिस करवाया जिससे युवक काफी खुश नजर आया युवक ने बताया कि हमारे पैसे किसी कारण बस किसी अज्ञात व्यक्ति ने कार खरीदने का झांसा देकर हड़प लिए थे जिसकी सूचना मैंने पुलिस से की थी इसके बाद साइबर सेल ने रविवार को हमारे खाते में पैसा वापस करा दिए मैं जालौन पुलिस को व साइबर सेल की टीम को धन्यवाद दिया है।

## जयसिंहपुर ब्लॉक मुख्यालय पर संपन्न हुआ भूजल संरक्षण गोष्ठी का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। जिला सुल्तानपुर में लगातार भू जल सप्ताह दिवस हर एक विकासखंड पर मनाया जा रहा था।

जिसके उपरांत वही शुक्रवार को जयसिंहपुर विकासखंड परिसर में 22 जुलाई भू जल सप्ताह दिवस मनाया गया इसी के साथ लोगों को जागरूक किया गया इसमें जल संरक्षण से संबंधित सभी प्रकार की जानकारियां दी गई और लोगों से अपील भी की गई की घटते हुए जल स्तर को कैसे बढ़ाया जाए जिससे जल से मनुष्य को निजात मिल सके और जल ज्यादा से ज्यादा मात्रा में मिल सके जिसके उपरांत इसी क्रम में जल सप्ताह दिवस मनाया गया जिसमें इस गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे एडीओ पंचायत अशोक वर्मा, एवं पदाधिकारी एवं पदाधिकारी जेई एमई, जयप्रकाश, एडीओ समाज कल्याण ओमप्रकाश सिंह ,बोरिंग टेक्निशियन मेवालाल एवं ब्लॉक के समस्त अधिकारी व कर्मचारी व ग्राम प्रधान की मौजूदगी में मनाया गया इसी के साथ साथ सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भी प्रति भाग लिया।

### गोसाईगंज थाने पर संपन्न हुआ समाधान दिवस कुल 16 शिकायतों में सिर्फ एक शिकायत का हुआ निस्तारण

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट बाबा संदीप श्रीवास्तव। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गोसाईगंज थाने में शनिवार को उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे प्राप्त कुल 16 शिकायतो में से मात्र एक शिकायत का ही मौके पर निस्तारण हो सका। शेष के लिए टीम गठित कर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए। शनिवार को गोसाईगंज थाने पर उपजिलाधिकारी संजीव कुमार यादव और क्षेत्राधिकारी कृष्णकांत सरोज की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे दूर दराज से आए फरियादियों की फरियाद को सुन तत्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने अधिकारियों के पेंच कसते हुए कहा की शिकायतो का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण हो। जिससे फरियादी एक ही मामले को लेकर बार–बार थाने और तहसील के चक्कर न लगाए। थाना समाधान दिवस के दौरान दोनो अधिकारियों ने कुल 16 शिकायते सुनी। जिसमे मात्र एक ही शिकायत का मौके पर निस्तारण हो सका। शिकायतों में 11 शिकायत राजस्व विभाग से संबंधित मिले और 5 शिकायत पुलिस विभाग से जुड़े मिले। इस दौरान थाना अध्यक्ष संदीप कुमार राय समेत राजस्व विभाग, हल्का लेखपाल और पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## विद्यालय के प्रबंधक ने सपत्नी सहित किया महाविद्या जाप

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट बाबा संदीप श्रीवास्तव। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत विद्यालय रामबरन पीजी कॉलेज के प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने आज राम बरन पी जी कालेज विभारपुर जयसिंहपुर एवं श्याम कुमारी इंटर कालेज पेमापुर जयसिंहपुर के संयुक्त तत्वाधान में आचार्य राम आसरे मिश्र एवं आचार्य डॉ अरविंद मिश्र द्वारा महाविद्या जाप किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य बाहरी आपदाओं को दूर करना एवं कल्याण करना है।इस विद्या से दैविक आध्यात्मिक और भौतिक ताप का सर्वनाश होता है।इस जाप में मुख्य रूप से विद्यालय के समस्त आचार्यगण एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहें। इसी के साथ साथ विद्यालय में उपस्थित सैकड़ों की संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

## मोहर्रम व रक्षाबंधन पर्व को लेकर हुई पीस कमिटी की बैठक कोतवाली उरई में हुई

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो कोंच,जालौन। मोहर्रम और रक्षाबंधन पर्व को लेकर कोतवाली उरई में पीस कमिटी की बैठक प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई।उन्होंने आपसी प्रेम भाईचारे और सद्भाव के साथ पर्व मनाने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से उनकी दिक्कतों को भी जानने की कोशिश की।

आगामी दिनों में होने वाले मोहर्रम और रक्षाबंधन पर्वों को लेकर कोतवाली उरई में हुई पीस कमिटी की बैठक में प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार ने दोनों समुदायों के लोगों से कहा कि पर्व और त्योहार हमारी गौरवशाली भारतीय संस्कृति का प्रतिबिंबन करते हैं। हमें अपनी इस विरासत को न केवल सहेज कर रखना है बल्कि आपसी भाईचारे और सद्भाव से पर्व मनाकर इसे और भी मजबूती के साथ आगे बढाना है। उन्होंने कहा, समाज में ज्यादातर लोग अच्छे और शांतिप्रिय होते हैं लेकिन एकाध खुराफाती तत्व ऐसे भी होते हैं जो माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं जिसका खामियाजा पूरे समाज को भुगतना पड़ता है। ऐसे खुराफातियों से न सिर्फ सावधान रहना है बल्कि उन पर निगाह भी रखनी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि उनके आसपास कोई संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त है या कोई बाहरी संदिग्ध व्यक्ति है तो उसके बारे में पुलिस को जरूर सूचित करें ताकि समय रहते उसकी गतिविधियों की जांच कर कार्रवाई की जा सके। उरई शहर के मुवीन खान ने बिजली के ढीले तारों को कसे जाने और ताजिया रूट पर पड़ने वाले पेड़ों की बढी शाखाओं को तराशे जाने की बात कही। इस पर कोतवाल ने कहा कि ताजिया रूट का निरीक्षण कर लिया जाएगा और जहां भी समस्या होगी उसे दूर कर लिया जाएगा। बैठक में कोतवाल शिवकुमार ने कहा की अगर किसी को किसी की कार्यशैली पर कोई ऐतराज है तो उचित मंच पर उसकी शिकायत करें लेकिन कानून अपने हाथ में कतई न लें। इस दौरान एसएसआई अशोक कुमार उप निरक्षक अरविंद सिपाही अमित दुबे और भारी संख्या में उरई शहर के समाज सेवी व सभी धर्मो के लोग मौजूद रहे।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेस में हुये भ्रष्टाचार के विरोध में आम आदमी पार्टी ने किया प्रर्दशन

- राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)। आम आदमी पार्टी जालौन ने नवनिर्मित बुंदेलखंड एक्सप्रेस में हुये भ्रष्टाचार के विरोध में पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील परिहार एवं जिला सह प्रभारी रिंकू राजावत के सह नेतृत्व में पार्टी के सभी साथियों के और पदाधिकारियों के साथ गांधी चबूतरा कोतवाली के सामने उरई में एकत्रित होकर यहाँ से से कलेक्ट्रेट तक विरोध प्रदर्शन करते हुए मार्च निकाल रहे थे जिसको केंद्र और प्रदेश सरकार के इसारे पर पहले तो गांधी चबूतरा पर ही रोका गया पर जब कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट तक जाने की जिद पर अड़े रहे और कार्यकर्ता यहाँ से चंद कदम ही चल पाये थे कि जिला अस्पताल के सामने जिला प्रशासन की तरफ से भारी पुलिस फोर्स के साथ सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को रोक लिया गया और कलेक्ट्रेट तक जाने से स्पष्ट मना कर दिया और उरई कोतवाल साब के द्वारा कहा गया कि आपका ज्ञापन हम यहीं पर उप जिलाधिकारी पुष्कर जी को बुलाकर दिला देते हैं और हम लोगों के ना चाहते हुये भी हमारा ज्ञापन उप जिलाधिकारी पुष्कर जी को जिला अस्पताल गेट के सामने ही दिला दिया गया और उसके बाद कहा गया कि अब आप लोग शांतिपूर्ण अपने अपने घर जाएं यह सब कार्य पत्रकार बंधुओं के सामने हुआ जिसका पार्टी जिलाध्यक्ष सुनील परिहार ने पुरजोर विरोध किया और कहा की हमारी पार्टी का जन्म आंदोलन से ही हुआ है और हम अब डरने बाले नहीं है जबकि हम लोग राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने डीएम महोदया के पास उनके ऑफिस जा रहे थे। उन्होंने कहा कि इस केंद्र और प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार की सारी सीमाओं को तोड़ते हुये एक और नया महा घोटाला देश वासियों के सामने खुद लाया है यह 14850 रुपए करोड़ की लागत से बना नवनिर्मित बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे खम्पा नंबर 195 छिरिया सलेमपुर तहसील जालौन के पास और बाँदा से 5 किमी दूर बहुत ही बुरी स्थिति में पुलिया की दीवार भी टूट गयी है जिसका निरिक्षण पार्टी जिलाध्यक्ष जालौन ने कल ही अपने पार्टी साथियो के साथ किया था और कहा था कि हम इस भ्रष्टाचार की शिकायत राष्टपति को करेंगे। जबकि इस बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का उद्घाटन 16 जुलाई को स्वयं प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा और मुख्यमंत्री योगी के साथ में किया किया उरई के कैंथरी गाँव में बड़े ही भव्यता के साथ किया गया था जिसमें पूरे देश और प्रदेश से लाखों लोगों को इकट्ठा किया गया था जिससे लोकल के जनपद बा आम जनमानस को बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ा था । इस सरकार द्वारा झूठी शान दिखाने के चक्कर में एक्सप्रेस–वे को 8 महीने पहले ही कंप्लीट होना दिखाया गया जबकि धरातल पर ऐसा कुछ नहीं है अगर ऐसा होता तो यह मिट्टी की तरह क्यों ढह रहा है और क्यों आए दिन इस एक्सप्रेस–वे पर लोगों को काल के गाल में समाना पड़ रहा है इसका जिम्मेदार कौन है अतःआम आदमी पार्टी आपसे मांग करती है की रिटायर्ड जज की निगरानी में एक कमेटी गठित की जाए जो इस बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सभी सामग्री की जांच करे जिससे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के बनने में होने वाली अनियमितताओं व भ्रष्टाचार का सच जनता के सामने आ सके व दोषी अधिकारियो के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जा सके आज के इस विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुनील परिहार जिलाध्यक्ष,अजीत रिंकू राजावत जिला सह प्रभारी, प्रवीण रायकवार जिला महासचिव,यशपाल सिंह टिकुरी जिला उपाध्यक्ष,रंजना अग्रवाल जिलाध्यक्ष महिला विंग,क्रांति पटेल,भूप सिंह जिला सचिव, मुकेश राजपूत जिलाध्यक्ष यूथ विंग,गौरव चौधरी जिलाध्यक्ष शोशल मीडिया,आशाराम आजाद, केशव कश्यप नगर अध्यक्ष कोंच, रामानन्द श्रीवास, मानवेन्द्र उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक विंग, जगदीश वर्मा, पियूष रायकवार,आशिफ खान जिला सचिव यूथ विंग,कपिल कुमार जिला सचिव यूथा विंग,सचिन राजपूत, हकीम,रितेश,गया प्रसाद जालौन ब्लॉक अध्यक्ष,तेज सिंह, कमलेश कुमार,प्रदीप श्रीवास्तव सहित लगभग एक सैकड़ा साथी मौजूद रहे।

## राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 अगस्त को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)। उ. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी 13 अगस्त 2022 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु आज जनपद न्यायाधीश तरूण सक्सेना के निर्देशन में विकास विभाग, स्वतः रोजगार, श्रम रोजगार, डूडा, नेडा एवं आजीविका मिशन आदि विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विगत दिवस बैठक सम्पन्न हुई। इसमें उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। इस बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव सरन ने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहाकि मान्नीय उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 13 अगस्त को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला दीवानी न्यायालय उरई एवं वाह्य स्थित न्यायालयों में किया जाना है। इसमें विभिन्न प्रकृति के अधिकाधिक मुकदमोंध्मामलों को नियत किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार–प्रसार हेतु सभी विभागों एवं पीएलवी का सहयोग भी लिया जायेगा। इस सम्बन्ध में सभी विभागों के परिणामोन्मुखी व सार्थक प्रयासों की आवश्यकता है। इस पर उपस्थित समस्त अधिकारियों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रतिदिन जन–जन तक प्रचार–प्रसार हेतु ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों में गठित स्वयं सहायता समूहों एवं फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा पोस्टरध्पैम्पलेट्स जनसामान्य में वितरित करवायें जाये एवं वैवाहिक विवादों के निस्तारण हेतु आगामी प्री–लिटिगेशन लोकअदालत के सम्बन्ध में की जानकारी भी दें।

बैठक में परियोजना अधिकारी नेडा राकेश कुमार पाण्डेय, परियोजना अधिकारी डूडा अखिलेश चन्द्र तिवारी और श्रमध्स्वतः रोजगार विभाग से उपायुक्त अवधेश दीक्षित प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बिरसिंहपुर बाजार में बैठक हुई संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री माननीय रविंद्र त्रिपाठी जी के निर्देश पर जयसिंहपुर तहसील के बिरसिंहपुर बाजार में एक महत्वपूर्ण बैठक आज 23 जुलाई को आयोजित की गई इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला प्रभारी रमेश अग्रहरि तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा तहसील अध्यक्ष विनोद मोदनवाल और तहसील उपाध्यक्ष महेश साहू बगिया चौराहा अध्यक्ष फूलचंद अग्रहरी पीढ़ी बाजार अध्यक्ष हीरा मोदनवाल उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता बिरसिंहपुर के अध्यक्ष रविंद्र मोदनवाल ने किया जिला प्रभारी रमेश अग्रहरि ने व्यापारियों को बताया कि जिला अधिकारी सुल्तानपुर महोदय के मीटिंग हाल में एक बैठक आयोजित की गई थी जिसमें हमारे प्रदेश के महामंत्री रविंद्र त्रिपाठी जी भी उपस्थित रहे जिस के संदर्भ में आप सभी व्यापारी भाइयों से आग्रह किया जाता है कि अमृत महोत्सव के अंतर्गत सभी व्यापारी भाई अपने मकान पर और अपने प्रतिष्ठान पर अपने देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को जरूर लगाए अमृत महोत्सव 11 अगस्त से 17 अगस्त तक अभियान चलाकर व्यापारियों तथा आम जनमानस से संपर्क करके अपने अपने घर और प्रतिष्ठान पर लगाने का आग्रह किया जाएगा ताकि लोगों को अपने तिरंगे की महत्व को लोग पहचान सके और इसके बाद बिरसिंहपुर बाजार के व्यापारियों से स्थानीय समस्या के बारे में जानकारी ली गई जिसमें व्यापारियों ने कहा कि बिरसिंहपुर बाजार में व्यापारियों के ऊपर आए दिन अराजक तत्व परेशान और अपमानित करने की कोशिश करते रहते हैं व्यापारियों ने कहा कि जयसिंहपुर पुलिस को रात में गस्त को बढ़ाया जाए तथा कुछ व्यापारियों ने बताया कि फ्रूट विभाग के अधिकारी भी जांच के नाम पर भी परेशान करते रहते हैं युवा तहसील अध्यक्ष विनोद मोदनवाल में व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों को संगठित रहने की आवश्यकता है कोई भी अराजक तत्व या अधिकारी गलत तरीके से यदि किसी का उत्पीड़न करता है तो आप अपने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराएं को हम लोग आपके साथ हैं तहसील उपाध्यक्ष महेश साहू ने व्यापारियों से आह्वान किया कि आप लोग अधिक से अधिक संख्या में संगठन के सदस्य एवम् पदाधिकारी बनकर संगठित हो जाइए आपका उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा सभी व्यापारियों ने एक स्वर में संगठित होने का संकल्प लिया इस अवसर पर जिला प्रभारी रमेश अग्रहरी युवा तहसील अध्यक्ष विनोद मोदनवाल तहसील उपाध्यक्ष महेश साहू पीढ़ी अध्यक्ष हीरा मोदनवाल बगिया चौराहा अध्यक्ष फूलचंद अग्रहरी बिरसिंहपुर अध्यक्ष रविंद्र मोदनवाल महामंत्री जगन्नाथ उपाध्यक्ष भागीरथी जयप्रकाश हनुमान बेटा रामचंद्र अखिलेश मोहम्मद आजाद सोम प्रकाश मोहनलाल मोदनवाल शंकर शर्मा संतराम निषाद राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा राममूर्ति राकेश अग्रहरी पंच बहादुर मोदनवाल बच्चा लाल राजकुमार निर्मल कुमार अमरनाथ गुलफाम अजय कुमार कुलदीप कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल कांवड़िया जत्था वाल्मीकिनगर से रामनगर तक बनाएगा नया कीर्तिमान : शिशिर रॉय

दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज संवाददाता दीपू साह। सावन मास शुरू होते ही चारो तरफ सिर्फ भोलेनाथ की सूरत दिखाई देती है और बोल बम की गुंज और जयघोष से जन जन आनंदित हो उठता है। रोजाना लाखों कांवरिया जलाभिषेक कर रहे हैं, ऐसे शिवमय वातावरण में कांवड़ यात्रा बहुत ही फलदायी होती है। उक्त बातें चम्पारण कांवड़ संघ के संयोजक, उत्प्रेरक और समाजसेवी शिशिर रॉय ने कही।दूसरे सोमवार को नर्मदेश्वर महादेव मंदिर रामनगर में जलाभिषेक के उद्देश्य से चंपारण कांवड़ संघ द्वारा आयोजित कांवड़ यात्रा में श्रद्धालु रविवार 24 जुलाई को 11 बजे सुबह मोटर साइकिल द्वारा सबुनी पोखरा माई स्थान से ढोल–नगाड़े डीजे की धुन पर थिरकते हुए, बोल बम के जयघोष के साथ काँवर यात्रा पर निकलेंगे । रात्रि विश्राम,भोजन और भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम गोल चौक वाल्मीकिनगर में होगा । अगले दिन सोमवार को अहले सुबह जल लेकर चंपारण के बाबाधाम कहे जाने वाले ऐतिहासिक नर्मदेश्वर महादेव मंदिर रामनगर में भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे । उन्होंने आगे बताया कि इस यात्रा में 100 से अधिक कांवरियों के एक साथ चलने की संभावना है जो हर साल की अपेक्षा ऐतिहासिक होगी। इस यात्रा में भैरोगंज,बगहा,वाल्मीकि नगर गोल चौक के भी श्रद्धालु रास्ते में शामिल होंगे। वहीं व्यवस्था की देखरेख कर रहे मुकेश गुप्ता ने बताया कि यात्रा की सारी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। यात्रा की सूचना पर चम्पारण के कवि साहित्यकार मुकुंद मुरारी राम ने पूरी टीम को बधाई दी और भगवान भोलेनाथ के इस पवित्र महीनें में ऐसी उत्सव कांवड़ यात्रा आयोजित कर भक्तों के भक्तिभाव को जीवंत रखने हेतु नेतृत्वकर्ता शिशिर रॉय के प्रति आभार भी व्यक्त किया । यात्रा को सफल बनाने में लगे अभय विक्रम शाह छोटे लाल मदनलाल, बीरेंद्र शर्मा, जुगनू सिंह, गौरव वर्मा, दिनेश मुखिया, राजेश यादव इत्यादि सभी तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कि भोलेनाथ की कृपा से यह यात्रा बहुत ही यादगार, फलदायी और ऐतिहासिक होगी।

## रामर्षिदेव ऋषि जी कि 46वीं जयंती सह सम्मान सम्मारोह का आयोजन किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चंपारण मोतिहारी। अरेराज नगर पंचायत के सभागार में स्वतंत्रता आंदोलन के महान योद्धा रामर्षिदेव ष्ऋषि जीष्की 46 वी पुण्य स्मृति दिवस सह सम्मान समारोह एवं स्वतंत्रता सेनानियों के नाम वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के तत्वधान किया गया। जिसकी अध्यक्षता संगठन की जिला अध्यक्ष श्री किशोर पांडेय किया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री ब्रजकिशोर सिंह एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सभी आगत अतिथियों ने ऋषि जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।ततपश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ मेघना मिश्र के भजन (गांधी भजन) से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में वयोवृद्ध गांधीवादी पूर्व मंत्री सह गांधी संग्रहालय मोतिहारी के सचिव श्री ब्रजकिशोर सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज की युवा पीढ़ी को ऋषि जी से प्रेणना लेने की आवश्यकता है जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत को हिला कर रख दिया था। उपस्थित डॉ राजेश अस्थाना ने ऋषि जी पर डाक्यूमेंट्री बनाने की बात कही और अपने सहयोग का वादा किया।ऋषि जी की पुत्री उषा त्रिवेदी ने अपने पिता जी जीवनी पर प्रकाश डाला।संगठन के अध्यक्ष श्री किशोर पांडेय ने कहा कि ऋषि जी को स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 66 साल की सजा हुई थी।आज स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी सक्रिय नही है इस पर क्षोभ व्यक्त किया।वैसे वीर योद्धा से प्रेणना लेने की जरूरत है। संगठन की कार्यकारी अध्यक्ष ऋषि जी पुत्री अमिता निधि ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र, गांधी टोपी, सम्मान पत्र एवं ऋषि जी स्मृति चिन्ह चरखा से सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को मैडल अंगवस्त्र और सम्मान पत्र से सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करने वालो में अरेराज नगर पंचायत अध्यक्ष मंटू दुबे, विजय अमित, विनय कुमार सिंह ( अधिवक्ता मोतिहारी)आदि थे। मंच संचालन श्री विनोद तिवारी (रंगकर्मी) ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अमिता निधि ने किया। उक्त अवसर पर निम्नांकित व्यक्ति उपस्थित थे तथागत किशोर मिश्र, मिथिलेश सिंह, विनोद यादव, उजाला कुमारी, विनोद शर्मा, दीनानाथ राम, कुंदन मिश्र, शैलेन्द्र शर्मा आदि।

## जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में आगामी मुहर्रम पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था से सबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में आगामी मुहर्रम पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था से सबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी थानाध्यक्ष से पर्व के अवसर पर संवदेनशील एवं अति संवेदनशील स्थलों पर समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही अनुमंडलवार एवं थानावार निरोधात्मक कारवाई को लेकर 107,110,116 एवं 144 केस के मामलों में आवश्यक निदेश दिये गये। सभी अति संवेदनशील स्थानों पर जल्द ही शांति समिति की बैठक करने का निदेश दिया गया। डीजे पर पूरी सख्ती बरते जाने को लेकर सभी डीजे मालिको के साथ सभी थानाध्यक्ष दो दिनों के अंदर बैठककर बॉन्ड भरवाने का निदेश दिया गया। साथ ही निदेश दिया गया कि जुलूस का लाइसेंस देने से पहले रूट की जाँच करना सुनिश्चित करें। लाइसेंस लेने वाले का फोटो अनिवार्य करें। लाइसेंस में संधारित करें की जुलूस के दौरान किसी प्रकार का डीजे का इस्तेमाल या किसी प्रकार का हथियार का इस्तेमाल नही किया जायेगा। जुलूस के वेलिट्यर की सूची उपलब्ध कराएंगे। सभी जुलूस का समय सूची बनाना सुनिश्चित करें।
साथ ही मद निषेद्य को लेकर छापेमारी कर सख्ती बरती जाये। साथ ही बैठक में उपस्थित सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से विवादित एवं सेंसटिव स्थलो के बारे में फीडबैक लिया गया। एवं निदेश दिया गया कि विवादित स्थलों पर दोनों समुदायों के लोगो के साथ बैठक करें। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त विनय कुमार, अपर समाहर्ता मनीष कुमार शर्मा, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी महेश कुमार दास, जिला परिवहन पदाधिकारी रवीन्द्र नाथ गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सीतामढ़ी सदर राकेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी पुपरी नवीन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बेलसंड शिवानी शुभम, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, ओएसडी प्रशांत कुमार, सभी प्रखण्ड नोडल पदाधिकारी, के साथ सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष उपस्थित थे ।

## अवैध बालू खनन के दौरान अरार धसने से कई मजदूर दबे, 1 की मौत

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पटना। पटना से सटे बिहटा की है, जहां अवैध बालू खनन के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। दरअसल पटना–भोजपुर सीमा पर बिहटा के सुरौंधा के समीप सोन नदी में स्थित अरार धंसने से कई मजदूर दब गए। घटना के बाद इलाके में चीख–पुकार मच गया। जैसे–तैसे 6 लोगों को वहां से बाहर निकाला गया। हालांकि इस दौरान एक की मौत भी हो गई। सभी घायलों को हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं, दूसरी तरफ घटनास्थल पर माहौल ऐसा हो गया है कि वहां आने–जाने का अब कोई साधन नहीं बचा है। लोगों को नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। घटना से जुड़ी जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक, बिहटा, मनेर छपरा आदि के कुछ मजदूर नाव लेकर बालू खनन के लिए

निकले थे। अचानक सुरौंधा के पास बालू लोड करने के दौरान अरार धंस गया। इसी बीच कई मजदूर उसमें दब गए।
मौके पर मौजूद लोगों की मदद से किसी तरह छह मजदूरों को बाहर निकाला गया। हालांकि मनेर के धजवा टोला के रहने वाले स्व शिवपूजन राय के बेटे रामकुमार ने दम तोड़ दिया। बाकी घायलों को पास के ही एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## मधुबन सेंट्रल स्कूल के निदेशक श्री रणवीर कुमार सिंह के 37 वा जन्मदिन विद्यालय के शिक्षक गण एवं छात्र छात्राओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मधुबन। मधुबन सेंट्रल स्कूल के निदेशक श्री रणवीर कुमार सिंह के 37 वा जन्मदिन के अवसर पर मधुबन सेंट्रल स्कूल मधुबन के प्रांगण में विद्यालय के शिक्षक गण एवं छात्र छात्राओं ने हर्षोल्लास के साथ पूरे खुशियों के साथ उनका जन्मदिन मनाया।
रणवीर सिंह निदेशक मधुबन सेंट्रल स्कूल मधुबन के जन्मदिन के अवसर पर शिक्षक एवं छात्र छात्राओं के द्वारा केक काटी गई और मिठाइयां बांटी गई।इस अवसर पर बिहार सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री सह मधुबन विधानसभा के माननीय विधायक श्री राणा रणधीर सिंह ने अपने अनुज एवं मधुबन सेंट्रल पब्लिक स्कूल के निदेशक रणवीर सिंह जी को दीर्घायु होने एवं यशस्वी होने का आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा गया कि रणवीर बाबू की गाथा को क्षेत्र की जनता सदैव याद करती रहेगी। रणबीर बाबू के द्वारा असहायों के बच्चों को गरीब गुरबा के बच्चों को निशुल्क शिक्षा देकर शिक्षित बनाने की कार्य किया जाता है रणवीर बाबू की ऐसी गाथा सराहनीय है। हम उन्हें हार्दिक रूप से हार्दिक दिल से आशीर्वाद के साथ जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर प्रचारक यूडी अंसारी, प्रशासक विरेंद्र कुमार सिंह,सीबीएसई प्राचार्य नागेंद्र कुमार सिंह, शिक्षक राजू कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, एवं स्कूल कर्मचारी कमलेश्वर सिंह, समस्त कर्मचारी गण छात्र–छात्राएं शिक्षिकाएं जश्न मनाते हुए अपने विद्यालय प्रबंधन के निदेशक श्री रणवीर सिंह की दीर्घायु होने की ईश्वर से कामना की और उनके जन्मदिन की हार्दिक बधाई के साथ शुभकामनाएं दिया।

## स्कूल जाने के दौरान लड़की के साथ किया गंदा काम भाई के विरोध करने पर आरोपी ने जमकर पीटा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) गोपालगंज। मामला गोपालगंज का है, जहां नौवीं की एक छात्रा की स्कूल प्रिंसिपल, एक शिक्षक और दो अन्य लोगों ने उसके साथ गंदा काम किया। इसको लेकर छात्रा थाने पहुंच गई ओर उसने सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। मामला विजयीपुर थाना क्षेत्र का है। आरोप है कि इन लोगों ने पहले छात्रा के साथ छेड़खानी की और बाद में छात्रा के भाई के साथ मारपीट और गालीगलौज की है। आवेदन मिलने के बाद विजयीपुर

पुलिस जांच में जुट गई है।
दरअसल, लड़की जब भी स्कूल के लिए निकलती थी, उसके साथ छेड़खानी की जाती थी।
पिछले दिनों भी उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया। मटीयरी गांव के राजा खां ने उसे रास्ते में रोककर उसका फोन नंबर मांगने लगा। बड़ी मुश्किल से लड़की वहां से भाग निकली। हैरानी की बात तो ये है कि पीड़िता ने जब प्रिंसिपल से इसकी शिकायत की तो स्कूल के टीचर उसे ही डांटने लग गए। बाद में लड़की ने परिजनों को पूरी बात बताई। जब उसके भाई ने राजा खां और शहजाद से इसकी शिकायत की तो दोनों ने भाई की ही पिटाई कर दी। इतना ही नहीं, उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी। दरअसल, ये पहला मामला नहीं है जब किसी लड़की के साथ स्कूल जाने के दौरान छेड़छाड़ की गई हो। इससे पहले भी राजधानी पटना में दो बहनों को स्कूल जाना बंद करना पड़ा था, क्योंकि उनके साथ लगातार छेड़छाड़ की जाती थी।

## अमर स्वतंत्रता सेनानी रामऋषि देव उर्फ ऋषि जी की 46 वी पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित हुए विभिन्न क्षेत्रों के सामाजिक आइकॉन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। ऋषि जी चम्पारण के बाल्मीकि थे।उनके जीवन परिचय को विस्तार से जानकारी देते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री और गाँधी संग्रहालय के सचिव ब्रजकिशोर सिंह ने उनके विचारों को जन जन तक पहुचाने पर बल दिया।श्री सिंह महान अमर स्वतंत्रता सेनानी रामऋषि देव उर्फ "ऋषि जी " की 46 वी पुण्य तिथि के शुभ अवसर पर 'नगर पंचायत अरेराज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मौके पर उपस्थित विशिष्ठ अतिथि मशहूर फिल्म निर्माता–निर्देशक डा. राजेश अस्थाना ने ऋषि जी के परिचय को विस्तार से जानकारी देने के साथ साथ उनके विचारों को जन जन तक पहुचाने के फिल्म बनाने के लिए प्रेरित करते हुए घोषणा किया कि अगर परिवार के लोग ऋषि जी पर फिल्म बनाते हैं तो मैं मेहनताना नही लूंगा। आयोजक किशोर पांडेय ने वर्तमान समय में स्वतंत्रता सेनानी के उत्तराधिकारियों के लिए विशेष रूप से सरकारी सहयोग की जरूरत पर ध्यान देने की आवश्यकता की पर मांग किया, वहीं अरेराज नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र दुबे उर्फ मंटू दुबे ने अपने संबोधन में इस ऐतिहासिक महत्व के गौरवशाली महत्व वाले कार्यक्रम के लिए आयोजन समिति को साधुवाद देते हुए ऋषि जी के योगदान के प्रति अपनी सहयोग को आगे भी देते रहने की बात कही। "आयाम" निदेशक विजय अमित ने अपने संबोधन में यह स्पष्ट किया कि जो पीढ़ी अपने इतिहास के योद्धा का सम्मान नहीं करती उसका वर्तमान और भविष्य संकट में आ जाता है। श्रीमति उषा त्रिवेदी ने अपने पिता जी के जीवन की यादों को ताजा करते हुए उनके स्वतंत्रता संग्राम में किये गये कार्यों का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया।
कार्यक्रम की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन, पूर्वी चंपारण के जिला अध्यक्ष किशोर पांडेय, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह गांधी संग्रहालय के सचिव श्री ब्रज किशोर सिंह, नगर अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र दुबे उर्फ मंटू दुबे, मशहूर फिल्म अभिनेता, निर्माता और निर्देशक डा. राजेश अस्थाना, विनय कुमार सिंह अधिवक्ता, ऋषि जी की सुपुत्री श्रीमती उषा त्रिवेदी और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती अमिता निधि के द्वारा ऋषि जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि और दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर उषा त्रिवेदी और अमिता निधि द्वारा ब्रजकिशोर सिंह, डा. राजेश अस्थाना, डा. आर.के. गुप्ता, धर्मेंद्र दुबे उर्फ मंटू दुबे,पत्रकार ओम प्रकाश शास्त्री, गौरव मिश्रा, प्रो. विनोद शर्मा, नीरज ठाकुर, विनोद तिवारी, विजय अमित को अंग वस्त्र, गांधी टोपी, चरखा, सम्मान पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया।
साथ ही स्वतंत्रता सेनानी के उत्तराधिकारीयों को भी सम्मानित किया गया। समारोह के द्वितीय चरण में अमर स्वतंत्रता सेनानियों के नाम का पेड़ नगर पंचायत परिसर के साथ कमल रुद्र महिला महाविद्यालय के परिसर में मो. नजमुल, प्रो. विनोद शर्मा, मंटू दुबे, विनोद तिवारी, विजय अमित के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस ऐतिहासिक और

गौरवशाली समारोह के आयोजन में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के साथ उनके कार्यालय समस्त सहयोगियों का बहुत ही सकारात्मक सहयोग प्राप्त हुआ जिसके कारण यह समारोह सफल रहा। जिले के ख्याति प्राप्त उद्घोषक सह वरीय रंगकर्मी विनोद तिवारी जी ने संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन किया। अंत में श्रीमती अमिता निधि ने आये हुए सम्मानित अतिथियों और प्रबुद्ध लोगों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# संक्षिप्त समाचार

### क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान जनता जनार्दन का स्नेह, प्यार,सहयोग, समर्थन पाकर काफी ऊर्जा एवं हिम्मत मिल रहा : विकास केसरी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
पकड़ीदयाल। मधुबन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत पकड़ीदयाल प्रखंड स्थित मधुबन रोड पकड़ीदयाल बाजार के हार्डवेयर प्रोडक्टस के जाने–माने व्यवसायी भैया मनीष केसरी जी, सतीश केसरी

जी एवं फेनहारा प्रखंड निवासी समाजसेवी विनोद सर के पुत्र दिलीप जी से मुलाकात कर व्यवसाय सहित सामाजिक–राजनीतिक विषयों पर चर्चा कर काफी अच्छा लगा.आप सबका स्नेह,प्यार,सहयोग, समर्थन पाकर काफी ऊर्जा एवं हिम्मत मिलता है.आप सबका स्नेह यूं ही बना रहे. आपके द्वारा किए गये मेरे कार्यों की सराहना हेतु आपको हृदय की गहराई से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। उक्त आशय की जानकारी बिहार प्लूरल्स पार्टी के मधुबन विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह जिला सचिव द प्लूरल्स पार्टी पूर्वी चम्पारण एवं गरीबों की आवाज बनकर उभर रहे विकास केसरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया।

### वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी गया के गढ़वा प्रखंड अंतर्गत उसेवा गांव में उदय मलाह के आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

गया। गया के गुरुआ प्रखंड अंतर्गत उसेवा गांव में उदय मल्लाह जी के आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मिलकर शोक–संवेदना व्यक्त किया तथा पार्टी की ओर से आर्थिक मदद की। इस दुखद समय में हम पीड़ित परिवार के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति दें तथा शोक–संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### गया के गुरुआ प्रखंड अंतर्गत उसेवा गांव के क्षेत्रवासियों को संबोधित किया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
गया। वीआईपी सुप्रीमो एवं सन ऑफ मल्लाह मुकेश साहनी ने गया के गुरुआ प्रखंड अंतर्गत उसेवा गांव के क्षेत्रवासियों को संबोधित किया। क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए वीआईपी सुप्रीमो एवं सन ऑफ मल्लाह श्री मुकेश साहनी ने संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोगों से अनुरोध करता हूं कि जाति–धर्म से उठकर मानवता के ऊपर सोचे। आपस में भाई–चारा बनाएं और एकदूसरे को मदद करें, जरूरतमंद लोगों को आगे बढ़ाएं। अपने बच्चों को पढ़ा लिखाकर काबिल बनाएं और अपने अधिकारों के बारे में उसे समझाएं कि आपका अधिकार क्या है? आपके हक–अधिकारों को दूसरे लोग ले रहा है और आपको उस अधिकार से वंचित कर रहा है तो उस जगह पर अपने हक–अधिकार के लिए संघर्ष कीजिए। देश में कानून व्यवस्था कायम है, अगर आप गलत करेंगे तो सजा मिलेगी ही। इसीलिए छोटी–छोटी चीजों के लिए आपस में लड़ाई ना करें। समाज में एकता व भाई–चारा बनाकर रखें।

### दिव्यांग जनों के लिए आवश्यक सूचना

दिव्यांगता अभिशाप नहीं, अब सरकार कर रही है रोजगार के लिए ऋण के रूप में सहायता, कर रही है पढ़ाई की व्यवस्था में सहायता एजुकेशन ऋण देकर। योग्य शिक्षित व्यक्तियों को दे रही है जॉब। आवेदन करने के लिए आवश्यक कागजात। आधार कार्ड पैन कार्ड बैंक खाता पासपोर्ट साइज फोटो विकलांगता प्रमाण पत्र यूडीआईडी प्रमाण पत्र मोबाइल नंबर ईमेल आईडी। आइए आवेदन करने से पहले हम सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देश को एक बार पढ़कर आवेदन करें। साथ में संलग्न दिशा निर्देश का पीडीएफ। नोट–हमारी योजना बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड एवं अयोध्या टाइम्स बिहार के सभी सदस्योंध्गैर सदस्य गण को सूचित किया जाता है कि आप इस पात्रता को पूरा करते हैं तो निश्चित रूप से सरकार आपको सहायता करेगी। आवेदन आप किसी भी कार्यालय दिवस को 9:00 बजे से लेकर शाम के 5:00 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कार्यालय में उपस्थित होकर कर सकते हैं।

रवि कुमार भार्गव

### हसनपुर में S-D-R-F के टीम ने स्थानीय लोगो को बाढ़ से बचाव का तरीका बताया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल। समस्तीपुर जिले के हसनपुर प्रखंड में स्थित हसनपुर कॉलेज हसनपुर के पोखर में S-D-R-F के टीम ने स्थानीय ग्रामीण को पानी में डूब रहे लोगो की बचाव करने का तरीका और पानी में तैरने का प्रशिक्षण दिया, ताकि लोग अपने जान की सुरक्षा खुद कर सके और नदी तथा बाढ़ के पानी जैसे मुसीबत में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने में मदद कर सके। इस मौके पर राजस्व अधिकारी सुधांशु कुमार, सत्यनारायण पासवान, ट्रेनर बिहारी महतो, राजद नेता अमित जायसवाल, रोशन चौधरी, विनोद मंडल, मनीष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## द्रोपदी मुर्मुर को राष्ट्रपति बनने पर भाजपा परिवार में देखा गया खुशी का माहौल

साहिल कुमार सिंह (ब्योरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार)

संवैधानिक पद के सर्वोच्च स्थान पर st समाज की महिला श्रीमती द्रोपदी मुर्मूर जी के भारी बहुमत से विजयी होने पर सिक्कट पंचायत के उरावं टोला में समलू उरावं के घर पर भाजपा जिला मंत्री शान्ति जायसवाल की अगुवाई में

मंडल अध्यक्ष धर्मेंदर राम तथा st मोर्चा के महामंत्री तल्लू सोरेन के नेतृत्व में एक सोभा यात्रा निकाली गयी। शान्ति जायसवाल ने बतया st समाज का वर्णन रामायण काल से ही सनातनी के रूप में होता आ रहा है। विस्तार से उन्होंने रामायण की एक महती भूमिका जटायु की चर्चा की उन्होंने श्रीमती मुर्मूर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बतया इस समाज की महिलाये औरो के मुकाबले ज्यादा सशक्त और कर्मनिष्ठ होती है। धर्मेंदर राम ने लोगों से उत्साह मनाने की अपील की वही तल्लू सोरेन ने अपने समाज की ओर से मोदी जी एवं जगत प्रसाद नड्डा जी का आभार व्यक्त किया। मौके पर मंडल उपाध्यक्ष भगवान चौधरी ,बिश्वनाथ चौधरी ,सुलोचना भारती ,पुस्पा देवी ,सचिन पंडित ,राकेश सोरेन , बिनोद ठाकुर ,बाबूलाल मांझी ,टुडू उरावं सहित दर्जनों महिला एवं पुरुष की उपस्थिति रही ।

## गोपालगंज में शराब तस्करी दो युवक गिरफ्तार, टेप के सहारे शरीर पर चिपका रखा था सैकड़ों बोतल शराब

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) गोपालगंज। गोपालगंज में उत्पाद विभाग की टीम ने दो बाइक सवार युवकों के पास से शराब बरामद किया। बाइक सवार दोनों युवक अपने शरीर में शराब लपेट कर तस्करी के लिए जा रहे थे। तभी वाहन जांच के दौरान पुलिस ने शराब बरामद किया। घटना गोपालगंज के कुचायकोट थाना क्षेत्र के माधोमठ के पास की है। शराब बरामद करने के बाद उत्पाद विभाग की टीम ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया साथ ही बाइक भी जब्त कर ली गई है। दोनों तस्कर विशंभरपुर थाना क्षेत्र के ईश्वरपुर गांव के निवासी है। पहले आरोपी का नाम अर्जुन कुमार यादव है, जिसकी उम्र 20 वर्ष बताई जा रही है। वहीं दूसरे आरोपी का नाम प्रिंस सिंह है जिसकी उम्र 25 साल है। फिलहाल गिरफ्तार युवकों के खिलाफ उत्पाद विभाग की टीम द्वारा उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

के पास से शराब बरामद की गई।

मामले के सन्दर्भ में उत्पाद अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया की उत्पाद विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली कि बाइक से शराब की तस्करी की जा रही है।सूचना मिलते ही टीम कुचायकोट थाना क्षेत्र के माधो मठ के पास वाहन जांच लगा दी। इसी दौरान दोनो तस्करों को उत्पाद विभाग द्वारा ने रोक कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान ही आरोपियों

## तंबाकू सेवन करने वालों में टीबी का खतरा तीन गुना ज्यादा- टीबी से होने वाली मौतों में तंबाकू प्रयोग करने वाले मरीजों की मौत का आंकड़ा चार गुना अधिक

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। सरकार ने वर्ष 2025 तक पूरे देश को टीबी मुक्त करने का संकल्प लिया है। इसके लिए जिले में जागरूकता, बचाव व सामुदायिक स्तर पर विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। टीबी के



मरीजों को सरकार द्वारा निःशुल्क दवा व पोषण की राशि भी उपलब्ध कराई जा रही है। लेकिन लोगों में तंबाकू का सेवन व धूम्रपान की लत टीबी के संक्रमण दर में बढ़ोतरी कर रहा है। सीडीओ डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि तंबाकू सेवन करने वाले तथा धूम्रपान करने वाले लोगों में टीबी संक्रमण की संभावना अधिक होती है। आंकड़ों के अनुसार, तंबाकू के सेवन करने वाले लोगों में टीबी होने का खतरा तीन गुना ज्यादा होता है एवं टीबी से होने वाली मृत्यु भी तीन से चार गुना अधिक होती है। तंबाकू के सेवन से कैंसर ही नहीं टीबी भी हो रही है।

उन्होंने बताया कि जिले में अभी टीबी के 2504 मरीज इलाजरत हैं। सीडीओ डॉ मनोज कुमार ने बताया कि तंबाकू सेवन कैंसर और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों का कारण है। लंबे समय तक धूम्रपान करने से फेफड़े व सांस की नली के कैंसर होने की संभावना ज्यादा होती है। तंबाकू उत्पाद जैसे खैनी, पान मसाला, गुटखा आदि से मुख का कैंसर होता है। धूम्रपान कैंसर के अलावा टीबी होने के खतरे को बढ़ा देता है। उन्होंने बताया कि टीबी से पीड़ित लोगों के लिए तंबाकू सेवन और भी अधिक खतरनाक है। तंबाकू का इस्तेमाल हृदय रोग, कैंसर और फेफड़े की पुरानी बीमारी तथा मधुमेह को जन्म देता है। तंबाकू का उपयोग संक्रामक रोगों जैसे टीबी और श्वसन संबंधी बीमारियों के लिए भी घातक है। धूम्रपान के कारण टीबी रोग पैदा करने वाले माइकोबैक टेरियम से लड़ने की रोगी की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर बनाता है। सीड्स के कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार झा ने बताया कि तम्बाकू सेवन से हो रही टीबी बीमारी को नियंत्रित करने की कोशिश हो रही है, लेकिन इस में गति को तेज करने की आवश्यकता है। धूम्रपान करने वाले में टीबी की व्यापकता धूम्रपान नहीं करने वालों की तुलना में तीन गुना अधिक होती है।

# बिहार में 23 संदिग्ध आतंकी फरार, पटना-मुजफ्फरपुर समेत कई जिलों में SIT की ताबड़तोड़ छापेमारी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पटना। पटना के फुलवारी शरीफ में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के टेरर कैंप का खुलासा होने के बाद 23 संदिग्ध आतंकी फरार हैं। एटीएस बिहार पुलिस की एसआईटी और एटीएस इनकी तलाश के लिए बिहार के कई जिलों में छापेमारी कर रही है। पटना, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, दरभंगा, छपरा समेत अन्य जिलों में पीएफआई और एसडीपीआई के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। एसआईटी अब गली–गली इनके पोस्ट चस्पा करने की तैयारी में हैं। जानकारी के मुताबिक फुलवारी शरीफ में पीएफआई दफ्तर से आतंकी ट्रेनिंग कैंप के भंडाफोड़ के बाद दो दर्जन से ज्यादा लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था। इनमें से 23 संदिग्ध आतंकी अभी तक फरार हैं। ये सभी बिहार के अलग–अलग जिले के रहने वाले हैं। ये सभी पीएफआई और उससे जुड़े संगठन एसडीपीआई से जुड़े हुए हैं।

एसआईटी ने शुक्रवार को पटना के गांधी मैदान स्थित एग्जीबिशन रोड में पीएफआई और एसडीपीआई के ठिकानों पर इनकी तलाश की। इसके अलावा नालंदा, सारण, दरभंगा, मधुबनी, पूर्वी चंपारण, मुजफ्फरपुर समेत अन्य 10 जिलों में भी कई जगहों पर छापेमारी की गई। एटीएस भी इस मामले में तफ्तीश कर रही है। एटीएस की टीम फुलवारी शरीफ में देर रात तक डटी रही। छापेमारी की पुष्टि पटना एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने की है। उनका कहना है कि फरार संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी हर संभव प्रयास कर रही है। अगर ये संदिग्ध आतंकी जल्द नहीं पकड़े गए तो पुलिस गिरफ्तारी वारंट के लिए कोर्ट में आवेदन देगी। इसके बाद संदिग्धों के ठिकानों पर गली गली पोस्टर चस्पा किए जाएंगे और उनकी संपत्ती की जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की हुई समीक्षा गुणवत्ता के साथ समय कार्य निष्पादन के दिए निर्देश

☒ जल जीवन हरियाली अभियान की सफलता हेतु सभी पदाधिकारी चिपूर्ण ढंग से करें कार्य : डीएम

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार किशनगंज। जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में रचना भवन,डीआरडीए में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई। इस बैठक में ग्रामीण विकास विभाग अन्तर्गत मनरेगा,आवास योजना, स्वच्छ बिहार मिशन, ओडीएफ,पौधशाला सृजन, सघन वृक्षारोपण,जल जीवन हरियाली,सात निश्चय तथा पंचायत अंतर्गत जलापूर्ति, नलकूप व अन्य योजनाओ की भी विस्तृत समीक्षा की गई। मनरेगा के अंतर्गत मानव दिवस सृजन रोजगार उपलब्ध करवाना, टाइमली मजदूरी भुगतान,लक्ष्य अनुरूप कार्य में प्रगति आदि की समीक्षा में पाया गया कि इस वित्तीय वर्ष 2022–2023 के पिछले त्रिमास में मैनडे जेनरेट में अच्छी उपलब्धि है,परंतु इसमें सुधार की आवश्यकता प्रतीत हुई। शिथिलता बरतने वाले पीआरएस को कड़ी चेतावनी के साथ कार्य में सुधार लाने का निर्देश दिया गया। सेक्योर पोर्टल के लक्ष्य अनुरूप जलाशय निर्माण,प्लांटेशन आदि के कार्यों में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। जल जीवन हरियाली अभियान की सूक्ष्मता से समीक्षा की आवश्यकता के निमित पुनः उप विकास आयुक्त के द्वारा गहन समीक्षा किया गया।

डीडीसी मनन राम के द्वारा बताया गया कि ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओ मनरेगा , पीएमएवाइ (ग्रामीण) में किशनगंज जिला का प्रदर्शन बेहतर है।

एलएसबीए अंतर्गत शौचालय निर्माण,सीएससी निर्माण और अन्य योजनाओं में लाभुको द्वारा योजना का लाभ लेकर शिथिलता बरतने या निर्माण नहीं करने पर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में नवसृजित जलाशय को स्थानीय लोग के हित में इससे जीविकोपार्जन से जोड़ने हेतु विभागीय निर्देश के आलोक में कार्य करने तथा सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत चिन्हित परिवार को योजना का लाभ प्रदान करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इस बैठक में सभी कार्यक्रम पदाधिकारी,प्रखंड समन्वयक, एलएसबीए,सभी आवास पर्यवेक्षक, जेई मनरेगा व अन्य उपस्थित थे।

## देवराहा बाबा की ओर से 27 वी अन्नपूर्णा का आयोजन किया गया

दैनिक अयोध्या का डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चंपारण मोतिहारी। शहर में लगातार चल रहे मिशन अन्नपूर्णा रसोई की 27 वी सप्ताहिक सेवा आज बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर आयोजित की गई जिसका शुभारंभ सीता देवी ओंकारनाथ जालान सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष विनोद जालान और अमेरिका से पधारी उनकी सुपुत्री अंशु देवी कुमार ऋषभ, नीति कुमारी प्रजापति ब्रह्माकुमारी के अशोक वर्मा ने जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण कर किया! मौके पर अंशु देवी ने कहा कि दान देने से बड़ा पुण्य किसी भूखे को भोजन करवाने से मिलता है सामर्थवान और सच्ची मानव सेवा करने में विश्वास रखने वाले को इस कार्यक्रम में सम्मिलित होना चाहिए वही प्रजापति ब्रह्माकुमारी के सदस्य और वरीय पत्रकार अशोक वर्मा ने कहा कि संस्था के लोग और मिशन अन्नपूर्णा रसोई के संचालक राम भजन बधाई के पात्र हैं जो सामाजिक हित में लगातार कार्य कर रहे हैं और भूखे को भोजन कराकर आत्मिक संतुष्टि और पुण्य कमा रहे हैं देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम सेवा परिषद के अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा ने

कहा कि बारिश और भीषण गर्मी होने के बावजूद संस्था के सदस्य इस पुनीत कार्य में लगे हुए हैं और बच्चे वृद्ध विकलांग मजदूर जरूरतमंद ठेला चालक रिक्शा चालक जैसे जरूरतमंद लोगों की अपार संख्या भीड़ उमड़ी जिन्होंने भरपेट भोजन का आनंद लिया मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता विक्की कुमार राकेश कुमार उर्फ टिंकू रविंद्र कुमार त्रिपुरारी कुमार गुड्डू कुमार मोतिहारी मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बनवारी लाल टिवडेवाल उपस्थित रहे!

## क्षेत्र में यूरिया नहीं मिलने से किसान परेशान, 12 किलोमीटर भ्रमण करने के बाद भी नहीं मिला यूरिया : विकास केसरी



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। विकास केसरी पूर्व विधायक प्रत्याशी 18 मधुबन विधानसभा सह जिला सचिव द प्लूरल्स पार्टी ने किसानों से संपर्क अभियान के चलाते हुए कहा कि आज मैं मधुबन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के चौता पंचायत एवं चोरमा पंचायत के 2 बुजुर्ग किसानों, जामुन शाह (अकौना ग्राम वासी) एवं वीर बहादुर शाह (चौता पंचायत वासी) से मिला। खेतीहर किसानों को लेकर चर्चा चली। चर्चा में किसान चाचा जी ने बताया कि खेत में धान लगा है, पानी नहीं है, हल्की फुल्की बारिश हुई है, यूरिया खाद धान के खेत में छीटना है, दुकान दुकान भटक रहा हूं, पर खाद नहीं मिल रहा है। बहादुर शाह जी ने बताया मैं अपने पंचायत से 12 किलोमीटर दूर मधुबन बाजार तक के सभी खाद विक्रेताओं के पास गया, वहां भी खाद नहीं मिला। अब कैसे मैं अपने फसल को बचा पाऊंगा? एक तो खाद नहीं मिल रहा, ऊपर से वर्षा नहीं हो रही, भारी समस्या है! मैं केवल किसानी करता हूं,मेरे पास सवा 2 बीघा जमीन है, खेती के सिवाय मेरे पास आय का कोई स्रोत नहीं है,खेत का अनाज पैक्स वाले समय पर खरीदते नहीं हैं, और यदि लेते भी हैं, तो भुगतान महीनों में मिलता है। खेती में आई लागत और फिर अपने दूसरे फसल की बुवाई के लिए पैसे नहीं होते, जिसके कारण या तो बाजार में पैसे के लिए कम दाम पर अनाज बेचना पड़ता है, या पैक्स में अपना अनाज बेचकर पैसे के लिए इंतजार करना पड़ता है। जिसके कारण इस बीच कहीं और से कर्ज या कोई मदद लेकर खेती करनी पड़ती है। बाजार में बेचने जाओ तो कीमत नहीं मिलती, खेती की लागत इतनी ज्यादा बढ गई है की बाजार भाव पर बेचने से लागत तक नहीं निकलती। घाटा बहुत हो रहा है। सरकार द्वारा घोषित कीमत पर हमारा अनाज खरीदा ही नहीं जाता. भारी कठिनाई परेशानी में जीवन गुजर रहा है। किसानी के अलावा मेरे पास घर चलाने के लिए कोई आय का साधन नहीं। ऐसी स्थिति मे बहुत ही तनाव से गुजर रहा हूं।कुछ सूझ नहीं रहा समझ नहीं आ रहा, क्या करूं?

प्लूरल्स पार्टी के नेता विकास केसरी ने माननीय मधुबन विधायक राणा रणधीर सिंह जी एवं पकड़ीदयाल अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रविंद्र से अपील करते हुए कहा कि आपके प्रकाश में यह विषय को ला रहा हूं।

आपसे मैं अपील करता हूं कि मधुबन विधानसभा क्षेत्र के हमारे इन किसान भाईयों तथा इनके जैसे हजारों किसान भाइयों के इस भयंकर तकलीफ और समस्या को गंभीरता से लें। जल्द से जल्द सभी पंचायत के पैक्स और तमाम अधिकारियों को आप जांच कार्यवाही का निर्देश दें।आखिर यह खाद दुकानों पर क्यों नहीं मिल रहा है? आखिर यह कौन से जगह कहां चला जा रहा है, कि हमारे किसान भाइयों को खाद नहीं मिल रहा? यह कौन डीलर, दुकानदार है,जो खाद इनके दुकानों पर नहीं है? आखिर खाद का कौन सा धंधा चल रहा है? इसकी जांच कराएं,आदेश दें। ताकि समय पर खाद मिल सके। उचित कीमत पर सारे पैक्स को निर्देश दें कि वह समय पर खरीद और भुगतान करें। ऐसा नहीं करने वाले पर कड़ी कार्रवाई करने हेतु आदेश जारी किया जाए। जहां भी बारिश से जिनका भी खेत सुखा ग्रस्त होने से फसल नष्ट हुआ है, उनको सूखा प्रभावित घोषित कर, सरकार द्वारा सुखा प्रभावित फसल नुकसान के जो सहायता राशि मिलती है, उसका लाभ सूखाग्रस्त से प्रताड़ित किसानों के लिए तुरंत मुहैया कराई जाए।

प्लूरल्स पार्टी के नेता कहा कि हमारी मांगों पर यदि माननीय विधायक महोदय एवं अनुमंडल पदाधिकारी महोदय ध्यान नहीं आकृष्ट करते हैं तो बात तो कर हमारी पार्टी किसानों को लेकर धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर हो जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी,श्री शीर्षत कपिल अशोक के द्वारा जिला आपदा प्रबंधन शाखा के तत्वधान में वज्रपात से मृतकों के परिजनों के बीच 4-4 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चंपारण। जिलाधिकारी , श्री शीर्षत कपिल अशोक के द्वारा जिला आपदा प्रबंधन शाखा के तत्वधान में वज्रपात से मृतक राज बाबू , पिता– विनोद कुमार सिंह ,ग्राम –गोपालपुर, अंचल– मधुबन, जिला– पूर्वी चंपारण के निकटतम परिजन श्रीमती दुर्गा देवी( माता) एवं मृतक कोरैशी खातून ,पति सजाक राय, सारू बुधवाहा ,

अंचल छौड़ादानो के निकटतम परिजन सजाक राय( पति) को 4–4 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने लाभुकों से कहा कि इस राशि का उपयोग अपने जरूरत के हिसाब से स्वयं खर्च कर सकते हैं । किसी भी बिचौलिए या दलाल के बहकावे में ना आवे । किसी प्रकार की शिकायत के लिए अपर समाहर्ता आपदा से संपर्क स्थापित करें। इस अवसर पर अपर समाहर्ता आपदा, श्री अनिल कुमार, वरीय पदाधिकारी आपदा प्रशाखा, श्रीमती अमृता कुमारी उपस्थित थे।

### पटना में सिरफिरे युवक ने ट्रैफिक दारोगा पर बोला हमला, एसआई का सिर फटा, दो अन्य जवान घायल

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पटना। इस वक्त की बड़ी खबर राजधानी पटना से आ रही है, जहां सिरफिरे युवक ने एक ट्रैफिक दारोगा की जमकर पिटाई कर दी है। बीच बचाव करने पहुंचे दो अन्य जवानों को भी चोटें आई हैं जबकि ट्रैफिक दारोगा का सिर फट गया है। कोतवाली थाने की पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार शख्स से पूछताछ कर रही है।

पटना वीमेंस कॉलेज मोड़ के पास यह घटना हुई है। बताया जा रहा है कि शनिवार की दोपहर ट्रैफिक दारोगा ब्रजेश सिंह पटना वीमेंस कॉलेज मोड़ पर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान युवक से उनकी बकझक शुरू हो गई। युवक ने रॉड से एसआई ब्रजेश सिंह के सिर पर वार कर दिया जिससे उनका सिर फट गया। चेकपोस्ट पर तैनात दो अन्य जवानों ने जब युवक को रोकने की कोशिश की तो उसने उन दोनों जवानों के साथ भी मारपीट शुरू कर दी।

### 12वीं में एम एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। शहर के एम एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है । विद्यालय के विज्ञान वर्ग के आदित्य कुमार सर्वाधिक 94.2: अंक प्राप्त किया है । विद्यालय के निदेशक डॉक्टर सीबी सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य कामना की है। वही एम एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सतनाम सिंह ने बताया कि कुल 108 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। उनमें से सभी ने सफलता हासिल की है। बताया कि साइंस संकाय में आदित्य राज, प्रशांत सिंह, रविराज शांतनु, रोहित राय व प्रिंस पटेल शामिल है। वही विज्ञान संकाय में सिंह अश्विनी राज, सानिया कुमारी, शिल्पी कुमारी, रौनक कुमार, उत्कर्ष श्रावण, प्रियांशु कुमार, पलक कुमारी मिश्रा, ऋषिकेश राज, कुमार निशांत व अजय गुप्ता शामिल है। उक्त आशय की जानकारी एम एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सतनाम सिंह ने दी।

### प्रखंड छौरादानों के चहक कार्यक्रम के प्रशिक्षक का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

ई अशोक कुमार संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स (छौडादानों मोतीहारी सिटी) छौडादानों। प्रखण्ड से सात संकूल के चौदह प्रतिनियोजित प्रशिक्षकों का पाच दिवसीय प्रशिक्षण आज शनिवार को खुशनुमा माहौल में संपन्न हुआ। सभी प्रशिक्षक अपने अपने निर्धारित संकूल के नौनिहाल छात्रों के नामित शिक्षको के प्रशिक्षण देने के लिए नय नय तौर तरीकों के गुर सीखे। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर बच्चों में चहक के माध्यम से चमक लाकर नीव की मजबूती की आधारशिला रखकर अच्छे बच्चें के साथ साथ कुशल नागरिक बनाने में हर संभव प्रयास नामित शिक्षक करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रखंड छौडादानों की ओर से प्रशिक्षक नीरज कुमार, रामनाथ प्रसाद, अभिषेक कुमार, द्वीप प्रकाश कुमार, सुधीर कुमार, फिरोज अख्तर खां, राजेश्वर कुमार, प्रमोद रजक, राजेश कुमार रंजन मो बद्युद्दिन, मों जौवाद, जकी अहमद, दीपेंद्र कुमार, अमरेश कुमार की मौजूदगी रहीं।

### एडीएम के द्वारा अंचल कार्यालय मानसी का निरीक्षण

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स

एडीएम मोहम्मद रफीक आलम ने अंचल कार्यालय मानसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जमाबंदी के किए जा रहे अपलोड कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान ऑनलाइन किए गए। रजिस्ट्रेशन का वेरिफिकेशन का कार्ड जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया साथ में राजस्व विभाग के प्रत्येक कार्यों को तेजी से पूरा करने का भी सुझाव दिया। मानसी अंचल में अतिक्रमण की भी समीक्षा की ।और उन्होंने कहा कोई भी सरकारी जमीन का अतिक्रमण किया गया है तो इसका प्रस्ताव भेजें तथा सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।

उन्होंने निर्देश दिया कि 1 सप्ताह के अंदर इसे शत–प्रतिशत पूरा करें ।आगे मानसी ब्ल ने बताया कि जमाबंदी अपलोड करने का कार्य 80: पूरा कर लिया गया है।

## एनएमएमएस परीक्षा में कक्षा आठ की छात्रा ने लहराया परचम

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा पोषित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में जनपद बाराबंकी के विकासखंड बनीकोडर ग्राम पंचायत सनौली में बने कम्पोजिट विद्यालय सनौली की कक्षा–8(सत्र 2021–2022) की बालिका वैष्णवी साहू ने विकासखंड स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व माता–पिता का नाम रोशन किया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के अध्यापकों ने वैष्णवी साहू को उपहार दीया और साथ ही वैष्णवी के माता–पिता को अध्यापकों ने फूल माला एवं शाल देकर सम्मानित किया गया। अध्यापकों ने वैष्णवी के उज्जवल भविष्य की कामना की और इसी तरह आगे बढ़ने के लिए आशीर्वाद दिया। प्रधानाध्यापक श्रीश चतुर्वेदी ने अग्रिम समस्त परीक्षाओं जैसे जवाहर

नवोदय परीक्षा, विद्याज्ञान परीक्षा, छ. ड.डॅ. परीक्षा में शत–प्रतिशत बच्चों का नामांकन करके उज्जवल भविष्य की संकल्पना को संकल्पित किया।एआरपी अरुण कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए समय– समय पर आवश्यक जानकारियों एवं पूर्ण एकेडमिक सहयोग का आश्वासन दिया।इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमर नाथ वर्मा , योगेन्द्र त्रिपाठी,सुनीता देवी,दिनेश वर्मा,मानवेन्द्र सिंह सहित विद्यालय के अध्यापक अध्यापिका सहित क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## टोल प्रबंधक अरेंद्र सिंह की सक्रियता से बस में छूटा हुआ सामान मिला

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। अहमदपुर टोल प्लाजा प्रबंधक अरेंद्र सिंह चौहान की सक्रियता रंग लाई जिससे जनपद बाराबंकी के सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिंह का बस में छूटा हुआ सामान मिल गया। शुक्रवार की शाम लगभग 06 बजे लखनऊ से अयोध्या को जा रही मथुरा डीपो की बस से अयोध्या के लिए यात्रा कर रहे आशीष सिंह बस के रुकने पर यादव ढाबा (भिटरिया बाईपास) पर उतरे बस चालक और परिचालक नाश्ता करने लगे लेकिन कुछ देर बाद बस चालक व परिचालक द्वारा बिना किसी सूचना दिए बिना बस को तेज रफ्तार में लेकर चल दिया जिसमें आशीष सिंह का बैग उसी बस में ही छूट गया जिसमें दो एंड्रॉयड फोन, पैसे और कुछ जरूरी कागजात थे। जिसकी तत्काल सूचना डायल 112 व अहमदपुर टोल प्लाजा प्रबंधक अरेंद्र सिंह चौहान को दिया। बात की जानकारी मिलते ही श्री चौहान ने रौहानी टोल प्लाजा पर बस के पहुंचने से पूर्व ही सूचना दिया जहां पर टोल प्रबंधक राकेश सिंह व

टोल अधिकारी रमन सिंह ने प्रकरण को गंभीरता से संज्ञान लेते हुए टोल बूथ पर सूचना जारी कर दी और बस के पहुंचते ही बस को रुकवाकर छूटा हुआ सामान सकुशल बरामद किया और सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार आशीष सिंह को सौंप दिया। वहीं अयोध्या बस स्टैंड पर पीआरवी 112 ने भी बस को रोका और पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि बैग रौनाही टोल प्लाजा पर बस परिचालक द्वारा सौंप दिया गया है। आशीष सिंह ने टोल प्रबंधक अरेंद्र सिंह चौहान व रौनाही टोल के सभी कर्मियों एवम् पीआरवी की सक्रियता के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया।

## यूरिया,डीएपी खाद की शीघ्र उपलब्धता ना कराई गई तो किया जाएगा आंदोलनः निहाल अहमद

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। धान की फसल के समय जानबूझकर बंद साधन सहकारी समिति केंद्रों को खुलवा कर यूरिया और डीएपी खाद की शीघ्र उपलब्धता ना कराई गई तो किया जाएगा आंदोलनष उक्त विचार भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी के जिला अध्यक्ष निहाल अहमद सिद्दीकी ने जनपद के लगभग सवा सौ से अधिक साधन सहकारी समिति केंद्रों पर किसानों को धान की फसल के समय यूरिया डीएपी नहीं मिलने के विरोध में श्री संजीव कुमार जिला कृषि अधिकारी को ज्ञापन देते समय उपस्थित लोगों में व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों की महत्वपूर्ण फसल धान की रोपाई अंतिम चरण में है और समय से बरसात भी हो गई खेतों में फसल का उत्पादन अच्छा हो इसके लिए यूरिया और डीएपी खाद की आवश्यकता है तो साधन सहकारी समितियों में ताला लटक रहा है और किसान निजी दुकानों से महंगी खाद मजबूर होकर खरीद रहा है जिला प्रशासन तत्काल सभी साधन सहकारी समितियों पर उपलब्धता सुनिश्चित कराएं जिला कृषि

अधिकारी श्री संजीव कुमार जी ने तुरंत ए आर कोआपरेटिव व अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को बुलाकर यथाशीघ्र सभी केंद्रों पर यूरिया और डीएपी खाद की बिक्री शुरू कराने के लिए कहा और उन्होंने किसान संगठन से अनुरोध किया कि 3 दिन में सभी केंद्र खुल जाएंगे और खाद की उपलब्धता रहेगी किसान भाई बिना किसी दिक्कत के खाद की खरीद कर सकते हैं और यदि जानबूझकर लापरवाही की गई तो ऐसे साधन सहकारी समिति केंद्रों व अन्य केंद्रों के प्रभारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी इस अवसर पर मुख्य रूप से बंकी ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुमार, चंद्रिका प्रसाद, मोहम्मद जुनैद, आनंद गौतम, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद साहिल, मोहम्मद शाहरुख मलिक राईन आदि सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वेतन ना मिलने पर संविदा कर्मियों ने किया जोरदार धरना प्रदर्शन

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। जनपद के संविदा कर्मियों को माह जून का वेतन भुगतान न होने से तथा 4 माह से ईपीएफ की धनराशि कर्मियों के खाते में मैंसर्स ओरियन कंपनी द्वारा जमा ना किए

जाने के विरोध में उत्तर प्रदेश बिजली मजदूर संगठन के बैनर तले सैकड़ों संविदा कर्मियों ने धरना प्रदर्शन किया धरना स्थल पर सभा को संबोधित करते हुए संगठन के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष के के सिंह जिला अध्यक्ष विनोद कुमार गिरी जिला सचिव सौमित भट्टाचार्य मंडल अध्यक्ष अखिलेश कुमार मंडल सचिव तौफीक अहमद संविदा मध्यांचल अध्यक्ष रईस अहमद जिलाअध्यक्ष संविदा इकाई सरोज कुमार ने कहा कि जबकि संविदा कर्मी 8 घंटे के बजाय 12,13 घंटे काम करते हैं ताकि विभाग की छवि धूमिल ना हो और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा हो सके किंतु प्रत्येक माह के उनके वेतन भुगतान पर अनावश्यक रूप से अत्यधिक विलंब होने के कारण धरना प्रदर्शन के सिर बाध्य होना पड़ता है ।

धरना स्थल पर आकर अधीक्षण अभियंता द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया दिनांक 26.07.2022 दिन मंगलवार को वेतन का भुगतान सभी संविदा कर्मियों का हो जाएगा और अन्य समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करा दिया जाएगा इसी के बाद संगठन ने धरना आंदोलन समाप्त कर दिया ।

सभा को रामनगर खण्डीय अध्यक्ष कमलेश कुमार, रामसनेहीघाट, खण्डीय अध्यक्ष निशांत मिश्रा,फतेहपुर खण्डीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार,हैदर गढ़ खण्डीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह एवं शेष राम, मुकेश शर्मा,मूलचंद, वरदान शंकर त्रिपाठी दिनेश कुमार कुलदीप,कुमार ने सभा को संबोधित किया।

# कानपुर में मुहर्रम के मौके पर नहीं निकलेगा दशकों पुराना पैगी जुलूस

कानपुर नगर। कानपुर में मुहर्रम के मौके पर 225 साल पुराना पैगी जुलूस नहीं निकाला जाएगा. पिछले दिनों भड़की हिंसा को देखते हुए पैगी जुलूस के दोनों खलीफा ने ऐतिहासिक फैसला लिया है. शहर में अमन और चौन कायम रखने के लिए सरकारी मशीनरी पूरी तरह काम कर रही है. लेकिन इस बीच गंगा जमुनी तहजीब की तस्वीर भी देखने को मिली. कानपुर में तीन जून को हिंसा भड़क उठी थी. हिंसा की वजह से शहर का माहौल तनावपूर्ण हो गया था. पिछले एक महीने से सरकारी मशीनरी माहौल को सामान्य बनाने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है. इस बीच मुस्लिम समाज के प्रमुखों ने गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की।

आयोजकों ने इस बार मुहर्रम के मौके पर पैगी जुलूस नहीं निकालने का फैसला लिया है. शकील खलीफा के साथ ही अच्छे मियां कानपुर में मीरपुर कैंट से निशान लेकर पैगी जुलूस निकलवाते रहे हैं. अच्छे मियां के उत्तराधिकारी कपिल कुरैशी की मानें तो इस बार दोनों ही टीमों ने शहर में अमन कायम रखने के लिए पैगी जुलूस नहीं निकालने का फैसला कर लिया है. उन्होंने लोगों से पैगी जुलूस नहीं निकालने की अपील की. पिछले कई दशकों से पैगी जुलूस शहर में निकलता रहा है. लेकिन इस बार अमन चौन बनाए रखने के लिए पैगी के जुलूस को नहीं निकालने की लोगों से गुजारिश की गई।

पैगी जुलूस के दोनों प्रमुख शाकील खलीफा और अच्छे मियां ने घोषणा की है. हालांकि ये भी कहा गया है कि अगले वर्ष पूरे जोश खरोश के साथ जुलूस निकाला जाएगा. माना जा रहा है कि उदयपुर की घटना और उससे पैदा माहौल को देखते हुए पैगी जुलूस के आयोजकों ने बड़ा फैसला लिया है. पैगी जुलूस संचालन समिति के फैसले से पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

# कल से आयोजित होगी कानपुर में अग्निवीर भर्ती परीक्षा, 17 केंद्रों में 625 छात्र देंगे एग्जाम

कानपुर नगर। सेना में भर्ती के लिए देशभर में आयोजित हो रहे अग्निवीर रिक्रूटमेंट एग्जाम की शुरुआत कल से हो रही है. इसी के तहत कल यानी 24 जुलाई 2022 दिन रविवार को कानपुर के विभिन्न केंद्रों में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा. इस सिलसिले में तैयारियां अंतिम चरण भी पार कर चुकी हैं और कल से पूरी व्यवस्थाओं के बीच परीक्षा आयोजित होगी. पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने तैयारियों का जायजा ले लिया है और परीक्षा के आयोजन में किसी प्रकार की समस्या न आए इस बात का ध्यान रखा जा रहा है।

कानपुर में अग्निवीर परीक्षा के लिए अलग–अलग स्थानों पर कुल 17 एग्जाम सेंटर बनाए गए हैं. परीक्षा ऑनलाइन होगी और इस बाबत सभी इंतजाम कर लिए गए हैं. यही नहीं परीक्षा केंद्र के अंदर की पूरी जिम्मेदारी एयरफोर्स ने संभाली है. हर एग्जाम सेंटर में करीब 625 कैंडिडेट्स परीक्षा देंगे।

अग्निवीर रिक्रूटमेंट एग्जाम की शुरुआत कल यानी 24 जुलाई से हो रही है और 24 जुलाई से शुरू होकर ये परीक्षा कई चरणों में 31 जुलाई 2022 तक आयोजित की जाएगी. ये ऑनलाइन एग्जाम तीन शिफ्टों में आयोजित किया जाएगा. एक शिफ्ट में करीब 175 बच्चों को परीक्षा देनी होगी।

ऑनलाइन परीक्षा के लिए पुलिस और प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं. पूरे जिले में अलग–अलग केंद्र तैयार किए गए हैं. परीक्षा से पहले अधिकारियों ने केंद्र से लेकर व्यवस्थाओं तक का जायजा लिया. परीक्षा तीन पारियों में आयोजित होगी।

# बैग से किताब निकालने में हुई देरी तो टीचर ने स्टूडेंट को बुरी तरह पीटा, डंडे मारकर तोड़ी गर्दन

कानपुर देहात। उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जिले से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक अध्यापक ने कथित तौर पर एक छात्र को डंडे से इतना पीटा की उसकी गर्दन टूट गयी. जब छात्र के परिजन स्कूल में अध्यापक की शिकायत लेकर पहुंचे तो प्रिंसिपल ने उस अध्यापक का ही पक्ष लिया. इसके बाद परिजन अपनी फरियाद लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक के दफ्तर पहुंचे, जिन्होंने परिजनों को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

डंडे मार मारकर तोड़ दी छात्र की गर्दन

मामला कानपुर देहात के शिवली कोतवाली के सरय्या गांव के सतगुरु देव इंटर कॉलेज का बताया जा रहा है. स्कूल के टीचर बलराम सिंह सेंगर पर आरोप है कि उन्होंने कक्षा 9 के छात्र प्रशांत की गर्दन पर इतने डंडे मारे कि उसकी गर्दन टूट गयी. छात्र का कसूर सिर्फ इतना था कि वह अध्यापक के कहने पर बैग से किताब नहीं निकाल पाया था. बस इसी बात पर शिक्षक आगबबूला हो गए और उन्होंने प्रशांत पर ताबड़तोड़ डंडे बरसाने शुरू कर दिए, गर्दन में डंडे लगने की वजह से उसकी गर्दन टूट गई।

गरीब मां–बाप को सता रही बेटे के इलाज की चिंता

खबरों की मानें तो प्रशांत के परिजनों की माली हालत ठीक नहीं है और अब उन्हें अपने बेटे के इलाज की चिंता सता रही है. जब इस मामले में आरोपी शिक्षक बलराम से बात की गई तो उन्होंने कहा कि डंडे नहीं छड़ी मारी थी. उन्होंने आगे कहा कि छात्रों को तीन–चार छड़ी मार देता हूं, किसी को कोई द्वेष भावना से नहीं मारता हूं. वहीं स्कूल के प्रधानाचार्य आरोपी शिक्षक की हिमायत लेते नजर आए और उन्होंने पूरे मामले को सिरे से नकार दिया।

दोषी पाए जाने पर होगी कार्रवाई

वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाता है कि वो छात्रों को मोटिवेट करें, प्यार से समझाएं नाकि मारपीट करें. मारने का अधिकार किसी भी शिक्षक को नहीं है. मामले की जांच करायी जाएगी और दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

# सहायक अध्यापिका उमा वर्मा की मेहनत लाइ रंग फिर हुआ दो बच्चों का चयन

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। राष्ट्रीय आय एवं योगयता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा पास कर दो बच्चों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है पिछले वर्ष 2021–22 में बाराबंकी जिले से केवल 16 बच्चो ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति फार्म भर आवेदन किया था जिसमें से केवल 16 बच्चे परीक्षा में बैठे थे और 7 बच्चों ने यह परीक्षा पास कर बाराबंकी जिले का नाम रोशन किया था पूर्व माध्यमिक विद्यालय उधवापुर की सहायक अध्यापिका उमा वर्मा ने रोशनी के चयन के बाद यह निश्चय किया कि यदि बच्चों की देखरेख के साथ उन्हें अच्छी शिक्षा दी जाए तो सभी विद्यार्थी इस परीक्षा को पास कर विद्यालय का नाम रोशन कर सकते हैं और निश्चय किया इस बार हम अपने विद्यालय से बच्चों का चौन कराएंगे और दिन रात मेहनत करके आज पूर्व माध्यमिक विद्यालय ऊधवापुर के समस्त स्टाफ को मेहनत का फल मिल गया देखा जाए तो इन बच्चों की सफलता का संपूर्ण आश्रय सहायक अध्यापिका उमा वर्मा पर जाता है क्योंकि सहायक अध्यापिका ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए हर पल उन्हें प्रेरित किया और अच्छे नंबर प्राप्त करने के लिए उनका उत्साहवर्धन भी किया यही नहीं बच्चों को छुट्टी के बाद भी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया और स्वयं उनके लिए समर्पित थी वर्ष 2022 –23 में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति का बाराबंकी से 1647 का लक्ष्य था जिसमें से 253 बच्चों ने परीक्षा में हिस्सा लिया और आज 216 बच्चे चयनित किए गए अब इस योजना के अंतर्गत इन मेधावी विद्यार्थियों के खातों में सरकार द्वारा लगातार 4 वर्षों तक 12000 प्रति वर्ष एक मुफ्त दिया जाएगा अब आगे की पढ़ाई में चयनित छात्रों को 60: अंक प्राप्त करने के बाद ही इस योजना का लाभ मिल सकेगा जिसमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय उधवापुर से नीतीश कुमार पुत्र सतीश कुमार को 32 वी रैंक का स्थान तथा शनि पुत्र दिनेश कुमार को 105 वी रैंक का स्थान प्राप्त हुआ है राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा पास कर इन मेधावी विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय का नाम रोशन करने के साथ–साथ क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है इनके माता–पिता का कहना है कि इनकी सफलता का मुख्य कारण सहायक अध्यापिका उमा वर्मा है जो सुबह शाम फोन पर भी इन बच्चों से हालचाल ले कर पढ़ाई की जानकारी देती थी और बच्चे भी उनके बताए द्वारा रास्ते पर चलते थे और आज इतनी बड़ीपरीक्षा को

पास किया है समस्त अध्यापक और अध्यापिका ओं को उमा वर्मा से सीख लेना चाहिए जिससे सभी के विद्यालयों का नाम रोशन होने के साथ–साथ उनके विद्यालयों के बच्चों का भविष्य संवर सके।

# कश्मीर में तीर्थो व तीर्थ पुरोहितों की दुर्दशा व पंडितों का हो रहा है शोषण : महेश पाठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा ।आज पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से बात करते हुए श्री माथुर चतुर्वेद समाजवादी पर अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महेश जी पाठक द्वारा कहे गए उन्होंने अपनी बात जारी रखते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के प्रतिनिधिमंडल के साथ 15 जुलाई से 17 जुलाई तक अपने भ्रमण के दौरान देखा कि सर्वप्रथम में अपने पदाधिकारियों के साथ मार्तंड तीर्थ मटन जिला अनंतनाग गया वहां मार्तंड तीर्थ ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सभी पुरोहितों से मुलाकात की और सूर्य भगवान के दर्शन किए और विमल कुंड पर सामूहिक पूजन किया उसके बाद महासभा का प्रतिनिधि मंडल तुलमुला ,जिला गंदेरबल स्थित खीर भवानी मंदिर पर गए और वहां पर पूजा अर्चना की उसके बाद लाल चौक पर कश्मीरी पंडित,स्थानीय पुरोहित समाज व स्थानीय बेरोजगार युवकों के दल मुलाकात की और वहां पर निवास कर रहे सभी कश्मीरी पंडितों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना वहां पर सभी तीर्थों की तीर्थ पुरोहितों की और कश्मीरी पंडितों की हालत बहुत ही चिंताजनक है जहां जहां हम गए वहां एक मंदिर के पुजारी ने अपना नाम गुल मोहम्मद बताया जिसे सुनकर सभी तीर्थ पुरोहित आश्चर्यचकित हुए और पता करने पर ज्ञात हुआ कि वहां लगभग 317 मंदिर ऐसे हैं जिनकी की बहुत ही दयनीय स्थिति है और वह एकदम खस्ता हालत में है और वहां कोई सेवा पूजा नहीं हो पा रही है और साथ ही साथ यह भी बताया कि कश्मीरी पंडितों के जो श्मशान स्थल हैं उन पर भी विधर्मी और द्वारा पूर्ण रूप से कब्जा कर लिया गया है जो कश्मीरी पंडित या सनातन धर्मी हर विषम परिस्थितियों मैं रह रहे हैं उनको कोई सुविधा सरकार की ओर से नहीं दी जा रही है बल्कि जो लोग यहां से चले गए हैं उनको भरपूर सुविधा दी जा रही है इन सभी बिंदुओं पर राज्यपाल श्री मनोज सिन्हा जी से 17 तारीख को मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन दिया जिसमें इन सभी बिंदुओं को उठाते हुए उनसे मांग की कि इन सभी समस्याओं को शीघ्र समाधान किया जाए और जहां जहां पंडित नहीं है पुजारी नहीं है उनसे जगह उनकी व्यवस्था की जाए पंडितों को प्रशिक्षण दिया जाए जिस पर सरकार की ओर से वैष्णो देवी स्थित मां वैष्णो श्राइन बोर्ड द्वारा संचालित संस्कृत विद्यालय में वैदिक प्रशिक्षण देने बात कही और वहां पर तीर्थों का विकास हो जैसे तीर्थयात्री जाएं वहां के पंडितों के युवा को रोजगार मिल सके इन सभी बातों का महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया इस पत्रकार वार्ता में अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महेश जी पाठक उपाध्यक्ष श्री नवीन नगर कोषाध्यक्ष श्री मुकेश स्वामी परिषद के संरक्षक श्री गिरधारी लाल पाठक उपाध्यक्ष श्री संजय चतुर्वेदी अल्पाइन कोषाध्यक्ष कमल चतुर्वेदी मंत्री नीरज चतुर्वेदी आशीष चतुर्वेदी आदि उपस्थित थे प्रेस वार्ता का संचालन परिषद के महामंत्री राकेश तिवारी एडवोकेट ने किया।

**युवा समाज सेवक गोविंद पाण्डेय का भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) का राष्ट्रीय युवा महासचिव नियुक्तकिया गया**

युवा समाज सेवक गोविंद पाण्डेय की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर अनेक संगठन उनको अपने साथ जोड़ने की कोशिश करती है और गोविंद पाण्डेय जीवनधारा संघ संस्था के संस्थापकध्राष्ट्रीय इसलिए अध्यक्ष है युवा होने के नाते युवा होने के नाते उनका नशा मुक्त अभियान,शिक्षा और युवाओं को रोजगार मिले व समाज कल्याण के हर संभव मदद करते लोगो की इसलिए हर प्रदेश में लोगो उन्हे संपर्क कर रहे और उनसे जुड़ रहे लेकीन किसानों की हालत देखकर गोविंद पाण्डेय ने हर संभव कोशिश और किसानो की मदद के लिए भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) से जुड़े है उनका कार्य देखकर किसानों की लड़ाई के लिए सदैव तत्पर रहने वाले किसान भाई के हर लड़ाई में खड़े रहने वाले भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के राष्ट्रीय मास्टर शयौराज सिंह ने युवा मोर्चा का राष्ट्रीय महासचिव के पद पर नियुक्त किया जिसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष और भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के पदाधिकारियों का गोविंद पाण्डेय ने आभार व्यक्त किया।

# संक्षिप्त समाचार

### पुलिस लाइन स्थित महिला सहायता प्रकोष्ठ में परिवार परामर्श का किया गया आयोजन,दो सुलह समझौता

दैनिक अयोध्या टाइम्स। बाराबंकी। पुलिस लाइन में स्थित कार्यालय महिला सहायता प्रकोष्ठ में परिवार परामर्श केन्द्र का आयोजन किया गया। जिसमें कुल छः द्विपक्षीय लोगों को बुलाया गया था और चार मामलों में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित आये तथा परिवार परामर्श के काउंसलर द्वारा दो सुलह समझौता कराया गया जो निम्न है–

1. रोली पुत्री लालता प्रसाद पत्नी विजय कुमार निवासी टेरा कलां थाना देवा। 2. पूजा पत्नी लालजी निवासी देवियापुर थाना सतरिख।

### राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा में चयनित छात्रो का हुआ स्वागत

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। प्रदेश स्तर पर सम्पन हुई राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा में चयनित बंकी ब्लॉक अन्तर्गत स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय माती के छात्रों का विद्यालय में भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन कुमार वर्मा ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि उक्त परीक्षा में चयनित छात्रों को सरकार चार वर्षों तक एक हजार रूपये प्रति माह देगी बशर्ते उन्हें शासकीय

विद्यालयों में ही पढ़ाई करनी होगी। विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती नीतू सिंह ने बताया कि उक्त परीक्षा के लिए चार बच्चों की तैयारी करायी गयी थी जिसमे तीन बच्चे जय कनौजिया, सरिता तथा पीयूष कुमार चयनित हुए है यह हमारे विद्यालय के गौरव की बात है। इस अवसर पर ए.आर. पी. ललित मोहन एवं संकुल प्रभारी सुभ्रा दीक्षित, किरन विश्वकर्मा, शहनाज परवीन, जनार्दन प्रसाद यादव, आनन्द प्रताप सिंह, मुमताज अहमद, सबा फातिमा, किरन भारती, प्रीति अवस्थी, निर्मला यादव सहित तमाम शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

### नगला दुहेली के प्रधान प्रदीप कुमार गुर्जर ने नहर रजवाहे कावड़ मार्ग पर कर रहें भोलों की सेवा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा।मुजफ्फरनगर।रुड़की मेरठ कांवड़ पटरी के अलावा नेशनल हाईवे पर शिवभक्त कांवडियों का रैला बम भोले–बम भोले के जयकारों के साथ आगे बढ़ता चल रहा है। इसे लेकर समाजसेवी लोगों और प्रशासन द्वारा सभी सुविधाए अपने–अपने स्तर से कांवड़ियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए की गई है ताकि शिवभक्त अपनी यात्रा सुगम तरीके से पूर्ण कर सके। इसके अलावा सामाजिक लोग

भी अपनी–अपनी इच्छानुसार शिवभक्त कांवड़ियों की विभिन्न प्रकार से सेवा करने में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में आज पुरकाजी क्षेत्र के नगला दुहेली के प्रधान प्रदीप कुमार गुर्जर ने नहर रजवाहे कावड़ मार्ग पर कांवड़ यात्रियों की सेवार्थ सहायता शिविर लगाया हुआ हैं जिसमें प्रधान प्रदीप और उनके साथियों ने हरिद्वार से गंगाजल लेकर पुरा महादेव की ओर जाने वाले कांवड़ यात्रियों को फल,भोजन और रुकने व उनके खाने के लिये भंडारा लगाया हुआ हैं कर भंडारे में दाल चावल कड़ी छोले पूरी आदि भोलो को खिलाकर उनकी सेवा कर रहें हैं।

### डिब्बे बनाने की फैक्ट्री में लगी आग लाखो का नुकसान

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। इंड्रस्ट्रियल एरिया के साइट ए में डिब्बा फैक्टरी में लगी भयंकर आग से गत्ता जलकर राख सूचना पर पहुंची अग्निशमन की 6 दमकल भी आग नहीं बुझा पाईं।

आसपास के सबमर्सिबल से पाइप लगाकर लोगों ने आग को बुझाया। देर शाम तक धुआं उठना बंद नहीं हुआ। शॉर्ट सर्किट से आग लगना बताया जा रहा है। शहर के गोपालपुरा निवासी बांकेलाल यादव की इंड्रस्ट्रियल एरिया के साइट ए में डिब्बा फैक्टरी है। इस फैक्टरी में मिठाई व अन्य सामान की पैकिंग के डिब्बे बनाए जाते हैं। गांव गढ़ाया के चंद्रपाल शर्मा फैक्टरी में चौकीदार हैं। प्रतिदिन की तरह वह फैक्टरी के शटर खोल रहे थे, तो धुआं उठता दिखाई दिया। तत्काल चौकीदार ने फैक्टरी स्वामी बांकेलाल यादव को सूचित किया। अंदर जाकर देखा तो भयंकर आग लगी हुई थी। सूचना पर अग्निशमन की दमकलें पहुंची तो उनका पानी ही खत्म हो गया। फिर आसपास के सबमर्सिबल में पाइप लगाकर आग को बुझाया गया। देरशाम तक फैक्टरी से धुआं उठना बंद नहीं हुआ। फैक्टरी स्वामी ने बताया कि लाखो का नुकसान हुआ है। शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। डिब्बा बनाने की फैक्टरी में करीब 15 कारीगर काम करते हैं। ऑटोमैटिक मशीनों से मिठाई, पैकिंग आदि के हर तरह के डिब्बे बनाए जाते हैं। सुबह फैक्टरी में कारीगर करीब 8रू30 बजे तक पहुंच जाते हैं। फैक्टरी स्वामी के अनुसार सुबह 5 बजे आग लगी होगी। 8 बजे वह खुद पहुंचे थे तो सब कुछ जलकर खाक हो चुका था। आग से लाखो रुपये से अधिक के हुए नुकसान ने बांकेलाल यादव को तोड़कर रख दिया है। वह बताते हैं कि जिंदगी में इससे बड़ा नुकसान नहीं हुआ। उनका सब कुछ खाक हो गया।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल में भरयना के 10वीं छात्र ने 94. 2 अंक प्राप्त कर माता पिता का बढ़ाया मान

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

भरथना,इटावा। जब से सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट आया है तब से सभी पास हुए छात्रों में व उनके परिजनों में अलग ही हर्ष उल्लास देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में इटावा के एक छात्र केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा वोर्ड में दिल्ली पब्लिक स्कूल के हाई स्कूल के छात्र असित यादव ने अंग्रेजी में 91,हिंदी 95, गणित 97, विज्ञान में 95,सामाजिक विज्ञान में 93, सूचना प्रौद्योगिकी 88 अंक पाकर 94.2 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में उचित स्थान प्राप्त किया। कस्बा के मोहल्ला गोविन्द नगर निवासी सभासद नीलम यादव पत्नी दलवीर सिंह यादव के पुत्र असित यादव ने सीबीएसइ हाई स्कूल वोर्ड परीक्षा में 94.2अंक प्राप्त कर अपने माता–पिता व गुरूजनों का मान बढ़ाया। वहीं असित ने बताया कि मेरी इस सफलता का श्रेय मेरे गुरूजनों के साथ साथ माता–पिता का है। जिन्होंने कैसी भी विषम परिस्थिति में लेकिन मेरी पढ़ाई का पूरा ख्याल रखा। मैं अपनी शिक्षा के शिखर तक पहुंच कर कुशल डॉक्टर के रूप में देश की सेवा करना चाहता हूँ।इस अवसर पर इष्टमित्रों व शुभचिंतको ने असित यादव को सफलता के लिए बधाई देते हुए उनकी लगन तथा कठिन परिश्रम की सराहना की।

### महर्षि विद्या मंदिर में कक्षा 12 और 10 में बच्चो ने मारी बाजी

फतेहपुर ।'सीबीएसई बोर्ड का कक्षा 12 और 10 का रिजल्ट जारी' जनपद के महर्षि विद्या मंदिर में कक्षा 12 और 10 में बच्चो ने मारी बाजी । निशिता मौर्या 95प्र.,शालिनी चतुर्वेदी 88प्र., आकांक्षा सिंह 88प्र., मान्या मनहोत्रा 84प्र., कांची गुप्ता 94प्र., अदिति त्रिपाठी 97प्र. आदि छात्र–छात्राओं ने अच्छे अंक ला कर अपने माता पिता का नाम रोशन किया । महर्षि विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी ।

## रामपुर जिले में कक्षा 12, कामर्स के छात्रों ने सीबीएसई परीक्षा मे अच्छे अंक लाकर अपना स्थान बना कर रखा

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी रामपुर जिले में कक्षा 12, कॉमर्स के छात्रों ने सीबीएसई परीक्षा मे अच्छे अंक लाकर अपना स्थान बना कर रखा।

सीबीएसई का रिजल्ट आने पर सनी सर से पढ़ने वाले सार्थक शर्मा ने अपने स्कूल सेंट एंथोनी स्कूल, कायनात ने अपने स्कूल महर्षि विद्या मंदिर मे टॉप किया। वहीं कई अन्य बच्चों ने भी अपने अपने स्कूल मे टाप–10 में अपना स्थान बनाया। सनी सर से पढ़ने वाले कई छात्रों का रिजल्ट 90 प्रतिशत से ऊपर रहा। सौ प्रतिशत रिजल्ट आने पर सनी सर ने सभी बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। सनी सर का कहना हैं कॉमर्स के छात्र देश के आर्थिक विकास मे सबसे ज्यादा

योगदान देते हैं।

रामपुर जिले के छात्र अब कॉमर्स विषय में उच्च स्थान प्राप्त कर रहे हैं। सनी सर ने सभी बच्चों को मिठाई खिला कर भविष्य के लिये शुभकामनायें दी।

## जनपद न्यायाधीश के निर्देश पर राष्ट्रीय लोक अदालत 13 के सफल आयोजन हेतु प्री-ट्रायल का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। जनपद न्यायाधीश के निर्देश पर राष्ट्रीय लोक अदालत 13 के सफल आयोजन हेतु प्री–ट्रायल का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन न्यायाधीश कु. आराधना रानी की अध्यक्षता में किया गया।

प्री–ट्रायल में 27 फाईलों को सुना गया। मोटर दुर्घटना न्यायाधीश ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना संबंधी याचनाओं को सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाना हैं। जिसके सम्बन्ध में जनपद के समस्त बीमा कम्पनियों के अधिवक्ताओं के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु चर्चा की गई। साथ ही पूर्ण कालिक सचिव द्वारा 13 अगस्त को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में भी जानकारी दी गई। लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को लगवाकर उनका निस्तारण सुलह समझौता के आधार पर करवाये। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से बैंक मामले, धारा–138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, वसूली वाद आदि (लंबित एवं प्रि–लिटिगेशन मामले) संबंधित प्रकरणों के साथ–साथ सभी सुलह योग्य आपराधिक वादों, सिविल वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के वाद, पारिवारिक वादों, स्टाम्प वादों, उपभोक्ता फोरम वादों, राजस्व वादों, चकबंदी वादों, श्रम मामलों, नगर पालिका टैक्स वसूली मामलों, विद्युत अधिनियम के अन्तर्गत सुलह योग्य वाद, अन्तिम रिपोर्ट धारा 446 द0प्र0सं0 संबंधी

मामले, पब्लिक प्रिविसेज एक्ट संबंधी मामले, उत्तराधिकार संबंधी मामले, आयुध अधिनियम के प्रकरण, बीमा संबंधी वाद, स्थानीय विधियों के अन्तर्गत शमनीय वाद, सेवा, वेतन संबंधी वाद, सेवानिवृत्ति परिलाभों से संबंधित प्रकरण, किरायेदारी वाद, वन अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा।

## नगर पालिका प्रशासन द्वारा लगातार जन जागरूकता अभियान चलाकर सिंगल यूज पालिथीन का प्रयोग नहीं किये जाने का आह्वान किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। प्रदेश सरकार द्वारा एक जुलाई से पूरे प्रदेश में सिंगल यूज पालिथीन पर पूर्ण से प्रतिबंध लगा दिया हैं। जिसको लेकर नगर पालिका प्रशासन द्वारा लगातार जन

जागरूकता अभियान चलाकर सिंगल यूज पालिथीन का प्रयोग नहीं किये जाने का आहवान किया जा रहा हैं लेकिन पालीथीन बेचने वाले अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।

वह लगातार सरकार द्वारा लगाये प्रतिबंध को नजर अंदाज कर अपना काम कर रहे हैं। एसडीएम सदर व ईओ ने संयुक्त रूप से इमली झूले वाली स्थित एक गोदाम पर छापामार कार्यवाही कर करीब 50 कुंतल प्रतिबंधित पालीथीन जब्त की हैं। छापामार कार्यवाही से व्यापारियों में हड़कंप मच गया।

ईओ डा. इंदु शेखर मिश्र ने बताया कि सूचना मिली थी कि मौहल्ला इमली झूले वाली स्थित शकील अहमद के गोदाम में कुंतलों प्रतिबंधित सिंगल यूज पालिथीन बेची जा रहीं हैं। एसडीएम सदर के नेतृत्व में पूरी टीम ने उक्त गोदाम पर छापामार कार्यवाही की तो वहां से करीब 50 कुंतल प्रतिबंधित सिंगल यूज पालीथीन बरामद हुई। मौके पर ही शकील ने अवैध भंडारण के जुर्माने की रकम अदा कर दी। ईओ ने बताया कि शहर में किसी भी हाल में सिंगल यूज पालिथीन का प्रयोग नहीं होने दिया जायेगा। पालिका प्रशासन अभी तक लगातार लोगों को इसके प्रति जागरूक कर पालीथीन प्रयोग नहीं करने की अपील कर रहा था लेकिन अभी सीधे कार्यवाही की जायेगी। उन्होने बताया कि पालिका प्रशासन द्वारा छापामार कार्यवाही में यदि किसी दुकान से प्रतिबंधित पालीथीन बरामद हुई तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने रामपुर के दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि सिंगल यूज पालीथीन पर प्रतिबंध लग चुका हैं इसलिए कोई भी दुकानदार पालीथीन को न बेचे और न ही उसका इस्तेमाल करें यदि ऐसा करते हुए कोई दुकानदार पकड़ा गया तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## जिला कलेक्ट्रेट में खाद्य पदार्थ कार्यालय में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की एक मीटिंग नए सहायक आयुक्त सुनील शर्मा के मध्यस्थता में संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम

रामपुर। जिला कलेक्ट्रेट में खाद्य पदार्थ कार्यालय में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की एक मीटिंग नए सहायक आयुक्त सुनील शर्मा के मध्यस्थता में हुई

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा अपनी और कोर कमेटी और व्यापारियों के साथ नए सहायक आयुक्त खाद्य सुनील शर्मा के साथ मुलाकात की और उनका स्वागत किया। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने बोलते हुए कहा कि रामपुर जनपद में आपका स्वागत हैं हमें आपसे अपेक्षा हैं कि किसी भी व्यापारी को कोई भी समस्या होगी उसका समाधान करेंगे और इस समय सबसे ज्यादा व्यापारियों को रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस में दिक्कत आ रहीं हैं। इन समस्याओं को दूर करने का कष्ट करें। सुनील शर्मा ने व्यापार मंडल को पूरा आश्वासन दिया कि रामपुर में किसी भी व्यापारी को कोई भी समस्या उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी

अगर कोई भी समस्या हैं वह मुझ से मिले।

इस मौके पर शाहिद शमसी, शोएब मोहम्मद खान, जगन्नाथ चावला, हारिस शमसी, प्रदीप खंडेलवाल, मुकेश आर्य, शाहकेब अहमद शमसी, बिलाल शमसी, हरीश अरोड़ा, राम गुप्ता, वाजिद अली आदि मौजूद थे।

# नगर निगम स्वानिधि महोत्सव में साध्वी निरंजन ज्योति ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ

अयोध्या टाइम संवाददाता हरिओम द्विवेदी कानपुर आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को स्वानिधि महोत्सव का आयोजन नगर निगम मोतीझील (प्रमिला सभागार) मे आयोजित हुआ। जिसमें पी0एम0स्वानिधि के 16 स्टाल स्ट्रीट वेण्डरों द्वारा एवं 23 स्टाल स्वयं सहायता समूहों व कोविड–19 हेल्प डेस्क, 03 पेटीएम एगीग्रेटर को मिलाकर कुल 43 स्टाल लगाये गये। जिनका निरीक्षणध्भ्रमण प्रातः 11:00 बजे माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री ग्रामीण विकास विभाग, साध्वी निरंजन ज्योति जी द्वारा किया गया। माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री जी द्वारा उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन करते हुये किया गया माननीय मंत्री जी द्वारा पी0एम0 स्वानिधि योजना के अन्तर्गत वेण्डरों को दिये जा रहे लाभ के बारे में एव क।ल् छन्ड्स के द्वारा किये गये उत्पादो के माध्यम से महिलाये किस तरह से आय स्वलम्बी बन रही है के बारे में बताया गया। जिसके बाद सम्बन्धी आयोजन स्वानिधि महोत्सव का शुभारम्भ माननीय अध्यक्ष विधान सभा श्री सतीश महाना के कर–कमलो द्वारा फीता काट के किया गया। प्रमुख आयोजन में नुक्कड़ नाटक, गणेश वन्दना, सांस्कृतिक कार्यक्रम, डॉक्युमेन्ट्री एवं पी0एम0 स्वानिधि योजना के 30 लाभार्थियों के परिचय बोर्ड का वितरण एवं रंगोली व अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। सभी को पेटीएम, फोन–पे जैसे डिजिटल पेमेंट ऐप का उपयोग करने हेतु कुल 450 वेण्डरों को डिजिटल ट्रेनिंग भी दी गयी। डिजिटल लेन–देन हेतु समस्त बैंकों द्वारा कुल 367 क्यू आर कोड का वितरण किया गया व दस–दस हजार के ऋण स्वीकृत प्रमाण पत्र वितरित किया गया। किदवई नगर इण्टर कालेज, कृष्णम् ग्रुप एवं वेण्डर्स के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री, साध्वी निरंजन ज्योति जी, माननीय विधानसभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय महापौर श्रीमती प्रमिला पाण्डेय व नगर आयुक्त, कानपुर नगर निगम श्री शिवशरणप्पा जी0एन0, अपर नगर आयुक्त, श्री सूर्य कान्त त्रिपाठी, अपर नगर आयुक्त श्रीमती रोली गुप्ता, संयुक्त नगर आयुक्त श्री जगदीश यादव, पी0एम0यू0 भारत सरकार से श्री शुभेंद्रु उपध्याय उपस्थित रही।

# हरियाली तीज के मौके पर खिवाज संस्था ने रंगारंग कार्यक्रम का किया आयोजन

जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, किन्नरों एवं दिव्यांगों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। हरियाली तीज क्वीन कार्यक्रम में शहर भर से आई महिलाओं ने नृत्य मेहंदी एवं गीत संगीत के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रीति योगेंद्र उपाध्याय, श्वेता स्वतंत्र, चारू बंसल एवं पूनम अरोड़ा ने किया। इस दौरान करीब आधा दर्जन दिव्यांग महिलाओं ने प्रतियोगिता में उपस्थित सभी महिलाओं को मेहंदी लगा कर अपनी प्रतिभा बिखेरी। दिव्यांग महिलाओं ने बेहद खूबसूरत और कलात्मकता के साथ मेहंदी को सभी महिलाओं के हाथों पर उकेरा। इस आश्चर्यजनक कलाकारी की सभी महिलाओं ने जमकर तारीफ की।

कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं ने पारंपरिक सावन मल्हार ,लोकगीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर समा बांध दिया।

किन्नर समाज के लोग भी शामिल हुए। उन्होंने गीत संगीत एवं परंपरागत लोक गीतों के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों का मन मोह कर कार्यक्रम को और भी में मनोरंजक तथा उत्साह वर्धक बना दिया। रिवाज संस्था अध्यक्ष मधु सक्सेना ने बताया कि दिव्यांग महिलाओं के हुनर को निखारने के लिए इस प्रकार के आयोजन संस्था लगातार करती रहती है जिससे दिव्यांग महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें।

विंकी गर्ग, श्वेता वाष्णेय, पूजा कालरा, निशा सिंघल, अंजलि स्वरूप ,रेनू बंसल, वर्षा गर्ग, प्रीति गुप्ता, अंजली यादव, मनीषा गुप्ता, कुंती सिंह जादौन ,राधा पवार , डाक्टर नेहा सक्सेना, निधि बेदी, रितु गोयल, जान्हवी बजाज, सुषमा प्रकाश, टीनू माथुर, निमिशा गोखानी,पूनम वाधवा, कंचन रहेजा,किरन सिंह,स्वेता गुप्ता,सुमति मेहरा,राधा तिवारी,रंजना राना,रामा पचौरी, मुस्कान जैसवानी, प्रियंका चौहान,विनीता गोयल, वीना कौशिक,अंजू कक्कड़, पूजा बत्रा,मिनी अग्रवाल प्रीती दरबारी,अनुपमा चौहान, निर्मल अग्रवाल, रश्मी गोस्वामी, सोनल शर्मा, साजल,रिचा गोयल, कीर्ती बंसल, गुंजन बंसल रुचि बंसल आदि लोग मौजूद रहे।

# जनपद भदोही थाना औराई क्षेत्र के अंतर्गत दो पुलिस चौकी बनाई गई

भदोही। आज दिनांक 23.07.2022 थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत दो पुलिस चौकियों–बाबूसराय व उगापुर का नवसृजन किया गया। डॉ0 अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक अधीक्षक भदोही, क्षेत्राधिकारी औराई सहित अन्य पुलिस अधिकारीध्कर्मचारीगण व आमजन की उपस्थिति में

नवनिर्मित पुलिस चौकियों का उद्घाटन किया गया। आमजन के सहयोग से पुलिस चौकियों का निर्माण कराया गया है। जनपद वासियों को नवसृजित पुलिस चौकियों के शुभारंभ से पुलिस की लगातार क्षेत्र में उपस्थिति व व त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने में सहूलियत मिलेगी।

# भारतीय मजदूर संगठन के 68 वे फाउंडेशन दिवस के उपलक्ष्य पर हुआ आयोजन

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

दिबियापुर,औरैया। शनिवार को भारतीय मजदूर संगठन के 68वे फाउंडेशन दिवस के उपलक्ष्य पर गेल एम्प्लॉयज एसोसिएशन के द्वारा यूनियन आफिस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मानव संसाधन विभाग के विभागाध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक आर.एस. वेलामुरुगन ने संगठन का ध्वजारोहण कर अपने शुभाशीष वचनों से अनुग्रहित किया। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक शशांक सक्सेना, गौतम सैकिया, मुख्य प्रबन्धक नवीन कुमार, मनोहर तथा गौरव घई ,गेल एम्प्लॉयज एसोसिएशन उपाध्यक्ष आशीष कुमार, क्षेत्रीय सचिव अजय कुमार चौधरी, इकाई सचिव पाता राधाकृष्ण शर्मा, इकाई सचिव सचिव दिबियापुर कंप्रेशर वीरेन्द्र कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष श्री कृष्ण गोपाल समेत समस्त गेल

एम्प्लॉयज एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रमुख सचिव परिवहन ने सड़क सुरक्षा कार्यो को लेकर बैठक में दिए दिशा निर्देश

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

० कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक

० स्कूलों में लगे वाहनों की जांच की जाए, जो अनफिट मिलें उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाए

औरैया। सड़क सुरक्षा के तहत सभी यातायात नियमों का उपयोग कराया जाए, जिससे दुर्घटनाओं में कमी हो, और लोगों का जीवन सुरक्षित हो सके। यह निर्देश प्रमुख सचिव परिवहन उत्तर प्रदेश शासन एल वेंकटेश्वर लू ने कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा कार्यों की समीक्षा बैठक के तहत दिए। उन्होंने पीडब्लूडी को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा के तहत सड़कों पर सभी संकेतांक लगा लिये जाए। उन्होंने एआरटीओ को निर्देश दिए कि वाहनों की चेकिंग की जाए, और सुरक्षा के बारे में लोगों को जागरूक भी किया जाए। डीआईओएस को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूलों में लगे वाहनों की जांच की जाए जो वाहन अनफिट पाए जाएं उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाए, और यातायात नियमों के बारे में बच्चों को जागरूक भी किया जाए। उन्होंने आरएमओ को निर्देश दिए कि बसों को चेकिंग की जाए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि जो व्यापारी सड़कों पर अतिक्रमण कर रहे हैं, उनको हटाया जाए और यादि उनके द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया जाता है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई भी करें। साथ ही उन्हें सड़क सुरक्षा के बारे में भी बताया जाए। उक्त के पूर्व उन्होंने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के बारे में जानकारी की और निर्देशित किया कि बच्चों को उच्च शिक्षा दी जाए। इससे बच्चे अपना भविष्य संवारने में सक्षम बन सके। उन्होंने कहा कि यदि प्रारम्भ शिक्षा अच्छी होगी तो वह आगे भी आसानी से बढ़ सकेंगे तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करके उच्च पदों पर अपनी सेवा देकर देशध् प्रदेश को विकास की राह में आगे बढ़ाने में भागीदार बनेंगे। प्रमुख सचिव परिवहन उत्तर प्रदेश शासन एल वेंकटेश्वर लू ने सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान अच्छा कार्य करने वाले छात्रध्छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक चारू निगम, अपर जिलाधिकारी रेखा एस चौहान, एआरटीओ अशोक कुमार, पीटीओ रेहाना बानो तथा संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्रा सम्मान समारोह के साथ नशे से दूर रहने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

• एनसीबी प्रमुख एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने कहा– नशे से दूर रहे और धाकड़ बनें युवा

• 9050891508 पर गुप्त सूचनाएं देकर नशा मुक्त हरियाणा में दें योगदान

यमुनानगर. श्री गुरु रविदास मंदिर प्रबंधक सभा द्वारा श्री गुरु रविदास मंदिर में छात्र छात्रा सम्मान समारोह के साथ साथ प्रयास संस्था और हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के साथ नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख एवं अम्बाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव साहब मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे जबकि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रोहतक नरेश कुमार डहरिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की. कार्यक्रम के अंतर्गत 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 116 विद्यार्थियों को मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया गया. मुख्यातिथि पधारे अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव साहब ने उपस्थित जन समूह एवं विशेष रूप से विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य के पास जीवन रुपी यात्रा को पूरा करने के लिए एक मनुष्य का शरीर एक साधन अर्थात एक गाड़ी है. यदि यह स्वस्थ होगा और नशे से दूर रहेगा तो कोई भी असंभव कार्य को सहजता से पूर्ण किया जा सकेगा और यदि यह शरीर अस्वस्थ होगा अथवा नशे के व्यसन में चल पडेगा तो व्यक्ति कोई भी कार्य सहजता से नहीं कर सकेगा. जीवन में ये 4–5 वर्ष बहुत ही महत्वपूर्ण हैं जिसमे आप को केवल अपने लक्ष्य की और केंद्रित रहकर आगे बढ़ना है. उन्होंने हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा धाकड़ परियोजना पर चर्चा करते हुए कहा कि धाकड़ वह नहीं है जो अच्छे कपडे पहनकर अथवा किसी स्टाइल में जीवन यापन करता है अपितु धाकड़ वह है जो अपने माता पिता के मस्तिष्क को अपने सद्कर्मों द्वारा गर्व से ऊँचा करता है. धाकड़ वह है जो अपने माता पिता का आदर करता है उनके चरणों में शीश झुकाता है. उनकी सेवा करता है. कठिन से कठिन परिस्थितियों में सच का दामन नहीं छोड़ता. उन्होंने

विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि नशे से दूर रहें और हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर गुप्त सूचनाएं देकर उनके लिए आँख और कान का काम करें ताकि अल्प समय में हरियाणा नशा मुक्त हो जाए. कार्यक्रम के मध्य में स्क्रीन के माध्यम से एनसीबी द्वारा जारी स्टेट एक्शन प्लान और एनसीबी का लोकप्रिय गीत दिखाकर उन्हें नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया. मंच का संचालन सभा के प्रधान जनता राम और ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से किया. कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक सुभाष चंद, निरीक्षक जोगिंद्र सिंह, सेवानिवृत निरीक्षक बलजीत सिंह, निरीक्षक कमलजीत, उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा आदि को मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया गया. इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष देवी लाल बूखड़ा, प्रधान जनता राम रौंटा, सचिव रणजीत, कोषाध्यक्ष निर्मल सिंह, प्रयास यमुनानगर, प्रयास कुरुक्षेत्र से कर्म चंद, प्रशांत शर्मा, सतीश सोनी, राजेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## बिजनौर पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने कावड़ियो की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

धामपुर दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी सैयद मासूम रजा । धामपुर पुलिस अधीक्षक बिजनौर दिनेश सिंह ने हल्दौर नेहटौर धामपुर पहुंच कर कांवरियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ अपने आंख कान खुले रखने की हिदायत की उन्होंने वाहन स्वामियों को चेताया कि यदि उन्होंने 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से अधिक तेज वाहन चलाया तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की

जाएगी एसपी बिजनौर। धामपुर श्रावणमास की कावड यात्रा शुरू हो गई है शुक्रवार से भोले के भक्त कावर्ती हरिद्वार से गंगाजल लेकर भारी संख्या में नगर से गुजरने शुरू हो गए हैं कावर्ती फूलों से सजी कांवड़ लेकर गुजर रहे हैं जो आकर्षक का केंद्र बनी हुई है कावर्ती डीजे की धुन पर नाचते गाते झूमते हुए नगर से गुजर रहे हैं नगर का पूरा माहौल शिव भक्तिमय बना हुआ है जगह जगह पुलिस पिकेट लगाई गई है पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह हल्दौर चौराहा नहटौर पहुंचे उन्होंने वहां मौजूद सीओ इंदु सिद्धांत कोतवाल माधो सिंह बिष्ट शहर इंचार्ज बबलू सिंह से कांवरियों की सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से जानकारी ली और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## लोक समाचार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर पूजन के साथ भंडारे का आयोजन

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कस्बा स्थित लोक समाचार के ऑफिस में एवं लोक समाचार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर पूजा अर्चना के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में लोग पहुंच कर लोक समाचार के एक वर्ष पूर्ण होने की खुशी में शुभकामनाओं सहित बधाई दी और लोक समाचार द्वारा लगातार किए गए जनहित के कार्यों की सराहना की तथा कार्यक्रम के

उपरांत सभी लोगों ने बाबा भोलेनाथ के सावन महीने में भंडारे का भी आयोजन किया गया था जिसमें सभी भक्तों ने बाबा भोलेनाथ के भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर लोक समाचार के एमडी विवेक बदलानी व एमडी अमर सिंह संपादक संजय सिंह व भ्रष्टाचार मुक्त भारत के संपादक अशोक मिश्रा व हाई कोर्ट वीरेंद्र सिंह व अलकांश पांडे व अनुराग तिवारी वरिष्ठ पत्रकार व अवनीश पांडे ब्यूरो चीफ व अनुभव कश्यप व अंकित तिवारी वरिष्ठ पत्रकार सहित काफी संख्या में संवाददाता रिपोर्टर एवं सम्मानित लोग उपस्थिति रहे। हर्षित जायसवाल व ग्रामवासी गण मौजूद रहे।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के किनारे धंसकी मिट्टीः नाले के ऊपर रखे पत्थर गिरे

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

० कई फीट गहरी कटान होने के बाद सड़क धंसने का डर

० सपा ने लगाया निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप

औरैया। जालौन में बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे की एक लेन में गड्ढे होने के बाद अब औरैया में एक्सप्रेस–वे के किनारे की मिट्टी भसक गई। जिससे नाले खुल गए हैं। जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। बीते 16 जुलाई को प्रधानमंत्री ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को जनता को समर्पित किया था। शुभारंभ के 5 दिन बाद जालौन में पहली बारिश में ही सड़क धंस गई थी और गड्ढे हो गए थे। इसके बाद इटावा में सड़क धंस गई ।

शनिवार को औरैया में टोल प्लाजा के निकट मिहोली गांव के पास सड़क किनारे मिट्टी धंस गयी और एक्सप्रेस वे के किनारे नाला धंस गया, जिससे सड़क किनारे खाई जैसे गड्ढे हो गए हैं। कई फीट गहरी कटान हो गई है। अब यहां पर सड़क धसने का डर बना हुआ है। उप्र सरकार के प्रशासनिक अफसरों ने चित्रकूट से इटावा तक बने बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे को सबसे कम समय 28 महीने ने निर्माण का दावा किया था। लेकिन शुभारंभ के बाद बारिश शुरू हुई तो एक्सप्रेस वे की गुणवत्ता की पोल खुलने लगी है। शुभारंभ के समय ही औरैया व इटावा में काफी काम शेष था। पहली बारिश में जालौन में सड़क धंसी तो एक्सप्रेस वे की गुणवत्ता पर सवाल उठे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। इसके बाद शुक्रवार को इटावा में ताखा के पास सड़क किनारे मिट्टी धंस गई और बड़े गड्ढे हो गए।

## रोजगार एवं व्यापार को अपनाकर हम समाज से गरीबी को हटाने का प्रयास कर सकते हैं

ओंकार नाथ चौधरी। बलरामपुर जनपद सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम का आन लाइन आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी द्वारा आयोजित किया गया बलरामपुर, लखनऊ,उन्नाव ,श्रावस्ती, प्रतापगढ़ सीतापुर रायबरेली,प्रयागराज,इलाहाबाद, हरदोई,वाराणसी, लखीमपुर भदोही,फतेहपुर,कानपुर, बाराबंकी, पंजाब , विहार, प्रदेशों व जनपदों से पासी समाज के साथी ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम का संचालन श्री शिवराम रावत उन्नाव से व श्रीमती रीता चौधरी श्रावस्ती द्वारा किया गया।

श्री रामहित भारती प्रयागराज ने कहा कि समाज में गरीबी हटाना है तो हम लोगों को व्यापार रोजगार की ओर विशेष ध्यान देना होगा क्योंकि आज जो लोग रोजगार व्यापार से जुड़े हैं वह कभी दुखी नहीं है।

श्री शिवराम रावत उन्नाव जी ने कहा कि सरकार द्वारा गरीबी भगाने के लिए कई योजनाएं चला रखी है जिसमें समाज कल्याण विभाग से गरीबों के लिए तमाम हो जाए चलाए जा रहे हैं जिसका लाभ गरीब लोग ले सकते हैं और श्रमिकों के लिए श्रम विभाग द्वारा पंजीयन कराकर के शिक्षा से लगा कर के रोजगार तक पहुंचने का सुलभ साधन है।

श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ ने कहा कि हम लोग गरीबों का मदद करके उनके आय बढ़ाने में अपना सहयोग कर सकते हैं और को सही दिशा निर्देश देकर गरीबी हटाने का प्रयास कर सकते हैं।

इस कार्यक्रम में,श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ, श्री शिवराम रावत उन्नाव, श्री रामहित भारती प्रयागराज ,श्री अशोक महतो नालंदा बिहार श्री सुखराम रावत लखनऊ , श्री अमृत लाल जी रायबरेली, श्रीबालकराम जी हरदोई, श्री जोगराज जी दिल्ली, श्री राजेश जी प्रयागराज ,श्री राम कुमार भारती लखनऊ, श्री डॉक्टर सुभाष चंद्र प्रयागराज, आदि स्वाजाति बन्धु प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का समापन श्री बालकराम जी हरदोई द्वारा किया गया।

## सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र का राज्य मंत्री ने किया परिभ्रमण जाना कन्नौज के इत्र का इतिहास

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज समाज कल्याण राज्यमंत्री व्यस्त कन्नौज दौरा था जिसके चलते जहां एक ओर कलेक्ट्रेट परिसर में लैपटॉप वितरण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आदि व्यस्त कार्यक्रमों के बाद कन्नौज की पहचान सुगंध से है इत्र और खुशबू की जानकारी कर क्षेत्रवासियों को उसके द्वारा किस प्रकार लाभ दिलाया जा सके इसके लिए

समाज कल्याण राज्यमंत्री ने कन्नौज स्थित सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र (एफ एफ डी सी) का परिभ्रमण कर जानकारी अर्जित की।

समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण जहां एक ओर सरकार की नीतियों और उनकी उपलब्धियों को मजबूती देकर उसके विस्तार करने को हमेशा तत्पर रहते हैं उसके लिए अपने व्यस्त कार्यक्रमों में से समय निकालकर क्षेत्र और प्रदेश को किस प्रकार लाभान्वित किया जाए उसके लिए हमेशा तत्पर रहते हैं उसी कड़ी में आज कन्नौज की पहचान इत्र के बारे में जानकारी अर्जित कर किस प्रकार प्रदेश वासियों और क्षेत्र वासियों को लाभ हो उसके लिए सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र एफएफडीसी का परिभ्रमण कर गहनता से अध्ययन कर एफएफडीसी के प्रधान निदेशक शक्ति विनय शुक्ला से जानकारी अर्जित की परिभ्रमण का मुख्य उद्देश्य फूलों पर आधारित खेती कर किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को प्राप्त करने का भागीरथ कार्य हो सके जिससे प्रधानमंत्री के मिशन जिसमें कि किसानों की आय दुगनी करने की बात कही जाती है उसको पूरा किया जा सके इस प्रकार के कार्यक्रम राज्य मंत्री की दूरदर्शी सोच के परिणाम के रूप में दिखाई दे रहे हैं स भ्रमण कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज्योत्सना अरुण डॉ ज्योत्स्ना शुक्ला भी मौजूद रही।

## अनियंत्रित बाइक निर्माणाधीन पुल से टकराई,एक की मौत

अमेठी ब्यूरो चीफ एस० बी० यादवजगदीशपुर –अमेठी।

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या रायबरेली रोड पर स्थित डोमाडीह गांव के निकट एक बाइक अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन पुल से टकरा गई। जिसमें बाइक चला रहा व्यक्ति व उस पर छोटे बच्चे को लेकर बैठी उसकी पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गई । घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ईलाज हेतु सीएचसी जगदीशपुर में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने रामावती पत्नी अमरजीत उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी पूरे अमेठियन मजरे दिछौली थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तथा वहीं पर मृतिका का पति अमरजीत पुत्र शिव प्रसाद उम्र लगभग 45 वरष निवासी उपरोक्त को गम्भीर चोट होने के कारण प्रथम उपचार बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर

दिया। तथा उनके दो वर्षीय बालक का ईलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मृतक रामावती के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।इस सम्बन्ध में पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भेजकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सुनी आमजनमानस की समस्याएं, गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण का दिया निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

बलरामपुर! माह के चतुर्थ शनिवार पर जनपद के सभी स्थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ ।

जिलाधिकारी बलरामपुर श्रुति व पुलिस अधीक्षक बलरामपुर राजेश कुमार सक्सेना द्वारा थाना को० नगर एवं को० देहात पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर कुछ का मौके पर निस्तारण गया तथा कुछ के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग–अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्यायपूर्ण निस्तारण हो सके।

इस अवसर पर उप जिला अधिकारी बलरामपुर सदर राजेंद्र बहादुर व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जल ही जीवन है के लिए किया जागरूक

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। भूजल सप्ताह के समापन जल जीवन मिशन के अंतर्गत संस्था भारती संस्कृति सेवा सुरक्षा समिति के माध्यम से जनपद कन्नौज के जलालाबाद विकास खंड मे बैठक कर जागरूक किया गया।

ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में जल के प्रति प्रेरित करते हुए विभिन्न विंदुओ पर वार्ता कर सीधा संवाद किया। लोगो के विचारो को भी सुना ।भूजल सप्ताह के तहत भूजल को कैसे बढ़ाया जाए । ज्यादा से ज्यादा वर्षा जल का संचय किया जाए तभी हमारा जो प्रयास है वो सफल होगा।इस मौके पर ग्राम प्रधान , जिला अनुश्रवण इकाई के आई एस ए कॉर्डिनेटर मो सैफी उनके साथी अधिकारी भारती संस्कृति सेवा सुरक्षा समिति के कॉर्डिनेटर सौरभ अवस्थी , सत्यम ठाकुर , मनीष राजपूत , इशू त्रिपाठी और समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

## 1008 समय माता स्थान पर जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास/भूमि पूजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता। उतरौला(बलरामपुर) शनिवार को उतरौला विधानसभा क्षेत्र के ग्रामसभा मोहनजोत (केवटली) में 1008 समय माता स्थान पर जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास/भूमि पूजन किया एवं समय माता जी से क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि हेतु प्रार्थना की। उक्त अवसर पर ब्लॉक प्रमुख उतरौला महिपाल चौधरी , पूर्व चेयरमैन उतरौला

अनूप चंद्र गुप्ता , संजय गुप्ता , राम निवास जायसवाल , मनीराम यादव, मंशा राम , मुनेश्वर प्रसाद साहू,पूर्व प्रधान मुबारक अली , पवन कुमार यादव आदि थे।

# युवक को मारपीट कर किया था घायल जिसकी इलाज के दौरान हुई मौत

बेला,औरैया–थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरौली शिव निवासी बृजेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि विगत 26 जून को उसके 21 वर्षीय पुत्र राहुल रात्रि में लगभग 8 बजे खेतो की तरफ गया हुआ था। तभी रास्ते मे गाँव पूर्वा जितायक निवासी नीलेन्द्र पुत्र रामअवतार, रामबाबू पुत्र मौजीलाल, हरिश्चंद्र पुत्र रामकुमार ने एक राय होकर उसके पुत्र को घेरकर लाठी डंडे से मारपीट की व जान से मारने की नीयत से गला भी दबाया और उसके पुत्र को मरणासन्न अवस्था में छोड़कर भाग

गए। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुँचकर उसने अपने पुत्र को रात्रि में याकूबपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ से उसे कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया गया। पीड़ित ने अपने पुत्र को हैलट में भर्ती कराने के बाद विगत 13 जुलाई को पुत्र के साथ हुई घटना का शिकायती पत्र दिया। जिस पर पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की। इलाज के दौरान विगत 21 जुलाई को राहुल ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। जिसके बाद सूचना पर पहुँची स्वरूप नगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए

भेज दिया। शुक्रवार देर शाम युवक का शव गाँव पहुँचा। शव देख परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। राहुल घर मे दो बहन व दो भाई में सबसे बड़ा भाई था। सबसे बड़ी बहन उपासना, उससे छोटी बहन उजाला व छोटा भाई केशव है। माँ अनीता का रो रोकर बुरा हाल था। शुक्रवार की रात परिजनों ने थाने पहुँचकर शिकायती पत्र दिया। जिस पर पुलिस ने तुरंत अभियोग दर्ज कर लिया।

# यमुना तट पर स्थित अंत्येष्टि स्थलों की सफाई अभियानों का 142 वें चरण के उपरांत हुआ अर्ध समापन

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

० यमुना नदी में निरंतर पानी बढ़ने से यमुना तट हुआ जल मग्न

०समिति के सदस्यों ने यमुना मैया की पूजा–अर्चना व प्रसाद वितरण के उपरांत अर्ध समापन किया'

औरैया एक विचित्र पहल सेवा समिति रजि. औरैया द्वारा स्वच्छता अभियान व यमुना तट के सौंदर्यीकरण हेतु यमुना तट पर स्थित अंत्येष्टि स्थलों पर विगत 8 वर्षों से अनवरत सफाई अभियान चलाया जा रहा हैं, यमुना नदी में निरंतर बढ़ रहे पानी के कारण अंत्येष्टि स्थलों के साथ संपूर्ण यमुना तट जलमग्न हो गया, समिति के सदस्यों द्वारा आज दिनांक 23 जुलाई 2022 दिन शनिवार को प्रातः 7 बजे यमुना तट पहुंचकर यमुना मैया की पूजा–अर्चना व प्रसाद वितरण के उपरांत 142 वें चरण में श्मशान घाट सफाई अभियान का अर्ध समापन कर दिया गया, समिति के संस्थापक ने बताया कि यमुना नदी की बाढ़ के उपरांत स्थिति सामान्य होने के उपरांत जल संरक्षण के अंतर्गत करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र यमुना मैया के चरणों में अंत्येष्टि स्थलों पर जनहित में सफाई अभियान अनवरत जारी रहेगा। यमुना तट पर स्थित राम झरोखा में समिति द्वारा आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि समिति के सदस्यों द्वारा विगत 8 फरवरी 2015 प्रथम चरण से 17 जुलाई 2022 अब तक यमुना नदी जल संरक्षण के अंतर्गत श्मशान घाटों की सफाई के 142 चरणों में सफाई यंत्रों के सहयोग से लगभग 48 टन कूड़ा–कचरा व अपशिष्ट आग द्वारा नष्ट कर यमुना नदी में जाने से रोका गया। आयोजन में प्रमुख रूप से सभासद छैया त्रिपाठी, रानू पोरवाल, आनन्द गुप्ता डाबर, अन्नू यादव, आदित्य पोरवाल, नितिन वर्मा, अर्पित गुप्ता, सतीश पोरवाल, रज्जन बाल्मीक आदि यमुना मैया के सेवादार मौजूद रहे।

# प्रसव के बाद महिला की बिगड़ी हालत रास्ते मे हुयी मौत परिजनों का अस्पताल के महिला डाक्टरों पर गंम्भीर आरोप

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

अछल्दा,औरैया। दर्द से परेशान गर्भवती महिला को परिजन शुक्रवार रात्रि करीब साढ़े 8 बजे 30 शैय्या अस्पताल में लेकर गये जहाँ पर महिला को भर्ती करवाया गया। दर्द से कराहती महिला के परिजन कई बार ड्यूटी पर तैनात महिला स्वास्थ्य कर्मियों के पास गये तो उन्होंने पहले तो सुना ही नहीं जब सुना डांट दिया कि अभी प्रसव होने में समय लगेगा। अछल्दा क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी नीरज पत्नी सोनू उम्र 26 वर्ष गर्भवती थी ज्यादा दर्द होने पर शुक्रवार रात्रि करीब साढ़े 8 बजे परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के 30 शैय्या महिला चिकित्सालय में प्रसव के लिये लेकर पहुंचे जहां पर रात्रि

भर दर्द से कराह रही महिला का सुबह 8 बजे प्रसव करवाया गया जिसमें महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। लेकिन महिला के ब्लीडिंग बहुत ज्यादा होने पर महिला डॉक्टरों ने उसे सैफई रिफर कर दिया गया रास्ते मे महिला की हालत ज्यादा गम्भीर होने पर परिजन उसको इटावा स्थित मोतीझील अस्पताल में लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन महिला का शव लेकर अपने गांव पहुंचे तो गांव में कोहराम मच गया महिला के पति सोनू ने आरोप लगाया है कि रात्रि में दर्द ज्यादा होने पर कई बार महिला चिकित्सक के पास गये तो उन्होंने कई बार डांट दिया कि प्रसव अपने समय पर होगा जब ज्यादा दर्द होने लगा तो रात्रि करीब 12 बजे जब दोबारा महिला चिकित्सक को बुलाने पहुंचे तो दरवाजा बन्द कर वह सो रहीं थी। जब कई बार आवाज लगाई तो महिला चिकित्सक ने डांटते हुये कुछ दवाइयां अस्पताल से बाहर के लिये लिख दीं स परिजनों का कहना है कि महिला की हालत ज्यादा गम्भीर थी तो उन्हें रात्रि में ही रिफर कर

देना चाहिये था मृतक की शादी करीब साढ़े 6 वर्ष हुयी थी जिसके 3 वर्ष की लड़की प्रगति एवं 2 वर्ष का एक पुत्र प्रांशु है। चिकित्सा अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि महिला को पोस्टपार्टम हैम्रेज (पीपीएच) का लक्षण था इस कारण महिला को सैफई रिफर किया गया था।

# एटीएम कार्ड बदलकर फ्राड करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

• एसपी औरैया ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय ककोर में प्रेसवार्ता आयोजित कर दी जानकारी

औरैया। विगत कई माह से जनपद में शिकायतें प्राप्त हो रही थी कि एक गैंग द्वारा सीनियर सिटीजन व भोले–भाले लोगों को टारगेट करके एटीएम मशीन में मदद करने के बहाने से उनका एटीएम कार्ड बदलकर फ्राड करके पैसे निकाले जा रहे है। उक्त घटनाओं की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए तथा जनता में पुलिस के प्रति विश्वास कायम रखने की दृष्टि से पुलिस अधीक्षक चारु निगम के निर्देशन में एसओजी टीम को घटनाओं के अनावरण व उक्त गैंग की गिरफ्तारी हेतु लगाया गया था। इसी क्रम में एसओजी टीम द्वारा विगत माह में हुई घटनाओं के घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा आस–पास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले गये एवं एटीएम

मशीनध्बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज हेतु एटीएम हेड मुम्बई से भी सम्पर्क किया गया जिससे कई संदिग्ध व्यक्तियों के फुटेज प्राप्त हुए जिनकी पहचान हेतु इलेक्ट्रानिक तथा मैनुएल साक्ष्यों को भी एकत्रित किया गया तथा मुखबिर आदि को भी सक्रिय किया गया। शनिवार को पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने पुलिस मुख्यालय ककोर में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि एसओजी टीम व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर शनिवार को चेकिंग के दौरान दयालपुर ओवर ब्रिज के पास से समय करीब 12.30 बजे उक्त घटनाओं को कारित करने वाले गैंग के 3 सदस्य जिसमे वीपी सिंह दोहरे पुत्र अशोक दोहरे निवासी हसनपुर थाना कुठौंद व गोलूपुत्र रमेश दोहरे निवासी तौलकपुर थाना कुठौंद जनपद जालौन , मंगल सिंह पुत्र राम प्रकाश निवासी मघापुर मडैया थाना सिरसाकलार जनपद जालौन को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से भारी मात्रा में एटीएम कार्ड्स, 29,310 रू नगद, 3 मोबाइल फोन व वैगन–आर कार बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों ने पुलिस पूछताछ के दौरान बताया कि हम तीनो जनपद जालौन के रहने वाले है हम लोग पिछले कई सालों से इस तरह की घटनाएं करते आ रहे है वर्ष 2019 में गोलू व मंगल सिंह जनपद भिण्ड म0प्र0 से जिले भी जा चुके है। हम लोग अपनी कार से आस–पास के जनपदों इटावा , कानपुर देहात व राज्यों (भिन्ड (म0प्र0), राजस्थान) तक जाकर विभिन्न स्थानों में लगे एटीएम बूथ की पहले निगरानी करते है । हम लोग वृद्ध लोगों व भोले–भाले लोगों को जिन्हे एटीएम के बारे में कम जानकारी होती है उन्हे टारगेट करके मदद के बहाने उनका पिन कोड देखकर एटीएम बदल लेते है बाद में अन्य एटीएम व पेट्रोल पम्प की स्वैप मशीन में जाकर पैसे निकालकर आपस में बांट लेते हैं।

# राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा में चयनित छात्र हुए सम्मानित

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

०सदर विकास खंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के चार छात्र हुए चयनित'

औरैया। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सदर विकासखंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोहना के 4 छात्र–छात्राओं ने जनपद में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। शनिवार को उत्तीर्ण छात्रों को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया गया। मानव संसाधन विकास मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2021–22 का आयोजन 24 अप्रैल को किया गया था। इसमें जिले के 1320 छात्र शामिल हुए थे। चयनित हुए छात्रों में मणि गौतम पुत्र अवताब सिंह, विष्णु कुमार पुत्र बीरबल, निशा गौतम पुत्री संदीप कुमार, सुनैना पुत्री वीरेंद्र कुमार हैं। चयनित हुई छात्रों ने इसका श्रेय विशेष रूप से विद्यालय के शिक्षक सुभाष रंजन दुबे एवं अन्य विद्यालय स्टाफ को दिया, जिन्होंने विशेष रूप से परीक्षा से सम्बंधित विषयवस्तु उपलब्ध कराकर परीक्षा की तैयारी करवाई। विद्यालय के छात्रों की इस सफलता पर खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्र प्रकाश, सहायक अध्यापक कुलदीप सिंह, सुभाष रंजन दुबे, अवधेश पोरवाल, एआरपी टीम औरैया व ग्राम प्रधान राजकुमार गौतम ने बधाई दी,वहीं छात्रों का मुँह मीठा कराकर माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। जानकारी

हो कि इस छात्रवृत्ति परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को कक्षा 9 से 12 तक चार वर्ष के लिए 1000 रुपए प्रतिमाह की छात्रवृत्ति प्राप्त होती है।

# छात्र समस्या का समाधान छात्र संसद से ही करें- एसपी

• छात्र संसद का शपथ समारोह संम्पन्न

• सरस्वती विद्या मंदिर में छात्र संसद, कन्या भारती ,शिशु भारती का शपथ ग्रहण समारोह'

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

दिबियापुर,औरैया। शनिवार को नगर स्थित सरस्वती शिशुविद्या मंदिर इंटर कालेज दिबियापुर के विवेकानंद सभागार में छात्र संसद, कन्या भारती , शिशु भारती का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक चारु निगम, विद्यालय के प्रबंधक डाक्टर नरेंद्र त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्य सुशील कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से माँ वीणावादिनी के चित्र पर दीपप्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने छात्रा चंद्रप्रभा को कन्या भारती, भैया गौरव भारती को छात्र संसद के प्रधानमंत्री और शिशु भारती के कृतिका त्रिवेदी को अध्यक्ष की पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई । पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने कहा कि छात्र संसद के माध्यम से समस्या का समाधान करें, लक्ष्य को निर्धारित करके अपने कार्य को पूरा करें, उन्होंने कहा कि शारीरिक विकास भी मानसिक विकास के साथ साथ बहुत जरूरी है, छात्र ही देश के भविष्य है और इन्ही में से कुछ छात्र आगे चलकर देश एवम प्रदेश का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। छात्र के लिए समय पालन अनुशासन और माता पिता और अपने गुरुजनों का आदर करना नही भूलना चाहिए। प्रबंधक डाक्टर नरेंद्र त्रिपाठी ने छात्रों को छात्र संसद के माध्यम से भारतीय संसदीय प्रणाली को समझने के लिए प्रेरित किया और छात्रों को उनके दायित्व का बोध कराते हुए अपने अपने विभाग में सक्रियता से कार्य करने की सलाह दी। कार्यक्रम की प्रस्ताविकि विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार तिवारी ने प्रस्तुत की। व मुख्य अतिथि का शाल्यार्पण व मालार्पण कर स्वागत किया। व कार्यकम के अंत में एसपी ने पौधारोपण भी किया। मंत्रिमंडल में मोनिका और गुरुवंश को अनुशासन मंत्री, विपिन यादव को चिकित्सा मंत्री, शिल्पी को वंदना मंत्री,

दिशा पोरवाल को सांस्कृतिक कार्यक्रम मंत्रालय दिया गया और भैया प्रतीक को सेनापति शिशु भारती का पदभार दिया गया। संचालन गिरीश शुक्ला ने किया। कार्यक्रम संयोजक छात्र संसद प्रमुख आचार्य राजीव चतुर्वेदी रहें। यह जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रमुख उपेंद्र यादव ने दी।

# संक्षिप्त समाचार

### सरकारी खाद्य व रसद की दुकान पर राशन लेने गये उपभोक्ता के साथ डीलर ने की मारपीट

औरैया–अटसू क्षेत्र के गांव रामनगर कुलरूआ निवासी युवक ने चौकी अटसू में शिकायतीपत्र देते हुए बताया कि मैं ब्रस्पतिवार को राशन डीलर के पास अपने कार्ड पर मिलने वाला खाद्यान्न लेने गया तभी हमारे बाद में आये लोगो को खाद्यान्न देते रहे मैंने कहा हमको भी दे दो तो रूकने की बात कहकर टरकाते रहे।जिसका विरोध करने पर डीलर व उसके बेटे ने मेरे साथ मारपीट की।

उक्त गांव निवासी नरेंद्र कुमार ने बताया कि राशन डीलर गोविंद सिह आलमगीर के यहां मुझे हर माह राशन मिलता है ।राशन डीलर अपनी दुकान अटसू में संचालित करते हैं ,मैं सुबह से लाईन में लगके राशन लेने को खड़ा रहा वही बाद में आये अन्य लोगों को देकर चलता किया।ऐसे ही बीते महीने भी अंगूठा लगवाने के बाद भी राशन नहीं दिया।इसी को लेकर जब मैंने विरोध किया तो मेरे साथ डीलर व उसके लड़के ने मारपीट कर कपड़े फाड़ दिये।जिसकी लिखित शिकायत देकर डीलर के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की।

### अनियंत्रित बाइक निर्माणाधीन पुल से टकराई,एक की मौत

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव जगदीशपुर –अमेठी।

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या रायबरेली रोड पर स्थित डोमाडीह गांव के निकट एक बाइक अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन पुल से टकरा गई। जिसमें बाइक चला रहा व्यक्ति व उस पर छोटे बच्चे को लेकर बैठी उसकी पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गई । घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ईलाज हेतु सीएचसी जगदीशपुर में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने रामावती पत्नी अमरजीत उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी पूरे अमेठियन मजरे दिछौली थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तथा वहीं पर मृतिका का पति अमरजीत पुत्र शिव प्रसाद उम्र लगभग 45 वरष निवासी उपरोक्त को गम्भीर चोट होने के कारण प्रथम उपचार बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। तथा उनके दो वर्षीय बालक का ईलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मृतक रामावती के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।इस सम्बन्ध में पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भेजकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### मेधावीयों को किया गया सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला(बलरामपुर) टाइनी टोट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल उतरौला में मेधावी छात्रों का सम्मान हुआ। शनिवार को हुए सम्मान समारोह में सी बी एस सी की हाई स्कूल और इण्टरमीडिया के बोर्ड परीक्षा वर्ष 2021–22 में हाईस्कूल में 75: से अधिक अंक पाने वाले मेधावी छात्रों को प्रबंधक सैफ अली के द्वारा सम्मानित किया गया। इण्टर मीडिएट में 87: अंक हासिल करने

वाले छात्र महेंद्र को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया तथा इण्टर और हाई स्कूल के अन्य विद्यार्थियों अभिषेक मोदनवाल, अभिषेक यादव, मरियम, मिस्कत, नायला, अंशिका, अखिलेश, अनिल शर्मा, सुहानी और शिवानंद आदि को मेडल प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानि किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने बच्चों को भविष्य में और अच्छे अंक से पास होने के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। इस मौके पर विद्यालय के सभी छात्र एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

### चोरों ने रात में तीन जगह ताला तोड़कर लाखों का सामान पार किया

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

०घटना की सूचना के घण्टो बाद भी नहीं पहुंची पुलिस लोगों में आक्रोश'

ककोर,औरैया। जिला मुख्यालय ककोर के आस पास पुलिस सख्ती और गश्त की पोल खुल गई। रात में चोरों ने एक घर एक दुकान व स्कूल को निशाना बनाया। ताला तोड़कर चोर लाखों का माल चोरी कर ले गये। सुबह जब लोग जागे तब घटना की जानकारी हुई। सूचना देने के बाद भी पुलिस घण्टो नहीं पहुंची। जिससे लोगों में आक्रोश बना हुआ है। गांव कढोरे का पुरवा में विमला देवी पत्नी घनश्याम सिंह के घर चोर छत के रास्ते से घुस गये और ताला तोड़कर कमरे से दस हजार रुपये नगद और करीब एक लाख के जेवर चोरी कर ले गये। इसी गांव में बीनू यादव की किराने की दुकान का भी चोरों ने ताला तोड़ दिया और और करीब बीस हजार रुपये का सामान भर ले गये। इसके बाद चोरों ने ककोर स्थित बाल विकास विद्या मन्दिर को निशाना बनाया। जहां से चोर ताला

तोड़कर गैस सिलिंडर, पंखे इन्वर्टर कार की स्टफनि व फीस के कुछ रुपये सहित करीब पचास हजार का माल पार कर ले गए। सुबह जब लोग जागे तो घटना की जानकारी हुई। चोरी की सूचना पर ग्रामीण एकत्रित हो गये। पुलिस को सूचना दी गई , लेकिन पुलिस घण्टो नहीं पहुंची, जिससे लोगों में आक्रोश रहा। दिबियापुर थाना पुलिस का कहना था कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### जिलाधिकारी ने बीजलपुर यमुना घाट का लिया जायजा जिला प्रशासन बाढ़ से प्रभावित होने वाले लोगों की सुरक्षा व सहायता लिए दृढ़ संकल्पित- डीएम

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया 23 जुलाई 2022– जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने शनिवार को बीजलपुर यमुना घाट का जायजा लिया और वर्षा ऋतु में आने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की, तथा लोगों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन हर संभव मदद के लिए दृढ़संकल्पित है। उन्होंने कहा कि फिर भी आप लोग यमुना के बढ़ते जल स्तर पर

सतर्कतापूर्ण नजर बनाए रखें जिससे किसी प्रकार की कोई घटना से बचा जा सके।

उक्त अवसर पर भारत प्रेरणा मंच के महासचिव अविनाश अग्निहोत्री ने बताया कि स्वतंत्रता आंदोलन के समय 1858 में इस क्षेत्र के लोगों ने बढ़–चढ़ हिस्सा लिया था। उन्होंने वह स्थान भी दिखाया जहां 12 मई 1858 से 16 मई 1858 तक अंग्रेजो से लोहा लिया और अंग्रेजों को वापस होने के लिए मजबूर कर दिया, परन्तु 81 शहीदो को अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी। ग्राम वासियों ने जिलाधिकारी से कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले अमृत महोत्सव के अवसर पर यादगार स्मृति के रूप में कुछ शहीद स्थलध्शहीद पार्क ग्राम वासियों को दे दिया जाये बहुत अच्छा रहेगा। जिस पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही इस कार्य का प्रारंभ करा दिया जायेगा। उन्होंने उपजिलाधिकारी अजीतमल को निर्देशित किया कि ग्राम समाज की जो भूमि है उसपर शीघ्र कार्य प्रारंभ कर अमृत शहीद उपवन बनाया जाये। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी औरैया, एसडीओ वन, क्षेत्राधिकारी पुलिस अजीतमल, अध्यक्ष भारत प्रेरणा मंच डा.अजय शुक्ल अंजाम आदि उपस्थित थे।

## जिला पंचायत की बीमारी के चलते निधन पर क्षेत्रवासियों का उमड़ा जनसैलाब

(संजय शुक्ला) दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के वार्ड नंबर–19 अमौली जिला पंचायत सदस्य रामदेवी प्रजापति की लंबी बीमारी के चलते कल शाम पीजीआई लखनऊ में निधन हो गया।जिनको परिवारिकजन उनके पैतृक गांव रामपुर लेकर पहुंचे।जहां उनको देखने के लिए क्षेत्र की जनता के साथ–साथ समाजसेवियों का देर रात तक तांता लगा रहा।कुछ दिन पहले इनके पति डॉ० शिवबदन प्रजापति का भी बीमारी के चलते निधन हो गया था।परिवारिकजन अभी बेटे के मृत्यु का गम भूले नहीं थे कि आज बहू भी इस दुनिया में नहीं रही।दो पुत्र एक पुत्री के ऊपर से मां बाप का साया उठ जाने से उनको रोते बिलखते देखने के बाद हर एक क्षेत्रवासियो के आंखों में आंसूओं के सैलाब बह रहे थे। इस दुख की घड़ी में क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र पटेल, बिंदकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी,एसडीएम बिंदकी अंजू पटेल,अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत लालता प्रसाद वर्मा,खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह चौहान,मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता,

कैलाश शर्मा, बृजेश पटेल उर्फ गब्बर सिंह,साहब सिंह गौतम रमेश चंद् रामपुर कुर्मी संदीप साहू राजेश कुमार प्रधान मेहंदी आ चौकी प्रभारी राम नरेश यादव पुलिस बल के साथ हजारों की संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।आइए दिखाते हैं फतेहपुर जिला संवाददाता अजय सोनकर की एक विशेष रिपोर्ट।

## चोरी करते समय ग्रामीणों ने चोर को पकड़कर पुलिस को सौपा, दी तहरीर

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के मल्हीपुर थाना क्षेत्र के जमुनहा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत फतेहपुर बनगई के मजरा भयापुरवा निवासी भग्गू पुत्र दरोगा, बड़कऊ विश्वकर्मा पुत्र गणेश, सिया राम पुत्र दरोगा जो ककरदरी बूढ़ी राप्ती बंधा चौराहा के पास ढाबली में दुकान करते है। बीती रात ढाबली की जंजीर में लगा ताला तोड़कर रखा परचून का समान निकाल रहे थे। खुट पुट की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने चारों तरफ से घेरा बंदी किया जिसमे 1 चोर को पकड़ लिया जबकि अन्य चोर भागने में सफल रहे। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस चौकी को दिया तो मौके पर पुलिस ने पहुचकर पकड़ा गए चोर से पूंछ तांक की तो उसने ग्राम पंचायत फतेहपुर बनगई के मजरा मंतुरी जबदा निवासी मैनुद्दीन पुत्र भुसैली बताई। जिसपर पुलिस ने पकड़े गए चोर के कब्जे से रिक्शा सहित थाने ले आई।

इसी प्रकार 21ध्22 की रात जमुनहा बस अड्डे पर सड़क किनारे दिनेश कुमार पुत्र ननकू प्रसाद गुप्ता की पान की ढाबली में लगा ताला तोड़कर चोरों ने हजारों की नगदी समेत रखे सामान को लेकर फरार हो गए। चोरी की घटना से आहत होकर सभी ने थाना मल्हीपुर में प्रार्थनापत्र देकर कार्यवाही की मांग की।

## लो ओल्टेज की समस्या उमर से अघोषित कटौती से परेशान उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के तहसील क्षेत्र जमुनहा में विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या बरकरार है जिसके चलते बीती रात जमुनहा बाजार वासियों सहित पास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने सड़को पर उतर कर बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया।

उपभोक्ताओं ने कहा कि शासन के रोस्टर के अनुसार शहरों में 20 व ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घण्टे बिजली सप्लाई करने का आदेश है। उसके बाद भी 18 घण्टे निर्बाध रूप से बिजली सप्लाई उपभोक्ताओं को नही मिल रहा है। जमुनहा तहसील की सप्लाई ध्वंजारन पुरवाष उर्लाहवा पावर हाउस से मिल रही है।

जहाँ पर बिजली विभाग के अधिकारियों के सुस्त रवैए के कारण जमुनहा क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। जिसके लिए जमुनहा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को लिखित व मौखिक रूप से जानकारी दी। परन्तु बिजली विभाग के अधिकारी जानकर अनजान बने है। बरसात के दोनो में रात के अंधेरों में जहरीले जीव जंतुओं का खतरा बना रहता है। जिससे आये दिन किसी न किसी एक गांव में सर्प डसने का मामला प्रकाश में आता रहता है। जमुनहा क्षेत्र को सप्लाई देने वाली जर्जर तार जो कई वर्ष पुराने होने के कारण दिन भर में दो से तीन बार टूट कर गिरते रहते हैं। जबकि ऐसे जर्जर तार के गिरने से कभी बड़ी दुर्घटना को दवात दे रहा है। जिसके कारण मिलने वाली बिजली उपभोक्ताओं को नसीब नहीं हो पाती है। जिसकी शिकायत भी कई बार मौके के अधिकारियों से किया गया परन्तु न तो बिजली विभाग द्वारा लो वोल्टेज की समस्या सही हुई न ही बिजली के तारो को बदला गया जिसको लेकर बीती रात ग्रामीणों ने रोष दिखाते हुए सड़कों पर उतर कर बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया।

## जिले के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जिले में स्थित सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसके क्रम में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा थाना मल्हीपुर व थाना सोनवा पर थाना समाधान दिवस में दूर दराज से आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना। थाना सोनवा में 16 प्रार्थना पत्रों में 4 निस्तारित हुए तथा थाना मल्हीपुर में प्राप्त हुए 12 शिकायती पत्रों के निराकरण करने हेतु राजस्व व पुलिस टीम को निर्देशित किया तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का यथाशीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी द्वारा थाना कोतवाली भिनगा व थाना श्रावस्ती पर थाना समाधान दिवस में आये हुए फरियादियो की जन समस्याओं को सुना गया एवं गुणवत्तापूर्ण त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही साथ क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा द्वारा थाना इकौना व क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे द्वारा थाना सिरसिया में फरियादियो की जन समस्याओं को सुना तथा प्राप्त 25 प्रार्थना पत्रों में 7 शिकायतों का हुआ निस्तारण एवं शेष प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। इसके अलावा अन्य थानों पर थाना प्रभारी द्वारा जन समस्याओं को सुना गया। इस समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित करके युवा उत्सव का शुभारंभ किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर

आज शनिवार को युवा कल्याण विभाग द्वारा चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल चित्रांश नगर, फतेहपुर में जनपद स्तरीय युवा उत्सव 2022 का आयोजन हुआ। आयोजन के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी, श्री सत्य प्रकाश द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित करके युवा उत्सव का शुभारंभ

किया गया। कलाकारो द्वारा स्वागतगीत से मुख्य विकास अधिकारी महोदय, का अभिवादन किया गया। जिला युवा कल्याण अधिकारी, फतेहपुर द्वारा युवा कल्याण विभाग की योजनाओं से मुख्य अतिथि को अवगत कराया गया। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा को उत्कृष्ठ स्तर पर ले जानें हेतु प्रेरित किया तथा आगामी मण्डल प्रतियोगिता तत्पश्चात राज्य युवा उत्सव में प्रतिभाग हेतु शुभकामना एं दी गयी। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के अन्तर्गत दिनॉक 11 से 17 अगस्त 2022 की अवधि में युवकध्महिला मंगल दलों के समस्त सदस्यों द्वारा अपने–अपने घरों पर तिरंगा झण्डा फहराया, जाने एवं तिरंगा स्वयंसेवकों के रूप में जन–जन को प्रेरित करने का आहवान किया। जनपद स्तरीय युवा उत्सव में लोकगीत, लोकनृत्य, कथक, भरतनाट्यम, मणिपुरी, ओडिसी, कुचपुडी, शास्त्रीय गायन–हिन्दुस्तानी एवं कार्नाटक, मृदगंम, सितार वादन, तबला वादन, हरमोनियम (लाइट), बांसुरी वादन, गिटार वादन, वीणा वादन, एक्सटेम्पोर (एलोक्यूशन) एवं एकांकी के साथ–साथ स्थानीय स्तर पर प्रचलित सांस्कृतिक कार्यक्रमो को भी सम्मिलित किया गया। कार्यक्रम में जनपद के समस्त विकास खण्डो के कलाकारों के अतिरिक्त विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सांस्कृतिक संस्थाओं के कलाकारों द्वारा प्रतिभाग किया गया। युवा उत्सव में शिवानी वर्मा व टीम ने लोकनृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अंशिका मौर्या ने शास्त्रीय गायन तथा तबला में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं मोनी देवी व टीम में लोकगीत में प्रथम स्थान प्राप्त किया इसके अलावा विभिन्न कलाकारों द्वारा अपने अच्छे प्रर्दशन से पुरस्कार में मेडेंल तथा प्रमाण पत्र जीते।

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला युवा कल्याण अधिकारी, द्वारा कार्यालय के स्टाफ के सहयोग की सराहना की गयी जिसके साथ ही विद्यालय के प्रबन्धक महोदय श्री संजय श्रीवास्तव एवं निर्णायकों की भूमिका में .श्रीमती स्मिता सिंह व श्री गुरूमीत सिंह का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। जिला युवा कल्याण अधिकारी फतेहपुर द्वारा सभी विजेता कलाकारों को अवगत कराया गया कि अगस्त 2022 माह के प्रथम सप्ताह में मण्डल स्तर प्रतियोगिता का आयोजन जनपद–प्रयागराज में होगा। जिसमें विजयी समस्त प्रतिभागी अपने कला कौशल को और निखार लें ताकि मण्डल प्रतियोगिता में विजय प्राप्त करते हुए राज्य स्तर प्रतियोगिता में भाग लेकर जनपद का नाम अवश्य रोशन करें।

## जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम स्वीकृति समिति की बैठक संपन्न हुई

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर

कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम स्वीकृति समिति की बैठक संपन्न हुई। उन्होंने जिला क्रीडा अधिकारी, प्रधानाचार्य राजकीय आई0टी0आई0 फतेहपुर, जिला विद्यालय निरीक्षक फतेहपुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, परियोजना अधिकारी द्वारा चयनित 13 क्लस्टरों के दिये गये प्रस्तावो पर समिति के सदस्यों विस्तार से चर्चा किया। राजकीय आई0टी0आई0 फतेहपुर में आडोटोरियम हाल मरम्मत के दिये गये प्रस्ताव को स्थलीय निरीक्षण करके रिपोर्ट देने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिये। समिति के सदस्यों से द्वारा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजना के अंतर्गत होने वाले कार्यो के सुझावों को नियमानुसार कार्यवाही करके प्रस्ताव में शमिल किया जाय। उन्होंने ने अपर जिलाधिकारी न्यायिक को निर्देश दिये कि खंड विकास अधिकारीध नगरपालिका ध नगर पंचायत के अधिकारियों से प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के विकास के लिए कार्यो का प्रपोजल तैयार कराकर प्रस्ताव ले लिया जाय। यू0पी0 नेडा द्वारा 03 वर्ष पूर्व लगाई गयी स्ट्रीट लाइट जो अधिकारियों/जनप्रतिनिधियों द्वारा लिए गोद

ग्रामो निरीक्षण कर सत्यापन करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिया। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में इंटर लॉकिंग, स्ट्रीट लाइट, बहुउद्देश्यीय भवन, रैन बसेरा आदि प्रस्तावो को शामिल करने के निर्देश सम्बंधितो को दिये। इस अवसर पर मा0 विधायक जहानाबाद श्री राजेंद्र सिंह पटेल, मुख्य विकास अधिकारी श्री सत्य प्रकाश,अपर जिलाधिकारी न्यायिक श्री धीरेंद्र प्रताप, जिला अल्प संख्यक अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला क्रीडा अधिकारी , भूमि संरक्षण अधिकारी,समिति के सदस्य उपस्थिति रहे।

## श्रम बन्धु समिति की हुई बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव ने जिला श्रम बन्धु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने अधिष्ठानों के पंजीयन की समीक्षा, श्रमिक पंजीकरण की समीक्षा, श्रमिक नवीनीकरण की समीक्षा, उपकर वसूली की समीक्षा, विभागोंध्कार्यदायी संस्थाओं की आनलाइन फीडिंग पर समीक्षा की गयी। बैठक में उन्होंने लाभार्थी श्रमिकों के हितार्थ संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा में वर्तमान वित्तीय वर्ष में लम्बित आवेदन पत्रों के संदर्भ में कहा कि सिंगल नोडल एकाउंट की व्यवस्था लागू हो जाने के कारण स्वीकृति एवं भुगतान की प्रक्रिया लम्बित थी। वर्तमान में प्रक्रिया चालू हो गयी है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड बनाये जाने की समीक्षा में उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर 73,318 बीओओसी कर्मकारों, जिसमें 55432 परिवार सम्मिलित है। श्रमिकों के गोल्डेन कार्ड बनाकर सामाजिक सुरक्षा प्रदान किये जाने हेतु दिनांक 25 जुलाई से 14 अगस्त तक विशेष अभियान

चलाये जाने के निर्णय लिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि वे अपने सभी पूर्ति निरीक्षक को कोटेदार से समन्वय कर सभी अन्त्योदय कार्डधारकों का आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप श्रमायुक्त, सहायक अभियन्ता सिंचाई, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## राजकीय मत्स्य बीज उत्पादन केंद्र का मंत्री ने किया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। प्रदेश के मत्स्य मंत्री डा. संजय निषाद ने यहां मसौधा स्थित राजकीय मत्स्य बीज उत्पादन केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया। कर्मचारियों की कमी और उनके सातवें वेतनमान की मांग पर कहा कि इसके लिए शीघ्र प्रयास किया जाएगा। मत्स्य मंत्री डा निषाद शुक्रवार देर शाम यहां पहुंचे थे। यहां पहुंचने के बाद उन्होंने सबसे पहले राजकीय मत्स्य बीज उत्पादन केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान

उन्होंने कहा कि काफी संख्या में सेवानिवृत्त के बाद भी कर्मचारी यहां बेहतर सेवा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की बहुत सारी समस्याएं हैं जो हमने सुनी है। उन्होंने बताया कि पांचवें वेतनमान पर कर्मी काम कर रहे है। कर्मचारियों की मांग है कि इनका कहना है कि सातवां वेतनमान मिलना चाहिए जिसके लिए प्रयास किया जाएगा। मत्स्य बोले कि दुनिया पानी बरसती है तो घर के अंदर रहते हैं लेकिन विभाग के कर्मचारी बरसात में भी काम करते हैं। उन्होंने बताया कि यहां सोलर पंप लगने के बाद भी बिजली की खपत उतनी ही है। सोलर पंप बहुत ढंग से नहीं लगा है। इसे लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

## दिन दहाड़े मकान का ताला तोड़कर चोरों ने उड़ाये लाखों के जेवरात व नगदी

पवन कुमार/रुदौली (अयोध्या)। मवई थाना क्षेत्र के ही ग्राम सभा मवई में दिन दहाड़े एक शिक्षा मित्र के मकान व अलमारी का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों के जेवरात व पांच हजार रुपये पर हाथ साफ कर दिया।चोरों को पकड़ना तो दूर मवई पुलिस ने पीड़ित महिला द्वारा तहरीर देनें के लगभग 30 घंटे बीत जाने के बाद अभी तक घटना की रिपोर्ट तक नहीं दर्ज की है ।

पीड़ित शिक्षा मित्र सबा परवीन पत्नी जुनेद अहमद निवासी मवई की मानें तो 22 जुलाई की सुबह वह अपने स्कूल प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर बच्चों को पढ़ाने के लिए गयी थी दोपहर छुट्टी होने पर जब वह स्कूल से वापस घर लौटी तो वह अवाक रह गई । सबा के मुताबिक उसके घर का ताला टूटा था और जब वह कमरें में घुसी तो उसके होश उड़ गए वहां रखी अलमारी का लॉकर टूटा था और उसमें रखें लगभग सवा पांच लाख के गहने व पांच हजार रुपये नगद गायब था। पीड़िता ने घटना की सूचना डायल 112 को दी जिस पर डायल 112की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची 112 की पुलिस ने घटना का जायजा लिया । पीड़िता ने घटना की एफआईआर दर्ज करने के लिए मवई थाने में तहरीर दी लेकिन उसका आरोप है कि 30 घन्टे बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अभी तक हुई चोरी की घटना की रिपोर्ट तक नहीं दर्ज की है । इसी बाबत पुलिस का कहना है कि जाँच की जा रही है जांचोपरांत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## शिक्षा ही विकास की बुनियाद है-इशरत खान

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

ग्राम कुसुमखोर में ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जिला अध्यक्ष इशरत खान की अध्यक्षता में कन्नौज संगठन ने आदिल खान द्वारा संयुक्त प्रवेश परीक्षा पॉलिटेक्निक 2022 में आई ग्रुप में 271 अंक पाकर प्रदेश में टॉप करते हुए एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करेंगे

जिला अध्यक्ष इशरत खान ने आज मोहम्मद आदिल को मिठाई खिलाकर फूल मालाओं से स्वागत करते हुए कहा,कि इसका श्रेय उनके परिवार को दिया कि पहली शिक्षा घर से मां के द्वारा दी जाती है, मोहम्मद आदिल ने अपने गांव कुसुमखोर का नाम रोशन करते हुए पूरे जिले को यह मैसेज दिया कि आप देश,प्रदेश जिला ग्राम का नाम व विकास तभी कर सकते हैं जब आपके पास उच्च शिक्षा होगी!

आज जरूरत है भारतीय मुसलमानों को अपनी शिक्षा की ओर अग्रसर होने का क्योंकि आज भारत में सबसे ज्यादा परसेंटेज भारतीय मुसलमानों का है जो अशिक्षित है

वही एम आई एम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद असदुद्दीन ओवैसी साहब का हवाला देते हुए कहा कि आज हैदराबाद में 16000 से भी ज्यादा गरीब बच्चे बगैर फीस के वहां पर पढ़ाई कर रहे हैं ऐसा ही

मजलिस उत्तर प्रदेश में भी चाहती है तो सबको पार्टी में जुड़ने के लिए आग्रह किया इस मौके पर मौजूद रहे कन्नौज पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉक्टर सुनील दिवाकर प्रमुख महासचिव जिला वसीम खान ओवैसी वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आसिफ खान ब्लॉक अध्यक्ष गुगरापुर मोहम्मद समीउद्दीन वासिद खान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में शान मोहम्मद आफताब खुशनवाज रिजवान मुन्ना अंबेडकर जगजीवन राम खुश नवाज रिंकू सोहेल जफरुल इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

### कक्षा 1 का छात्र विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करते समय अचानक हुआ अचेत

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के शिक्षा क्षेत्र जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मल्हीपुर खुर्द के मजरा मोगला निवासी स्त्रोहन पुत्र राम विलास उम्र 6 वर्षीय तो सुबह प्राथमिक विद्यालय मोगला में पढ़ने गया हुआ था और कक्षा 1 के क्लास में बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहा था कि अचानक बेहोश हो गया। छात्र की हालत देख प्रधानाचार्य राघवेंद्र मिश्रा ने परिजनों को सूचना सूचना दिया। वही विद्यालय में पहुंचे परिजनों ने छात्र को आनन–फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर में भर्ती किया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे की हालत ठीक ना देख जिला चिकित्सालय भिनगा को रेफर कर दिया है। इस सम्बंध में सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर सोनकर ने बताया कि भिनगा मीटिंग में हूं और बच्चे को अधिक ज्वार होने से जांच के लिए भिनगा भेजा गया है।

### जल जीवन मिशन का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जल जीवन मिशन, ष्हर घर जल योजनाष् के अंतर्गत विकासखंड जमुनहा सभागार में दो दिवसीय थ्ज्ञ के मध्यम से प्रशिक्षण संचालित किया गया जिसमें समस्त ग्राम पंचायतों के पांच पांच महिलाओं जिसमें आशा ,एएनएम आंगनबाड़ी, तथा समूह की महिलाएं को सम्मिलित कर उन्हे प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रशिक्षण के माध्यम से जल में रसायन तथा जैविक संदूषक, आर्सेनिक क्लोराइड, फ्लोराइड, टर्बिडिटी , ची, बैक्टीरिया, हार्डनेस, क्लोरीन इत्यादि की जांच करके लोगों को यह बताया गया कि आने वाले दिनों में यदि हम जल को सुरक्षित नहीं करेंगे तो शुद्ध पेयजल से वंचित हो जाएंगे तथा लोगों को जल की गुणवत्ता के बारे में बताया गया और उसकी जांच के तरीकों को समझाया गया जिसमें जिला परियोजना समन्वयक शमशाद खान ,प्रशिक्षक पवन कुमार, समन्वय योगेश पासवान, मनोज कुमार ,मनोज कुमार यादव, केदार, अमित कुमार धीरज ,अभिषेक ,मुकेश पांडेय इत्यादि लोग प्रशिक्षण में मौजूद रहे तथा प्रशिक्षण को समापन कराया गया ।

### मुख्य सेविका के खिलाफ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कार्यालय पर दिया प्रार्थनापत्र

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत बाल विकास परियोजना कार्यालय जमुनहा प्रभारी सीडीपियो के नाम प्रार्थनापत्र आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बाबू सूबेदार सिंह को दिया। आरोप लगाया की मुख्य सेविका इंद्रा कुमारी जो न्याय पंचायत शिकारी चौड़ा में तैनात है और इनके द्वारा क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को परेशान करती हैं। किसी भी कार्य दिवस की सूचना समय पर नहीं देती और पूछने पर अब शब्दों का प्रयोग करती है। सूची जमा करने के लिए अपने कमरे पर बुलाती हैं। और हर महीने 500 सूची जमा करने के मद में मांगती हैं ऊपर से धमकी भी देती हैं। कहा कि मुख्य सेविका को न्याय पंचायत शिकारी चौड़ा से स्थानांतरण कर अन्यत्र जिम्मेदारी दी जाए।

### डीएम-एसएसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने शनिवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने पाकशाला व लॉन्ड्री का जायजा लेकर व्यवस्था परखी। जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित कर्मचारियों को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के अलावा मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।इसके बाद किशोर बैरक सहित विभिन्न बैरकों में जाकर जेल में निरुद्ध बंदियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा और नियमानुसार प्रदत्त सभी सुविधाएं कैदियों को मुहैया कराने के निर्देश दिए। दोनों अफसरों ने जेल अस्पताल को भी देखा। वहां बंदियों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान अधीक्षक कारागार शशीकांत मिश्रा व डिप्टी जेलर गिरीश कुमार भी उपस्थित रहे।

### श्रावण मेले की तैयारियों का डीएम-एसएसपी ने लिया जायजा

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। श्रावण मेले का सोमवार 25 जुलाई तथा शिवरात्रि 26 जुलाई को पड़ रहा है इसके बावत जिलाधिकारी नितीश कुमार द्वारा प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें नयाघाट, राम की पैड़ी, नागेश्वरनाथ मंदिर क्षेत्र, सरयू घाट आदि जहां पर श्रद्दालु स्नान करते है तथा मंदिर में जलाभिषेक करते है वहां पर साफ सफाई व बेहतर व्यवस्था करने हेतु तैनात मजिस्ट्रेटो एवं पुलिस अधिकारियों को बेहतर व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कांवड़ मेला सम्बंधी तैनात अधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रों में अपने पुलिस अधिकारियों सहयोगियों के साथ भ्रमण करने एवं नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग को बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

### बिना नीलामी ध्वस्त कर दिया गया जर्जर पंचायत भवन

मिल्कीपुर अयोध्या। मिल्कीपुर विकासखंड के सोंधियावां ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान द्वारा एक जर्जर पंचायत भवन को बिना नीलामी प्रक्रिया के ध्वस्त कराकर ईंटों को निजी प्रयोग में लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। गांव निवासी विकास श्रीवास्तव ने आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा कर जांच कराते हुए विधिक कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। सोंधियावां गांव निवासी विकास श्रीवास्तव ने आइजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायत में आरोप लगाया है कि उनकी पैतृक भूमि में बने पंचायत भवन को वर्तमान ग्राम प्रधान नीलम दुबे पत्नी लल्लन दुबे द्वारा बिना नीलामी प्रक्रिया के ही ध्वस्त करा कर ईंटों को अपने निजी प्रयोग में ले लिया गया। पंचायत भवन उनकी गाटा संख्या 575 छ में निर्मित हुआ था। शिकायतकर्ता ने अपनी खाते की भूमि को पुनः सुपुर्द लेने के लिए तहसीलदार मिल्कीपुर के यहां प्रार्थना पत्र दिया जिसके क्रम में राजस्व लेखपाल द्वारा गांव पहुंचकर मौका मुआयना किया गया और बिना नीलामी प्रक्रिया के पंचायत भवन ध्वस्त कराने का मामला उजागर हुआ। शिकायतकर्ता विकास श्रीवास्तव ने मामले की जांच कराकर विधिक कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### दोस्त के चिढ़ाने से आहत छात्र ने की आत्महत्या

पवन कुमार/अयोध्या। दोस्त के चिढ़ाने से आहत बीए के एक छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह घर के आंगन में शव लटका देख परिवारीजनों में कोहराम मच गया। चीख–पुकार मचते ही अगल–बगल के लोग भी पहुंच गए। लोगों ने शव को उतारा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। परिवारीजनों ने आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार अयोध्या कोतवाली स्थित रानोपाली चौकी क्षेत्र के हैबतपुर गांव निवासी 22 वर्षीय मोहम्मद शाहिद पुत्र अब्दुल का. सु. साकेत महाविद्यालय में बीए अंतिम वर्ष का छात्र था। भाई वाहिद ने बताया कि डेढ़ दो महीने से उसका सहपाठी वेद प्रकाश वर्मा उसे चिढ़ाया करता था। मजाक–मजाक में भी उसके साथ गलत शब्दों का इस्तेमाल करता था। यही बात उसे नागवार गुजरी और उसने रात में ही आंगन में जाकर फंदा लगा लिया। आरोपी वेद प्रकाश पड़ोसी जनपद बस्ती का रहने वाला है। वह यहां कजियाना में रूम लेकर पढ़ाई।

## जहानाबाद तिराहा का जल्द होगा सौन्दर्यीकरण : जिलाधिकारी

पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा जहानाबाद तिराहे का सौन्दर्यीकरण कराने के दृष्टिगत आज औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जहानाबाद डिवाइडर की पेंटिंग कराने हेतु निर्देशित किया गया। तिराहे के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया कि तिराहे के आस पास साफ सफाई कराई जाये। उन्होंने सम्बन्धित ठेकेदार विमल गुप्ता को निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द कार्य प्रारम्भ कराने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान तिराहे पर उचित प्रकाश व्यवस्था कराने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही साथ उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि तिराहे मॉ गोमती का दृश्य व स्वागत द्वार लगाया जाये। चौराहे पर बने रेलिंग चारों ओर रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि यह तिराहे के सौन्दर्यीकरण से शहर की सुन्दरता बढेगी तथा तिराहे पर लाईटिंग की व्यवस्था से यातायात सुगम होगा। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट, व्यापार मण्डल के पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अभ्युदय योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने छात्र छात्राओं को ऐथिक्स के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा दी गई जानकारी

पीलीभीत। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत जनपद में यूपीएससी/यूपीपीएससी/जेईई/एनईईटी/यूपीएसएसएससी/एसएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों हेतु निःशुल्क कक्षाओं का संचालन ड्रमण्ड राजकीय इण्टर कॉलेज में शिक्षकोंध्अधिकारियों का गठित पैनल के द्वारा नियमित कक्षाऐं संचालित की जा रही है। इसी क्रम में आज शनिवार को थाना समाधान दिवस से पूर्व जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा प्रातः 8:30 बजे से 10:00 के मध्य सिविल सेवा परीक्षा हेतु ऐथिक्स, विषय के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को पढ़ाया गया। इस दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि परीक्षा की अच्छी तैयारी हेतु प्रत्येक माह लक्ष्य बना का तैयारी करें और प्रत्येक विषय को समान समय निर्धारित करते हुए टाइम टेबल से पढ़ाई करें तथा जो विशेष कमजोर लग रहे हो उसपर विशेष ध्यान देते हुए तैयारी करें। उत्तर लेखन में समय सीमा का ध्यान रखते हुये वितग वर्षों में पूछे गये प्रश्नों पर लिखने का प्रयास करें। इस दौरान बच्चों द्वारा भी विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासा एवं प्रश्नों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी से चर्चा की गई।

## संचारी रोगों से बचाव के लिए गांव भटीकरा में ग्राम प्रधान राजेश कुमार नागर के नेतृत्व में ग्रामीणों को किया जागरुक

सिकंदराराऊ। संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए शनिवार को गांव भटीकरा में एंटी लारवा का छिड़काव किया गया तथा ग्राम प्रधान राजेश कुमार नागर के नेतृत्व में ग्रामीणों को पोस्टर तथा पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया और जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली को ग्राम प्रधान राजेश कुमार नागर ने हरी झंडी दिखाकर विद्यालय के प्रवेशद्वार से गांव के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि कहा कि जन जागरुकता के चलते डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस, मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों पर काफी सीमा तक काबू पा लिया गया है। इन रोगों से बचाव के लिए मच्छरों को पनपने से रोकना है और इनसे बचाव करना जरूरी है। संचारी रोगों को रोकने के प्रति सभी लोग जागरूक रहें । अपने घरों के आसपास गंदा पानी और गंदगी को जमा न होने दें। स्वच्छ वातावरण रखें । पानी के निकास की व्यवस्था दुरुस्त रखें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए जा रहे दिशा निर्देशों का पालन करें। संचारी रोगों की रोकथाम के लिए संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। सभी ग्रामीण इस में अपना सहयोग प्रदान करें। बच्चे कचड़ा कचड़ेदानी में, सोये हम मच्छरदानी में तथा सब रोगों की एक दवाई, घर की रखे हम साफ– सफाई के नारे लगाते हुए चल रहे थे। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रहे अभियान

के अंतर्गत गांव की आशा बहुएं घरों पर स्टीकर चिपका कर हाउस मार्किंग का कार्य करेंगी। इस भ्रमण के दौरान वह बुखार, इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस, क्षय रोगियों की सूची, कुपोषित बच्चों की सूची तथा मच्छर प्रजनन के लिए सम्भावित घरों की सूची आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से तैयार करेगीं और ब्लाक स्तर पर रिपोर्टिंग करेंगी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव विश्वामित्र, आंगनवाड़ी शशि चौहान, सावित्री देवी , आशा सुमन, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## कावड़ियों की सेवा के लिए लगाया गया शिविर

सिकंदराराऊ। सावन के माह में चल रही कावड़ यात्रा को लेकर कासगंज रोड स्थित ममता फार्म हाउस में

कांवरियों के ठहरने एवं खाने पीने का विशेष प्रबंध किया गया है। समाजसेवी आकाश दीक्षित ने बताया कि सावन के महीने में हर वर्ष इसी तरीके से कैंप लगाकर कावरियों की विशेष सेवा का प्रबंध किया जाता है जो सावन के अंतिम सोमवार तक इसी तरह चलाया जाता है। जिसमें सभी कांवरियों को रुकने एवं विश्राम करने के लिए तथा उनके खाने–पीने की सभी व्यवस्था की गई है। सभी भोले बाबा के भक्तों से विश्राम कर यात्रा को करने का आग्रह किया गया है। इस अवसर पर आकाश दीक्षित, निशांत चौहान ,अंकुश उपाध्याय, दिलीप ठाकुर , सचिन, बबलू, चेतन शर्मा, रिंकू शर्मा, अरुण दीक्षित, अशोक उपाध्याय, दुर्गेश पचौरी, प्रदीप पचौरी , मनोज शर्मा, गौरव सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर की गई जनसुनवाई

पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी ने आज आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना न्यूरिया व कोतवाली सदर में पहुंच कर जन शिकायतों की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी द्वारा थाना न्यूरिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिकायती प्रार्थना पत्र रजिस्टार की जांच की गई। जांच के दौरान शिकायतों का निस्तारण की गुणवत्ता देखी गई तथा लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान बाउण्ड्रीवाल के किनारे किनारे पेड़ पौधे लगाने व साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों की शिकायतों का संज्ञान लिया गया। इसके साथ ही साथ आपसी विवादों संबंधी शिकायतों के संबंध में सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस कर्मचारियों द्वारा मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। आयोजित थाना दिवस में जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियोंध्कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि थाना समाधान दिवस पर कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित न रहे। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनसुवाई के दौरान आईं समस्त शिकायतों में सम्बन्धित क्षेत्र के राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर समस्या का समाधान कराया जाये। किसी भी दशा में कोई भी शिकायत अधिक समय तक लम्बित न रहे। थाना समाधान दिवस के दौरान संबंधित थानाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मा0 विधायक बरखेड़ा द्वारा ऑगनबाडी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को वितरित की साडियां

पीलीभीत। बाल विकास विभाग में कार्यरत्त ऑनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रति वर्ष वर्दी के रूप में विशेष रंग और लोगो युक्त साड़ियां उपलब्ध करायी जाती हैं। जिसके अन्तर्गत वर्तमान में परिवर्तित साड़ी के लोगो की साड़ियां जिले में प्राप्त होने के बाद बीते दिन जिले के जनप्रिय और लोक प्रिय बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानन्द ने अपने हॉथो से ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को दो दो साड़ी वितरित कर साड़ी वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बीते दिन बाल विकास विभाग में तैनात ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को विभाग की ओर दी जाने वाली वर्दी साड़ी का वितरण किया गया जिसमें बरखे ड़ा परियोजना में बरखेड़ा के लोकप्रिय विधायक स्वामी प्रवक्तानन्द ने स्वयं सौ ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को साड़ियां वितरित कर परियोजना बरखेड़ा में साड़ी वितरण कार्यक्रम का आगाज किया जिसमें शाम 04 बजे तक शेष बची साड़ियों को ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को विभागीय अधिकारी डीपीओ अरविन्द कुमार के कुशल निर्देशन में परियोजना अधिकारी जगदम्बा ने उपलब्ध कराया। इस अवसर पर ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को सम्बोधित करते हुए जनप्रिय और लोक प्रिय बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानन्द ने कहा कि आप सब जो ऑगनबाड़ी हैं उनको ऑगनबाड़ी क्यों कहा जाता है इसका अर्थ यदि आपको न पता हो तो आप जान लीजिए कि जिस तरह खेतों की सुरक्षा के लिए बाड़ लगाई जाती है उसी तरह ग्राम के घरों की आप रक्षक हैं आप सब घर के ऑगन की बाड़ हैं इसी लिए आपको ऑगनबाड़ी कहा जाता है। वहीं कार्यक्रम में मौजूद ब्लाक प्रमुख पुत्र तथा भाजपा पदाधिकारी कमलेश गंगवार ने अपने सम्बोधन में कहा कि ऑगनबाड़ी का स्वरूप औश्र कार्य शैली में बीते कुछ वर्षों में सकारातमक परिवर्तन हुआ है अब केन्द्रों पर काम दिखता है और केन्द्रों से विभागीय लाभ भी लाभार्थियों को मिलता साफ दिखता है। इस मौके पर डीपीओ अरविन्द कुमार ने कहा कि आप सभी तन्मयता से तथा विभागीय हितों को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार केन्द्र का अनवरत संचालन करें तथा समय से लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं से आच्छादित करें यदि इस कार्य में कोई समस्या हो परियोजना अधिकारी निःसंकोच अपनी समस्सा से अवगत करायें।
इस कार्यक्रम में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानन्द, ब्लाक प्रमुख एवं प्रमुख पुत्र एवं भाजपा पदाधिकारी कमलेश गंगवार, डीपीओ अरविन्द कुमार एवं बरखेड़ा सीडीपीओ जगदम्बा के साथ तमाम कार्यकत्रियां व सहायिकाये मौजूद रहीं।

## सिरसा में बच्चों को नही बांटी जा रही सामाग्री

• रजिस्टर में दर्ज कर दिया जाता है सामाग्री वितरण
• ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को दिया पत्र

पीलीभीत पूरनपुर। सिरसा में बच्चों को मिड–डे मील की सामग्री वितरित नहीं की जा रही है।ग्रामीणों ने जब अध्यापक से जानकारी जुटाई तो उसने जानकारी देने से इंकार कर दिया।इस पर दर्जनों ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को पत्र देकर जांच कराए जाने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा निवासी विजय पाल प्रधान पति है।शनिवार को वह गांव के कुछ लोगों के साथ प्राथमिक विद्यालय में गए थे।स्कूल में तैनात प्रधानाध्यापक मोहम्मद कौसर से मिड डे मील की जानकारी ली।इस पर प्रधानाध्यापक ने मिड डे मील की जानकारी देने से इंकार कर दिया।जब उन्होंने स्कूल के बच्चों व रसोईयों से मिड डे मील में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा तो बच्चों ने बताया कि स्कूल में कोई भी सामग्री नई बांटी जाती है।जबकि स्कूल के अध्यापक मनमानी तरीके से रजिस्टर में सामग्री बांटना दर्शाया जबकि हकीकत में बच्चों को कुछ भी वितरण नहीं किया गया।शनिवार को विद्यालय में बनाई गई सब्जी में कई कमियां पाई गई।बच्चों को मिलने वाली सभी सामग्री को अध्यापक ने अपने रजिस्टर में चढ़ा दिया।स्कूल के शौचालय में ताला लटका हुआ है।इसके चलते स्कूली बच्चों को शौच के लिए बाहर जाना पड़ रहा है।आरोप है कि बच्चों को मिलने वाली सामग्री अध्यापक डकार रहे हैं।वितरण न कर उसका बंदरबांट किया जा रहा है।आरोप है कि अध्यापक अपने मनमाने तरीके से रसोइयों से खाना बनवा रहा है। विरोध करने पर अभद्रता करने पर अध्यापक मारपीट पर उतारू हो जाता है।गांव के विजयपाल,जसवीर सिंह,राजेंद्र, संजय,महेश,मदन सिंह,जगबीर,राम सिंह,राम प्रसाद सहित दर्जनों ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को पत्र देकर अध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## चंद्रशेखर सिर्फ 14 साल की उम्र में गांधी जी के असहयोग आंदोलन से जुड़ गए थे : चतुर्वेदी

सिकंदराराऊ। शनिवार को नगर के मोहल्ला ब्राह्मणपुरी पुरानी तहसील रोड स्थित शिशु शिक्षा मंदिर पेड़ वाले स्कूल में चंद्रशेखर आजाद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया।
इस दौरान प्रधानाचार्य नरेश चतुर्वेदी ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद के बताए हुए रास्ते पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भारत माता के वीर सपूत चंद्रशेखर आजाद को उनकी जयंती पर नमन है। वह एक निर्भीक क्रांतिकारी थे , जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश में हुआ था। बेखौफ अंदाज के लिए जाने जाने वाले चंद्रशेखर सिर्फ 14 साल की उम्र में 1921 में गांधी जी के असहयोग आंदोलन से जुड़ गए थे। गांधीजी द्वारा असहयोग आंदोलन को अचानक बंद कर देने के कारण उनकी विचारधारा में बदलाव आया और वे हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य बन गए। उन्होंने कहा कि आजाद ने उसके बाद अन्य क्रांन्तिकारियों को लेकर सरकारी खजानों को लूटना शुरू कर दिया। अंग्रेजों ने भारत की जनता पर अत्याचार कर उनसे जो धन लूटा था, वह इन्हीं खजानों में रखा जाता था। रामप्रसाद बिस्मिल और चंद्रशेखर आजाद ने साथी क्रांतिकारियों के साथ मिलकर ब्रिटिश खजाना लूटने और हथियार खरीदने के लिए ऐतिहासिक काकोरी ट्रेन डकैती को अंजाम दिया। इस घटना ने ब्रिटिश सरकार को हिलाकर रख दिया था। शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को चंद्रशेखर आजाद के जीवन से सीख लेने के लिए प्रेरित किया।
इस दौरान इस अवसर पर प्रधानाचार्य नरेश चतुर्वेदी, शरद शर्मा, नीरज बघेल , रामकिशोर यादव, दयावती, माधुरी, भावना , किशन उपाध्याय, विशाल पचौरी, रितिक पांडेय, अनंतदेव चतुर्वेदी , उत्कर्षवर्ती पाठक, श्री कृष्ण दीक्षित, लकी शर्मा, वंदना वार्ष्णेय, अनम मलिक, अनुपम तोमर,निशा खान, निशा नाज, प्रगति गुप्ता, निशा शर्मा, प्रांजल चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## बरसात का मौसम मतलब बीमारियों को निमंत्रण, बरतें सावधानी : डा.शक्तिवसु

• बारिश के मौसम में ही फैलते डेंगू, मलेरिया, डायरिया व त्वचा रोग

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। भीषण गर्मी के बाद बरसात का बरसात किसे पसंद नहीं। यह मौसम गर्मी के बाद ठंडक देकर सुकून देता है। लेकिन बारिश का लुफ्त उठाने के चक्कर में हम कई बार यह भूल जाते हैं कि इस मौसम में हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति खास ख्याल रखने की जरूरत होती है।इस मौसम में खांसी, जुखाम, बुखार के साथ–साथ त्वचा रोगों की रोगियों की संख्या भी बढ़ जाती है। यह कहना है जिला अस्पताल के चिकित्साधीक्षक व त्वचा रोग विशेषज्ञ डा.शक्ति वसु कि बरसात के मौसम में वातावरण में नमी बढ़ जाती है। जो आपकी त्वचा के लिए हानिकारक हो सकती है। इस मौसम में त्वचा की देखभाल बेहद जरूरी होती है ताकि किसी परेशानी से न गुजरना पड़े। इस मौसम में खांसी जुकाम, बुखार, इंफेक्शन, त्वचा रोग के साथ– साथ जलन, खुजली और लाल दाग जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा आखों में भी इंफेक्शन हो सकता है क्योंकि इस मौसम में वायरस और एलर्जी बहुत जल्दी फैलती है। इस समय प्रतिदिन 30 से 40 मरीज खांसी,जुकाम, बुखार व 3 से 4 मरीज त्वचा रोग से ग्रस्त जिला अस्पताल में इलाज के लिए आ रहे है। बरसात के मौसम में अक्सर देखा जाता है कि हम भीग जाते हैं। लेकिन हमें कोशिश करनी चाहिए कि ज्यादा देर तक गीला न रहा जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि बरसात होने के बाद जो धूप निकलती है वह जो बहुत तेज व तीखी होती है। जो हमारे शरीर के लिए हानिकारक होती है। इस धूप से निकलने वाली अल्ट्रा वायलेट किरणें शरीर को नुकसान पहुंचा सकती हैं। डा.वसु ने बताया कि बरसात में अधिक भीगने से रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी होने लगती है। जिससे बीमारियां तेजी से हमला करने लगती हैं। इसलिए इस मौसम में अच्छे और संतुलित पौष्टिक भोजन का सेवन करें।जिससे कि रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो और बीमारियों से लड़ने में सफल रहे। इस मौसम में ज्यादा तली भुनी, बाजार की चीजें वह वासी भोजन खाने से परहेज करें। साथ ही बताया कि बरसात में कई जगहों पर पानी भर जाता है।जिसके कारण कई तरह की बीमारियां फैल जाती हैं। इसलिए जरूरी है कि साफ–सफाई का विशेष ख्याल रखें। आस–पास जलभराव न होने दें और प्रतिदिन स्नान करें। बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियां। डा.शक्ति वसु के बरसात के मौसम में डेंगू, मलेरिया, हैजा, डायरिया, चिकनगुनिया,वायरल बुखार, त्वचा रोग,फंगल इन्फेक्शन वह एलर्जी जैसी कई बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। इन रोगों से बचाव के लिए जिले में संचारी रोग अभियान के तहत साफ–सफाई जागरूकता कार्यक्रम शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में फागिंग, नालियों में एंटी लार्वा के छिड़काव का कार्य भी किया चल रहा है। ऐसे करें बचाव । त्वचा के संक्रमण से बचने बचने के लिए कपड़े पूरी तरह सुखा कर पहने। ताजा और अच्छी तरह पका भोजन खाएं। बारिश में भीगने के बाद घर पर स्नान करें और तुरंत कपड़े बदले । मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों से बचने के लिए आसपास भी पानी जमा न होने दें।हो सके पानी उबाल कर ही पिएं। मच्छरों से बचाव के लिए पूरी बाजू वाले कपड़े पहनें। सोते वक्त मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। बेडशीट को समय–समय पर धोते रहें और कपड़ों को भी धूप दिखाते रहें।

# संक्षिप्त समाचार

### पीलीभीत रोटरी रॉयल्स ने मंदीत आश्रम ग्रह में जाकर बच्चों के लिए आटा चावल आदि अनाज का वितरण किया

क्लब अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने बताया क्लब के सदस्यों द्वारा समय समय पर आश्रम में जाकर बच्चों की जरूरत का समान उपलब्ध करवाया जाता रहता है क्लब ने बच्चों की दवा के लिए भी क्लब के डाक्टर को बता दिया है क्लब के द्वारा बच्चों के लिए कपड़े, नास्ता अन्य जरूरी समान भी उपलब्ध करवाया जाता रहता है। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष आकाश खण्डेलवाल, पुनित खण्डेलवाल, शेखर सिंह, सतीश वर्मा, डॉ अनुभव, डॉ मंदीप सिंह, और आश्रम ग्रह के कुलबीनदर सिंह उपस्थित रहे।

### 450 ग्राम चरस के साथ एक को पुलिस ने दबोचा

• पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को भेजा गया जेल

पीलीभीत,पूरनपुर। चरस बिक्री करने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बिक्री कर रहे आरोपी को पुलिस ने मौके पर ही दबोच लिया।उसके पास से चरस बरामद की गई।आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। नगर में मादक पदार्थों की बिक्री जमकर की जा रही है। शनिवार को कोतवाली पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि एक युवक रजागंज में चरस की बिक्री कर रहा है।कोतवाली के दरोगा ज्ञानेश्वर पुलिस टीम के साथ मुखबिर के द्वारा बताए हुए जगह पर पहुंचे,तो एक युवक संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया।पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा।इस पर घेराबंदी करते हुए पुलिस ने उसको मौके पर ही दबोच लिया।उसके बाद उसे कोतवाली लाया गया।तलाशी लेने पर उसके पास से 450 ग्राम चरस बरामद की गई।पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम आसिफ निवासी रजागंज बताया। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराने के बाद जेल भेज दिया गया।दरोगा ज्ञानेश्वर ने बताया कि एक युवक को पकड़ा गया था।जिस पर रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### मारपीट कर आभूषण लूटने अपहरण करने का आरोप

पीलीभीत,पूरनपुर। घर में घुसकर महिला व उसकी पुत्रवधू को मारपीट कर घायल कर दिया।आरोप है कि आभूषण भी लूट लिए।तमंचा दिखाकर उसके पति का अपहरण कर लिया गया।पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव जमुनिया निवासी रामदेई ने बताया कि शनिवार को गांव के ही एक दर्जन से अधिक लोग घर में घुस कर मारपीट करने लगे।बचाने दौड़ी पुत्र वधू सुनीता व शिल्पी के साथ भी मारपीट की। जिससे तीनों घायल हो गई।आरोप है कि उसकी पुत्रवधू के आभूषण भी लूट लिए।महिला ने बताया कि उसके बाद सभी एक राय होकर उसके पति राधेश्याम का अपहरण कर ले जाने लगे।इस पर उसके पोते ने रोकने का प्रयास किया तो उसकी कनपटी पर तमंचा रख दिया।जान से मारने की धमकी देते हुए राधेश्याम का अपहरण कर ले गए।घटना को लेकर खलबली मच गई।बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए।महिला ने माधोटांडा पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच की जा रही है।जांच में मामला सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### युवक व अज्ञात के खिलाफ अवर अभियंता ने दी तहरीर

पीलीभीत,पूरनपुर। विद्युत विभाग के अवर अभियंता उमेश कुमार ने बताया कि पिपरिया जयभद्र निवासी इमरान व कुछ अज्ञात लोग पूरनपुर टाउन में ढका व शेरपुर से निकलने वाली लाइनों व अन्य स्थानों पर चलती लाइन में केवल बदलने,तार जोड़ने का कार्य किया जाता है।इससे पहले संविदा कर्मचारी ताहिर अली को करंट लग गया था।जिससे विभागीय कर्मचारियों को कार्य करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।बताया गया कि इमरान व अज्ञात व्यक्तियों को भी बिजली करंट लग सकता है। जिससे बड़ी घटना हो सकती है।पुलिस को तहरीर देकर इमरान व अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### 120 लोगों को लगाई गई बूस्टर डोज

सिकंदराराऊ। शनिवार को बगिया बारहसैनी स्थित राधाकृष्ण मंदिर पर कोरोना बूस्टर डोज का तीसरा कैम्प आयोजित किया गया। इस अवसर पर 120 लोगों को बूस्टर डोज लगाई गई। इस दौरान पवन वार्ष्णेय, सुभाष दीक्षित, अभिषेक वार्ष्णेय सभासद, बंटी खलीफा, अखिल वार्ष्णेय, बंसी पोनिया आदि मौजूद रहे।

### कचौरा एवं अगसौली बिजली घर की आपूर्ति रविवार को 3 घटे रहेगी बाधित

सिकंदराराऊ। 132 केवी विद्युत उपकेंद्र नगला जलाल से पोषित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कचौरा एवं अगसौली के विद्युत उपभोक्ताओं को रविवार को दिन में 3 घंटे तक विद्युत कटौती का सामना करना पड़ेगा । 24 जुलाई को दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक विद्युत लाइनों के ऊपर आ रहे पेड़ों की कटाई एवं छपाई का कार्य किया जाएगा। जिसके कारण उक्त समय में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त जानकारी विद्युत उपखंड अधिकारी सिकंदराराऊ ने जनहित में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

### दानपेटी चोरी कर लेने के संबंध में थाना माधौटांडा में एफआईआर दर्ज

पीलीभीत। माधौटांडा अज्ञात व्यक्ति द्वारा ग्राम धुरिया पलिया के गुरूद्वारा सिंह सभा से दानपेटी चोरी कर लेने के संबंध में थाना माधौटांडा पर मु0अ0सं0 321/2022 धारा 380 भा0द0वि0 दर्ज किया गया। जिसमें

पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी पूरनपुर थानाध्यक्ष माधौटाडा के कुशल निर्देशन में चौकी प्रभारी रमनगरा उ0नि0 रोहित कुमार द्वारा आज दिनांक 23.07.2022 को प्रकाश में आये अभियुक्त तेजपाल सिंह पुत्र करमजीत सिंह निवासी ग्राम धुरिया पलिया थाना माधौटांडा जिला पीलीभीत से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित एक अदद दान पेटी पीले रंग की तथा एक अदद देशी तमंचा 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ बरामद किया। अभियुक्त को थाना माधौटांडा पर क्रमशः मु0अ0सं0 321/2022 धारा 380/411 भादवि तथा मु0अ0सं0 322/2022 धारा 3ध्25 आर्म्स एक्ट दर्ज के तहत रिमांड हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

### नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में मोहर्रम के दृष्टिगत थाना कोतवाली पीलीभीत में ताजियादारों के साथ बैठक

पीलीभीत। नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में मोहर्रम के दृष्टिगत थाना कोतवाली पीलीभीत में ताजियादारों के साथ बैठक की गई तथा शांति व्यवस्था के बाबत शासन के निर्देशों से अवगत कराया गया तथा त्यौहार को शांति और कुशल पूर्वक मनाया जाने हेतु अपील भी की गई। इस

बैठक में ताजियादारों को अवगत कराया गया कि कोई गैर परंपरागत जुलूस ना निकाला जाए ,किसी सड़क को अवरुद्ध कर ताजिए ना रखे जाएं ,जुलूस में अस्त्र शस्त्र का प्रयोग ना किया जाए तथा ताजिए की ऊंचाई न्यूनतम हों डीजे में केवल सिंगल साउंड का इस्तेमाल हो और उसकी आवाज मानक के अनुरूप हो जुलूस में भड़काऊ गाने या नारेबाजी ना की जाए। बैठक में एसडीएम सदर सीओ सिटी एसएचओ कोतवाली इत्यादि उपस्थित रहे।

## समस्त विकास खण्डों में ब्लाक दिवस का हुआ आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया
'देवरिया ' आज समस्त विकास खण्डों में ब्लाक दिवस का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य विकास

अधिकारी रवींद्र कुमार द्वारा विकास खण्ड–भलुअनी में आयोजित ब्लाक दिवस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय ब्लाक दिवस में विकास विभाग के 01 एवं अन्य विभाग के 03, कुल–04 प्रकरण आये थे, जिसमें से 03 प्रकरण का निस्तारण मौके पर कर दिया गया था, शेष 01 प्रकरण जॉच कर निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। ब्लाक दिवस में समस्त ब्लाकों में विकास विभाग के 10 एवं अन्य विभाग के 04 कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई थीं ।
जिसमें 11 प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया है शेष 03 प्रकरण जॉच के उपरान्त निस्तारण की कार्यवाही की जायेगी।

## डीएम ने जून माह में किया था निरीक्षण, मानक विरुद्ध मिला था निर्माण कार्य

- तेंदुही आंगनबाड़ी केंद्र को मिला नया स्वरूप

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया
'देवरिया, ' जिलाधिकारी जितेंद्र

प्रताप सिंह के सख्त तेवरों का असर निर्माण परियोजनाओं पर दिखने लगा है। तेंदुही ग्राम पंचायत में जर्जर आंगनबाड़ी भवन को मानक के अनुसार नया स्वरूप दिया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकांत राय ने बताया कि कुछ दिन पूर्व जिलाधिकारी ने तेंदुही में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया था, जिसमें मानक विरुध्द कार्य मिलने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की थी। जिलाधिकारी द्वारा गठित जांच दल ने भवन के निर्माण में मानक की अनदेखी एवं घटिया निर्माण सामग्री के प्रयोग की पुष्टि की थी। डीएम ने जांच रिपोर्ट के आधार पर निर्माण परियोजना में संलिप्त जिम्मेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई भी की थी।
डीपीओ ने बताया उक्त आंगनबाड़ी भवन को निर्धारित निर्माण मानक के अनुसार नया स्वरूप दिया गया है। भवन के मानकानुसार बनाने में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा गया है। कमरों को आकर्षक चित्रों से सजाया गया है। शीघ्र ही इस आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन शुरू होगा। इसे स्मार्ट एवं मॉडल केंद्र के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जाएगा।

## रणनीति बनाकर पाएं सफलता: सीडीओ

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया
'देवरिया ' मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज में संचालित हो रही यूपीएससी कक्षा में आज मुख्य विकास अधिकारी रवीन्द्र कुमार गेस्ट फैकल्टी के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने छात्रों से संवाद कायम कर सफलता के गुर सिखाए एवं उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एक मोटिवेशनल क्लास भी लिया गया।
इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को रणनीति बनाकर परीक्षाओं की तैयारी हेतु मार्गदर्शित किया। उन्होंने कहा कि सभी छात्र समयबद्धता का पालन अवश्य करें। मौलिक किताबों का अध्ययन करें और अपने नोट्स स्वयं बनाये। जहाँ कहीं असुविधा हो वरिष्ठों से मार्गदर्शन प्राप्त करें। सफलता का कोई शॉर्टकट और मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता।
उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही अभ्युदय योजना के तहत आईएएस, आईपीएस, पीसीएस, एनडीएस, सीडीएस, नीट और जेईई मेन्स आदि प्रतियोगिताओं के परीक्षा तैयारी की निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जा रही है। सभी गुरूजन का यह दायित्व एवं कर्तव्य है कि इन छात्रो के अन्दर छिपी प्रतिभा को निकालने के लिये मार्गदर्शन दें। उन्होने कहा कि इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करना चाहिये । इन बच्चो के साथ अपना अनुभव साझा करें,ताकि इन्हें आगे बढ़ने में मद्द मिल सकें। उन्होने कहा कि इस कार्य को निःस्वार्थ भाव से करने की आवश्यकता हैं। हर गरीब का बच्चा जो पढ़ना चाहता है उसे आगे बढ़ने का मौका मिले। ताकि जिले के युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर अच्छा मुकाम हासिल कर सकें।
इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी, नायब तहसीलदार धर्मवीर सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज, तैयारी करा रहे ए आर पी अजीत सिंह, संजय मिश्र (अभ्युदय प्रभारी) मौजूद रहे।



# हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारी की हुई समीक्षा, हर घर तिरंगा कार्यक्रम में जनभागीदारी बढ़ाये: सीडीओ

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया
'देवरिया, ' मुख्य विकास अधिकारी रविंद्र कुमार ने आज विकास भवन स्थित गांधी सभागार में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विभागवार कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ ऐतिहासिक अवसर है। इसे जन समुदाय की भागीदारी के साथ अत्यंत भव्य तरीके से मनाया जाए।
मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि समस्त सरकारी कार्यालयों में खादी के झंडे फहराये जाएंगे। समस्त सरकारी कार्यालयों में साफ सफाई के साथ ही लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने पंचायती राज विभाग को निर्देश दिया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में पीए सिस्टम के माध्यम से सुबह व शाम देश भक्ति गीतों का गायन सुनिश्चित किया जाए। ग्राम विकास विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में खंडवार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं अमर शहीदों के परिजनों का चिन्हीकरण करने एवं सम्मानित करने के साथ ही अमृत सरोवरों पर झंडारोहण करने निर्देश दिया।
बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग को नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवनों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीदों एवं महापुरुषों के नाम पर नामकरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चों को राष्ट्रीय गीत झंडा गीत का अभ्यास अभी से कराना शुरू कर दिया जाए। पुलिस के 75 जवान मोटरसाइकिल रैली निकालेंगे। इसी तरह पीआरडी के 75 जवान हर घर तिरंगा साइकिल रैली निकालेंगे। व्यापार मंडल तिरंगा यात्रा निकालेगा। बेसिक शिक्षा विभाग में हर घर तिरंगा से संबंधित रंगोली, चित्रकला, पोस्टर, अल्पना इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। प्रत्येक विद्यालय में प्रभात फेरी का आयोजन होगा, जिसमें झंडा गीत एवं देश भक्ति गीत का गायन किया जाएगा।
मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि समस्त नोडल अधिकारी अपने कार्य दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन कर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दें।
बैठक में प्रभारी सीएमओ सुरेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ राजेश सोनकर, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, डीपीआरओ अविनाश कुमार, डीपीओ कृष्णकांत राय, बीएसए हरिश्चंद्र नाथ, डीसी मनरेगा बीएस राय, श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशि सिंह सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

- 11 अगस्त से 17 अगस्त तक आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि 11 अगस्त को तिरंगा दौड़ का आयोजन किया जाएगा। उक्त दौड़ शहीद स्मारक रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर पुलिस लाइन ग्राउंड तक जाएगी। इसमें एनसीसी, एनएसएस, व्यवसायिक प्रतिष्ठान व आम नागरिक सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे।
12 अगस्त को माध्यमिक शिक्षा विभाग, युवा कल्याण विभाग, क्रीड़ा विभाग व नेहरू युवा केंद्र द्वारा स्टेडियम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाएगा।
13 अगस्त को जनपद के समस्त कार्यालयों मलिन बस्तियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों के घरों के आसपास की साफ–सफाई एवं दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
14 अगस्त को बेसिक शिक्षा विभाग, बाल विकास पुष्टाहार विभाग, एनसीसी व एनएसएस द्वारा शहीद रामचंद्र विद्यार्थी स्मारक पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
15 अगस्त को समस्त कार्यालयों, शासकीय एवं अर्ध शासकीय विभागों में ध्वजारोहण एवं स्वतंत्रता दिवस से संबंधित कार्यक्रम, गोष्ठी एवं वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित होंगे।
16 अगस्त को जनपद के समस्त अधिकारीगण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व अमर शहीदों के घरों पर जाकर झंडारोहण करेंगे।
17 अगस्त को टाउन हॉल में कार्यक्रम आयोजित कर हर घर तिरंगा कार्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया जिला कारागार का निरीक्षण प्रत्येक बैरक में की गई सघन चेकिंग, पाकशाला एवं अस्पताल का लिया जायजा

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया
'देवरिया, ' जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा आज जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रत्येक बैरक की सघन तलाशी ली गई। निरीक्षण में कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली।
आज प्रातः जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक अचानक जिला कारागार पहुंचे और जेल परिसर में स्थित विभिन्न बैरकों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने जेल मैन्युअल के मुताबिक मिल रही सुविधाओं के संबन्ध में जानकारी प्राप्त की।
पेयजल व स्वच्छता व्यवस्था पर सन्तोष जताया। डीएम ने जेल परिसर में स्थित अस्पताल का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता एवं ओपीडी के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जेल अधीक्षक भोलानाथ मिश्रा को कारागार में विभिन्न प्रकार के रचनात्मक कार्यों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पाकशाला का भी निरीक्षण

किया और कैदियों को निर्धारित मानक के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान किसी भी कैदी ने जिलाधिकारी से कोई भी समस्या नहीं बताई। इस दौरान एडीएम (वित्त एवं राजस्व) नागेंद्र कुमार सिंह, सीओ श्रीयश त्रिपाठी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# सीडीओ ने उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी, तस्करी रोकने तथा कृषकों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने हेतु लगाई कार्मिकों की ड्यूटी

- प्रभावी नियंत्रण हेतु सुसंगत प्रविधानान्तर्गत नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई किए जाने का दिया निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया
'देवरिया ' मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार ने बताया है कि खरीफ 2022 की फसलों की बुआई का कार्य माह मई के मध्य से कृषकों द्वारा प्रारम्भ किया जाता है। बुवाई के समय नत्रजनिक के साथ साथ फास्फेटिक उर्वरकों की आवश्यक्ता माह जून एवं जुलाई में अधिक होने के कारण मांग में वृद्धि हो जाती है। कृषकों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जानी है। फसल सीजन में प्रदेश के अन्तर्गत असमाजिक तत्वों द्वारा उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी, अनुदानित उर्वरकों का प्रयोग औद्योगिक इकाईयों में किए जाने तथा अन्तर्राज्जीय सीमा से लगे क्षेत्र उर्वरकों की तस्करी किए जाने की सम्भावना के दृष्टिगत सतत् निगरानीध्उर्वरक बिक्री का स्थलीय निरीक्षण एवं उपलब्ध भौतिक सम्भार का सत्यापन किए जाने, कृषको को गुणवत्तायुक्त रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए, सहकारी एवं निजी उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर जनपद में आपूर्तित होने वाले उर्वरकों की रैक पर सहकारिता क्षेत्र, कृषि विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारियोंध्कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मुख्य विकास अधिकारी ने तैनात कार्मिकों को निर्देशित किया है कि वर्तमान में खरीफ फसलो की बुआई का कार्य ती गति से चल रहा है,जिसके कारण कृषकों के मध्य उर्वरकों की भारी मांग होने के कारण सतर्क दृष्टि रखें ताकि असमाजिक तत्व बिचौलिए किसी भी प्रकार की जमाखोरीध्काला बाजारी न कर सके। उर्वरकों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने एवं निर्धारित मूल्य पर प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन के माध्यम से उर्वरकों की शत प्रतिशत बिक्री करायी जाय तथा कृषको को उपलब्ध कराया जाय। उर्वरक विक्रेताओं द्वारा बोरी पर अंकित खुदरा विक्रय दर से अधिक पर पर उर्वरक का विक्रय करने की स्थिति में उर्वरक नियन्त्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की सुसंगत प्रविधानान्तर्गत नियमानुसार आवश्यक कार्यवाई करायी जाय।
उर्वरक विक्रेता कृषको को मुख्य उर्वरक यथा यूरिया के साथ कम प्रचलित अन्य उत्पाद खरीदने हेतु बाध्य करते हैं तो सम्बन्धित के विरुद्ध उर्वरक नियन्त्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की सुसंगत प्राविधानान्तर्गत नियमानुसार आवश्यक कार्यवाई करायी जाय। ऐसे उर्वरक विनिर्माता ध प्रदायकर्ताओं पर सतर्क दृष्टि रखी जाय जिनके द्वारा किसी थोक उर्वरक विक्रेता को प्रमुख उर्वरक यथा यूरिया डी०ए०पी० एन०पी०के० एव एम०ओ०पी० की आपूर्ति दिये जाने हेतु कम प्रचलित उर्वरक प्राप्त करने हेतु भी बाध्य किया जाता है, तो बाध्यता की पुष्टि होने पर सम्बन्धित थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के साथ उर्वरक निर्माता एवं प्रदायकर्ता के विरुद्ध भी विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाय।कृषको को उनके आधार कार्ड / पहचान पत्र के आधार पर जोत वही में अंकित कृषित भूमि /उनकी जोत के अनुसार एवं फसलवार उर्वरकों की संस्तुत मात्रा के अनुसार ही उर्वरक उपलब्ध कराया जाय । उर्वरक विक्रेता के यहाँ कृषक पंजिका में अंकित विवरण के अनुसार क्रेता किसानो का रेण्डम आधार पर समय समय पर सत्यापन किया जाय ताकि कालाबाजारी एवं जनाखोरी पर प्रभावी नियन्त्रण किया जा सके। उन्होंने आगाह किया है कि उपरोक्त का पालन कड़ाई से कराया जाय।

# खैरीपट्टी से निकली गोला को कावर यात्रा

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट तम्बौर सीतापुर। विकास खण्ड बेहटा के ग्राम पंचायत खैरी पट्टी बरसिंहवा से गोला गोकरन नाथ के लिए गाजे बाजे के कावण यात्रा निकली हरिहरपुर कुटी से जल भर कर गोला के लिए डी जे के साथ बड़े धूमधाम से प्रस्थान किया इस कावण यात्रा मे अहम भूमिका ग्राम प्रधान रोहित कुमार लोधी सुनील कुमार अवस्थी नीरज कुमार प्रशांत अवस्थी शिवाकांत द्विवेदी के माध्यम से कावण यात्रा निकली।

# संक्षिप्त समाचार

## चारा लेने गए किसान की नलकूप के पोल में करंट आने से मौत

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा
फतेहाबाद । फतेहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बिलोनी में शनिवार सुबह खेत पर चारा लेने गए एक किसान नलकूप के विद्युत पोल में करंट आ जाने से गंभीर अवस्था में घायल हो गया। जिसकी उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई ।घटना की जानकारी पर पहुंची फतेहाबाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिलोनी निवासी देशराज उम्र करीब 32 वर्ष पुत्र जगदीश शनिवार सुबह अपने खेतों पर चारा लेने के लिए गया था। जहां चारा काटने समय विद्युत पोल में करंट आ जाने से वह उससे चिपक गया है ।जिसके चलते उसे गंभीर करंट लग गया घटना की जानकारी अन्य ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने तुरंत उसे अस्पताल भिजवाया। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई ।घटना की जानकारी पुलिस को दी गई पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कौशल कुमार जिलाधिकारी सुपौल द्वारा प्रखंड कार्यालय सरायगढ़ भपटियाही का निरिक्षण किया गया

आलोक बादल जिला संवाददाता सुपौल (बिहार)
सुपौल–आज दिनांक 23.07.2022 को श्री कौशल कुमार जिलाधिकारी

सुपौल द्वारा प्रखंड कार्यालय सरायगढ़ भपटियाही का निरिक्षण किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निरीक्षण के क्रम में कई बिंदुओं पर प्रखंड विकास पदाधिकारी,सरायगढ़–भपटियाही को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिए गए निर्देश का अनुपालन निदेशित किया गया।
निरीक्षक के क्रम में श्रीमती श्वेता कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी,सरायगढ़, एवं वरीय कोषागार पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 118 मीटर चढकर स्थिर हुई चंबल नदी

संवादाता हिमांशु गुप्ता
पिनाहट बरषात के पानी धौलपुर बैराज से पानी छोडे जाने के बाद करीब आठ मीटर की जलस्तर मे हुई बढोत्तरी के बाद चंबल नदी 118 मीटर पर स्थिर हो गयी।

मध्यप्रदेश व राजस्थान के बरषात का पानी व धौलपुर बैराज से एक लाख बाईस हजार क्यूसेक पानी छोडे जाने के बाद चंबल नदी का जलस्तर शुक्रवार शाम को 118.50 पर पहुच गया था।शनिवार शाम करीब चार बजे तक नदी का जलस्तर इसी स्थान पर टिका रहा नदी के जलस्तर मे करीब आठ मीटर की बढोत्तरी के बाद ठहरा देखा गया।दो दिन से स्थित हुऐ नदी के जलस्तर से पिनाहट घाट पर आवागमन के लिये चल रहै स्टीमर पर लोगो को भारी दिक्कतो का सामना करना पड रहा है।वही राजस्व टीमे व वन विभाग नदी के जलस्तर पर नजर जमाये हुऐ है

## फतेहाबाद पुलिस ने चोर दबोचा ,जेल भेजा

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा
फतेहाबाद । फतेहाबाद पुलिस ने बाहर आए से एक चोर को दबोच लिया इस कब्जे से एक मिल्कोमीटर बरामद किया है। यह 2 महीने पहले

फतेहाबाद के डाक बंगला के पीछे हुई चोरी में लिप्त था । इंस्पेक्टर आलोक कुमार सिंह के मुताबिक फतेहाबाद पुलिस ने बाह रोड पर चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से मिलकोमीटर बरामद किया गया। यह उसने पिछले 2 माह पहले फतेहाबाद के डाक बंगला के पीछे हुई चोरी के दौरान चुराया था ।पकड़े गए चोर ने अपना नाम रिंकू पुत्र मातादीन निवासी बिष्णुगढ़ कन्नौज बताया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

## फतेहाबाद में बन रहे नाले कि जांच के लिए सपा नेता ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा
फतेहाबाद । फतेहाबाद के अवंती बाई चौक से बाहरोड की ओर बन रहे नाले मैं घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायत करते हुए सपा नेता ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है ।सपा नेता नीरज चक ने पत्र में कहा कि फतेहाबाद अवंती बाई चौराहे से वाह बाईपास चौराहे तक फतेहाबाद नगर की जल निकासी के लिए नाला बनाया जा रहा है। जिसे ठेकेदार द्वारा मानक अनुसार नहीं बनाया जा रहा है। इस नाले के नवीन निर्माण में विभाग द्वारा 15 करोड़ से ज्यादा पैसा खर्च किया जा रहा है ।इस नाला बनने के बावजूद फतेहाबाद नगर की पानी की समस्या का कोई सुधार नहीं होगा। उन्होंने इस नाले की जांच कराए जाने की मांग की है।

## सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र का राज्य मंत्री ने किया परिभ्रमण जाना कन्नौज के इत्र का इतिहास

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज
कन्नौज समाज कल्याण राज्यमंत्री व्यस्त कन्नौज दौरा था जिसके चलते जहां एक ओर कलेक्ट्रेट परिसर में लैपटॉप वितरण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आदि व्यस्त कार्यक्रमों के बाद कन्नौज की पहचान सुगंध से है इत्र और खुशबू की जानकारी कर क्षेत्रवासियों को

उसके द्वारा किस प्रकार लाभ दिलाया जा सके इसके लिए समाज कल्याण राज्यमंत्री ने कन्नौज स्थित सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र (एफ एफ डी सी )का परिभ्रमण कर जानकारी अर्जित की ।
समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण जहां एक और सरकार की नीतियों और उनकी उपलब्धियों को मजबूती देकर उसके विस्तार करने को हमेशा तत्पर रहते हैं उसके लिए अपने व्यस्त कार्यक्रमों में से समय निकालकर क्षेत्र और प्रदेश को किस प्रकार लाभान्वित किया जाए उसके लिए हमेशा तत्पर रहते हैं उसी कड़ी में आज कन्नौज की पहचान इत्र के बारे में जानकारी अर्जित कर किस प्रकार प्रदेश वासियों और क्षेत्र वासियों को लाभ हो उसके लिए सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र एफएफडीसी का परिभ्रमण कर गहनता से अध्ययन कर एफएफडीसी के प्रधान निदेशक शक्ति विनय शुक्ला से जानकारी अर्जित की परिभ्रमण का मुख्य उद्देश्य फूलों पर आधारित खेती कर किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को प्राप्त करने का भागीरथ कार्य हो सके जिससे प्रधानमंत्री के मिशन जिसमें कि किसानों की आय दुगनी करने की बात कही जाती है उसको पूरा किया जा सके इस प्रकार के कार्यक्रम राज्य मंत्री की दूरदर्शी सोच के परिणाम के रूप में दिखाई दे रहे हैं स भ्रमण कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज्योत्सना अरुण डॉ ज्योत्स्ना शुक्ला भी मौजूद रही ।

# संक्षिप्त समाचार

## पायल ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी अछनेरा। किरावली कस्बे के गांव अभुआपुरा के मजदूर महेंद्र प्रताप ने अपनी पत्नी के निधन के बाद बच्चों की पढ़ाई में कोई ढिलाई नही बरती । गरीबी का दंश झेल रहे परिवार की खुशी का ठिकाना नही रहा जब सात संतानों में छठवें नम्बर की बेटी पायल जो कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय किरावली की छात्रा है उसका चयन राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में हुआ है । जिसमें चयन होने पर छात्रछात्राओं को कक्षा 9 से 12 तक पढ़ाई करने पर 12000 रुपये प्रति वर्ष के हिसाब से 48000 रुपये छात्रवृत्ति प्राप्त होती है । छात्रा के चयन पर विद्यालय के समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया एवं छात्रा को विद्यालय बुलाकर प्रधानाध्यापक अब्दुल सलीम खान ने सम्मानित किया।

## थाना दिवस में आई तीन शिकायतें दो का हुआ मौके पर निस्तारण

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी अछनेरा। माह के तीसरे शनिवार को थाना दिवस तहसीलदार नीरज शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ थाना दिवस में कुल 3 शिकायतें दर्ज हुई जिसमें सभी शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थी जिसमें दो टीमें बनाकर शिकायतों के लिए मौके पर निस्तारण के लिए रवाना किया गया। एक शिकायत लंबित रह गई थाना दिवस में तहसीलदार नीरज शर्मा थाना प्रभारी अनुराग शर्मा उप निरीक्षक सोबरन सिंह राजस्व निरीक्षक के पी सिंह लेखपाल सरदार सिंह लेखपाल मनोज रावत एवं अन्य पुलिसकर्मी आदि अधिकारी वह कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्वान हुआ पागल कई लोगों को काटा

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी अछनेरा। थाना अछनेरा अंतर्गत गांव कुकथला मैं सुबह लगभग 7रू00 बजे गांव के लोग मॉर्निंग वॉक पर निकले थे तभी खेतों की तरफ से एक स्वान आया और लोगों पर झपट पड़ा एक के बाद एक 3 लोगों को काट लिया कुकथला निवासी होरी लाल उपाध्याय चंद्रशेखर कान्हा उपाध्याय को काट कर घायल कर दिया उनके पीछे चल रहे जय सिंह सिकरवार ने जैसे तैसे करके स्वान को भगाया आगे चलकर सहायक अध्यापक राजकुमार शर्मा व हरनाम निवासी सहता को अपना निशाना बना लिया गांव में पागल स्वान की वजह से दहशत का माहौल ।

# आगरा में सीबीएसई 12वीं में आयुष बघेल और 10वीं में भूमि के किया टॉप, शौर्य चौधरी होली पब्लिक स्कूल के मेधावी

• सीबीएसई 12वीं में आयुष बघेल और 10वीं में भूमि जैन ने किया जिला टॉप

दै.अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा।

आगरा में ये हैं सीबीएसई 10वीं और 12वीं के टॉप 3 शुक्रवार को सुबह सीबीएसई ने 12 वीं के नतीजे घोषित किए, दोपहर दो बजे 10 वीं का रिजल्ट भी जारी कर दिया। आगरा में 12वीं की परीक्षा में शिवालिक पब्लिक स्कूल के आयुष बघेल ने टॉप किया है।

आयुष ने पांच विषयों में 499 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान पाया है तो वहीं 10वीं की परीक्षा में शिवालिक स्कूल की छात्रा भूमि ने भी जनपद में टॉप किया है। भूमि जैन ने भी 500 में से 499 अंक हासिल किए हैं. दोनों का टॉपर प्रतिशत 99.8 रहा है। 26 हजार बच्चों ने दी परीक्षा रू–आगरा में सीबीएसई के 147 स्कूल हैं।10वीं और 12वीं की परीक्षा में इस साल 26 हजार बच्चों ने परीक्षा दी,जिसमें 12 वीं के 12405 स्टूडेंट्स और 10 वीं के 14575 बच्चों ने परीक्षा दी।

12वीं में इन्होंने किया टॉप :–

आयुष बघेल शिवालिक कैम्ब्रिज स्कूल (99.8 प्रतिशत) आदित्य गौतम सुमित राहुल मेमोरियल स्कूल (99.6 प्रतिशत)10वीं में आगरा के टॉपर्स :–

भूमि जैन शिवालिक कैंब्रिज स्कूल (99.8 प्रतिशत) श्रेयस सिंह परिहार, कर्नल ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल (99.4 प्रतिशत) हर्ष शर्मा, सिंपकिस स्कूल (99.2 प्रतिशत) राघव शर्मा, होली पब्लिक स्कूल (99.2 प्रतिशत) शौर्य चौधरी, होली पब्लिक स्कूल (98.8 प्रतिशत) अंक पाकर, टॉप– मेधावी छात्रों की श्रेणी में आकर स्कूल का नाम रोशन किया।शौर्य चौधरी ,ट्रान्स यमुना कॉलोनी (आगरा)ने मीडिया से अपने अनुभव शेयर किए। शौर्य, बेहतर पढ़ाई करके, अपने भाई की तरह डॉक्टर बनना चाहते हैं। उनके भाई –आर्य चौधरी , सरकारी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कर रहे है, जबकि उनके पिताजी– पत्रकार नेता, धर्मेन्द्र कु.चौधरी,उ.प्र. जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के प्रदेश सचिव हैं।

उन्हें ऑन लाइन सामान्य ज्ञान, रहस्यमय– हास्यप्रद फिल्म, नाटक, ओल्ड सॉन्ग एवं पढ़ाई पसंद है। वे उम्र के हिसाब से अधिक गम्भीर हैं।

# हरियाली तीज का कार्यक्रम, हर्ष-उल्लास के साथ मनाया

दै. अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। रिट्रीट में हरियाली तीज का कार्यक्रम बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सदस्यों ने सावन के गानों पर नृत्य कर रैंप का आनंद लिया। शैलेंद्र शर्मा जी एवं पल्लवी जी ने मिस्टर एंड मिसेस तीज क्वीन का खिताब हासिल कियाद्य कार्यक्रम में मुख्य भूमिका मुख्य संस्थापक रवि शिवहरे जी का विशेष योगदान रहा। अध्यक्ष आशुतोष गोयल ,सचिव मनीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विष्णु गोस्वामी, महिला संयोजिका अर्चना गुप्ता, शिवकुमार संजीव, गौरव ,अमित ,अजय, कन्हैया, संतोष सिकरवार ,अशोक बंसल, आलोक जैन रिंकू सुरेश किशन धीरज मनोज शरद कपिल जी का विशेष योगदान रहा महिलाओं में आरती शिवहरे, डिंपल, रुचि , सीमा , रजनी, नमिता, वैशाली ,मणि ,पूजा गोस्वामी का विशेष योगदान रहा।

## हजरत मुहम्मद रजा शाह रहमतुल्लाह अलैह की फातिहा ख्वानी में मुल्क के अमन चौन की दुआ की

• अल्लाह के वली के दरबार मे हाजरी देने से दिल को सुकून और रूह को चौन मिलता है : सज्जादानशीन पीरजादा विजय कुमार जैन

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। दगाह कटघर कब्रिस्तान स्थित दरगाह आले पंजतनी हजरत पीर अलहाज तसद्दुक हुसैन अलमारूफ रमजान अली शाह चिश्ती साबरी रहमतुल्लाह अलैह के मजार ए मुकद्दस पर हुजूर सय्यद मुहम्मद रजा शाह संदीलवी रहमतुल्लाह अलैह की फातिहा ख्वानी के मौके पर गुलपोशी व इत्र आदि पेश करके फातिहा ख्वानी, शिजरा ख्वानी, खत्म –ए–साबरी, खत्म ए कुद्दूसी पढ़कर दरबार ए मुर्शिदी में मुल्क के अमन चौन की और हाजरीन व मुरीदीन की फलाहियत की दुआ दरगाह के सज्जादानशीन व अखिल भारतीय सर्वधर्म साबरी एकता संगठन के राष्ट्रीय महासचिव पीरजादा विजय कुमार जैन ने बहुत ही अकीदत और मुहब्बत से की । इस मौके पर मशहूर शायर शादिद नदीम अकबराबादी ने बारगाह में अपना कलाम पेश करके सभी को वाह वाह कहने को मजबूर कर दिया । फातिहा ख्वानी व दुआ के मौके पर दरगाह के सज्जादानशीन पीरजादा विजय कुमार जैन ने कहा कि अल्लाह के वली के दरबार मे हाजरी देने से दिल को सुकून और रूह को चौन हासिल होता है । इन बुजुर्गों की बारगाह जायरीन व मुरीदीन के दिल की अकीदत और मुहब्बत को कुबूल करके उनके दामन को मुरादों से भरते हैं ।

इन बरगाहों से कोई खाली दामन नहीं जाता है । मुल्क के अमन चौन के लिए खास दुआ की जिससे आलम ए इन्सान को सुकून कायम हो और देश में खुशहाली का वातावरण कायम हो , ये सब जब ही संभव है कि हम सब बुजुर्गों, सूफी, साधु संतो के द्वारा दिए गए मुहब्बत , एकता के पैगाम पर कदम दर कदम चले जिससे चारो तरफ खुशहाली का वातावरण कायम हो और देश एक नए मकाम की ऊंचाइयां हासिल करे जिसकी आज देश को सख्त जरूरत है । फातिहा ख्वानी के कार्यक्रम में सर्वश्री सज्जादानशीन विजय कुमार जैन, अब्दुल सईद खान, अनिल दीक्षित, खलीफा रमजान खान साबरी, खलीफा सईद साबरी, इरफान साबरी, खलीफा जमील साबरी, शकील अहमद साबरी, राकेश साबरी, उमेश चंदेल साबरी, मनोज साबरी, रूपसिह साबरी , आरिफ अब्बासी, इकराम उर्फ इक्को भाई, प0 जगदीश प्रसाद साबरी, खलीफा कल्लू साबरी, राजेश जैन, खलीफा अब्दुल जब्बार साबरी मुजफ्फरी, खलीफा परवेज साबरी मुजफ्फरी , प्रदीप कुमार , पप्पी भाई, हाशिम साबरी, कासिम साबरी , सतीश कुमार, गायत्री साबरी, शिवानी साबरी, अंजू सिंह साबरी, ममता दीक्षित, सरोज साबरी, विमला साबरी, आदि ने शिरकत करके अपने दामन को मुरादों से भर।

# श्री हरकिशन धिआइए जिस डिटे सब दुख

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। बाला प्रीतम साहिब श्री गुरु हरकिशन महाराज साहिब जी के प्रकाश पूरब की खुशी में गुरुद्वारा साहिब शाहगंज पर 3 दिन से चल रहे अमृतमई अमृतवेला कीर्तन समागम में प्रकाश उत्सव की खुशी में सुबह से अमृत वेले 4 बजे से अमृतवाणी का संचार कीर्तन की हाजिरी कीर्तनकार भाई साहब भाई अमृतपाल सिंह जी द्वारा वाहेगुरु वाहेगुरु वाहेगुरु का सिमरन गुरु प्यारी संगत परिवार वह अपने बच्चों के साथ पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आगे मत्था टेक कर गुरु घर की खुशियां प्राप्त की 3 दिन से सिमरन में जो जल का भोग लगाया वह सभी संगतो में वितरण किया जिसके पीने से दुख दर्द रोग चिंता मिट जाती है गुरु का सिमरन हीं नाम औषध है ।

सूरज की पहली किरण धन धन गुरु ग्रंथ साहिब जी के आगे सरबत के भले की अरदास मालिक सबका भला कर सब को सुख शांति खुशी दो ऐसी आज बाला प्रीतम जी के प्रकाश पूरब पर अरदास की गई सेवा में रहे प्रधान बॉबी आनंद ,रोशनी कुकरेजा, अनिल वाधवानी, मनोज नोतनानी ,लव पोपली, विजय विदानी।

# युवक ने लगाया दरोगा पर आरोप

• मेरी पत्नी का दारोगा से चल रहा है प्रेम प्रसंग, पत्नी देती हैं मुझे जान से मारने की धमकी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। मैनपुरी में एक युवक ने एक दरोगा पर उसकी पत्नी को साथ ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित पति का कहना है, 1 साल से उसकी पत्नी का दरोगा के साथ अफेयर चल रहा है। मेरी पत्नी उसके साथ मिलकर मुझे जान से मारने की धमकी देती है। पीड़ित पति ने पत्नी और दरोगा के खिलाफ एसपी को तहरीर पत्र देकर शिकायत की है। पति ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामला बिछवां थाना क्षेत्र के नगला गांव का है। पीड़ित पति देवेंद्र पाठक ने बताया, मेरी शादी 12 साल पहले एटा की रहने वाली प्रीति से हुई थी। शादी के बाद हमारे 3 बच्चे हुए। सब कुछ सही चल रहा था। लेकिन 1 साल से मेरी पत्नी का दूसरे युवक से अफेयर शुरू हो गया। जिस युवक से मेरी पत्नी का अफेयर है वो दरोगा है। मेरी पत्नी की मुलाकात दरोगा से उसकी बहन के घर में हुई थी। तभी से दोनों साथ हो गए। तब से मेरी पत्नी उसी के साथ रहती है। वो कभी–कभी घर आती है। मेरे बच्चे भी परेशान रहते हैं। वो लोग ठीक से खाना भी नहीं खा पाते हैं। मैं खेती किसानी करता हूं। मेरी पत्नी मुझे झूठे केस में फंसाने की धमकी देती है। उन्होंने बताया, ष्दरोगा इस समय कोतवाली अंतर्गत औछा रोड़ स्थिति चौकी पर तैनात है। वो मेरे न होते हुए मेरे घर भी आता है। मैं एक साल में 6 बार इसकी शिकायत कर चुका हूं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 2 बार तहरीर दी लेकिन किसी ने मामले का संज्ञान नहीं लिया। आज एसपी से मामले की शिकायत की है। मैं बस यही चाहता हूं कि मेरी पत्नी को जहां रहना है वहां रहे, लेकिन मुझे परेशान न करे। मुझे धमकी न दे। मेरे बच्चों पर इसका बहुत बुरा असर पड़ता है। वो मुझसे कानूनी तौर पर अलग हो जाए। 1 साल से मेरा घर उजड़ गया है। गांव के लोग भी मुझसे मेरी पत्नी के बारे में पूछते हैं। दरोगा यहां किराए पर रहता है। वहीं मेरी पत्नी भी रहती है। दरोगा की पत्नी आगरा में रहती है। उसको इन सब के बारे में जानकारी नहीं है। मैं पुलिस से मदद

की गुहार लगा रहा हूं। मामले में सीओ सिटी सदर विजय पाल सिंह ने बताया, पति का प्रार्थना पत्र मिला है। उसकी जांच की जा रही है। दोनों आरोपियों से पूछताछ की जाएगी। धमकी देने वाली बात की भी जांच की जाएगी। सच्चाई पाए जाने पर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भाविप उड़ान ने गौ सेवा के बाद किया तुलसी और खिचड़ी का वितरण

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। भारत विकास परिषद् की उड़ान शाखा ने संस्कृति माह के अंतर्गत गौ सेवा, तुलसी व खिचड़ी वितरण का आयोजन कराया गया।

अध्यक्ष इन्जीनियर रूपल गोयल ने कहा कि वाटर वर्क्स चौराहा पर संजीव मित्तल और अमित गर्ग के निर्देशन में तुलसी वितरण, अग्रवन गौशाला में उमेश धर्म गोयल और लीला गोयल के निर्देशन में गौ सेवा और बाग मुज्जफ्फर खां पर मीरा खन्ना के निर्देशन में खिचड़ी वितरण किया गया।

सचिव उमेश खन्ना ने कहा कि तुलसी मात्र एक पौधा ही नहीं, कई औषधियों की खान है। पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए हमें पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रान्तीय संगठन मंत्री मुकेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष अवदेश गोयल, गुंजन अग्रवाल, मुकेश मित्तल, विजित गुप्ता, अनुपम बंसल, हरेंद्र मल्होत्रा, हनुमान प्रसाद गोयल, वेद प्रकाश आर्य, जगदीश मित्तल, शेफाली गर्ग, विशाल बंसल आदि मौजूद रहे।

## भाविप समर्पण ने किया तुलसी व नीम की पौध का वितरण

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा । भारत विकास परिषद् समर्पण शाखा की ओर से शनिवार को स्पीड कलर लैब चौराहा पर तुलसी एवं नीम पौध का वितरण किया। संस्था के सदस्यों ने पौधे देते हुए आये लोगों से अधिक से अधिक पेड़–पौधे लगाने की

तथा लगे हुए वृक्षों का संरक्षण करने का अपील की अंशुल दौनेरिया और राघवेंद्र मधुर सिंघल के निर्देशन में शहरवासियों को लगभग 500 तुलसी के पौधे वितरित किए गए। संस्था के अध्यक्ष संजीव दौनेरिया व सचिव नितिन गोयल ने सयुक्त रूप से कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए द्य जिससे से विश्व में प्रदूषण की समस्या समाप्त हो सके। हम स्वच्छ पर्यावरण में जीवन व्यतीत कर सकें। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष समीर जैन, महिला संयोजिका संगम सिंघल, मोनिका दौनेरिया, सारिका सिंघल, अनिल कुमार गुप्ता, लवली जैन, राहुल वर्मा, अखिलेश भटनागर, रोहित गर्ग, संदीप मित्तल, अलका मित्तल, निशी दौनेरिया, तुषार गोयल, देवेंद्र मांडलस गुप्ता, आयुषी भटनागर, विमलेश गुप्ता, सोनम मित्तल आदि मौजूद रहे।

# डंपर की चपेट में आकर हाथरस में छह कांवड़ियों की मौत

• आगरा ग्वालियर हाईवे के टोल प्लाजा पर मृतक के परिजनों ने कांटा हंगामा

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता धर्मेंद्र पचौरी खेरागढ़। हरिद्वार से लेकर यूपी राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में कावड़ियों के जयकारे गूंज रहे थे तभी अचानक से दहशत भरा माहौल पैदा हो गया कावड़ियों के दिलों में दहशत फैली हुई है अथवा सहमे – सहमे लोग अपनी–अपनी का बड़ों को यथा स्थान पहुंचाने में लगे हुए हैं शवों को उत्तर प्रदेश की सीमा पार कराने के लिए पुलिस प्रशासन के अधिकारी ग्वालियर के लिए हुए थे रवाना। सैंया बार्डर पर टोल प्लाजा पर शनिवार सुबह ही ग्वालियर से मृतकों के स्वजन आकर जमा हो गए थे। टोल प्लाजा पर 45 मिनट तक रुका रहा डंपर की चपेट में आकर हाथरस में छह कांवड़ियों की मौत, हो गई आगरा ग्वालियर हाईवे के टोल प्लाजा पर कावड़ियों ने जमकर हंगामा कांटा सैंया टोल प्लाजा पर शनिवार सुबह रास्ते रोके खड़े मृतक कांवड़ियों के स्वजन। आगरा दैनिक अयोध्या टाइम की टीम द्वारा पड़ताल की है यूपी में आगरा के पास सादाबाद में शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रहे कांवड़ियों के जत्थे को डंपर ने रौंद दिया। हादसे में पांच कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। यह हादसा शुक्रवार देर रात करीब तीन बजे आगरा अलीगढ़ हाईवे स्थित सादाबाद के पास सेंट फ्रांसिस स्कूल पर हुआ था। सभी मृतक मध्य प्रदेश के ग्वालियर के पास उटीला रहने वाले थे। कांवड़िये हरिद्वार से कांवड़ में गंगाजल लेकर ग्वालियर आ रहे थे। हादसे की सूचना के बाद बड़े पैमाने पर उटीला से आए लोगों ने आगरा ग्वालियर रोड पर सैंया टोल प्लाजा पर जाम लगा दिया। मुख्यमंत्री ने भी इस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। फलाहारी थाली, शुद्धता, सात्विकता और स्वादिष्टता, व्रत में एक बार ट्राई करें जरूर आगरा के पास सादाबाद में देर रात हुए हादसे में पांच कांवड़ियों की मौत हो गई थी। एक कांवड़िए ने शनिवार सुबह हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया है। हरिद्वार से कांवड़ लेकर ग्वालियर वापस लौट रहे कांवड़ियों के साथ ये हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कांवड़िये एक ढाबे पर खाना खा रहे थे, तभी अनियंत्रित होकर डंपर ने कांवड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में जबर सिंह रनवीर सिंह, मनोज पाल सिंह, रमेश पाल और नरेश पाल समेत छह की मौत हुई है। चार हत्याओं से दहला था आगरा, जिस भाई की कलाई पर बांधी थी राखी, उसी ने मां सहित तीन बच्चों के काटे थे गले

सैंया टोल प्लाजा पर तैनात पुलिस फोर्स है हाथरस जिलाधिकारी ने सभी मृतक कांवड़ियों के परिजन को एक–एक लाख रुपशे की मदद देने की घोषणा कर दी है। हादसे की सूचना पाकर आगरा और हाथरस के पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक जताया है। आगरा के एडीजी राजीव कृष्ण ने कहा कि डंपर के चालक को पकड़ लिया गया है सैंया टोल प्लाजा पर हंगामा हादसे के बाद शनिवार सुबह पुलिस प्रशासन द्वारा कांवड़ियों के शव को ग्वालियर के उटीला के पास गांव बाँगई खुर्द भेजा जा रहा था। कांवड़ियों के स्वजन सुबह ही सैंया बॉर्डर पहुंच गए। गुस्साए स्वजनों ने सैया बॉर्डर टोल प्लाजा हाईवे पर पत्थर रखकर जाम लगा दिया और सडक पर बैठ गए। सूचना मिलते ही तमाम पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। करीब 45 मिनट तक टोल प्लाजा हाईवे पर आवागमन बंद रहा। शवों को उत्तर प्रदेश की सीमा पार कराने पहुंचे एसडीएम सदर हाथरस राजकुमार सिंह ने मृतकों के परिजनों से बात कर सरकार द्वारा उनको उचित मुआवजे की आश्वासन दिया। ग्रामीणों की मांग पांच पांच लाख मुआवजा दिए जाने की है।

# उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूरे हुए, होगा अधिवेंशन

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस दौरान संगठन व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए निरंतर सक्रिय रहा। सरकार और संगठन के बीच समन्य से समस्याएं दूर कराई गईं।

संगठन का 50 वर्ष का सफर पूरा होने पर आगरा जिले का मंडल अधिवेशन रविवार (24 जुलाई) को वाटर वर्क्स स्थित अतिथि वन में दोपहर एक बजे से होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय होंगे। इसके अलावा विशिष्ठ अतिथियों में विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल और डॉ. धर्मपाल सिंह को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री डॉ. दिलीप सेठ करेंगे।

इस संबंध में हुई बैठक में जिला अध्यक्ष गिर्राज अग्रवाल ने अपने साथियों की जिम्मेदारी तय की। मीडिया प्रभारी मेघराज दियालाली के अनुसार अधिवेशन में संगठन की भावी रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में मंडल अध्यक्ष निर्मल जैन, प्रदेश मंत्री राजकुमार गुरनानी, महामंत्री दीपक शर्मा, कोषाध्यक्ष डीसी मित्तल, युवा जिलाध्यक्ष सुनील जैन, प्रदेश मंत्री सुदेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष किशोर बुधरानी, युवा जिला महामंत्री योगेश रखवानी आदि मौजूद रहे।

## थाना में खेरागढ़ में 1800 पौआ देशी विदेशी शराब नष्ट

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो खेरागढ़। थाना क्षेत्र से अलग अलग मुकदमो में जब्त की गयी देशी विदेशी शराब को न्यायालय के आदेशों के बाद उपजिलाधिकारी की मौजूदगी में नष्ट कराया गया है। थाना खेरागढ़ के मालखाने में रखी देशी एवं विदेशी शराब के लगभग 1800 पौआ शराब को शनिवार को खेरागढ़ एस डी एम अनुज नेहरा द्वारा नष्ट कराया गया ।एसडीएम अनुज नेहरा,सीओ महेश कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार की देखरेख में जब्त शराब के पौआ जमीदोंज किये गये शराब नष्ट करने से पूर्व न्यायालय से स्वीकृति के बाद शराब को नष्ट कराया गया है ।

## मां के आंचल में 99: मार्क लाकर समाज का नाम किया रोशन

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। माता के लाल आदित्य विजवानी 82 ब्रिज धाम कर्मयोगी एनक्लेव कमला नगर का रहने वाला सुमित राहुल इंटर कॉलेज आगरा से आदित्य विजवानी ने 12वीं क्लास सीबीएसई में 99: मार्क्स लाकर गौरव बढ़ाया समाज में अपनी मां का हौसला बुलंद किया माता के सपने पूरे करेगा माता का होनार लाल कोई भी इनकम ना होने के बाद भी अपने बच्चे को पढ़ा कर काबिल इंसान बनाने की ठानी इस मां ने सब कुछ कर सकती है मां की छांव में स्वर्ग है माता ज्योति कहती है वह मेहनत करके अपने बच्चे को पढ़ाएंगे और एक मिसाल कायम करके दिखाएगी।

# डान्स का सरताज में दिखा यूपी का हुनर

• सेमीफाइनल में उमड़ी भीड़, फिनाले में जाने को मची होड़, फाइनल में जज होंगे पुनीत जे पाठक

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। आरोही संस्था के डान्स का सरताज का सेमीफाइनल शनिवार को अशोक कोसमोस मॉल, संजय पैलेस में सम्पन्न हुआ। संस्था के निगेशक अमित तिवारी ने बताया की संस्था ने उत्तर प्रदेश के कई शहरों में ऑडिशन लिए। इनमें मथुरा, अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, एटा, इटावा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, आगरा, ग्वालियर, जयपुर आदि शामिल थे। कॉस्मॉस माल में सेमीफाइनल का शुभारंभ कैलाश मंदिर के महंत गौरव गिरी और अशोक कोसमोस मॉल के विक्रम जैन ने दीप जलाकर किया। डान्स

के सरताज के फिनाले तके पहुंचने के लिए बच्चों के बीच जमकर मुकाबला हुआ। निर्णायक सिलवेस्टर शर्मा और टोनी फास्टर थे। शुरुआत मेघा राघव के गणेश वंदना नृत्य के साथ की गई।

सेमीफाइनल में चुने गए प्रतिभागियों को फाइनल में प्रवेश दिया जाएगा। फाइनल 30 जुलाई को सुरसदन के प्रेक्षागृह में होगा। जिसमें सिलेब्रिटी के रूप में मुंबई से एबीसीडी फिल्म और डांस प्लस फेम पुनीत जे पाठक शामिल होंगे।संचालन शैलेश सक्सेना ने किया। कार्यक्रम सफल बनाने में पूरन ड़ावर, नितिन गोयल, राजीव सोई, मनोज जादोन का सहयोग रहा। मोहित गोला, रिंकू शाक्य, जुनैद आलम, साहिल खान,अभिषेक ने सहयोग किया।

# रोगी का प्रभु खंडो रोग दुखिए का मिटाओ प्रभु सोग

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। गुरद्वारा नॉर्थ ईदगाह कॉलोनी पुलिस लाइन आगरा पर बाला प्रीतम धन धन श्री गुरु हरकिशन साहिब जी प्रकाश पुरब पर अल्लाही वाणी कीर्तन कथा सिमरन भूतपूर्व स्टाफ पंजाब एंड सिंध बैंक एवं गुरु नानक नाम लेवा साथ संगत ने बड़े ही श्रद्धा सत्कार के साथ मनाया जगमग रंग बिरंगी रोशनी से सजा गुरुद्वारा भव्य फूलों सजे दीवान पर सुशोभित धन धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी आगे संगत ने पंक्तिबद होकर मत्था टेका श्री रहिरास साहिब जी के पाठ आरती तत्पश्चात श्री हरमंदिर साहिब अमृतसर से पंथ के महान कीर्तनकार कथा विचारक हजूरी रागी भाई साहब भाई सुरिंदर सिंह भाई नहित्तर सिंह ने गुरु प्यारी संगतो के दर्शन कर गुरु नानक जी की आठवीं जोत बाला प्रीतम श्री हरकिशन साहिब जी की सच्ची सुची वाणी कथा कीर्तन का अमृत पान कराया।

1. रोगी का प्रभ खंडो रोग दुखिए का मिटाओ प्रभ सोग।
2. धीयाइए धीयाइए श्री हरकिशन सदा धीयाइए।
3. करन बंदगी विरले बंदे भाई सुरिंदर सिंह बताया। नितनेम की ताकत सिर्फ जो गुरु घर मत्था टेकने जाता हो तो भी बच गया जो बैठकर नाम जपते हैं सिमरन करते हैं उन्हें तो लेने देवता आएंगे यमदूत हाथ बांधकर खड़े होते हैं आ नहीं सकते जो नेमी होते हैं पक्के आज्ञा के नितनेम पक्का करते हैं जब भी मुश्किल आएगी हमारे मुंह से धन गुरु नानक धन गुरु हरकिशन साहिब जी निकलेगा गुरु बांह पकड़ लेंगे नितनेम कि वह ताकत है धरती पर विरला विरला ही होता है जो प्रभु की सच्ची बंदगी करता है। कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया भाई वीर महेंद्र पाल सिंह सुखमनी सेवा सभा द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब

जी के आगे देश में अमन वह देश उन्नति करें सरबत के भले की अरदास गुरु का हुकुमनामा के साथ सभी गुरु प्रेमियों ने गुरु का अटूट लंगर ग्रहण किया।

गुरुद्वारा गुरु का ताल के संत बाबा प्रीतम सिंह जी विशेष सहयोग रहा तजेंद्र सिंह गोरा, त्रिलोक सिंह, प्रभु दयाल सिंह कोचर, परमजीत सिंह,जसपाल सिंह ,हरविंदर सिंह आहूजा, गुरु सेवक श्याम भोजवानी ,गुरु नानक नाम लेवा साथ संगत अपरांत गुरु का लंगर।

# डीएम व एसपी ने किया थाना समाधान दिवस का निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने थाना जरवल रोड में आयोजित थाना समाधान दिवस का औचक निरीक्षण किया और समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों के समस्याओं की सुनवाई करते हुए मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारियों को निराकरण के सम्बंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। समाधान दिवस के अवसर पर आईजीआरएस पंजिका के निरीक्षण के दौरान डीएम डॉ. चन्द्र ने पूर्व में निस्तारित प्रार्थना–पत्रों की गुणवत्ता को परखने के लिए फरियादियों से मोबाइल पर वार्ता भी की। समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त हुए प्रार्थना–पत्रों की समीक्षा के दौरान पूर्व के 10 प्रार्थना–पत्र लम्बित पाये गये। डीएम ने निर्देश दिया कि आज प्राप्त हुए 12 तथा पूर्व के लम्बित प्रार्थना–पत्रों का निस्तारण शीघ्र करा दिया जाय। डीएम व एसएसपी ने समाधान दिवस के अवसर पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि थाना समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का त्वरित एवं समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाय। डीएम व एसएसपी ने जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण शासन व मां. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की सर्वोच्च प्राथमिकता है इसलिए कोई भी अधिकारी व कर्मचारी शिकायतों के निस्तारण में कतई शिथिलता न बरतें। समाधान दिवस का जायजा लेने के उद्देश्य से थाना जरवल रोड पहुँचे डीएम व एसएसपी ने थाना परिसर व भवन की साफ–सफाई के साथ थाना परिसर में निर्मित पिंक शौचालय का भी निरीक्षण कर साफ–सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम व एसएसपी ने थाने में अभिलेखों के रख–रखाव तथा विभिन्न पंजिकाओं का निरीक्षण कर मौजूद थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह से क्षेत्र की कानून एवं शान्ति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि श्रावण मास, मोहर्रम तथा कावड़ यात्रा के दृष्टिगत पूरी सतर्कता बनाये रखें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कैसरगंज महेश कुमार कैथल, पुलिस क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

## अवैध मादक पदार्थ के तस्कर को मनकापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल वही 300 अल्प्राजोलम टेबलेट बरामद

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स से ब्यूरो चीफ रंजीत तिवारी गोंडा। जिले के पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्त गणों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के सख्त निर्देश जिले के समस्त प्रभारी निरीक्षक वा थाना अध्यक्षों को दिए थे जो कि उक्त दिए गए अनुक्रम में मनकापुर पुलिस ने कामयाबी हासिल करते हुए पूरे 300 अल्प्राजोलम नशीली दवाओं के साथ एक अभी को गिरफ्तार किया है जानकारी के अनुसार दिनांक, 23,7,2022 को खास मुखबिर की सूचना पर निरीक्षक वीरेंद्र कुमार शुक्ल सहित पुलिस बल की टीम ने अनिल कुमार वर्मा उर्फ रिंकू पुत्र हृदय राम वर्मा निवासी ग्राम पिकौरा थाना कोतवाली मनकापुर जनपद गोंडा को 300 अल्प्राजोलम टेबलेट के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस के तहत कारवाही की है।

## जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक बहराइच केशव कुमार चौधरी द्वारा थाना जरवल रोड में थाना समाधान दिवस पर सुनी गयी जनता की फरियाद

दैनिक अयोध्या टाइम्स जरवल बहराइच। जिला अधिकारी बहराइच डॉक्टर दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक बहराइच केशव कुमार चौधरी द्वारा थाना जरवल रोड में थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत–प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है ।उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार द्वारा थाना मोतीपुर में थाना समाधान दिवस के अवसर पर आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर जनपद के सभी थानों द्वारा थाना समाधान दिवस आयोजित कर आमजन की समस्याओं को सुनते हुए उनका त्वरित निस्तारण कराया गया।

## मनरेगा घोटाले में वांछित चल रहे अभियुक्तको मोतीगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स से ब्यूरो चीफ रंजीत तिवारी गोंडा जिले के पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वांछित अभियुक्त गणों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के सख्त निर्देश जिले के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थाना अध्यक्षों को दिए थे जो कि उक्त दिए गए निर्देशों अनुक्रम में मनकापुर पुलिस ने जालसाज व सरकारी पैसे हड़पने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर सफलता हासिल की है ज्ञात हो दिनांक 23,7,2022 को उप निरीक्षक राकेश मैं टीम सहित ने सुरजीत चौबे पुत्र दुर्गा प्रसाद चौबे निवासी बेसहुपुर थाना मोतीगंज जनपद गोंडा जिस पर जालसाजी व सरकारी पैसे गमन करने के संबंध में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत वांछित चल रहा था जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए रवाना किया है।

# आयुष्मान शुक्ला ने सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में जिला टॉप कर बढ़ाया मान

• होनहार छात्र की इस सफलता पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए दी बधाई

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स से ब्यूरो चीफ रंजीत तिवारी

कर्नलगंज, गोण्डा। यदि कोई भी कार्य मेहनत लगन से किया जाये और इरादा पक्का हो तो कुछ भी संभव है। कुछ इसी तरह से कर दिखाया है तहसील क्षेत्र कर्नलगंज के हलधरमऊ ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पंचायत असरना डेलई पुरवा निवासी एक होनहार छात्र ने, जिस पर उसके माता–पिता व गुरुजनों सहित इष्ट मित्रों को गर्व है। तहसील क्षेत्र के हलधरमऊ ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पंचायत असरना डेलई पुरवा निवासी अनिल कुमार शुक्ल के सुपुत्र आयुष्मान शुक्ल ने अपनी कठिन मेहनत की बदौलत सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में 96.6 प्रतिशत अंक हासिल करके अपने माता–पिता व गुरुजनों का मान बढ़ाते हुए पूरे जिले का नाम रोशन किया है। आयुष्मान की इस सफलता पर ईष्ट मित्रों, सगे संबंधियों सहित क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

## आजाद, तिलक संग गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को अर्पित की श्रद्धांजलि

दैनिक अयोध्या टाइम्स महसी बहराइच। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत एवं आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों में आज संविलियन विद्यालय मलंगपुरवा, ब्लॉक–बलहा,जिला बहराइच में क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद एवं लोकमान्य तिलक की जयंती पर नमन करते हुए कैप्टन लक्ष्मी सहगल एवं लक्ष्मण प्रसाद दुबे जी की पुण्यतिथि पर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिक्षक अरुण कुमार द्वारा ब्लैकबोर्ड पर इनका चित्रण किया गया। अरुण कुमार संग सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने महापुरुषों को नमन किया तथा पुष्प अर्पित किये। शिक्षक अरुण कुमार ने बताया कि चंद्रशेखर आजाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रसिद्ध क्रांतिकारी थे।सांडर्स वध, सेण्ट्रल असेम्बली में भगत सिंह द्वारा बम फेंकना, वाइसराय को ट्रेन बम से उड़ाने की चेष्टा, सबके नेता वही थे। इससे पूर्व उन्होंने प्रसिद्ध 'काकोरी कांड' में सक्रिय भाग लिया और पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार हो गए। पुलिस मुठभेड़ में

उन्होंने अपने रिवाल्वर में बची अंतिम गोली से खुद का आत्म बलिदान कर दिया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान पुरुषों में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक का नाम हमेशा स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाता रहा है. ष्स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है७ इस नारे को देने वाले बाल गंगाधर तिलक को लोग उनकी सेवाओं और कार्यों के लिए लोकमान्य कहते हैं।

गरम दल में तिलक के साथ लाला लाजपत राय और बिपिन चन्द्र पाल शामिल थे. इन तीनों को लाल–बाल–पाल के नाम से जाना जाने लगा. 1908 में तिलक ने क्रांतिकारी प्रफुल्ल चाकी और खुदीराम बोस के बम हमले का समर्थन किया जिसकी वजह से उन्हें बर्मा (अब म्यांमार) में जेल भेज दिया गया. कैप्टन लक्ष्मी सहगल एक महान् स्वतंत्रता सेनानी और आजाद हिन्द फौज की अधिकारी थीं। वे आजाद हिन्द सरकार में महिला मामलों की मंत्री रहीं। सुभाष चंद्र बोस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सेना में रहते हुए लक्ष्मी सहगल ने कई सराहनीय काम किये। उनको बेहद मुश्किल जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

उनके कंधों पर जिम्मेदारी थी फौज में महिलाओं को भर्ती होने के लिए प्रेरणा देना और उन्हें फौज में भर्ती कराना। लक्ष्मी सहगल ने इस जिम्मेदारी को बखूबी अंजाम तक पहुंचाया। जिस जमाने में औरतों का घर से निकालना भी जुर्म समझा जाता था, उस समय उन्होंने 500 महिलाओं की एक फौज तैयार की।

लक्ष्मण प्रसाद दुबे भारत के स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। शिक्षकीय कर्तव्य को अपनी साधना मानने वाले लक्ष्मण प्रसाद दुबे का संपूर्ण जीवन एक शिक्षक के रूप में बीता था, जिस कारण उन्हें शुरुजीश के रूप में जाना जाता रहा। उन्होंने अपने जीवन में कई लोगों को शिक्षित कर उनके मन में देशभक्ति की भावना को जागृत किया। वहीं कई लोगों को शिक्षक बनने हेतु प्रेरित भी किया। लक्ष्मण प्रसाद जी देश में नारी स्वतंत्रता एवं नारी शिक्षा के प्रबल पक्षधर थे।अरुण कुमार ने नित्य की भांति बच्चों को देश प्रेम एवं देश सेवा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

## कावड़ यात्रा के लिए घाघराघाट पर स्थापित शिविर का डीएम व एसएसपी ने किया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच। श्रावण मास के दौरान कावड़ यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं तथा यात्रा मार्ग की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के साथ घाघराघाट पहुँच कर कावंड़ियों के सहायतार्थ स्थापित किये गये शिविर का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम व एसएसपी ने घाघराघाट के तट, जहॉ से कावंड़ियों द्वारा जलाभिषेक के लिए जल लिया जाता है, का निरीक्षण कर सुरक्षा पहलुओं तथा साफ–सफाई का जायजा लेते हुए मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम व एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कावड़ यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। कावंड़ियों के लिए स्थापित किये गये शिविर में डीएम व एसएसपी ने तैयार किये जा रहे सूक्ष्म जलपान को ग्रहण कर गुणवत्ता को परखा। डीएम ने सूक्ष्म जलपान के लिए लगे हुए रसोईयों को नकद रूप से पुरस्कृत भी किया।

डीएम ने घाघराघाट स्थित लो.नि.वि. के निरीक्षण गृह तथा एल्गिन ब्रिज के जल स्तर की निगरानी के लिए केन्द्रीय जल आयोग द्वारा स्थापित चौकी का निरीक्षण कर नदी के जल स्तर के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम डॉ. चन्द्र ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि डाक बंगले को रिनोवेट कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जाय। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कैसरगंज महेश कुमार कैथल व पुलिस क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार सिंह, बीडीओ जरवल सत्य प्रकाश पाण्डेय, थानाध्यक्ष जरवल रोड राजेश कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## दिव्यांग व्यक्तिने जबरन कागज पर हस्ताक्षर कराने का सिपाही पर लगाया आरोप

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स से ब्यूरो चीफ रंजीत तिवारी कर्नलगंज गोंडा। स्थानीय कोतवाली कर्नलगंज अन्तर्गत ग्राम चंगेरिया निवासी दिव्यांग व्यक्ति तोयब अली ने मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से आनलाईन शिकायत की है। पीड़ित तोयब अली ने की गयी शिकायत में कहा है कि वह अपने पड़ोसी आदि के उत्पीड़न से तंग आकर अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कस्बा कर्नलगंज के मोहल्ला सकरौरा पूर्वी में अस्थाई तौर पर रह रहा है। उसकी समस्त गृहस्थी घर मे रखी थी, जिसमे प्रार्थी का ताला लगा था। दूसरे तीसरे दिन उसके पिता अपने मकान व खेत आदि की देखभाल करने जाते रहते थे। बीते 11 जुलाई को उसके पिता अपने घर गये तो देखा कि मकान में जो ताला लगा था उसके स्थान पर दूसरा ताला लगा है। आस पड़ोस में पूछताछ करने पर पता चला कि बीते 9 जुलाई को उसके पड़ोसी ने उसके घर का ताला तोड़कर घर की समस्त गृहस्थी निकाल लिये। और अपने थ्री व्हीलर पर रखकर चोरी से कहीं बिक्री कर दिये।उसके पिता ने आरोपियों से घटना के बारे में पूछा जिस पर उसके परिवार के लोग लाठी डंडा लेकर जान से मारने की नियत से उसके पिता को दौड़ा लिये। वह अपनी जान बचाकर किसी तरह वहां से भाग निकले। जिस पर धमकी दिया कि यदि अब गांव चले आये तो जान से मार डालूंगा। उसके पिता ने घटना की आनलाईन शिकायत दर्ज कराई थी।

पीड़ित ने बताया कि ताले पुरवा चौराहे पर वह वेल्डिंग की दुकान कर रहा है। गुरुवार की शाम भँभुआ पुलिस चौकी पर तैनात एक सिपाही उसकी दुकान पर पहुंचा। और उसे अपने बाइक पर बैठाकर पुलिस चौकी ले आया। जहां पहले से आरोपी गण बैठे थे। आरोप है कि सिपाही उसे कमरे में ले गया और एक कागज पर हस्ताक्षर करने को कहने लगा। उसने पढ़कर हस्ताक्षर बनाने की बात कही,जिस पर पुलिसिया रौब दिखाते हुये उससे कागज पर जबरन हस्ताक्षर करवा लिया। उसमें क्या लिखा है इसकी उसे कोई जानकारी नही है। पीड़ित ने कार्रवाई किये जाने की मांग की है। उक्त प्रकरण में भँभुआ पुलिस चौकी प्रभारी वेदप्रकाश शुक्ला का कहना है कि यदि पीड़ित सुलह करने के लिये राजी नही है तो कार्रवाई की जायेगी।

## भारत के नव निर्वाचित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के विजय के उपलक्ष्य में मनाया गया षविजय महोत्सव

शास्त्र तिवारी ब्लॉक रिपोर्टर अयोध्या टाइम्स पयागपुर

पयागपुर बहराइच। पयागपुर डाक बंगले में नव निर्वाचित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के विजय के उपलक्ष्य में पयागपुर मंडल जनपद बहराइच के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विजय महोत्सव मनाया गया स इस विजय महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी रहे उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत की 15वीं राष्ट्रपति आदिवासी महिला द्रोपदी मुर्मू निर्वाचित हुई हैं जिनके सानिध्य में देश अपना नाम विश्व में रोशन करेगा तथा विकास की नए–नए गाथाएं लिखी जाएंगी। नरेंद्र मोदी प्रधान मंत्री के द्वारा एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया गया जिससे हम लोग बहुत प्रसन्न है सभारत के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के विजय की खुशी में मिठाइयां बांटी गई द्य इस विजय महोत्सव कार्यक्रम में मैन बहादुर सिंह, राम रंग शुक्ला ,पयागपुर मंडल महामंत्री अजीत शुक्ला ,विनोद तिवारी, मंडल अध्यक्ष पयागपुर राम गोपाल शुक्ला जिला उपाध्यक्ष भाजपा उमाशंकर तिवारी आदि गणमान्य लोग शामिल रहे।

## बहराइच की बेटी शिवांगी ने मुंबई में बढ़ाया सम्मान

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुनील कुमार गुप्ता

बहराइच। रिलायंस फाउंडेशन स्कूल, मुंबई की छात्रा बहराइच की बेटी शिवांगी चंद ने सीबीएसई की इंटरमीडिएट की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए बिजनेस स्टडीज विषय में 99: अंक प्राप्त करके इस परीक्षा में कुल 90: अंक प्राप्त किए हैं। शिवांगी के नाना किसान पी.जी. कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एस. पी. सिंह नातिन की इस सफलता पर प्रफुल्लित हैं।

शिवांगी की मां दिव्या चौहान और पिता शिवानंद चंद मुंबई में ही कार्यरत हैं। शिवांगी की सफलता पर उनके परिवार और सगे संबंधियों में प्रसन्नता का माहौल है। बहराइच की इस प्रतिभावान बेटी पर सभी गर्व का अनुभव कर रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## आरएसएस का गुरु दक्षिणा कार्यक्रम संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता मोतीपुर रोशनी तिवारी

सुजौली, बहराइच। तहसील मोतीपुर अंतर्गत न्याय पंचायत का कारीकोट के ग्रामसभा सुजौली में स्थित जय माँ दुर्गा मंदिर के परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरुदक्षिणा कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि गिरिजकपति त्रिपाठी ने कहा कि आज राष्ट्र जिन परिस्थितियों से गुजर रहा है उसका समाधान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शाखा ही है। क्योंकि प्रजातंत्र की सफलता प्रबुद्ध नागरिक के कंधों पर होती है। इस देश के नागरिकों को प्रबुद्ध बनाने का काम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने स्थापना काल 1925 से ही करते आ रही है। इस दौरान मौजूद ग्रामीणों ने गुरु दक्षिणा भी दी, कार्यक्रम का संचालन सह खंड कार्यवाह किशन साहनी ने किया इस मौके पर क्रांति मिश्रा, अंजनी कुमार चतुर्वेदी, बृज किशोर शुक्ला, राम खेलावन पाल, सर्वेश जायसवाल, मंटू मदेशिया, जिलाजीत, श्याम करन, रामसिंह आदि लोग मौजूद रहे।



## बिटिका ब्लॉक चौन टेक्नोलरजी का मुम्बई के 5 के पाँच सितारा होटल में सुपर स्टार अमीषा पटेल, चंकी पाडेय, डॉ साहिल कादरी , रिम्मी सेन और अदिती गिवित्तकर ने किया ग्रैंड लांच

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुशिलाजीत साहनी मुंबई। बिटिका ब्लॉक चौन टेक्नोलॉजी अब दुनिया मे अपना परचम लहराने के लिए बिल्कुल तयार है और लोग पूरे जी जान से बिटिका ब्लॉक चौन का हिस्सा बनते चले जा रहे है , क्या आम और क्या सितारे हर कोई डॉ साहिल कादरी के इस बिटिका ब्लॉक चौन टेक्नोलॉजी का फैन हो गया है और इससे जुड़ना

चाह रहा है , बिटिका ब्लॉक चौन के लांच के मौके पर मुंबई के सहारा स्टार होटल में हजारों लोगों ने इसमें हिस्सा लिया और कई अचीवर्स को क्त साहिल कादरी ने सममित भी किया और साथ ही अमीषा पटेल चंकी पांडेय रिम्मी सेन और अदिति ने अपने हाथों से अचीवर्स को कार की चाभी भी दी इस मौके पर समीर मुल्ला जो की ब्लॉक चौन काउंसिलर और मोटिवेशनल स्पीकर है उन्होंने लोगों को इस टेक्नोलॉजी के बारे में गहराई से बताया डॉ साहिल कादरी के बारे में बस यही कहा जा सकता है कि मंजिलें उन्ही को मिलती है जिनके सपनो में जान हो और पैरों से कुछ नही होता इरादों में उड़ान हो।

# तबादले के पंद्रह दिनों बाद भी संग्रह लिपिक को रिलीव नहीं कर रहे अधिकारी

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स से ब्यूरो चीफ रंजीत तिवारी कर्नलगंज, गोण्डा। तबादले के पंद्रह दिनों बाद भी तहसील कार्यालय कर्नलगंज में तैनात संग्रह लिपिक को स्थानीय अधिकारियों द्वारा रिलीव नहीं किया गया है। यह लिपिक कई वर्षों से इसी तहसील में कार्यरत है। जिसका बीते पंद्रह दिनों पूर्व तबादला होने के बावजूद अभी तक रिलीव ना किये जाने से जिम्मेदार अधिकारी पर ही सवाल उठने लगे हैं। बताते चलें कि तहसील कार्यालय कर्नलगंज के संग्रह विभाग में तैनात चहेते बाबू पर अधिकारी विशेष रूप से मेहरबान है। जानकारी के मुताबिक इसी तहसील कार्यालय में कई वर्षों से कार्यरत

शिवकुमार संग्रह लिपिक का पटल देख रहे हैं। विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक संग्रह लिपिक का उच्चाधिकारियों द्वारा बीते पंद्रह दिनों पहले तबादला किया जा चुका है। लेकिन उन्हे अभी तक रिलीव नहीं किया गया है जिससे जिम्मेदार अधिकारी की मेहरबानी से यह संग्रह पटल पर जमे हुए हैं। नियमानुसार तबादले के बाद बाबू को तत्काल रिलीव कर देना चाहिए, जिससे वह संबंधित विभाग में योगदान कर सके।जबकि उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से नई तबादला नीति को लेकर 17 सूत्रीय गाइड लाइन जारी की गई है। यूपी में ट्रांसफर के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों को तय समय सीमा में कार्यभार संभालना ही होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो विभागीय कार्रवाई होगी। तबादला नीति के मुताबिक उसे कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। इसमें कहा गया कि तबादला होने के बाद अगर कोई अधिकारी, कर्मचारी को कार्यमुक्त नहीं करता है, तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। तबादला होने के एक सप्ताह के अंदर नया काम शुरू करना होगा। इसके बाद भी अभी तक उक्त लिपिक को रिलीव ना किये जाने से जिम्मेदार अधिकारी पर सवाल उठ रहे हैं।

## नहर में कूदकर महिला ने करनी चाहिए आत्महत्या

दैनिक अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। थाना पयागपुर क्षेत्र अंतर्गत लबालब भरी सरयू नहर में कूदकर महिला ने अपनी जान देने का असफल प्रयास किया। डूबते महिला को देख राहगीरों ने नहर में कूदकर बचाई जान।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जहां महिला को स्थानीय चिकित्सालय कोट बाजार एंबुलेंस के सहारे पहुंचाया है। जहां से चिकित्सकों ने बहराइच जिला चिकित्सालयके लिए महिला को रेफर कर दिया है।

थाना अध्यक्ष पयागपुर राजकुमार पांडे ने बताया कि श्रीमती सोनी पत्नी अजय कुमार निवासी पयागपुर जो घर से किसी कारणनाराज होकर सरयू नहर खंड 5 गोंडा ब्रांच के बड़ी नहर में कूद पड़ी। आसपास के लोगों ने देखा तो सरयू नहर में कूदकर महिला की जान बचाई। सूचना पाते ही मौके पर भारी पुलिस बल पहुंचकर महिला को एंबुलेंस के सहारे कोट बाजार चिकित्सालय पयागपुर पहुंचाया है।जहां से चिकित्सकों ने बहराइच चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है ।घटना का कारण अभी मालूम नहीं हो पाया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में परसपुर के डिग्री कॉलेज से छात्रा लापता

• हैरान परेशान परिजनों ने थाने में दर्ज कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स से ब्यूरो चीफ रंजीत तिवारी कर्नलगंज, परसपुर गोण्डा। तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत परसपुर के डिग्री कॉलेज में पढ़ने गयी करीब 19 वर्षीय छात्रा छुट्टी होने के बाद भी घर वापस नहीं आई। वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गयी। जिससे परिजनों ने छात्रा के घर वापस न पहुँचने पर आस पड़ोस व सगे संबंधियों में काफी खोजबीन किया किन्तु उसका कहीं पर कोई भी पता नहीं चल सका। हैरान परेशान परिजनों ने थाने में इसकी तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित परिजन के तहरीर पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली करीब 19 वर्षीय छात्रा 20 जुलाई को परसपुर कस्बा स्थित महाकवि तुलसीदास महाविद्यालय में पढ़ने के लिए घर से गयी तथा छुट्टी होने के बाद उसके घर वापस ना आने पर परिजनों ने काफी खोजबीन किया।

किन्तु उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका है। जिससे हैरान परेशान परिजनों ने थाने में इसकी तहरीर दी है। इस संबंध में परसपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गयी है और छात्रा की तलाश जारी है।

## क्षेत्र अधिकारी व थाना अध्यक्ष द्वारा राजस्वकर्मियों के साथ थाना पयागपुर मे सुनी गई फरियादियों की समस्याएं

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील सम्वाददाता पयागपुर। नायाब तहसीलदार पयागपुर व थाना अध्यक्ष द्वारा थाना पयागपुर पर राजस्व कर्मियों की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस पर फरियादियों को समस्याओं को सुनकर कुछ का मौके पर निस्तारण गया तथा कुछ के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही क्षेत्र अधिकारी राजीव कुमार सिसोदिया व थाना अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग–अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। क्षेत्र अधिकारी राजीव कुमार सिसोदिया द्वारा जमीन सम्बंधित थाना स्तर, आइजीआरएस या अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को थाना समाधान दिवस रजिस्टर में अंकित करने एवं समाधान दिवस पर दोनों पक्षों को बुलवाकर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा निस्तारित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

इसी क्रम आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में किया गया।

## डीएम ने समाप्त किये 25 शस्त्र लाइसेंसियों के तीसरे शस्त्र लाइसेंस

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच। भारत सरकार नई दिल्ली की गजट अधिसूचना दिनांक 14 दिसम्बर 2019 द्वारा आर्म्स (एमेंडमेन्ट) एक्ट 2019 के क्रम में निर्गत शासनादेश संख्या 2ध्2020/जी.आई.–174/छः–पु–5–2020– 800(01)/2020 दिनांक 29 जनवरी 2020 के अनुपालन में जिला मजिस्ट्रेट डॉ. दिनेश चन्द्र द्वारा 22 जुलाई 2022 को 25 शस्त्र लाइसेंसियों के तीसरे शस्त्र लाइसेंस को डीसेनसेड (लाइसेंस समाप्त) कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ससमाधान दिवस पर थाना महराजगंज पहुचे डीआईजी व एसपी ग्रामीण, एसडीएम न्यायिक सगड़ी ने 30 मामलों की सुनवाई, अधीनस्थो को पुराने विवाद जल्द से जल्द सुलझाने के दिए निर्देश

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा महराजगंज आजमगढ़। शनिवार को स्थानीय कोतवाली महराजगंज परिसर में समाधान दिवस के दिन

एसपी ग्रामीण सिद्धार्थ और उपजिलाधिकारी सगड़ी न्यायिक संत रंजन श्रीवास्तव ने जनसुनवाई करते हुए फरियादिओं की फरियाद सुनी और न्यायोचित निस्तारण करते रहे । डीआईजी आजमगढ़ मण्डल अखिलेश कुमार भी जनसुनवाई के दौरान पहुंचे और फरियादिओं की बात सुनी ससमाधान दिवस के अवसर पर कुल 30 प्रार्थना पत्र पर सुनवाई की गयी और सुनवाई के दौरान ही चार मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि जनसुनवाई के दौरान कुछ मामलों का निस्तारण विधिक पत्रावली के आधार पर किया गया और कुछ मामलों में थाना प्रभारी कमल कांत वर्मा और मौके पर मौजूद राजस्व कर्मचारिओं को मौके का निरिक्षण कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया। एसडीएम न्यायिक ने जनसुनवाई करते हुए राजस्व कर्मचारिओं को पुलिस प्रशासन की मदद से पुराने जीतने भी विवाद हों उसको जल्द से जल्द निष्पक्ष व न्यायोचित निस्तारण कर थाने क्षेत्र को विवाद से मुक्त करने और नये विवादों का विधिक निस्तारण करने का निर्देश दिया।

### गुमशुदा सेवानिवृत्त लेखपाल का पता बताने वालों को मिलेगा 50 हजार का पुरस्कार

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़। शहर से सेवानिवृत्त लेखपाल बीते दिनों लापता हो गए। गुमशुदा हुए उक्त लेखपाल का पता बताने वाले को परिजन की ओर से 50 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। शहर के बाज बहादुर कोट मोहल्ला निवासी 72 वर्षीय अजहर मुस्तफा लेखपाल के पद से कुछ वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त हुए थे। उनके पुत्र नौशाद मोहम्मद का शहर के पुरानी सब्जी मंडी में रेडीमेड की दुकान है। पुत्र का कहना है कि उनके पिता अजहर मुस्तफा 9 मई को घर से अचानक लापता हो गए। काफी तलाश के बाद भी उनका कहीं पता नहीं चला। परिवार के लोगों ने अजहर मुस्तफा के लापता होने के संबंध में शहर कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इधर परिवार की ओर से लापता हुए सेवानिवृत्त लेखपाल अजहर मुस्तफा का पता बताने वाले को 50 हजार रुपये का पुरस्कार दिये जाने का ऐलान किया गया है।

# सीबीएसई का रिजल्ट घोषित प्रथम आने वाले बच्चों का सेंट जेवियर स्कूल में किया गया जोरदार स्वागत

सगड़ी, आजमगढ़। सगड़ी तहसील क्षेत्र के जीयनपुर स्थित सेंट जेवियर स्कूल में सीबीएसई बोर्ड 10वीं और 12वीं कक्षा में प्रथम आए हुए छात्रों का जोरदार स्वागत किया गया। साथ ही सभी ने उनका उत्साहवर्धन भी किया।

इस दौरान विद्यालय के प्रिंसिपल संजय राय ने कहा कि हम विद्यालय के बच्चों के पूर्णांक पर संतुष्ट हैं जिस तरह से बच्चों ने मेहनत करके अच्छे पूर्णांक की उपलब्धता पाई है। आगे अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि वर्ष 2022– 23 के लिए बच्चों को टारगेट दिया जाए जो 45: से 90: से अधिक मार्क हो। इसके लिए हम सभी अध्यापक जी जान से मेहनत करेंगे। वही विद्यालय के डायरेक्टर संजय पाठक ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज का यह रिजल्ट बच्चों की मेहनत और अध्यापकों का सही दिशा निर्देशन के कारण ही मिल पाई है उन्होंने उम्मीद जताई किसी तरह से बच्चे मेहनत से अपने लक्ष्य को प्राप्त करते रहे।

दसवीं में सीबीएसई बोर्ड से पास होने वाली विद्यालय की छात्रा निकिता यादव 97:, ऋषिका राय 95.60:, दानिश खान 94.80:, आदिति सिंह 94.60:, मनीष यादव 93.40:, अंशिका चौरसिया 93:, तेजस्विता सिंह 92. 80:, सलोनी द्विवेदी 92.20:, सत्य प्रकाश राय 91.80:, यशराज 91.60:, वंशिका विपिन सिंह 91.40:, अभिषेक राय 90.60:, आर्यन शर्मा 90.20:, आर्य राय 90:, वही 12वीं में पास करने वाले छात्र छात्राओं में देवी दयाल मिश्रा 92.2:, प्रशांत राय 94:, दीपिका जायसवाल 92.4:, शिप्रा सिंह 92.2:, संस्कार सिंह 91.6: साक्षी ओझा 91.2: दिव्यांश श्रीवास्तव 91: प्रकृति सिंह 91: अनुराधा 90.8: अर्चना सिंह 90.4: पूनम यादव 90: श्रेया राय 90: आदि रहे।

# मनु दुबे ने बढाया स्कूल और परिवार का गौरव

चित्रकूट। सीबीएसई बोर्ड के हाई स्कूल और इण्टरमीडिएट परीक्षा में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का शनिवार को शैक्षिक संस्थानों में सम्मान किया गया। इसके अलावा इन बच्चों के परिवारों में भी जष्न मनाया गया।

जिले में सीबीएसई बोर्ड के आधार पर शैक्षिक कक्षाओं का संचालन करने वाले लगभग 10 विद्यालय हैं। बीते शुक्रवार को हाई स्कूल और इण्टरमीडिएट का परीक्षा परिणाम आने के बाद श्रेष्ठ प्रदर्षन करने वाले होनहार बच्चों और उनके परिजनों को बधाई देने का दौर शुरू हो गया है। इसी क्रम में श्रीजी इण्टरनेषनल स्कूल में भी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक स्वपनिल अग्रवाल ने बताया कि हाई स्कूल में मोहित सिंह, श्रेया सिंह, सुदर्षन देव, मनु दुबे, हर्षित सिंह, आयुष सिंह, नितिन सिंह, अखण्ड केषरवानी शैल कुमार, आषुतोष सिंह, प्रांजलि सिंह, काजल मिश्रा, व कृतिका तिवारी ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

इसके अलावा मझंनपुर में तैनात मुख्य आरक्षी अरविन्द दुबे और योग माया दुबे की पुत्री मनु दुबे के श्रेष्ठ पांच में शामिल होने पर लोगों ने उनके घर जाकर बधाई दी। इस दौरान मनु दुबे ने सफलता का श्रेय अपने माता–पिता और गुरूजनों को दिया। इसी प्रकार षिक्षक राकेष सिंह पटेल व गीता देवी पटेल के पुत्र रागीष पटेल ने 98 फीसदी अंक प्राप्त किये हैं। जिनके परिवार में शनिवार को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

# शहर मे शुरू की गई सीमा बाहर खडी ट्रकों की एंट्री

प्रयागराज रिपोर्टर हिमांशु चौरसिया दैनिक अयोध्या टाइम्स। शहर में कांवरियों के आवागमन के कारण से विगत मंगलवार से शहर की सीमा के बाहर ही व्यापारिक ट्रकों को रोक दिया गया था जिस कारण से शहर का व्यवसाय पूरी तरह से अस्त–व्यस्त हो रहा था एक तरफ कांवड़ियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी दूसरी तरफ व्यापार का प्रश्न शहर में मालवाहक ट्रकों की एंट्री को प्रशासन द्वारा पूरी तरह रोक दिया गया था निचले स्तर पर कोई भी सुनवाई नहीं हो रही थी। सिर्फ एक ही जवाब गाड़ियां अंदर नहीं जाएंगी। इस भीषण समस्या को प्रयाग व्यापार मंडल के तत्वाधान मे विभिन्न व्यावसायिक संगठनों द्वारा नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शैलेश कुमार पांडे और पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह जी को गत दिवस पुलिस सभागार में प्रयाग व्यापार मंडल और पुलिस प्रशासन की मध्य संपन्न हुई महत्वपूर्ण बैठक मे अवगत कराते हुए गाड़ियों को शहर के अंदर आने देने की अनुमति का अनुरोध किया गया था ताकि बाधित हो रहा व्यापार सुचारु हो सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक में ही व्यापारियों को आश्वस्त किया गया था इस पर तत्काल ही गंभीरता पूर्वक कार्रवाई करते हुए उचित निर्णय लिया जाएगा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शैलेश कुमार पांडे के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर श्री दिनेश कुमार सिंह जी ने रात 10:00 बजे स्वयं ही शहर के विभिन्न नो एंट्री पॉइंट पर उपस्थित होकर अपने निर्देशन में ट्रकों को शहर के भीतर करवाया मंगलवार से खड़ी रखें रात में ही अपने गंतव्य पर पहुंचने लगी जिससे व्यापारियों में हर्ष की लहर उठ आई।

प्रशासन द्वारा यह भी आश्वासन दिया गया उठाई गई अन्य सभी समस्याओं का भी तीव्रतम निस्तारण किया जाएगा। समस्या के समाधान के लिए विशेष रुप से श्री राजीव नैयर अध्यक्ष नैनी इंडस्ट्री एरिया श्री विनय टंडन,अध्यक्ष ईस्टर्न चेंबर ऑफ कॉमर्स मनन भाई अध्यक्ष ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन श्रीमती अनीता जायसवाल विजय अरोरा अरुण केशवानी सुशील खरबंदा राणा चावला शिव शंकर सिंह रितेश सिंह आशीष अरोड़ा डाबर वकील सतपाल गुलाटी अनिल गुप्ता अनिमेष अग्रवाल मोहम्मद आमिर सरदार परमजीत सिंह सरदार इंदर इंदरजीत सिंह अनिल कुशवाहा ज्ञान केसरवानी राकेश जैन उत्तम कुमार उमेश केसरवानी प्रमोद अरोड़ा मयंक अग्रवाल अनुज अग्रवाल अशोक गुप्ता दिनेश सिंह नरेंद्र खेड़ा रौनक गुप्ता शाहिद बबलू गुफरान अहमद विद्यासागर मनजीत कुशवाहा सोनी सेठ नरेंद्र सिंह निखिल मलंग रजनीश सिंह राजू द्विवेदी सावित्री सिंह सरोज साहू पल्लवी अरोड़ा हिना खान मोनिका गौड़ धनंजय सिंह विजय वैश्य माई नक्तर सतीश कुशवाहा धर्मेंद्र केसरवानी सौरभ गुप्ता संजय गुप्ता रविंद्र गिरी प्रदीप रस्तोगी अरविंद जयसवाल राजन कुशवाहा बच्चा यादव लालजी सोनकर संदीप श्रीवास्तव सहित भारी संख्या मे व्यापारिओं ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शैलेश कुमार पांडेय जी का समस्या के त्वरित निस्तारण हेतु आभार व्यक्त किया।

## श्रावण मास में षिव भक्तों को नहीं होनी चाहिए असुविधा : एसडीएम

- परानू बाबा धार्मिक स्थल में की बैठक

मऊ, चित्रकूट। उप जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला ने पुलिस अधिकारियों को शिव मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को धार्मिक स्थल परानू बाबा में उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की।

एसडीएम ने कहा कि गढ़वा और कलचिहा के अंतर्गत आने वाले धार्मिक स्थान परानू बाबा के साथ अन्य शिव मंदिरों में सावन में भारी भीड़ होती है। ऐसे में लोगों को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसका ध्यान रखा जाए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए मऊ थाना प्रभारी और बरगढ़ थाना प्रभारी को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। कहा कि लूट और छेड़खानी की घटनाएं नहीं होनी चाहिए। उन्होंने प्रधानों को निर्देश दिए कि धार्मिक स्थलों पर सफाई जरूर रखें। बैठक में वन विभाग के रेंजर, मऊ थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, बरगढ़ थाना प्रभारी शिवमूरत यादव, गढ़वा के प्रधान केसरी प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# धर्मनगरी में इको टूरिज्म विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा वन विभाग : ममता संजीव दुबे

चित्रकूट। जनपद में मुख्यमंत्री आगमन के बाद से जिले में प्रदेश के उच्चाधिकारियों का दौरा निरंतर हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब से चित्रकूट को रानीपुर वन्य जीव अभ्यारण्य घोषित किया है तब से वन्य जीव विहार को विकसित करने के लिए अधिकारियों ने डेरा डालना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में पिछले 3 दिन से प्रदेश सरकार की प्रधान मुख्य वन संरक्षक ममता संजीव दुबे अपनी पूरी टीम के साथ चित्रकूट के पूरे वन क्षेत्र का विधिवत निरीक्षण किया। उन्होंने अपने दौरे के अंतिम दिन मयूर वन सभागार में मिर्जापुर, झाँसी, कानपुर परिक्षेत्र के सभी वन संरक्षक, डीएफओ, एसडीओ की बैठक ली और अधिकारियों को एक महीने का समय देते हुए कहा कि इको टूरिज्म को विकसित करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग ले। जिससे कि वन पर्यटन को विकसित जा सके। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा पूरे जिले में ईको टूरिज्म पॉलिसी के तहत निजी संस्थाओं के साथ मिलकर वन क्षेत्र में मौजूद रमणीक स्थलों पर पर्यटन की दृष्टि से विकास किया जाएगा। ईको टूरिज्म पॉलिसी के तहत संभावित क्षेत्रों में स्थानीय लोगों के सहयोग से बिना प्रकृति को नुकसान पहुंचाए पर्यटकों को लुभाने योग्य सुविधाओं को जोड़ा जाएगा। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने के साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव ने सभी अधिकारियों से कहा कि ईको टूरिज्म के तहत चिन्हित स्थलों पर नेचर कैंप की व्यवस्था की जाएगी। जिसके तहत पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्यता को निहार सके, इसके साथ ही इन्हें इन स्थानों पर रात्रि विश्राम करने का अनूठा अनुभव उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही पर्यटन स्थलों के पास मौजूद वाटर पार्क में बोटिंग की व्यवस्था रहेगी।

मनोरंजन के लिए एडवेंचर खेलों को शामिल किया जाएगा। जिसमें रॉक क्लांइबिंग, पैरासैलिंग, नौकायन, राफ्टिंग आदि शामिल किया जाएगा। ईवा शर्मा ने कहा कि ईको टूरिज्म में जड़ी–बूटी केंद्र को भी शामिल किया गया है। जनपद के जंगलों में विभिन्न प्रकार की दुर्लभ जड़ी बूटियां उपलब्ध है। इनको पैक करके पर्यटकों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में चित्रकूटधाम मंडल के वन संरक्षक कैलाश प्रकाश ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक को आस्वत करते हुए बोले कि 1 माह के अंदर चित्रकूट के वन क्षेत्रों में ईको टूरिज्म का शानदार नजारा नजर आने लगेगा। युद्ध स्तर पर विकास की गति को आगे बढ़ाया जाएगा। प्रभागीय वनाधिकारी आरके दीक्षित ने बताया कि ईको टूरिज्म को विकसित करने की योजना वन विभाग द्वारा की जा रही है। बहुत जल्द वन विभाग निजी संस्था और उद्योगपतियों को आमंत्रित कर के निवेश करने की अपील की जाएगी। उन्होंने कहा कि ईको टूरिज्म के लिए जिन बिदुंओं का मापदंड बनाया गया है, उनमें दर्शनीय स्थल वन के अंदर या नजदीक हो। बैठक के समापन पर प्रभागीय वनाधिकारी आरके दीक्षित ने सभी अतिथियों को भगवान कामतानाथ जी की फोटो और सीताराम लिखित शाल से सम्मानित किया और आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी ओबरा प्रखर मिश्रा, प्रभागीय वनाधिकारी ललितपुर डीएन सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्य जीव प्रभाग आशुतोष जायसवाल, प्रभागीय वनाधिकारी हमीरपुर उमेश चंद्र रॉय, प्रभागीय वनाधिकारी सोनभद्र संजीव सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी संजय अग्रवाल, प्रभागीय वनाधिकारी महोबा संजय कुमार मल्ल, प्रभागीय वनाधिकारी नेशनल चंबल सेंचुरी दिवाकर श्रीवास्तव, मुख्य वन संरक्षक कानपुर एसएन मिश्रा, मुख्य वन संरक्षक झाँसी पीपी सिंह, प्रभागीय वन अधिकारी मिर्जापुर पीएस त्रिपाठी, प्रभागीय वन अधिकारी रेणुकूट मनमोहन मिश्र, प्रभागीय वन अधिकारी झांसी एमपी गौतम, प्रभागीय वन अधिकारी भदोही नीरज आर्य, एसडीओ महोबा नरेंद्र सिंह, डीएलएम बीपीएन त्रिवेदी, एसडीओ उरई प्रीति यादव, एसडीओ बांदा प्रोमिला, एसडीओ झांसी विनोद कुमार, एसडीओ ललितपुर जगदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

# किसानों को आर्थिक मजबूती देने में एसबीआई करेगा पूरा सहयोग : रत्न तेजा

चित्रकूट। भारतीय स्टेट बैंक कर्वी शाखा की ओर से सदर ब्लाक के भंभई गांव में चलो गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को विभिन्न ऋण योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

भंभई गावं के पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ के महाप्रबंधक एडीजे रत्न तेजा, प्रयागराज के उप महाप्रबंधक विनोद कुमार सिह राजीव शर्मा, उप प्रबंधक नवल शर्मा, बांदा के क्षेत्रीय प्रबंधक अरविन्द कुमार आदि ने किसानों को बैंक द्वारा संचालित विभिन्न ऋण योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान बैंक से ऋण लेने के बाद समय से किस्तें जमा करें। जिससे उन्हें अन्य योजनाओं का लाभ भी मिलेगा। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी राजकुमार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि सभी पात्र किसान ई केवाईसी अवष्य करा लें। ताकि योजना की धनराषि उनके खातों में सुगमता के साथ पहुंच सके।

कर्वी शाखा प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि स्थानीय खाताधारक कोई भी समस्या होने पर शाखा में आकर निराकरण करा सकते है। इस दौरान प्राथमिक एवं जुनियर विद्यालय के बच्चों के बीच बैग व टिफिन व पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही पौधरोपण कर वन संरक्षण करने का संकल्प लिया गया।

## डीएम व एसपी ने थाना दिवस पर सुनी जन समस्याएं

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश शासन के मंशा के अनुरूप थाना समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अभिषेक आनंद तथा पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा की उपस्थिति में थाना कोतवाली कर्वी में थाना दिवस किया गया। उन्होंने थाना समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शीघ्र निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता युक्त समय बद्ध तरीके से निस्तारण कराया जाए। भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों पर जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेज कर निस्तारण कराएं। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक थाना अशोक कुमार सिंह, चौकी प्रभारी सीतापुर प्रवीण सिंह, चौकी प्रभारी श्रीरामपुर राकेश मौर्य, अधिशासी अधिकारी रामअचल कुरील आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छ भारत अभियान के तहत आम पार्टी की तिरंगा यात्रा आज

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फरीदपुर। आम आदमी पार्टी तिरंगा शाखा के प्रदेश प्रमुख इंजीनियर जनक प्रसाद ने बताया कि कल 24 जुलाई 2022 रविवार को फरीदपुर बस स्टैंड पर आम आदमी पार्टी की तिरंगा शाखा का कार्यक्रम प्रातः साढे दस बजे होगा। कार्यक्रम में तिरंगा झंडा फहरा कर राष्ट्रीय गान के उपरांत सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के जरिए स्वच्छता के विषय में तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी के बारे में भी बताया जाएगा। हमारे संवाददाता को मोहित अग्रवाल ने बताया की तिरंगा यात्रा की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# सोशल मीडिया पर दोस्ती फिर वीडियो कश्ल पर कपड़े उतारती हैं साइबर हसीनाएं, पुलिस का अलर्ट

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

आजमगढ़। पिछले कुछ महीनों में उत्तर प्रदेश में एक साइबर गैंग तेजी से एक्टिव हुआ है जो बड़े शातिराना तरीके से लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनसे ठगी कर रहा है। इस गुट में कुछ महिलाएं हैं जिनका इस्तेमाल करके साइबर ठगी हो रही है।

ताजा मामला उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ का है। आरोप है कि सोशल मीडिया के जरिए ये लड़कियां पहले लोगों से दोस्ती करती है फिर उनकी न्यूड फोटो–वीडियो मंगवाती है और फिर उन्हें सार्वजनिक करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करती है। वहीं दूसरा तरीका ये है कि ये लोग फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट से किसी को फोन करते हैं और फिर जैसे ही सामने वाला फोन उठाता है सामने से एक लड़की आपत्तिजनक हालत में दिखाई देती है। दूसरी तरफ से ये लोग फोन कॉल रिकार्ड कर रहे होते हैं।

अगर किसी ने वीडियो देख लिया तो वो पूरा रिकार्ड किया वीडियो उसे ब्लैकमेल करने के लिए इस्तेमाल करते हैं। आजमगढ़ में इस तरह के कई मामले दर्ज किए गए हैं।

अलीगढ़ इलाके के पुलिस अधिकारी के मुताबिक सोशल मीडिया पर न्यूड वीडियो कॉल के बाद ठगी के कई मामले दर्ज हुए हैं और ये लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई लोग आसानी से इसके शिकार हो रहे है। हाल में आजमगढ़ में तमाम लोग भी इसके शिकार हुए हैं।

# पाठा क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरुक करने का संकल्प

चित्रकूट। गरीबी हटाओ का नारा सुनते सुनते दशकों बीत गये, लेकिन भारत की गरीबी समाप्त होने को ही नहीं आ रही है, विशेषकर गाँव के निवासियों की। इसका एक विशेष कारण यह भी है कि गाँवों में उद्योग धंधे नहीं है न ही इसका कोई सार्थक प्रयास सरकारों के द्वारा किया गया है। इन गरीबों पर कोरोना महामारी का भी भयंकर असर पड़ा है, जीविका उपार्जन के अवसर भी पहले की तुलना में कम हो गये।

मानिकपुर के टिकुरी गाँव की बात करें तो वहाँ के निवासियों में शिक्षा का पूरी तरह अभाव है, एक भी व्यक्ति वहाँ पर स्नातक नहीं है । ज्यादातर निवासी वहाँ पर दिहाड़ी मजदूरी करते हैं, लेकिन वह काम भी उनको माह में दस से बारह दिन बामुश्किल मिलता है, ऐसे में अक्सर पेट भरने की भी समस्या हो जाती है। यदि सरकार गेंहू और चावल न दे तो शायद इनके लिए जीवन जीना बहुत कठिन हो जायेगा।

मानिकपुर के टिकुरी और अमरपुर में संजीवनी फाउंडेशन, तरंग फाउंडेशन के साथ मिलकर पिछले कुछ माह से लगातार दाल और सोयाबीन की बड़ियां वितरित कर रही हैं । संजीवनी के अध्यक्ष रविंद्र गौतम ने कहा कि इससे इनको प्रोटीन की मात्रा मिलेगी और कुपोषण से लड़ने में सहायता मिलेगी। क्योंकि पढ़ने जाने वाले बच्चों, गर्भवती महिलाओं और मजदूरी करने वाले पुरुषों को प्रोटीन की बहुत आवश्यकता होती है।

इसके साथ महिलाओं की माहवारी स्वच्छता के लिए सैनिटेरी नैपकिन भी वितरित किए जा रहे हैं, यहाँ समझने वाली बात यह है की संजीवनी फाउंडेशन के इन गावों में कार्य शुरू करने से पहले यहाँ की महिलाओं को सैनिटेरी नैपकिन के विषय में पता ही नहीं था ।

उन्होंने बताया कि हम देश को विकसित देशों की श्रेणी में तभी खड़ा कर पायेंगे जब हम अपने देश के गावों को विकसित कर लेंगे और इस मुहिम में संजीवनी फाउंडेशन के साथ मिलाकर चलने का वचन दिया है। हम गांव के निवासियों की सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित हैं और जल्द ही यहाँ के निवासियों के जीवन में हम बदलाव देख पायेंगे।

# बेसिक शिक्षा के साथ स्कूलों के 19 बिंदुओं का दें ध्यान

चित्रकूट। राज्य परियोजना कार्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रदत निर्देश के अनुसार विकास खंड चित्रकूट के अंतर्गत संचालित परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की माह जुलाई की मासिक बैठक शनिवार को संकुल खोह में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षाधिकारी एन पी सिंह द्वारा की गई। बैठक में जनपद के ए आर पी दिलीप सिंह, संतोष कुमार साहू, अशोक पठारी ने प्रतिभाग किया। नोडल संकुल शिक्षक इंद्रेश श्रीवास्तव तथा संकुल शिक्षक विद्यासागर सिंह, चंद्र प्रकाश तिवारी, अभिषेक केशरवानी तथा जगदीश सिंह तोमर और प्रधानाध्यापकों के द्वारा अपने विचार साझा किए गए। बैठक में निपुण भारत मिशन अभियान स्कूल रेजिडेंस कार्यक्रम कन्या सुमंगला कार्यक्रम, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 बिंदुओं की स्थापना सुविधा मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन मानव संपदा पोर्टल पर संबंधित बिंदुओं पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा, दीक्षा एप, रीडिंग एप के प्रयोग पर चर्चा की गई। बच्चों के लिए आयोजित होने वाली साप्ताहिक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक बच्चों को सम्मिलित कराने की रणनीति बनाई गई। संकुल स्तर पर आयोजित बैठकों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान, हर घर तिरंगा कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान आदि विभिन्न बिंदुओं पर विभागीय दिशा निर्देश का आदान प्रदान किया गया। खंड शिक्षाधिकारी एमपी सिंह द्वारा समग्र रूप से विभागीय निर्देशों के प्रधानाध्यापकों एवं संकुल शिक्षकों को अवगत कराया तथा विभागीय निर्देशों का संचालन विद्यालय में उपस्थिति अधिक से अधिक रहे। शारदा अभियान के अंतर्गत आउट आफ स्कूल पाए गए बच्चों का नामांकन डीबीटी के अंतर्गत सत प्रतिशत छात्र छात्राओं को लाभान्वित करने, आपरेशन कायाकल्प सभी 19 अवस्थपना से विद्यालय को परिपूर्ण करने, विद्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम नियमित रूप से संचालित करने, हर घर तिरंगा कार्यक्रम की पूर्ण कार्य योजना तैयार करने, निपुण भारत के अंतर्गत बाल वाटिका से लेकर कक्षा तीन तक भाषा और गणित में निर्धारित लक्ष्यों को समस्त शिक्षकों शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों को कंठस्थ कार्य के निपुण भारत मिशन को जान आंदोलन के रूप में प्रचारित प्रसारित करने एवं एसएमसी की नियमित बैटरी करने विद्यालय समस्याओं पर अभिभावकों का सहयोग प्रदान करने तथा शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण पर अपने विचार व्यक्त किया गया। इस बीच ए आर पी दिलीप सिंह ने वर्ल्ड विजन इंडिया संस्था द्वारा शैक्षिक उन्नयन के संबंध में विद्यालयों में सहयोग किया जाएगा। ए आर पी संतोष साहू द्वारा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत विभिन्न चरणों में किस प्रकार कार्य योजना तैयार कर का लक्ष्य की ओर अग्रसर होना है।

इस पर शिक्षकों से अपने विचार साझा किए। दिलीप सिंह द्वारा कुछ प्रतियोगिता में किस प्रकार से अधिक से अधिक बच्चों का रजिस्ट्रेशन कराना है, उन्हें प्रतिभा कराना है, इस पर शिक्षकों का मार्गदर्शन किया तथा अधिक से अधिक प्रतिभा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। संकुल शिक्षक विद्यासागर सिंह ने निपुण भारत के वर्तमान में छात्र–छात्राओं के मूल्यांकन के लिए तैयार की गई गूगल सीट पर चर्चा की गई तथा शिक्षकों का मार्गदर्शन किया गया। मानव संपदा पोर्टल एवं मध्यान भोजन योजना के संचालन पर अपने विचार व्यक्त किए गए। नोडल संकुल षिक्षक इंद्रेष श्रीवास्तव ने अधिक से अधिक सहयोग किए जाने पर अपने विचार व्यक्त किए तथा विद्यालय में शिक्षण विधियों के संचालन तथा उसमें होने वाले लाभ पर अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर उषा रानी त्रिपाठी, सरला देवी, अशर्फीलाल सिंह, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, चंद्र प्रकाश तिवारी, अभिषेक केषरवानी, राजेंद्र प्रसाद, अतीक अहमद, बबीता सिंह, सुरेश चंद, महेंद्र सिंह, जगदीश सिंह तोमर, विजयलक्ष्मी, हरिश्चंद्र सोनी, शाहिद आदि मौजूद रहे।

## 20 क्वार्टर देशी व 15 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अतुल शर्मा के निर्देशन पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजीव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 2 अभियुक्तों के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी व 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी। उपनिरीक्षक अजहर जमाल तथा उनके हमराही आरक्षी होलीकेन्द्र द्वारा अभियुक्त मुन्नवर पुत्र मुस्लिम अंसारी निवासी पटहठ थाना जनेह जिला रीवा मध्य प्रदेष को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार मऊ थाना के उप निरीक्षक विजय बहादुर यादव तथा उनके हमराही आरक्षी नागेश कुमार' द्वारा सुनील पुत्र अशोक कुमार निवासी बम्बुरी थाना मऊ जनपद चित्रकूट को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्त के विरुद्ध थाना मऊ में धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया है।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय का ग्राम प्रवास अभियान

- बीएससी जीव विज्ञान समूह के विद्यार्थी ग्राम टेढ़ी पहुँचे

चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय द्वारा संचालित ग्राम प्रवास अभियान के अंतर्गत आज बीएससी जीव विज्ञान समूह के छात्रों का दल एक दिवसीय ग्राम प्रवास कार्यक्रम में ग्राम टेढ़ी पहुंचा। जीव विज्ञान समूह के छात्रों को 6 उप समूहों में बांटकर अलग–अलग समूहों को टेढ़ी ग्राम के संसाधनों की पहचान तथा समस्याओं का आकलन करने का कार्य दिया गया । सभी समूह के छात्रों ने अपनी सुविधानुसार संसाधनों को चिन्हित किया और समस्याओं के संदर्भ में ग्राम टेढ़ी के सरपंच के द्वारा विशेष चर्चा की गई । टेढ़ी ग्राम में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक से शिक्षा की गुणवत्ता एवं विद्यालय में संसाधनों की व्यवस्था के विषय में विस्तार से वार्ता की गई । सभी छात्र अपने समूह की प्रस्तुति दिनांक 26 जुलाई 2022 को संकाय में विस्तृत रूप से करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विज्ञान संकाय के जीव विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ रविंद्र सिंह और पर्यावरण तथा ऊर्जा विभाग की विभागाध्यक्षा डा साधना चौरसिया ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के क्रियान्वयन में विशेष सहयोग शोध छात्र आलोक सिंह का रहा। कार्यक्रम का संयोजन विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय के प्रभारी अधिष्ठाता एवं विश्वविद्यालय के निदेशक शोध प्रो0 रमेश चंद्र त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# उमड़ा आस्था का सैलाब, भगवा हुआ हाइवे

दैनिक अयोध्या टाइम्स महानगर संवाददाता अथर जैदी दादू सहारनपुर। भगवान श्री महादेव के जयकारों के साथ शिवभक्त उत्साह के साथ कांवड़ लेकर लौट रहे हैं। हर तरफ वातावरण शिवमय बना है। हाईवे पर आस्था का सैलाब दिखाई दे रहा है। क्योंकि, कांवड़ियों की संख्या में तेजी से बढ़ी है। वहीं, धार्मिक धुनों पर नाचते–गाते शिवभक्तों को देखने के लिए शहरवासी भी कांवड़ मार्ग का रुख कर रहे हैं।अंबाला रोड और देहरादून रोड पर कांवड़ियों की कतारें चल रही हैं। सुबह और शाम के समय नजारा अति मनमोहक है। क्योंकि, सुबह और शाम के समय कांवड़ियों की संख्या अधिक है। रात में कांवड़ मार्ग पर अत्यधिक भीड़ है। एक तरफ शाम के बाद कांवड़ियों की संख्या ज्यादा होती है, वहीं शहर के लोग भी

कामकाज निपटाने के बाद कांवड़ मार्ग पर शिवभक्तों को देखने पहुंच रहे हैं। कांवड़ शिविर में औघड़दानी के भक्तों की सेवा की जा रही है। पुलिस से लेकर नागरिक तक कांवड़ियों की सेवा में जुटे दिखाई दे रहे हैं।वहीं, कांवड़ मार्ग पर लगे शिविरों में श्री शिव–पार्वती, मां दुर्गा और श्री राधा–कृष्ण सहित अनेक देवी–देवताओं की झांकियां प्रस्तुत की जा रही हैं, जिनमें कलाकार भी मनमोहक छटा बिखेर रहे हैं। इनको देखने के लिए लोग भी उत्सुक हैं। लगातार बढ़ रही कांवड़ियों की संख्या से वातावरण पूरी तरह शिवमय हुआ है।

सावन की फुहारों से मौसम हुआ सुहावना : शुक्रवार की दोपहर हल्की बूंदाबांदी हुई, जिससे मौसम सुहावना हो गया। बूंदाबांदी की बीच ही भगवान शंकर के जयघोष के साथ शिवभक्त शिवालयों की बढ़ते रहे। हरियाणा, पंजाब, जम्मू–कश्मीर और जिले के कांवड़िये भगवान की शंकर की भक्ति में मस्त होकर चल रहे हैं।

ड्रोन कैमरों से नजर : पुलिस–प्रशासन द्वारा सुरक्षा इंतजाम और कड़े कर दिए गए हैं। डॉग स्क्वॉड की मदद से भी लगातार चेकिंग की जा रही और ड्रोन कैमरों से भी नजर रखी जा रही है। जिलाधिकारी अखिलेश सिंह, एसएसपी विपिन टाडा, एसपी देहात सूरज राय और एसपी सिटी राजेश कुमार, एसपी यातायात प्रेमचंद लगातार कांवड़ मार्ग का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

## अनुराग मिश्र एवं ग्रामीणों की मदद से बची आवारा सांड जान

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता,महराजगंज। रायबरेली क्षेत्र के कुशमहुरा गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब सीवर टैंक में आवारा सांड गिर गया।आपको बताते चलें।ग्रामीणों के मुताबिक शनिवार सुबह 8:30 बजे कुशमहुरा में रामनिवास मौर्या पुत्र स्वर्गीय प्रहलाद मौर्य के घर के पीछे बने लैट्रिंग के

सेफ्टी टैंक में एक आवारा सांड गिर गया जिस को बचाने के लिए ग्रामीणों ने लाख प्रयास किया सफलता नहीं मिली अमरजीत मौर्य पुत्र रामनिवास मौर्या ने डायल 112 पर फोन किया।परमानंद बाजपेई और आरक्षी सिपाही अमित कुमार वर्मा के अथक प्रयासों से व ग्रामीणों की मदद से ढाई 3 घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद नगर पंचायत द्वारा जेसीबी मंगा कर गड्ढा खोदकर सकुशल सांड को निकाला गया। वही जब रेस्क्यू के बाद गांव के ही रहने वाले बाबू खान से बात की गई तो बताया कि गांव के सभी लोगो के अथक प्रयास के कारण ही आवारा सांड की जान बचाई जा सकी।

# अमीर हत्याकांड : हत्यारों की पहचान जल्द होगी गिरफ्तारी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। स्टेट बैंक के प्वाइंट संचालक की हत्या का खुलासा जल्द होगा। पुलिस को इस मामले में ठोस सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस की तीन टीमें हत्यारों के पीछे दौड़ रही हैं। इस बात का भी खुलासा हुआ है कि मृतक ने बैंक जाकर दो लाख रुपये की नकदी निकाली थी। संभवतरू नकदी लूटने के बाद ही प्वाइंट संचालक की हत्या की गई। हत्यारों की पहचान भी पुलिस ने कर ली है। यह दावा भी दन्नाहार पुलिस द्वारा किया गया है। घिरोर थाना क्षेत्र के ग्राम बादशाहपुर निवासी स्टेट बैंक का प्वाइंट चलाने वाले अमीर सिंह शाक्य की हत्या कर दी गई है। गुरुवार को दोपहर अमीर अपने घर से बैंक जाने की बात कहकर निकला था। गुरुवार की देर रात उसका शव दन्नाहार थाना क्षेत्र में जौहरी नगर के निकट नहर के पुल के पास बरामद हुआ। शरीर पर धारदार हथियारों से गोदे जाने के निशान मिले, पास में ही उसकी वैगन–आर कार भी बरामद की गई थी। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी पुलिस के पास पहुंच गई है जिसमें हत्या की पुष्टि हुई है।

## विगत चार वर्षों से अम्बिवली मोहने से कांवड़ यात्रा इस बार 7 अगस्त को

संवाददाताअयोध्या टाइम्स कल्याण।अम्बिवली मोहने से आर एस डेरी फार्म से अम्बरनाथ तक कावड़ यात्रा का आयोजन विगत चार वर्षो से हो रहा है।इस बार भी 7 अगस्त को आयोजन किया गया है।बता दे कि यह आयोजन मां भगवती सेवा संस्था संलग्न श्री आजाद भारत हरिकीर्तन मण्डल द्वारा संचालित मार्कण्डेय महादेव काँवरिया के नाम से होता रहा है।वही संस्था के सभी सदस्यों ने लोगो से अपील की लोग भारी से भारी संख्या में सम्लित होकर बाबा भोलेनाथ के इस कावड़ यात्रा को सफल बनावे।संस्था से प्राप्त जानकारी के अनुसार कावड़ यात्रा मोहने शहर के

मार्कण्डेय महादेव मन्दिर से जल ग्रहण करने के बाद अम्बरनाथ के प्राचीन शिव मंदिर में जलाभिषेक किया जायेगा। कावड़ यात्रा 7 अगस्त दिन रविवार सुबह 7 बजे से मार्कण्डेय महादेव मंदिर से कॉवरिया पद यात्रा प्रारम्भ होगी।

# दबंगों की रंगदारी से भयभीत व्यापारी पहुचे थाने, पुलिस को दी तहरीर

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फरीदपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम लौगपुर अड्डे पर चल रही दुकानों के मालिकों को गांव का ही दबंग अपने साथियों के साथ नाजायज असलहे लेकर पहुंच गया और दुकानदारों से 10000 की रंगदारी की मांग करने लगा। ना देने पर दुकानदारों को गोली मारने की दी धमकी। दबंग के आतंक से भयभीत दुकानदार पहुंचे कोतवाली और दबंग द्वारा रंगदारी मांगने की तहरीर थाना पुलिस को दी। शुक्रवार को ग्राम लौंग पुर अड्डे के दुकानदारों ने थाना पुलिस

को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि गांव का ही एक दबंग शाम को समय लगभग 7:00 बजे अपने तीन साथियों के साथ हाथों में नाजायज असलहे लेकर आया और सभी दुकानदारों से कहा कि तुम लोगों को 10–10 हजार रुपए देने होंगे ना देने पर तुम लोग अपनी दुकानें नहीं चला पाओगे यदि रुपए नहीं दिए तो गोली मार देंगे । भयभीत दुकानदारों ने कोतवाली पहुंचकर घटना के बाबत पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नसीराबाद का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की लिया जायजा

- विधायक व डीएम ने किसानों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना
- डीएम ने सामु0 स्वा0 केन्द्र नसीराबाद में साफ–सफाई रखने के दिये निर्देश
- सामु0 स्वा0 केन्द्र अधीक्षक को और बेहतर चिकित्सीय सुविधायें उपलब्ध कराने के निर्देश

रायबरेली। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नसीराबाद का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जनरल वार्डों में पहुंचकर रोगियों का हाल जाना तथा उनसे वार्ता करते हुए कहा कि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी तो नही है, इलाज ठीक प्रकार से हो रहा है कि नही। इस पर मरीजों ने जिलाधिकारी को बताया कि उनका इलाज ठीक प्रकार से हो रहा है तथा किसी प्रकार की समस्या नहीं है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में रोगियों के साथ आये तीमारदारों से भी बात की। उन्होंने उपस्थिति चिकित्सकों को निर्देश दिये कि आये हुए सभी मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधायें उपलब्ध कराते हुए इलाज किए जाने के साथ–साथ सामु0 स्वा0 केन्द्र में साफ–सफाई को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के समय कोविड–19 बूस्टर डोज वैक्सीनेशन के बारे में उपस्थित चिकित्सकों से जानकारी ली। उन्होंने 18 वर्ष से अधिक जनमानस को कोविड–19 की बूस्टर डोज लाने के लिए निर्देश दिये। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नसीराबाद में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को ठीक प्रकार से मरीजों का इलाज होते मिला तथा चिकित्सकों को मरीजों को और बेहतर चिकित्सीय सुविधायें उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि संचारी रोग के नियंत्रण व अन्य बीमारियों से निपटने की व्यवस्थाओं को पूरी तरह से दुरुस्त रखने के साथ ही सभी जीवन रक्षक दवाईयों की उपलब्धता को बनाए रखे। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हर समय प्रयासरत है। इस मौके पर उन्होंने अन्य लोगों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण करने के निर्देश दिये। इसी दौरान सलोन विधायक अशोक कुमार व जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आये हुए किसानों की समस्याओं से रूबरू हुए किसानों ने जिलाधिकारी से बिजली, आवास पशुओं व खेतों में सिंचाई के लिए नहरों में पानी पहुंचाने आदि समस्याओं से अवगत कराया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने किसानों से कहा कि बिजली की व्यवस्था व रजबहा डीह नहर व सलोन सहित जनपद की अन्य नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने के लिए प्रशासन द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये है। जिलाधिकारी ने आवास पशुओं से किसानों को निजात दिलाने के लिए कहा कि आप लोग अपनी समस्याओं की सूची उपलब्ध करा दिया जाए। जिससे निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं में पकड़ कर रखा जा सके। आवास पशुओं के लिए शासन व प्रशासन द्वारा जनपद में अन्य

गौशालाओं व गोसंरक्षण केन्द्र की स्थाना की कार्यवाही की जा रही है। जिससे आवारा व निराश्रित पशुओं को रखा जा सकेगा।

इसी दौरान जिलाधिकारी ने रजबहा डीह व सलोन की अन्य नहरों का स्थलीय निरीक्षण कर नहरों में पानी पहुंचाने की जानकारी ली तथा अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई को किसानों को खेती के लिए नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने के निर्देश दिये। जिससे किसानों को खेती के लिए पानी की कोई समस्या न हो।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 वीरेन्द्र सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी इंजेश सिंह, मो0 राशिद सहित अन्य चिकित्सक व सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा राजस्वकर्मियों के साथ थाना सुरियावां पर सुनी गई फरियादियों की समस्याएं

संवाददाता अयोध्या टाइम्स

- अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना गोपीगंज तथा समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा सर्किल के थानों पर एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने–अपने थानों पर समाधान दिवस का किया गया आयोजन
- विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमों द्वारा गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु दिए गए निर्देश

जनपद के समस्त थानों में आज दिनांक 23.07.2022 को थाना समाधान दिवसष् का आयोजन किया गया। श्रीमती आर्यका अखौरी, जिलाधिकारी भदोही व डॉ0 अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना सुरियावां पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक भदोही, श्री राजेश भारती द्वारा थाना गोपीगंज में थाना समाधान दिवस पर फरियादियों को समस्याओं को सुनकर कुछ का मौके पर निस्तारण गया तथा कुछ के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग–अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा जमीन सम्बंधित थाना स्तर, आइजीआरएस या अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को थाना समाधान दिवस रजिस्टर में अंकित करने एवं समाधान दिवस पर

दोनों पक्षों को बुलवाकर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा निस्तारित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने सर्किल के थानों पर एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने–अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना सुरियावां के निरीक्षण में खाली स्थान पर फुटबॉल ग्राउंड एवं बैडमिंटन कोर्ट बनवाने सहित शराब से संबंधित माल का निस्तारण सुनिश्चित कराएं जाने हेतु निर्देशित किया गया। थाना स्थानीय पर चल रहे भवन निर्माण का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

## डीएम-एसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

जिला ब्यूरो विजय सिंह रायबरेली। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार की सभी बैरकों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियो से वार्तालाप कर जिला कारागार की व्यवस्था व समस्या के बारे में पूछा गया। डीएम–एसपी ने जेल की व्यवस्थाओं को नियमानुसार दुरुस्त रखने के साथ ही महिलाधुरुष बंदी गृह एवं मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता व लापरवाही न बरती जाने के निर्देश दिये। बंदियों को खांसी, जुखाम, बुखार आदि बीमारियों से ग्रस्त वाले बंदियों पर विशेष ध्यान दिया जाये। वृद्ध महिलाओं व बच्चों, बुजुर्ग आदि पर विशेष ध्यान दें। महिलाधुरुष बन्दियों से जेल की व्यवस्थाओं व उनके बारे में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने जिला कारागार के पाकशाला में बन्दियों को दिये जाने वाले बने खाने का भी अवलोकन किया गया। अधिकारियों द्वारा कारागार की अनुशासन व्यवस्था कारागार की पाकशाला एवं चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को भी सराहा

गया।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, निरीक्षण के दौरान कारागार के जेल अधीक्षक अविनाश गौतम, जेलर सत्य प्रकाश, उप जेलर अनिल कुमार विश्वकर्मा, वीरेन्द्र विक्रम सिंह, कारागार चिकित्साधिकारी डा0 सुनील अग्रवाल, डा0 संदीप श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## स्वयंसेवक संघ के गुरु दक्षिणा कार्यक्रम समर्पण उत्सव खंड राया गांव में संपन्न हुआ

संवाददाताअयोध्या टाइम्स भदोही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गुरु दक्षिणा कार्यक्रम समर्पण उत्सव भदोही खंड राया गांव में संपन्न हुआ कार्यक्रम संयोजक श्री रामेश्वर सिंह जी जिला अध्यक्ष हिंदू जागरण मंच भदोही मुख्य वक्ता माननीय जिला सह संघचालक श्रीमान अशोक जी भाई साहब का बौद्धिक हुआ जिसमें शिव शंकर सिंह जी तहसीलदार सिंह जी प्रभात सिंह जी महेश्वर उर्फ राहुल

अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे सर्वेश्वर खंड कार्यवाह भदोही, प्रचार प्रमुख डॉ नित्यानंद जी , शशांक प्रितज, राय साहब सिंह, ध्यान सिंह, राजू सिंह आदि स्वयं सेवक संघ के लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 04 कुन्तल 48 किलोग्राम अवैध गाँजा (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 4.5 करोड़ रुपये) के साथ 01 गांजा तस्कर गिरफ्तार

जिला ब्यूरो विजय सिंह रायबरेली। अवैध मादक पदार्थध्द्रव्यों की

बिक्री/तश्करीध्परिवहन के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत दिनांक 22 जुलाई 2022 को एनसीबी/एसटीएफ/थाना भदोखर पुलिस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त संजय सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह निवासी जलालपुर थाना लोनी कटरा जनपद बाराबंकी को 01 अदद टैंकर संख्या UP43AT4989 से कुल 04 कुन्तल 48 किलोग्राम अवैध गाँजा (जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 4.5 करोड़ रुपये) के साथ थाना क्षेत्र के अंकुर ढ़ाबा तिराहा दरियापुर चौराहा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है । जिसके विरूद्ध एनसीबी द्वारा मुकदमा अपराध संख्या–21/2022 धारा–8/20/29 एनडीपीएस अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है । बरामद वाहन को मोटर वाहन अधिनियम की धारा–207 के अन्तर्गत सीज किया गया है ।

### पुत्र को फर्जी फंसाने का लगाया आरोप

चित्रकूट। नयागांव निवासी मीरा ने प्रमुख सचिव गृह को पत्र भेजकर उसके पुत्र को फर्जी फंसाने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि 16 जुलाई को कटरा गूदर निवासी सुरेश सोनकर पुत्र स्व. मुन्नीलाल की मृत्यु के मामले में वीडियो बनाने की खुन्नस में उसके पुत्र शनि को हत्या के फर्जी मामले में फंसा दिया गया है। उसने प्रमुख सचिव से एसआईटी गठित कर न्याय दिलाने की गुहार की है।

### सामान खरीदने दुकान गए बालक की करंट की चपेट में आने से मौत

चित्रकूट। सामान खरीदने दुकान गए बालक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना से परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया गया। घटना सीतापुर चौकी क्षेत्र के चितरा गोकुलपुर गांव में शनिवार को हुई। बताया गया कि अमित प्रजापति का पांच वर्षीय पुत्र कौशल सवेरे करीब नौ बजे सामग्री खरीदने पड़ोस की दुकान गया था। दुकान के बगल में विद्युत पोल में लगे सपोर्ट वायर को पकड़ लिया। जिसमें पूर्व से करंट प्रवाहित हो रहा था। करंट की चपेट में आने से बालक की मौके पर मृत्यु हो गई। घटना से गांव में अफरा तफरी मच गई। आनन फानन लोगों ने विद्युत आपूर्ति बंद कर विद्युत विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी। बालक की मृत्यु होने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। तीन भाई में मृतक बड़ा था। एक बहन है। मां संतू देवी का रो–रोकर बुरा हाल है।

## थाने में समाधान दिवस पर आये फरियादिओं के वाहन पर बोले एसपी ग्रामीण थाने परिसर में नहीं खड़ा होगा कोई वाहन, वाहन पार्किंग की कोई जवाब दारी पुलिस की नहीं

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़। भारतीय लोकतंत्र में जहाँ जनता को जनता जनार्दन की संज्ञा से सम्बोधित किया जाता है और जनता जनार्दन के मत के आधार पर सरकारें बनती और बिगड़ती है एवं जनता जनार्दन की सुविधा और स्वच्छ समाज की रचना के लिए न्यायपालिका, विधायिका एवं कार्यपालिका की व्यवस्था स्थापित किया गया। न्यापालिका और विधायिका तो जनता जनार्दन की महत्ता और लोकतंत्र की आत्मा का मान तो रखता नजर आता है परन्तु कार्यपालिका कभी कभी लोकतंत्र की आत्मा पर चोट कर जाती है जबकि जनता जनार्दन टैक्स के पैसे से अधिकारीओं कर्मचारिओं और संवैधानिक पदों पर

बैठे लोगों का वेतन जारी होता है। ऐसा ही एक मामला कोतवाली महराजगंज में समाधान दिवस के अवसर पर देखने को मिला जहाँ जनसुनवाई के लिए आये फरियादिओं के वाहन पुलिस विभाग के निर्देश पर थाने परिसर के बाहर सड़क पर खड़ा करा दिया गया जबकि सडक पर खड़े वाहन के चालान का निर्देश पहले से ही जारी है। इस सम्बन्ध में मीडिया कर्मिओं द्वारा जब एसपी ग्रामीण सिद्धार्थ से पार्किंग की व्यवस्था के बारे में पूछा गया तो उन्होंने फरियादिओं को पैदल थाने परिसर में आने और वाहनों को परिसर से बाहर रखने की बात कहने के साथ साथ परिसर में पार्किंग की व्यवस्था से इंकार करते हुए नगर पंचायत पर ठेल दिया जबकि डीएम,एसडीएम सहित लगभग हर कार्यालयों में फरियादिओं के वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जाती है परन्तु कुछ प्रशासनिक अधिकारिओं द्वारा लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार किया जाता है और अपने व्यवस्था करने की जिम्मेदारी से विभागीय बंधन बताते हुए दूसरों पर डाल देते है।

ऐसे में जनता जनार्दन या तो फरियाद करें या तो वाहनों की चालान व चोरों से रखवाली या फिर पैदल थाने पर आये।

## अभिनव मौर्य ने 93.6% अंक प्राप्त कर अपने माता पिता और विद्यालय का नाम रौशन किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल त्रिपुला रायबरेली सी० बी० एस० ई० द्वारा हाईस्कूल एवम् इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2021–2022 का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें विद्यालय का परिणाम शत–प्रतिशत रहा। संस्थागत छात्र अभिनव मौर्य/महेश प्रसाद मौर्य 93.6: ने अंक हासिल कर प्रथम स्थान पर रहे।विद्यालय परिसर में अभिभावकों सहित सभी मेधावी छात्र –छात्राओं का फूल मालाओं से अभिनंदन किया गया तथा उनका मुंह मीठा कराया गया। जहां अभिभावकों ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय की सुव्यवस्था और शिक्षण की सराहना की, वहीं प्रधानाचार्य श्रीकांत शर्मा ने

बच्चों के बेहतर प्रदर्शन के लिए अभिभावकों द्वारा बच्चों के प्रति सतत संवेदनशील रहने और समय–समय पर विद्यालय को उनकी गतिविधियों से अवगत कराते रहने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में विद्यालय के साथ–साथ अभिभावकों का योगदान भी महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के सफल और बेहतर भविष्य की कामना की और साथ ही उन्हें जीवन की अन्य परीक्षाओं के लिए भी अच्छी तैयारी करने का गुरु मंत्र भी दिया। इस विद्यालय का हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा का यह प्रथम बैच रहा।

# सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से बाइक चोरी का हुआ खुलासा

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता, महराजगंज,रायबरेली। कस्बा और थाना क्षेत्र में लगातार हो रही पुलिस गश्त के बावजूद बेखौफ चोर दिन दहाड़े चंदापुर रोड से अपाचे मोटरसाइकिल चोरी कर फरार हो गया। हालांकि चोर बाइक चोरी कर ले जाते हुए चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने सक्रियता दिखाते हुए 24 घंटे के अंदर मामले का खुलासा कर दिया, और चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आपको बता दें कि, घटना 21 जुलाई 2022 की है। महराजगंज थाने में तहरीर देते हुए शिवम पांडेय पुत्र रमेश पांडेय निवासी उमरपुर थाना हरचंदपुर ने बताया कि, वह महराजगंज कस्बे आए हुए थे और अपाचे मोटरसाइकिल चंदापुर चौराहे पर खड़ी करके वह एक दुकान से सामान खरीदने चले गये थे। जैसे ही वह सामान लेकर अपनी मोटरसाइकिल के पास गए तो वहां से उनकी मोटरसाइकिल गायब थी। इसके बाद उन्होंने उसे ढूंढने का काफी प्रयास किया, लेकिन कहीं पता नहीं चला। थक हार कर उन्होंने इसकी सूचना थाने में दी। तहरीर मिलते ही महराजगंज पुलिस सक्रिय हो गई और चंदापुर चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग चेक की तो पाया कि, एक युवक बाइक चोरी कर ले जा रहा है। महराजगंज कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह और उनकी टीम ने सक्रियता दिखाते हुए

24 घंटे के भीतर ही चोर को पकड़ कर मामले का खुलासा कर दिया। मामले में कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि, सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से अपाचे मोटरसाइकिल चुरा कर ले जा रहे थे चोर को दबोच लिया गया है। पूछताछ में उसने अपना नाम दिग्विजय सिंह उर्फ प्रानू पुत्र राजकरन सिंह निवासी ग्राम संतोषपुर मजरे जनई थाना महराजगंज जनपद रायबरेली बताया है। संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

## एक कलमकार की कलम को लगा विराम, पत्रकार मुकेश यादव/ जितेंद्र यादव का संदिग्ध परिस्थिति मे पेड़ से लटका मिला शव

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता, महराजगंज,रायबरेली। संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी मौके पर हुई दर्दनाक मौत मामला महराजगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुसुढीं सागर पुर गांव रहने वाले जितेंद्र यादव उम्र 35 वर्ष जोकि सेमरा दर्पण अखबारध्वेब पोर्टल में पत्रकार भी थे।मृतक जितेंद्र यादव चार बहनों में अकेले थे, और 3 वर्ष पहले उनकी पत्नी छोड़ कर मायके चली गई थी, तब से वह अकेले ही अपने घर में अपने परिवार के साथ जीवन यापन कर रहे थे।पत्रकार जितेंद्र यादव के माता–पिता वयस्क पुत्र के मृत्यु की खबर सुनी उनके ऊपर दुखो का पहाड टूट पडा।

सुबह,सुबह जितेंद्र यादव का शव सचिवालय के पास चिलवल के पेड़ से लटकता हुआ मिला जैसे ही इसकी सूचना परिजनों को लगी तो परिजनों में कोहराम मच गया माता पिता पुत्र को इस अवस्था में देखकर सन्न

रह गए जितेंद्र यादव अपने पिता रामसेवक और अपने माता का इकलौता पुत्र था।जितेंद्र कुमार की मृत्यु की सूचना जब स्थानीय पुलिस को दी गई तुरत मौके पर पहुंच कर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है,और मृतक के परिवार को आश्वासन दिया कि अग्रिम कार्यवाही पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी।

## पारिवारिक कलह के चलते युवक ने नदी के किनारे पेड़ पर फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली

चित्रकूट। पारिवारिक कलह के चलते युवक ने नदी के किनारे पेड़ पर फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। बताया गया कि मारकुंडी थाना अंतर्गत बड़ी पाटिन गांव का रामचन्द्र विश्वकर्मा (35) पुत्र रामदेव ने गृहकलह से तंग आकर करीब 11 बजे घर से निकल आया और आम के पेड़ पर फांसी का फंदा बनाकर झूल गया। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया गया कि मृतक गुजरात में रहकर कार्य करता था। 25 जून को घर आया था। बताया कि मृतक के एक पुत्र, तीन पुत्री व पत्नी गुडिया का रो–रोकर बुरा हाल है।

# संक्षिप्त समाचार

## जी0आई0एस0 आधारित महायोजना प्रदर्शनी का शुभारम्भ

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

शाहजहांपुर। शासन द्वारा नामित कन्सलटेन्ट एन0के0बिल्डकॉन प्रा०लि०, जयपुर द्वारा अमृत योजनान्तर्गत विनियमित क्षेत्र, शाहजहाँपुर के लिये बनायी गई जी०आई०एस० आधारित महायोजना 2031 के प्रारूप को सामान्य जन एवं हितबद्ध व्यक्तियों/संस्थाओं के अवलोकनार्थ एवं समीक्षार्थ प्रस्तुत करने एवं स्थानीय सामान्य जन एवं हितबद्ध व्यक्तियों/संस्थाओं के बहुमूल्य सुझाव एवं आपत्तियाँ प्राप्त करने हेतु स्थानीय टाउन हाल स्थित गाँधी भवन प्रेक्षागृह में आयोजित महायोजना प्रदर्शनी का शुभारम्भ संतोष कुमार शर्मा, नगर आयुक्त, नगर निगम, शाहजहाँपुर के कर कमलों द्वारा किया गया। श्री शर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि प्रस्तावित महायोजना आगामी 10 वर्ष की अवधि में शाहजहाँपुर महानगर के विकास की परिकल्पना के आधार पर स्थानीय नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के दृष्टिगत तैयार की गई है। इस महायोजना को और अधिक जन उपयोगी बनाये जाने हेतु महायोजना को अंतिम रूप देने में स्थानीय नागरिकों एवं प्रबुद्धजनों की सहभागिता आवश्यक है इस अवसर पर, मुख्य रूप से आर०के०गौतम सम्भागीय सहयुक्त नियोजक नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग बरेली, आशीष कुमार सिंह नगर मजिस्ट्रेट (नियत प्राधिकारी, विनियमित क्षेत्र) शाहजहाँपुर, श्रीमती मीनाक्षी अरबन प्लानर एन0के0बिल्डकॉन प्रा०लि०, जयपुर, रामबीर सिंह, अवर अभियन्ता, विनियमित क्षेत्र शाहजहाँपुर एवं महानगर में प्राइवेट प्रैक्टिसरत आर्किटेक्ट्स एंव इंजीनियरर्स उपस्थित रहे।

### ढाईघाट के लिए रवाना हुआ कांवड़ियों का जत्था

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो पुवायां,शाहजहांपुर। क्षेत्र के गांव करनापुर के श्रीराम नगर मोहल्ला से फर्रुखाबाद ढाई घाट के लिए तृतीय कांवड़ यात्रा के लिए शिवभक्तों का जत्था रवाना हुआ स गांव वालों ने शिवभक्तों को बहुत ही धूमधाम से ढोल,डीजे सुंदर भजनों के साथ रवाना किया स इस मौके पर भक्तों ने बताया कि हम लोग ढाई घाट फर्रुखाबाद से जल भर कर छोटी काशी गोला गोकरणनाथ जाएंगे। इस मौके पर एकल अभियान के संभाग अभियान प्रमुख संजय सूर्या, अमित सिंह अर्कवंशी, राजेश मौर्या, देवेश मौर्या,ठाकुर दीपक अर्कवंशी, संजीव मौर्या, राकेश,धर्मेंद्र मौर्या, ठा. अभिषेक चौहान,संतकुमार, ठा.अनूप सिंह अर्कवंशी, सहित सैकड़ों भक्त रवाना हुए।

## रोजी पब्लिक स्कूल में एलपीजी की कार्यशाला का आयोजन

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

शाहजहांपुर। रोजी पब्लिक स्कूल जलालाबाद में प्रेरणा बंउचंपहद 2022 के अंतर्गत इं. अनुज गुप्ता (सचिव– शाहजहाँपुर LPG डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन) द्वारा LPG गैस के सुरक्षित उपयोग के बारे में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य कक्षा 8 से लेकर 12 तक की बालिकाओं के माध्यम से LPG गैस कनेक्शन धारकों में एलपीजी के सुरक्षित उपयोग के बारे में जानकारी देना थी। कार्यशाला में अनुज ने बताया। चूल्हे को ऐसी जगह रखे जहाँ बहार की सीधी हवा लौ पर न लगे, इस से दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ सकती हैं। हमेशा चूल्हा जलाते समय पहले माचिस की तीली जलाएं उसके बाद ही गैस ओन करें। भोजन पकाते समय कोई अन्य काम न करें, हमेशा सूती वस्त्रध्अप्रिन पहन कर ही चूल्हे का उपयोग करें। रत को सोते समय या बहार जाते समय रेगुलेटर को हमेशा बंद करके रखें। मेनेजर सेल्स (IOCL) अक्षत जैन ने कहा कि ये बहुत ही अच्छी और महत्वपूर्ण जानकारी है, ये जानकारी सभी सचह इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को मालूम होना चाहिए जिस से अनचाहे हादसे से बचा जा सके और कहा कि हमारी इंडियन आयल कंपनी गैस सुरक्षा को लेकर बहुत ही गंभीर है और इस तरह की कार्यशाला के आयोजन पूरे देश में किये जा रहे हैं ताकि गैस सम्बंधित दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके इंडियन आयल बॉटलिंग प्लांट से आये राजू चांदीवाल जी ने बताया की कैसे सिलिंडर का रख रखाव करें ताकि अनचाहे हादसों से बचा जा सके।

रोजी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती साधना झा जी ने सभी मेहमानों का इस कार्यशाला के लिए धन्यवाद दिया द्यकार्यशाला में अक्षत जैन, श्री राजू चांदीवाल, श्रीमती साधन झा, इं. अनुज गुप्ता, बीटू गुप्ता, प्रदेप, नीलाक्ष, हिमांशु व कक्षा 8 से कक्षा 12 तक की लगभग 200 छात्राएं मौजूद रहीं।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक का गुरु दक्षिणा कार्यक्रम सम्पन्न

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो बंडा, शाहजहांपुर। शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा ब्लाक बंडा के सरस्वती शिशु मंदिर में श्री गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संघ के तमाम कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने ध्वज को नमन कर गुरु दक्षिणा अर्पित की।नगर के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने व्यापार मंडल के अध्यक्ष मोहन मित्तल की अध्यक्षता में गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आरएसएस प्रमुख केवी हेडगेवार, एमएस गोवलकर व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मौजूद हिंदू योग प्रमुख श्रीपाल शर्मा ने हिंदू संप्रदाय के लोगों से अनुरोध करते हुए राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने की अपील की।नगर प्रचारक विपिन कुमार ने आरएसएस ध्वज को नमन करते हुए गीत के साथ लोगों को आने वाली युवा पीढ़ी के भविष्य को तैयार करने के गुर सिखाए और हिंदू धर्म के रीति रिवाजों से बच्चों को अवगत कराया।नगर कार्यवाह प्रचारक देवेश गंगवार ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण के पावन कार्य में वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिए हिंदू धर्म के लोगों के द्वारा सर्वस्व न्यौछावर कर देना व समाज के प्रति दायित्वबोध की भावना जागृत करना है।

गुरुपूजन कार्यक्रम में परमेश्वरदीन वर्मा, बाबूराम जौहर, डॉ महेश योगी, दीपक शुक्ला, के के गुप्ता, दीपक शुक्ला, अवनीश मिश्रा, विकास मिश्रा विक्कू, सत्यम मिश्रा, नीलू मिश्रा, सच्चिदानंद पांडेय, रितेश मिश्रा, जसवीर सिंह, राज नारायण अग्निहोत्री, विकास शर्मा, थाना प्रभारी मनोज कुमार सहित तमाम कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कांट पुलिस ने 7 डकैतों किया गिरफ्तार, 113 विदेशी सिक्के बरामद

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

शाहजहांपुर। थाना कांट पुलिस ने सीढ़ी गैंग के 7 डकैतों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को डकैतों के पास से मुगलकाल और विदेश के 113 सिक्के बरामद हुए हैं। डकैती की योजना बना रहे इन शातिर डकैतों से लाखों के गहने, अवैध असलाह और मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। पकड़े गए इन शातिर डकैतों का डकैती और चोरी के क्षेत्र में लंबा अपराधिक इतिहास भी दर्ज है। पुलिस ने सीढ़ी गैंग के सरगना सहित 7 डकैतों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।शाहजहांपुर की कांट थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव रावतपुर में नकाशा बगिया के पास से डकैती की योजना बना रहे सीढ़ी गैंग के 7 शातिर डकैतों. महानन्दन उर्फ पण्डित पुत्र पुत्तुलाल शर्मा निवासी ग्राम रफातपुर थाना इस्लामनगर जनपद बदायूँ दानवीर पुत्र विहारी लाल निवासी ग्राम परसोना खलीलपुर थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर उम्र धर्मेन्द्र उर्फ रजनीश पुत्र रमेश चन्द निवासी धीयर मौलिया रेलवेगंज थाना कोतवाली नगर जिला हरदोई राजेश उर्फ मंगुलाल पुत्र फकीरालाल निवासी रहीमापुर मजरा माहेद्दिनपुर थाना पसगवा जनपद लखीमपुर खीरी (सरगना)प्रवीण दीक्षित उर्फ मजनू पुत्र कमलेश दिक्षित निवासी मबेईया थाना बेहटा गोकुल जनपद हरदोई आनन्द गौतम उर्फ यानेन्द्र पुत्र रामकुमार निवासी फहजुल्लागंज सीताराम मंदिर सीतापुर थाना मढ़ियावा जनपद लखनऊ धर्मवीर उर्फ कल्लू पुत्र छोटेलाल निवासी महमद जलालनगर थाना सदर बाजार जिला शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन डकैतों के कब्जे से मुगलकाल के 24 चांदी के सिक्के बरामद किए हैं जो लगभग 100 वर्ष पुराने हैं। पुलिस को इनके पास से 18 तांबे के विदेशी सिक्के भी मिले हैं जो कि कनाडा ऑस्ट्रेलिया और मारीशस आदि देशों के हैं। साथ ही 71 सिक्के और मिले हैं जो अंग्रेजों के जमाने के हैं। पुलिस टीम द्वारा पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए डकैतों ने बताया कि वह सीढ़ी गैंग के सदस्य हैं जोकि पुलिस द्वारा रजिस्टर्ड गैंग है। वर्ष 2020 में अपने कई साथियों के साथ जेल भी गए थे और अभी 2 महीने पहले ही जेल से जमानत पर छूटे थे। जेल में इनकी आपस में दोस्ती हुई और फिर से बाहर निकलते ही ये शातिर डकैत डकैती की घटनाओं को अंजाम देने लगे। खास बात यह है कि यह सीढ़ी गैंग चोरी एवं डकैती की घटनाओं में मकानों के अंदर प्रवेश करने के लिए सीढ़ी का प्रयोग करता है। फिलहाल पुलिस टीम ने गिरफ्तार किए गए सभी शातिर डकैतों को जेल भेज दिया है।

## प्रधानमंत्री मोदी जैसी संघर्ष करने की क्षमता रखते हैं हरि प्रकाश वर्मा : असीम अरुण

• कैबिनेट मंत्री समाज कल्याण विभाग असीम अरुण ने की विधायक हरि प्रकाश वर्मा की तारीफ

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो शाहजहाँपुर। कैबिनेट मंत्री असीम अरुण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनैतिक जीवन के 20 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे होने पर शाहजहांपुर के गांधी भवन में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में सम्मेलन को संबोधित करने से पूर्व सर्वप्रथम जलालाबाद से विधायक हरि प्रकाश वर्मा की संघर्ष क्षमता की तुलना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की तो संपूर्ण हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 20 वर्ष के सफल राजनीतिक जीवन के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम पर उनके संघर्ष की गाथा पर मोदी /20 पुस्तक पर प्रकाश डालते हुए सरकार द्वारा लिए गये अभूतपूर्व निर्णयों की प्रशंसा की। प्रबुद्ध सम्मेलन में तमाम साहित्यकार कवि ,समाज सुधारक, नागरिक ,शिक्षक डॉक्टर आदि उपस्थित रहे।

## बच्चे हमारी भावी पीढ़ी के निर्माता हैं : जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह

• जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ददरौल में निपुण भारत मिशन का शुभारंभ

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

शाहजहाँपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ददरौल में निपुण भारत मिशन का शुभारंभ जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए किया। डायट प्राचार्य डॉ अचल कुमार मिश्र ने जिलाधिकारी महोदय के बैज लगाकर बुके देते हुए स्वागत किया। निपुण भारत मिशन के शुभारंभ कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि निपुण भारत मिशन जिस तरह नाम है उसी तरह इस अभियान को साकार करके हम सभी प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को भाषा और गणित की बुनियादी दक्षता हासिल कराने का संकल्प लेगें। उन्होने कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं जिस तरह से कच्ची मिट्टी पर निशान आसानी से पड़ जाता है उसी तरह से बच्चों के जीवन पर परिवार और विद्यालय का प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी शिक्षकों का आह्वान किया कि प्रदेश में निपुण लक्ष्य हासिल करने वाला पहला जनपद शाहजहांपुर होगा।

निपुण भारत के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु बाल वाटिका से कक्षा तीन तक अलग–अलग लक्ष्य निर्धारित किए गएअनुश्रवण हेतु राज्य स्तरीय टास्क फोर्स, जनपद स्तरीय टास्क फोर्स और विकासखंड स्तरीय टास्क फोर्स का भी गठन किया गया है। डायट प्रवक्ता बीएल मौर्य ने कहा कि निपुण भारत मिशन के अंतर्गत जनपद स्तरीय संदर्भ दाताओं का चार दिवसीय प्रशिक्षण सीमैट प्रयागराज में संपन्न हुआ। ब्लॉक स्तरीय संदर्भ दाताओं का प्रशिक्षण 23 जुलाई से 26 जुलाई के मध्य डायट में पूर्ण होगा।

जिसमें जनपद के समस्त ए आर पी प्रतिभाग कर रहे हैं। जनपद स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त करके सभी ए आर पी ब्लॉक स्तर पर प्राथमिक विद्यालयों के समस्त शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगेशुभारंभ के दौरान डायट की छात्राओं अराधना, अजिता, दिव्या, आकाक्षा, नेहा, शिप्रा, रितु, रितिका, अदि ने सम्मान गीत की भी प्रस्तुती की।इस अवसर पर एसआरजी अश्विनी कुमार, अवस्थी, ममता शुक्ला, ए आरपी सुरेंद्र सिंह, मदन गोपाल कटियार, प्रदीप कुमार ,चंद्र भूषण शुक्ला ,अवनीश मिश्रा, राकेश उपाध्याय ,लाल चंद्र यादव, रजनीश कुमार ,डॉ पूनम यादव, अमिता शुक्ला , राम शंकर सिंह के अलावा प्रशिक्षु सोम सिंह , प्रशांत भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

## सूने परे गौशाला, फिर क्यों हो रहा है सरकारी धन का बंदरबांट

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

बंडा,शाहजहांपुर। सरकारगौवंशीय पशुओं के संरक्षण के लाख दावे करे लेकिन धरातल पर सच्चाई कुछ और ही है। कागजों पर तो गौशालाएं सकुशल चल रही है। पशुओं के लिए भूसा खरीदा जा रहा है।आखिर समझ से परेहै कि जब गौवंशीय पशु लावारिस घूम रहे हैं तो करोड़ों का बजट किस पर खर्च किया जा रहा है।बंडा ब्लाक में किसी भी गौशालाओं का निरीक्षण गोपनीय ढंग से किया जाए तो आपको गौशालाओं में एक भी गाय नहीं मिलेगी, लोगों से मिली जानकारी के अनुसार गौशालाओं में अधिकारी,आने से पहले ग्रामीणों द्वारा पाली गई गायों को गौशाला में बंधवा दिया जाता है अधिकारी खानापूर्ति करके निकल जाते हैं उन्हें क्या पता कि गौशालाओं में एक भी गाय नहीं है या फिर सभी लोगों में मिलीभगत चल रही हैब्लाक बंडा में लावारिस गौ वंशीय पशुओं की स्थिति बहुत ही दयनीय है। सड़कों पर दिन रात गुजारने वाले पशु आये दिन सड़क पर चलने वाले वाहनों की चपेट में आने से चुटहिल हो जातें हैं। बंडा की सड़कों पर बैठे पशुओं को लोग आवाज से नहीं वाहनों की टक्कर से हटाते हैं।अब तो उनके इलाज के लिए समाजसेवी भी सामने नहीं आते हैं। वहीं खेतों में पहुंचने पर किसानों के प्रकोप का सामना करना पड़ता है।

सरकार द्वारा हर जगह अस्थाई गौशालाएं बनाने के निर्देश दिए गए थे।इस बार पशुओं के लिए भूसा भी दान में लिया गया व खरीदा गया। लेकिन सवाल उठता है अस्थाई गौशालाएं मात्र कागजों पर ही हैं और पशु सड़कों पर हैं तो भूसा किसे खिलाया जाएगा। गौवंश के लिए आने वाला बजट किस वंश के संरक्षित किया जा रहा है।निरीह पशुओं के लिए आने वाले धन का गबन करने वालों की पशुओं की यह स्थिति उनके लिए अभिशाप न बन जाए।वैसे तो तमाम संगठन गौवंश के नाम राजनीति करते रहे हैं। गौवंश पर हो रही क्रूरता व बदहाल स्थिति को लेकर कोई आवाज उठाने वाला नहीं है।

## 02 करोड की अफीम सहित 02 अन्तर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहाँपुर। पुलिस अधीक्षक एस आनन्द, के निर्देशानुसार जनपद मे मादक पदार्थो की रोकथाम व मादक पदार्थ तस्करो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा, थाना जैतीपुर के नेतृत्व मे थाना जैतीपुर की पुलिस टीम द्वारा सदिग्ध व्यक्ति वस्तु वाहन चौकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पडैनिया पुलिया से ग्राम पडैनिया की तरफ अभियुक्त मुनीश पुत्र कृष्णपाल निवासी ग्राम सींगापुर थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त मुनीश उपरोक्त के कब्जे से 01 किलो 100 ग्राम फाईन क्वालिटी की अफीम बरामद हुयी तथा बनखण्डी पुलिया चौराहे से फरीदपुर की तरफ रोड पर करीब 60 कदम दूरी पर समय करीब 00.20 बजे अभियुक्त निजाकत अली पुत्र शब्बीर हसन निवासी ग्राम गौतरा थाना उसावा जनपद बदायूं को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 900 ग्राम फाईन क्वालिटी की अफीम बरामद हुई।

दोनो अभियुक्तो के विरुद्ध थाना जैतीपुर पर सुसंगत धाराओ मे अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।'

## नरेंद्र मोदी जी के राजनीतिक जीवन के सफल 20 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

शाहजहांपुर। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के राजनीतिक जीवन के सफल 20 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश सरकार, श्री असीम अरुण जी का जनपद में आगमन हुआ। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री अरुण गुप्ता जी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कृष्ण चंद्र मिश्र जी, एसएस डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ अवनीश मिश्रा, जी एसएस डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुराग अग्रवाल जी, जनपद के वरिष्ठ पत्रकार ओमकार मनीष जी आदि के द्वारा फूल माला पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया, असीम अरुण जी ने कहा कि शाहजहांपुर हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। इस दौरान उन्होंने बताया कि सन 1973 या 1974 में हमारे पिताजी स्वर्गीय श्री रामानुज जी शाहजहांपुर के पुलिस अधीक्षक हुआ करते थे। उन्होंने बताया कि तब से हमारी यादें शाहजहांपुर से जुड़ी हुई हैं हमारा जीवन शाहजहांपुर से ही शुरु हुआ है।

उन्होंने बताया कि अभी हमें राजनीतिक सफर शुरू किए हुए 5 या 6 महीना हुआ है, शाहजहांपुर से यह महत्वपूर्ण शुरुआत ठीक उसी प्रकार है जैसे कि एक 4 साल के बच्चे के लिए थी। मेरे लिए यह बहुत ही भावुक क्षण है उन्होंने बताया कि मैं आज बहुत ही प्रसन्न हूं। उन्होंने इसके लिए सभी का आभार व्यक्त किया। जिस प्रकार बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान में हमको यह व्यवस्था दी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि किन्नर समाज की चिंता करते हुए माननीय योगी जी ने मोदी जी के निर्देश से किन्नर कल्याण बोर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि हम लोग आजादी का 75 वां वर्ष मना रहे हैं तो हमें सोचना है कि हमारा शाहजहांपुर 25 वर्ष बाद कैसा होगा, हमें इस प्रकार सोचना है और उसी प्रकार उत्तर प्रदेश के लिए सोचना है, देश के लिए सोचना है। छोटी बड़ी हर बातों को सोचना है। उन्होंने कहा कि हमें जानकर खुशी हुई है कि जैसा यह गांधी हॉल है वैसा ही शाहजहांपुर कार्यक्रम के दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्र, एसएस डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ अवनीश मिश्र, एसएस डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुराग अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार ओमकार मनीषी, आईएमए अध्यक्ष डॉ पवन अग्रवाल, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव अग्निहोत्री, उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ, व्यापार मंडल महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम, संचालन कर रहे पूर्व वैज्ञानिक डॉक्टर सुरेश मिश्रा सहित आदि उपस्थित रहे।

## श्री शिव महापुराण कथा तैयारियां पूर्ण

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–

शाहजहांपुर। श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ की अलौकिक दिव्य श्री शिव महापुराण कथा के लिए समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कथा आयोजन स्थल खिरनी बाग रामलीला मैदान में इस बार कानपुर से वाटर प्रूफ टेन्ट मंगवाया गया है। आज दिव्य कलश यात्रा के साथ श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ काशी से आए ब्राम्हणों एवं सन्तों के द्वारा हवन पूजन के साथ किया जाएगा। काशी के श्री प्रशांत प्रभु जी महाराज के श्री मुख से लगातार 9 दिन तक श्री शिव महापुराण कथा का वाचन किया जाएगा। बरेली मंडल में प्रख्यात यह कथा कई जनपदों में चर्चा का विषय बनी रहती है कथा आयोजक श्री हरचरण बाजपेई जी का कहना है कि विगत कई वर्षों से अनवरत चल रही यह कथा कोविड–19 की वजह से 2 वर्ष स्थगित कर दी गई थी।

श्री शिव महापुराण कथा का पांचवा आयोजन है इस बार कथा पंडाल में भक्तजनों के बैठने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं उन्होंने बताया की 23 जुलाई से प्रारंभ होने वाली या कथा 31 जुलाई तक अनवरत जारी रहेगी 1 तारीख को 1001 पार्थ शिवलिंग के साथ रुद्राभिषेक किया जाएगा और 2 तारीख को सुबह से प्रभु इच्छा तक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया वार कथा का प्रसारण सुभारती चौनल पर भी किया जाएगा। कथा आयोजन स्थल पर इस बार महानगर के डॉक्टरों द्वारा चिकित्सा कैंप लगाया जाएगा जहां कथा का श्रवण करने आने वाले भक्तजनों का मेडिकल चेकअप कर उन्हें मेडिकल सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी।

## महिला ने लगाया तलवार लेकर दौड़ाने का आरोप

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–

खुटार,शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के गांव टोडरपुर में दबंगों ने महिला को दौड़ा–दौड़ा कर तलवार से हत्या करने का प्रयास किया गया महिला ने दबंगों के विरुद्ध थाने आकर नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है जानकारी के अनुसार प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रहे हैं किंतु अराजक तत्वों पर सरकार का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है ऐसी ही घटना जनपद के थाना क्षेत्र के गांव टोडरपुर में रहने वाली महिला मनजीत कौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है।कि बीती शाम वह खाना खाकर अपनी बहू व बच्चे के साथ घर के बाहर बैठी थी तभी पड़ोस में रहने वाले चार लोग आ गए और मामूली विवाद में गंदी गंदी गालियां देने लगे जब महिला ने गालियों का विरोध किया तो उक्त लोग घर से तलवार ले आए और महिला को तलवार लेकर दौड़ाया महिला ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## स्टेडियम के पास मिला बिल्डर का शव, मचा हड़कंप

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–

शाहजहांपुर। जनपद के थाना रोजा क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब दिल्ली में काम करने वाले बिल्डर का शव स्टेडियम के पास मिला। नग्न अवस्था में मिले बेल्डर का शव मिलने से घरवालों में हडकम्प मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जा रहा है कि बेल्डर शाहजहांपुर में अपनी ससुराल का हथौड़ा गांव आया था। जहां 2 दिन रहने के बाद आज रात उसका शव स्टेडियम के पास मिला है।घटना थाना रोजा के हथौड़ा गांव की है जहां जदुनाथ स्टेडियम के पास दिल्ली के बेल्डर बृजेश का शव नग्न अवस्था में पड़ा मिला है। उसके शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं। जिसके चलते हैं हत्या की आशंका जाहिर की गई है। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना सेहरामऊ दक्षिणी के आटा खुर्द गांव का रहने वाला बृजेश दिल्ली से अपनी ससुराल हथौड़ा आया था। 2 दिन रहने के बाद बीती रात उसका शव स्टेडियम के पास मिला है। आशंका जाहिर की जा रही है कि उसने जहर खाया है फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## ग्राम जमौर गौटिया का औचक निरीक्षण

• औचक निरीक्षण में जिला पंचायत राज अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी का जवाब तलब

• विशेष संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम अभियान के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में साफ–सफाई एवं फॉगिग के कड़े निर्देश : डीएम

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

शाहजहांपुर। जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालित है। जिसमें नगर विकास विभाग, पंचायतीराज विभाग, स्वास्थ्य, पशुपालन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि एवं सिंचाई, सूचना एवं उद्यान विभाग के सहयोग से विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने आज यूनिसेफ की जिला समन्यव्यक हूदा जेहरा के साथ ग्राम जमौर गौटिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ–सफाई व्यवस्था अत्यन्त दयनीय पायी गयी। ग्रामवासियों से जानकारी लेने पर बताया गया कि महीने में सिर्फ एक बार ही सफाई कर्मचारी गांव में सफाई करने आता है। जिस कारण नालिया भरी पड़ी हैं। नालियों में कीचड़ इकठ्ठा हो जाने के कारण जलभराव की स्थति भी उत्पन्न हो जाती है जिस कारण गांव में मच्छरो का प्रकोप भी बढ़ रहा है। निरीक्षण के दौरान जगह–जगह कूड़ा एकत्रित पाया गया। विशेष संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर विकास विभाग द्वारा साफ सफाई फागिंग तथा शुद्ध पेयजल का प्रयोग खुले में शौच न करना तथा मच्छरों की रोकथाम के लिये जागरूकता अभियान हेतु निर्देशित किया गया था तथा पंचायतीराज ध ग्राम्य विकास विभाग कों ग्राम स्तर पर साफ सफाई, हाथ धोना, शौचालय की सफाई तथा घर से जल निकासी हेतु जनजागरूकता के लिए प्रचार–प्रसार, शुद्ध पेय जल की व्यवस्था, झाड़ियों व तालाबों की साफ सफाई. छिड़काव आदि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये थे साथ ही यह भी निर्देशित किया गया था कि पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों का संवेदीकरण, सुकर बाड़ों को आबादी से दूर स्थापित किया जाए। निरीक्षण के दौरान साफ–सफाई के उचित प्रबन्धत न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुये जिला पंचायत राज अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी का जवाब तलब करने के निर्देश दिये साथ ही जिलाधिकारी ने पंचायतीराज अधिकारी को साफ सफाई, फागिंग आदि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति चुनाव में प्रभावी जीत दर्ज करने के लिए द्रोपदी मुर्मू को बधाई

भारतीय जनता पार्टी घाटी मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा भारतीय गणराज्य के 15 वें राष्ट्रपति के रूप में द्रोपदी मुर्मू के निर्वाचित होने पर विजय जुलूस निकाला गया एवं कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार

किया।राष्ट्रपति चुनाव में प्रभावी जीत दर्ज करने के लिए द्रोपदी मुर्मू को बधाई। क्षेत्रीय विधायक सभा कुवंर कुशवाहा ने कहा कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू गाँव, गरीब, वंचितों के साथ–साथ झुग्गी–झोपड़ियों में भी लोक कल्याण के लिए सक्रिय रहीं हैं।आज वे उनके बीच से निकल कर सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुँची हैं।

यह भारतीय लोकतंत्र की ताकत का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर समाज के अंतिम वर्ग की महिला को निर्वाचित करा कर देश की आधी आबादी को सम्मान देने का काम किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में ही यह संभव है कि पार्टी का छोटा सा कार्यकर्ता भी संगठन एवं सरकार में अपने कार्यों एवं परिश्रम की बदौलत बड़े से बड़े पद पर आसीन हो सकता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष घाटी अनिल शाही, अनिल गोंड, शैलेश सहाय, हरिकेश कुशवाहा, अनिरुद्ध कुशवाहा, तारकेश्वर तिवारी, संजय गुप्ता, प्रमोद तिवारी, अनिल दुबे, अरुण गुप्ता, विकास ठाकुर, इंदु भूषण कुशवाहा, आशीष सिंह बिसेन सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रक्षा अध्ययन की प्रयोगात्मक परीक्षा आज

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया,भटनी। नगर पंचायत क्षेत्र के बहादुर यादव मेमोरियल पी०जी० कॉलेज, नगर पंचायत में बी०ए०/बी०एस–सी० द्वितीय सेमेस्टर रक्षा–अध्ययन विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा दिनांक– 24/07/2022 दिन–रविवार को प्रातः 9रू00 बजे से महाविद्यालय में होगी जिसकी जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० विनोद यादव।

## फेल हुए स्वास्थ्य विभाग के दावे, भगवान भरोसे चल रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता देवरिया। भटनी थाना क्षेत्र के टेघरा गांव निवासी मोतीलाल की पत्नी बुनना देवी गर्भवती महिला थी। परिजनों ने प्रसव पीड़ा के कारण महिला को भटनी स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार की शाम 4:00 बजे ले कर आए । प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती करने के बाद उनका इलाज किया गया । रात को 9:बजे महिला को यह कह कर घर भेज दिया गया कि आप की डिलीवरी कल होगी इसलिए आप घर जाइए और महिला घर चली आई । शनिवार को 3:00 बजे भोर में महिला को दर्द होने लगा तो परिवार वालों ने 108 नंबर एंबुलेंस को फोन करना शुरू किया लेकिन कोई एंबुलेंस नहीं पहुंचा। बार बार फोन करने के बाद भी कोई एम्बुलेंस नहीं आया। सुबह 5:00 बजे गर्भवती महिला के घर एम्बुलेंस पहुंचा और महिला को लेकर स्वास्थ्य केंद्र भटनी पहुंचा जहां गर्भवती महिला प्रसव पीड़ा से तड़पती रही । दर्द होता रहा और एंबुलेंस में ही मरा हुआ बच्चा पैदा हुआ । वहा मौजूद परिजन चीख चीख कर रोने लगे।

महिला को रक्तस्राव ज्यादा होने पर उसकी हालत गंभीर हो गई। किसी तरह महिला को अस्पताल में अंदर ले जाकर लिटाया गया कुछ देर बाद एक एनएम आई और महिला की हालत देखते हुए रक्तस्राव को रोकने की कोशिश किया। इतनी कठीन समय मे भी वहा पर किसी डॉक्टर का न पहुचना सरकार के स्वास्थ्य विभाग की कमियों और स्वास्थ्य कर्मियों के लापरवाही को दर्षा रहा है। परिवार वालों का आरोप है कि यदि समय से एंबुलेंस और समय से डॉक्टर रहे होते तो बच्चे की जान बच जाती। पीडित महिला की सास शांति देवी का आरोप है कि मरीज को देखने कोई डॉक्टर तक नहीं आया ऐसे में हजारों किस्से सुनने को मिलेंगे आए दिन मासूम की जान इलाज के अभाव में दम तोड़ती जा रही है ऐसे में सरकार पर लोग सवाल उठाना शुरू कर दिए हैं । सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है जिसको लेकर लोग सरकार को कोसते नजर आए फिलहाल महिला की गंभीर स्थिति बनी हुई है।

## चर्चित डॉक्टर का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

• ऑडियो में भाषा शैली से लोगों में नाराजगी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। स्वास्थ्य विभाग में विवादित कार्यशैली के लिए चर्चित डॉक्टर का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। हालांकि ये ऑडियो पुराना बताया जा रहा है। लेकिन ऑडियो में डॉक्टर ने जिस भाषा शैली का इस्तेमाल किया है उस भाषा शैली को लेकर लोगों में नाराजगी है। सोशल मीडिया पर डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस ऑडियो में कुचेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े बरौली गांव में तीन माह से टीकाकरण न होने की बात डॉक्टर प्रदीप यादव से की जा रही है।

बरौली निवासी आशा कार्यकत्री के प्रति शेरसिंह के नाम से डॉक्टर को फोन किया गया है। फोन पर डॉक्टर कार्यकत्री के पति से जमकर गाली–गलौज कर रहे हैं और गोली मारने और उठवा लेने की धमकी दे रहे हैं। इस संबंध में सीएमओ डॉ पीपी पांडेय का कहना है कि जो ऑडियो वायरल हुआ है वह पुराना लग रहा है। क्योंकि डॉक्टर प्रदीप यादव को कुचौला से हटाया जा चुका है। हाल ही में उन्हें मानपुर हरी का प्रभारी चिकित्सा भी बनाया गया है। फिर भी वह इस ऑडियो की जांच कराएंगे और दोषियों पर कार्रवाई कराई जाएगी।

## 1 अगस्त से निवार्चक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ : अपर जिलाधिकारी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। अपर जिलाधिकारी, उप जिला निवार्चन अधिकारी राम जी मिश्र ने बताया कि भारत निवार्चन के निदेर्शानुसार निवार्चक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किये जाने की कार्यवाही दि. 01.08.2022 से प्रारम्भ की जा रही है। उन्होने बताया कि निवार्चक नामावली में शामिल मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किये जाने हेतु आयोग द्वारा ऑनलाईन एवं ऑफलाइन के माध्यम से सुविधाएं प्रदान की गयी हैं, ऑफलाइन के माध्यम से मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किये जाने हेतु आयोग द्वारा फाम–6बी निधार्रित किया गया है। उन्होने बताया कि आयोग के निवार्चक नामावली में शामिल मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किये जाने के सम्बन्ध में निधार्रित फाम–6बी हाड कापी में मतदाताओं से बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा दि. 01.08.2022 से घर–घर भ्रमण करते हुऐ प्राप्त किये जायेंगे तथा मतदाताओं से प्राप्त किये गये फाम–6बी को बीएलओ द्वारा गरूड ऐप या निवार्चक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्रयोग किये जा रहे ई. आर.ओ. नेट पर फाम–6बी की प्राप्ति के 07 दिवसों के अंदर डिजीटाइज्ड किया जायेगा, बीएलओ के घर–घर भ्रमण के दौरान मतदाता सूची में नामांकित मतदाता, यदि अपने घर में किन्ही कारणवश नहीं मिलता है, तो उसके आसपास के लोगों से जानकारी प्राप्त करते हुये पुनः उस घर का भ्रमण किया जायेगा, इसके अतिरिक्त बीएलओ द्वारा भ्रमण के दौरान मतदाताओं को ऑनलाइन के माध्यम से आधार नम्बर सम्बिशन हेतु प्रोत्साहित किया जायेगा, आधर नम्बर एकत्रीकरण हेतु राजनैतिक दलों, मीडिया, सिविल सोसाइटी संगठनों एवं एनजीओ का सहयोग प्राप्त किया जायेगा। उन्होने बताया कि बीएलओ के घर–घर सर्वे के अतिरिक्त दि. 07.08.2022 (रविवार) एवं दि. 21.08.2022 (रविवार) को मतदान केन्द्र, मतदेय स्थल पर आयोजित विशेष कैंप में बीएलओ उपस्थित रहकर मतदाताओं से फाम–6बी (आधार नम्बर संकलित करने हेतु) एवं आहर्ता तिथि 01 जुलाई 2022 को 18 वर्ष की आयु पूण करने वाले मतदाताओं से फाम–6 पर आवेदन, नामावली से नाम अपमाजिर्त करने हेतु फाम–7 पर आवेदन तथा नामावली में सम्मिलित नाम की प्रविष्टि में संशोधन, डुप्लीकेट पहचान पत्र, दिव्यांगता अंकित कराने व निवास परिवतर्न हेतु फाम–8 पर आवेदन प्राप्त करेंगे। उन्होने बताया कि मतदाताओं द्वारा आधार उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है और इस आधार पर उसके नाम मतदाता सूची डेटाबेस से अपमाजिर्त नहीं किये जायेंगे, कि उक्त द्वारा आधार नम्बर नहीं उपलब्ध कराया गया है, किसी भी परिस्थिति में प्राप्त आधार नम्बर को सावर्जनिक नहीं किया जायेगा।

## जानलेवा हमले के एक मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

• आरोपी के कब्जे से एक देशी रायफल और कारतूस भी हुआ बरामद

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। थाना एलाऊ में जानलेवा हमले के एक मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देशी रायफल और कारतूस भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पुलिस ने थाने लाकर पूछताछ की और मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी सुनील कुमार भारद्वाज ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम आधार निवासी सनोज पुत्र महावीर सिंह के खिलाफ पिछले दिनों जानलेवा हमला करने का एक मुकदमा एलाऊ थाने में दर्ज कराया गया था। यह मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। लेकिन आरोपी अपने घर से फरार हो गया था। शुक्रवार की सुबह आरोपी को मुखबिर की सूचना पर तारापुर तिराहे के निकट से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से बरामद की गई रायफल को सीज किया गया और आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत छात्रों को निःशुल्क कोचिंग मिलेगी महानिदेशक उपाम एल.वेंकटेश्वर लू

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। महानिदेशक उपाम एल. वेंकटेश्वर लू ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि इस योजना का लाभ समाज के गरीब परिवारों के होनहार बच्चों को मिले, इस योजना से जुड़े सभी अधिकारी, कमर्चारी, शिक्षक पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों को अंजाम दें, जनपद मुख्यालय पर 01 महाविद्यालय का चयन कर वहां यू.पी.एस.सी., यू.पी.पी.एस.सी. की परीक्षा की तैयारी करायी जायें, 01–01 इंटर कॉलेज का चयन कर वहां नीट, जे.ई.ई. की तैयारियों हेतु कक्षाएं संचालित की जाएं, इस काय में महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्राचार्या, इंटर कॉलेज के गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान के प्रशिक्षित शिक्षकों का सहयोग लिया जाए, प्रत्येक तहसील स्तर पर भी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए वहां भी कोचिंग की व्यवस्था की जाए, जो बच्चे हाल ही में जे.ई.ई., नीट आदि परीक्षाओं में सफल हुए हैं उनका भी सहयोग लेकर परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का मार्ग प्रशस्त कराया जाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में संचालित 487 इंटर कॉलेज मे से कम से कम 01–01 प्रतिभाशाली, लगनशील, मेघावी छात्र को चिन्हित कर जनपद में संचालित

अभ्युदय योजना के तहत संचालित कोचिंग में आकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित किया जाए, छात्र अपनी योग्यता, सामर्थ्य, रुचि के साथ आगे बढें, विद्यालयों में ऐसा वातावरण सृजित किया जाए। महानिदेशक उपाम ने कहा कि विद्यालयों में छात्रों को शैक्षिक वातावरण मिले, विद्यालयों में अनुशासन हो, शिक्षक सिर्फ छात्रों को डिग्री दिलाने के लिए नहीं बल्कि उन्हें ज्ञानवान, आदर्शवान, संस्कारवान बनाने की दिशा में काम करें, निष्ठा के साथ पूर्ण मनोयोग से अपने छात्रों को अपनी बौद्धिक क्षमता का लाभ प्रदान करें, उन्हें सही मार्ग प्रशस्त कर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होने कहा कि छात्रों के हित में प्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण निणर्य लेते हुए उन्हें मुफ्त कोचिंग देने हेतु योजना लागू की है, इस योजना के जरिए छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उच्च स्तरीय मागर्दशर्न, परीक्षा से पहले प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी, उ.प्र. लोक सेवा आयोग यू.पीपी.एस.सी, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग यूपी. एसएसएससी, अन्य भर्ती बोर्ड, नीट एनईईटी, जेईई, एनडीए, पीओ, एसएससी, टीईटी, बी.एड और अन्य परीक्षाएं शामिल है। उन्होने कहा कि गरीब–निधर्न परिवारों, ग्रामीण परिवेश में निवास कर रहे ऐसे प्रभावशाली छात्र जो आथिर्क स्थिति के कारण बड़े शहरों में जाकर कोचिंग नहीं ले पाते थे, अब उन्हें जिले स्तर पर ही मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतगर्त निःशुल्क कोचिंग मिलेगी, अब गरीब परिवारों, ग्रामीण परिवार के होनहार छात्र भी आई.ए.एस., पी.सी.एस., अन्य उच्च स्तरीय परीक्षाओं की कोचिंग कर उच्च पदों को सुशोभित कर सकेंगे। डीएम अविनाश कृष्ण सिंह ने महानिदेशक उपाम को बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज में अभ्युदय योजना के अन्तगर्त अपरान्ह 03 बजे से 5 बजे तक कोचिंग संचालित है, जिसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे 68 पंजीकृत छात्रों को उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा के प्रशिक्षित शिक्षकों के साथ–साथ जनपद के उच्चाधिकारियों द्वारा गाइडेंस किया जा रहा है। उन्होने आश्वस्त करते हुये कहा कि जनपद मुख्यालय पर नीट, जे.ई.ई. की तैयारी के लिए तत्काल विद्यालय का चयन कर कोचिंग प्रांरभ की जायेगी साथ ही तहसील मुख्यालय पर भी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग क्लासेस योजना के अन्तगर्त संचालित होंगी, जिसमें समय–समय पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया जायेगा साथ ही विभिन्न परीक्षाओं में सफल हुये अभ्यथिर्यों से भी बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के सम्बन्ध में जागरूक कराया जायेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डा.पी.पी. सिंह, उप जिलाधिकारी सदर नवोदिता शर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर विजय पाल सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए के.के. सिंह, उपायुक्त मनरेगा पी.सी.राम, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज वर्मा सहित अन्य अधिकारी, छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## मैनपुरी में दो लाख से अधिक घरों में तिरंगा लहराएगा, कार्यक्रम जन आंदोलन बने, इसमें सभी को जिम्मेदारी निभानी होगी : पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। व्यापारी नेता सुरेशचंद्र बंसल बीनू के आवास पर पहुंचे पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 11 से 15 अगस्त के बीच पूरे प्रदेश में घर–घर तिरंगा चलेगा। संस्कृति विभाग को इस अभियान की जिम्मेदारी मिली है। पूरे प्रदेश में 4.5 करोड़ झंडे लगाए जाएंगे। मैनपुरी में भी दो लाख से अधिक घरों में तिरंगा लहराएगा। यह कार्यक्रम जन आंदोलन बने, इसमें सभी को जिम्मेदारी निभानी होगी। पर्यटन मंत्री ने कहा कि अखंड भारत में आजादी के समय बलिदान देने वालों की याद में यह कार्यक्रम कराया जा रहा है। देश की आजादी में न जाने ऐसे कितने लोग हैं जो शहीद हो गए और उनके बारे में पता नहीं है। ऐसे सभी लोगों को श्रद्धांजलि देकर उनके बलिदान को याद किया जाएगा। घर–घर झंडा लहराए इसके लिए सचिव, बीडीओ, सीडीओ और डीएम को जिम्मेदारी दी गई है। स्कूलों में झंडा गीत शुरू कराए गए हैं। एक भारत श्रेष्ठ भारत की गूंज पूरी दुनिया में हो, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में पूरे प्रदेश में एक साथ यह अभियान चलेगा।

## थाना पटहेरवा में अभियुक्तगिरफ्तार

शेषनाथ यादव तहसील प्रभारी दैनिक अयोध्या टाइम्स। थाना रामपुर कारखाना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 82/2022 धारा 379/411/414 भादवि व मु0अ0सं0 34/2022 धारा 379 भादवि , मु0अ0सं0 53/2022 धारा 379 भादवि, मु0अ0सं0 63/2022 धारा 379 भादवि, मु0अ0सं0 64/2022

धारा 379 भादवि, मु0अ0सं0 72/2022 धारा 379 भादवि मे वांछित चल रहे अभियुक्त राहुल यादव पुत्र गणेश यादव साकिन जौरा बाजार थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर उम्र करीब 25 वर्ष को आज दिनांक 23.07.2022 को थाना रामपुर कारखाना पुलिस द्वारा पटनवा पुल से अभियुक्त राहुल यादव पुत्र गणेश यादव साकिन जौदा उर्फ जौरा बाजार थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

## समस्त विकास खण्डों में ब्लाक दिवस का हुआ आयोजन

शेषनाथ यादव तहसील प्रभारी दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया। समस्त विकास खण्डों में ब्लाक दिवस का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार द्वारा विकास खण्ड–भलुअनी में आयोजित ब्लाक दिवस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय ब्लाक दिवस में विकास विभाग के 01 एवं अन्य विभाग के 03, कुल–04 प्रकरण आये थे, जिसमें से 03 प्रकरण का निस्तारण मौके पर कर दिया गया था, शेष 01 प्रकरण जॉच कर निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। ब्लाक दिवस में समस्त ब्लाकों में विकास विभाग के 10 एवं अन्य विभाग के 04 कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई थीं जिसमें 11 प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया है शेष 03 प्रकरण जॉच के उपरान्त निस्तारण की कार्यवाही की जायेगी।

## तेंदुही आंगनबाड़ी केंद्र को मिला नया स्वरूप

• डीएम ने जून माह में किया था निरीक्षण, मानक विरुद्ध मिला था निर्माण कार्य

शेषनाथ यादव तहसील प्रभारी दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के सख्त तेवरों का असर निर्माण परियोजनाओं पर दिखने लगा है। तेंदुही ग्राम पंचायत में जर्जर आंगनबाड़ी भवन को मानक के अनुसार नया स्वरूप दिया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकांत राय ने बताया कि कुछ दिन पूर्व जिलाधिकारी ने तेंदुही में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया था, जिसमें मानक विरुध्द कार्य मिलने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की थी। जिलाधिकारी द्वारा गठित जांच दल ने भवन के निर्माण में मानक की अनदेखी एवं घटिया निर्माण सामग्री के प्रयोग की पुष्टि की थी। डीएम ने जांच रिपोर्ट के आधार पर निर्माण परियोजना में संलिप्त जिम्मेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई भी की थी। डीपीओ ने बताया उक्त आंगनबाड़ी भवन को निर्धारित निर्माण मानक के अनुसार नया स्वरूप दिया गया है। भवन के मानकानुसार बनाने में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा गया है। कमरों को आकर्षक चित्रों से सजाया गया है। शीघ्र ही इस आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन शुरू होगा। इसे स्मार्ट एवं मॉडल केंद्र के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जाएगा।

## छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा पर आधारित वाद-विवाद, पोस्टर, निबंध आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाए,प्रमुख सचिव परिवहन

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू ने सड़क सुरक्षा के संबंध में आयोजित बैठक में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि विद्यालयों के छात्रों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करें, किसी भी विद्यालय का छात्र सड़क दुघर्टना का शिकार न हो, कोई छात्र सड़क दुघर्टना का कारण न बने, विद्यालयों के माध्यम से अपने छात्रों को यातायात नियमों का शत–प्रतिशत पालन करने के लिए तैयार किया जाए, छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा–जीवन रक्षा पर आधारित वाद–विवाद, पोस्टर, निबंध आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाए, सभी विद्यालयों में रोड सेफ्टी क्लब, विद्यालय यान समिति गठित हो और समय–समय पर इनकी बैठकें आयोजित कराई जाएं, विद्यालयों के वाहन चालकों, परिचालकों का नियमित रूप से स्वास्थ्य, नेत्र परीक्षण हेतु कैंप आयोजित हों, सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर सभी लोग चिंतित रहें, प्रत्येक व्यक्ति का जीवन अनमोल है इसलिए सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने सभी का आह्वान करते हुए कहा कि सरकारी, प्राइवेट वाहनों में यात्रा करते समय वाहन चालक की गतिविधियों पर नजर रखें यदि कोई वाहन चालक शराब के नशे में हो, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करे, निधार्रित गति से अधिक स्पीड में वाहन चलाये, रात्रि के समय सफर करते समय यदि वाहन चालक को झपकी आए, तो तत्काल चालक को सचेत करें।

प्रमुख सचिव परिवहन ने कहा कि वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी करने, किसी एक व्यक्ति की गलती के कारण उसका खामियाजा दूसरों को भी भुगतना पड़ता है, दुघर्टना का सबसे महत्वपूण कारण ओवर स्पीड, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करना, नशे की हालत में वाहन चलाना है, हम सबको वाहन चालकों को नशे की हालत में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने, निधार्रित गति मे ही वाहन चलाने के लिए जागरूक करना होगा, इस काय में एनसीसी, एनएसएस. कैडेट्स, स्काउड गाइड के बच्चों का सक्रीय सहयोग लेना होगा उन्होने कहा कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाएं, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें, तमाम लोग हेलमेट का प्रयोग न करने के कारण सड़क दुघर्टना में सर में चोट लगने के कारण मौत के शिकार हुए हैं। उन्होंने स्कूली बच्चों को जागरूक कराने के लिए जिले में तमाम कायर्क्रम आयोजित किये गये हैं, विद्यालयों में छात्रों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुयीं है, मुख्य चौराहों पर एनसीसी, एनएसएस, स्काउड गाइड के छात्रों द्वारा वाहन चालकों को हेलमेट का प्रयोग करने, सीटबेल्ट लगाने के लिए जागरूक किया गया है, पुलिस, परिवहन विभाग द्वारा भी निरंतर कार्यवाही की जा रही है, कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव मे सभी लोग बढ़–चढ़कर भागीदारी करें, महापुरुषों के उपदेशों, त्याग, बलिदान से प्रेरणा लेकर देश, समाज को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग दें, जो व्यक्ति समाज के उत्थान के लिए, देश के विकास के लिए कार्य करता है उसी का जीवन साथर्क होता है।

जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कहा कि आज के दौर में मोबाइल, दुपहिया, चार पहिया वाहन प्रत्येक व्यक्ति की जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है, विगत कुछ समय से सड़कों पर वाहनों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है, एक्सप्रेस–वे, हाईवे के निमार्ण के साथ–साथ ग्रामीण सड़कों का भी विकास हुआ है। उन्होने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी के कारण प्रतिदिन कहीं न कहीं सड़क हादसे होते हैं, जिसमें कई लोगों को खोना पड़ता है, जो समाज, पीड़ित परिवार के लिए अपूणीर्य क्षति है, बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए हम सबको सम्मिलित प्रयास करने होगें। उन्होने प्रमुख सचिव परिवहन को अवगत कराते हुये कहा कि यातायात नियमों के प्रति जन सामान्य के साथ–साथ जनपद में अभियान चलाकर सड़कों से अतिक्रमण हटाया गया है।

पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित ने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी करने पर प्रतिदिन दुघर्टनाएं होती हैं, अधिकांश दुघर्टनाएं वाहन चालकों की लापरवाही के कारण घटित होती हैं, निधार्रित स्थान पर पार्किंग न करने, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करना वाहन चालक का प्रत्यक्ष दोष है, इनकी लापरवाही के कारण स्वयं का जीवन तो खतरे में रहता ही है साथ ही अन्य वाहन चालक भी इनकी लापरवाही का शिकार होते हैं। उन्होने कायर्क्रम में उपस्थित शिक्षकों का आव्हान करते हुये कहा कि अपने–अपने विद्यालयों के छात्रों को अभी से यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें, छात्रों के माध्यम से उनके अभिभावकों, परिजनों को हेलमेट, सीटबेल्ट का प्रयोग करने के लिए जागरूक करायें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र सहित परिवहन विभाग के अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, छात्र आदि उपस्थित रहे।

# जनपद के समस्त थानों पर समाधान दिवस का किया गया आयोजन

• जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना खुखुन्दू पर सुनी गयी समस्याएं

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

देवरिया। जनपद के समस्त थानो पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा थाना खुखुन्दू में सामाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया, जिसके क्रम में थाना खुखुन्दू पर कुल 18 शिकायत प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जहां 07 प्रर्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों में मौके पर राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया गया है, इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर व क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी द्वारा थाना कोतवाली में लोगों की शिकायत सुनते हुए प्राप्त 33 शिकायती प्रार्थना पत्रों में मौके पर 07 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया एवं शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस टीम को निर्देशित किया गया। क्षेत्राधिकारी सलेमपुर देवानन्द द्वारा थाना लार पर लोगों की समस्याओं को सुना गया जहां पर 04 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 02 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया गया। क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर जिलाजीत द्वारा थाना मदनपुर पर लोगों के समस्याओं को सुना गया जहां पर कुल 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 03 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया गया। क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी प्रेमनारायण तिवारी द्वारा थाना बनकटा पर लोगों की समस्याओं को सुना गया जहां पर कुल 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 2 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस टीम को रवाना किया गया।

# निशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन

☒ गायत्री परिवार ट्रस्ट सीतामढ़ी अपने प्रधान कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ पुनौरा धाम

वीरेन्द्र कु सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढी। (सीतामढ़ी) के प्रांगण में एक दिवसीय निशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन उत्तर भारत के सबसे बड़े अस्पताल अखंड ज्योति आंख अस्पताल मस्तिचक(सारण) के सहयोग से आयोजित किया ।जांच शिविर डॉ० नीरज कुमार एवं मुख्य सहयोगी दीपक कुमार और अमरनाथ के सहयोग से संचालित किया गया! खराब मौसम के बावजूद भी 75 नेत्र पीड़ित रोगी ने इस शिविर का लाभ लिया। जिसमें से 45 रोगी को दिनांक 7 अगस्त ,2022 को गायत्री शक्तिपीठ पुनौरा धाम से बस द्वारा मस्ती चक ले जाया जाएगा एवं उसकी आंख का ऑपरेशन कर दवा चश्मा सहित निशुल्क पुनः वापस पहुंचाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गायत्री परिवार ट्रस्ट सीतामढ़ी परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत विगत 10वर्षों से लगातार प्रत्येक माह की 23 तारीख को विशाल निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन कर रहा है। इस कार्यक्रम में गायत्री परिवार ट्रस्ट के समर्पित परिजनअनिमेष कुमार सिंह ,अरविंद कुमार सिंह विद्यानंद पांडे, प्रेमचंद शाही,विभा शर्मा ,प्रमिला

सिंहा ,शशि गुप्ता, रेनू शर्मा ,गोपाल, राजू , राम गुलाम महतो सहित दर्जनों लोग नेअपना समय दान दिया ।परिव्राजक शत्रुघ्न प्रसाद सिंह व मिथिलेश कुमार का योगदान सराहनीय रहा। अंत में मस्तिचक से आए हुए चिकित्सा दल के सदस्यों को इं० चंद्र भूषण शर्मा द्वारा प्रेम पूर्ण विदाई करते हुए कहा गया कि अगस्त माह की 23 तारीख को आपका हमारे शक्ति पीठ पर पुनः स्वागत है ।इस अवसर पर इं० शर्मा द्वारा बताया गया कि हमारा शक्तिपीठ शायद जिला का पहला धार्मिक संगठन है जो 14ए एवं 80 जी के तहत आयकर विभाग से निबंधित है जिसके फलस्वरूप इस संस्था को दान देने वाले लोगों को आयकर में छूट नियमानुसार प्राप्त है।

## रक्सौल क्षेत्र का स्थानीय जनप्रतिनिधिगण जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने व मूलभूत समस्याओं को निष्पादन करने में दिख रहे हैं पूरे उदासीन व लापरवाह, ऐसे जनप्रतिनिधियों का चुने जाना रक्सौल के लिए दुर्भाग्यपूर्ण : राजद नेता रामबाबू यादव

(संजय कुमार, अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण) रक्सौल रू रक्सौल लक्ष्मीपुर स्थित पूर्व रक्सौल विधानसभा प्रत्याशी सह राजद नेता रामबाबू यादव के आवास पर शनिवार दोपहर को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमे श्री यादव ने कहा कि रक्सौल का दुर्भाग्य है कि ऐसे जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी आ जाते हैं जो जन कल्याणकारी कार्यों पर ना ध्यान देते हैं ना ही जन कल्याणकारी संबंधी मूलभूत योजनाएं को भी यहां ठीक से लागू कर पाते हैं . रक्सौल शहर का आलम यह है कि थोड़ा सा बारिश होने पर पूरे शहर पानी में डूब जाता है.न यहां अच्छी नालियां है न ही पानी निकासी की कोई व्यवस्था. थोड़ी सी बारिश होने पर शहर के अधिकांशतरू सड़कें गड्ढें व तालाब में तब्दील हो जाते हैं ,इसके चलते आवागमन प्रभावित हो रहा है व राहगीरों में दुर्घटना होने की प्रबल संभावना हमेशा बनी रहती है. रक्सौल ऐतिहासिक एवं व्यवसायिक शहर के नाम से जाना जाता था लेकिन आज यहां एक भी मूलभूत सुविधा नहीं है, सरकार के हर योजना पर सत्तापक्ष वाले जश्न मनाते हैं .आज वेलोग मूलभूत समस्याएं पर मौन क्यों हैं.हमने पहले ही आगाह किया था कि रक्सौल में पहले नाले की पूर्ण रूप से सफाई और इस समस्या के समाधान हेतु बरसात से पहले मास्टर प्लान बननी चाहिए थी लेकिन सरकार के लोग ढकोसला कर सिर्फ वाहवाही लूटने में लगे रहते हैं और पदाधिकारी भी ऐसे आते हैं जिन लोगों को सिर्फ कमीशन से मतलब रहता है . ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों को जनता के दुख और कठिनाइयों से कोई मतलब नहीं रहता हैं. उन्होंने बताया है कि सत्ता पक्ष के कुछ ऐसे लोग हैं जो हमेशा अफसरों को फूल माला से सम्मानित उन लोगों का चुंगली

करते रहते हैं.आज जो धान की रोपनी हो रही है उसमें सबसे ज्यादा जरूरत उर्वरक खाद की है जिसका सरकारी दर 266 रु०होते हुए भी 600–700 रु०में धड़ल्ले से बेची जा रही है.आज सरकार व क्षेत्र के स्थानीय सांसद एवं विधायक सहित संबंधित विभागीय पदाधिकारी क्या कर रहे है. आखिर यहां के पदाधिकारी निजी खाद बीज भंडारण पर छापामारी क्यों नहीं कर रहे हैं. आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस मे निर्णय लिया गया कि यदि जल्द से जल्द सरकार के पदाधिकारी रक्सौलक्षेत्र वासियों के समस्याओं पर कोई ठोस कदम नहीं उठाती हैं तब राजद जितने भी संबंधित अधिकारी हैं सभी के ऑफिस में तालाबंदी कर आंदोलन करेगा.। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव हीरालाल शाह, राजद के वरीय नेता सोमेश्वर कुशवाहा, अनिल मिश्रा, सौरंजन कुमार कुमार, पंचायत समिति कैश खान, कुणाल रॉय , पंचायती प्रकोष्ठ के जिला महासचिव राधेश्याम कुमार यादव इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## दिव्यांग जनों के यूडी आईडी कार्ड बनाने के लिए प्रखंड परिसर में लगेगी प्रतिदिन शिविर

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) बिहार। जिला अधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को दिनांक 27 जुलाई 2022 से दिनांक 3 अगस्त 2022 तक प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रतिदिन शिविर लगाकर दिव्यांग जनों के लिए आईडी कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया है। पूर्व में प्रत्येक गुरुवार को सबका एक शिविर लगाने का निर्देश दिया गया था परंतु सप्ताहिक शिविर के आयोजन के उपरांत भी अभी तक शत–प्रतिशत ऑफलाइन प्रमाणिक दिव्यांग जनों का यूडी आईडी कार्ड बनाने का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। जिलाधिकारी ने कहा है कि इससे संबंधित लक्ष्य हर हाल में अगस्त 2022 तक प्राप्त कर लिया जाए। बिदुपुर महिला एवं पातेपुर प्रखंड का दैनिक शिविर वहां संचालित बुनियाद केंद्र पर लगाया जाएगा। प्रखंड कार्यालय परिसर में लगने वाले शिविर में केवल ऑफलाइन निर्गत दिव्यांग का प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया जाएगा। जिसमें इनके यूडी आईडी कार्ड निर्माण के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे दिव्यांग का प्रमाण पत्र आधार कार्ड आवासीय प्रमाण पत्र पहचान पत्र फोटो एवं उनकी भी बनी दिव्यांगजन से प्राप्त किए जाएंगे। आवासीय एवं पहचान से संबंधित भारत सरकार बिहार सरकार द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र जैसे मतदाता पहचान पत्र विद्यालय पहचान पत्र राशन कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस आधार पैन कार्ड पासपोर्ट बैंक पास बुक इत्यादि अथवा किसी सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र मान्य होंगे। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने प्रखंड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मुखिया वार्ड काउंसिलर पंचायत सचिव विकास मित्र जीविका के प्रखंड स्तर के प्रबंधक समुदाय स्तरीय समन्वय सेविका आशा कार्यकर्ता एवं प्रखंड स्तर के प्रबंधन आदि के साथ बैठक एवं समन्वय स्थापित कर प्रमाणित दिव्यांग जनों का सर्वेक्षण कराते हुए प्रत्येक गुरुवार को उनका मोटिवेशन कराना सुनिश्चित करेंगे।

शिविर में प्रमाणित दिव्यांग जनों के युद्ध आईडी कार्ड बनाने के लिए वांछित दस्तावेजों का सत्यापन असैनिक शल्य चिकित्सक मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा प्रतिनियुक्त चिकित्सकों के द्वारा किया जाएगा। वैसे प्रमाणित दिव्यांगजन जो शिविर में आने में असमर्थ है उनका आयोजन विकास मित्र द्वारा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग में समर्पित किया जाएगा।

पंचायत स्तर पर प्रमाणित दिव्यांग जनों को मोबिलाइज करने के लिए स्थानीय निकाय द्वारा व्यापक प्रचार–प्रसार आम सूचना एवं अन्य माध्यमों से आयोजित शिविर के तिथि की सूचना दी जाएगी जिसकी जिम्मेदारी संयुक्त रूप से सहायक निदेशक जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण को संघ जिला प्रशासन की परियोजना एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को दी गई है।

# हाइ टेंशन तार की चपेट में आने से 35 वर्षीय युवक की मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार। हाइ टेंशन तार की चपेट में आने से खेत में पटवन कर रहे 35 वर्षीय युवक की मौत हो गयी।घटना सहरसा जिले के बिहरा थानां क्षेत्र के बारा भरना गांव वार्ड नं 1 का बताया जा रहा है ।वहीं पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की तफ्तीश में जुट गयी है ।मालूम हो कि मृतक युवक का

नाम सुनील तांती है जो बिहरा थानां क्षेत्र के बारा भरना गांव का रहने वाला बताया जा रहा है ।मृतक तीन भाई था जिसमे वो दूसरे नंबर पर था ।मृतक को दो लड़का और दो लड़की था ।स्थानीय लोगों की माने तो मृतक अपने खेत में पानी का पटवन कर रहा था उसी दौरान हाइ टेंशन तार की चपेट में आकर वो झुलस गया ।आनन फानन में परिजनों ने जख्मी हालत में सदर अस्पताल में किया भर्ती जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। वही मृतक के पिता राजिंदर तांती की माने तो मेरा पुत्र सुनील तांती अकेले खेत में पानी का पटवन कर रहा था ।पानी पटवन के दौरान ही हाइ टेंशन तार की चपेट में आ गया और मेरा पुत्र खेत में ही झुलस गया। सूचना मिलते ही हमलोग खेत गए जहाँ वो पटवन कर रहा था तो देखे खेत गिरा हुआ था।

आनन फानन में पुत्र को उठाकर सदर अस्पताल लाएं जहां डॉ ने मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है।

# जलाशय से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। अंचल क्षेत्र के शुकुलपुरवा में जलाशय से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इसके पहले प्रक्रिया पूरी कर अतिक्रमण हटाने की तिथि निर्धारित की गई थी। बता दें कि गांव के जलाशय में ग्रामीणों के द्वारा ही अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कर लिया गया था। इसके विरुद्ध

अतिक्रमण वाद किया गया था। जिसमें सुनवाई के बाद सदर अंचलाधिकारी ने अतिक्रमण हटाने की तिथि निर्धारित की थी। हालांकि वादी के पक्ष से प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने में ढीले रवैये से नाराजगी भी जाहिर की गई है। उधर सदर अंचलाधिकारी तारा प्रकाश ने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जलाशय के हिस्से में किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए ऐसे जलाशयों को अतिक्रमण मुक्त की जाएगी। मापी कर जलाशय क्षेत्र को निर्धारित किया जा चुका है। अगले दो से 3 दिनों में पूरे जलाशय क्षेत्र से अतिक्रमण हटा दी जाएगी। बड़े एरिया में पक्का अतिक्रमण होने के चलते समय लग रहा है। उल्लेखनीय है कि अतिक्रमण हटाने के लिए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अंचलाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल भी तैनात रहे। अंचला अधिकारी ने बताया कि जलाशय की भूमि पर 1 दर्जन से अधिक लोगों का अतिक्रमण चिन्हित किया गया है।

# थर्मल पावर के टरबाइन स्टार्टर को देखने के लिए लग गई भीड़, तीन किमी तक पीछे चलते रहे लोग

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। जिले के हादीपुर घाट से टरबाइन स्टार्टर को सड़क मार्ग से निर्माणाधिन थर्मल पॉवर परिसर में ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। 4 घण्टे में 3 किलोमीटर की दूरी तय किया गया ।अभी थर्मल पावर परिसर

में पहुचने के लिए 2 किलोमीटर की दूरी तय करना बाकी है ।आगे की दूरी तय करने से पहले दानापुर –डीडीयू रेलवे लाइन पडता है ।जिसके ओभर हाइट एंगल और इलेक्ट्रिक तारों को खोलना होगा। हालांकि अभी परमिशन न मिलने के कारण शुक्रवार को ट्रेलर ट्रक पूरे दिन पशु मेला के पास खड़ी रही। जिसे देखने के लिए लगातार लोगों की भीड़ देखी जा रही है। बता दें कि टरबाइन स्टार्टर की हाइट ज्यादा होने के कारण क्षेत्र की बिजलीं सप्लाई चौसा में पांच घण्टे तक बन्द कर दिया गया ।रेलवे के परमिशन से तय होगा आगे का रास्ता लगभग दो सौ चक्के के ट्रेलर पर लोड पांच सौ टन का टरबाइन जैसे ही बक्सर कोचस मार्ग पर पहुंचा देखने वालों की भीड़ लग गई। गुरुवार को इसे हादीपुर घाट से यादव मोड़ पशु मेला तक पहुचाया गया है।

# माउंट लिट्रा जी स्कूल के बच्चों ने जिले में लहराया परचम

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी।माउंट लिट्रा जी स्कूल के बच्चों ने जिले में लहराया परचम कोरोना महामारी के चपेट में बिगत दो साल रहने के बावजूद माउंट लिट्रा जी स्कूल ने जिस तरह से अपने छात्र–छात्राओं के पठन–पाठन पर ध्यान दिया उसी के बदौलत इस विद्यालय के छात्र उज्जवल सागर ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे जनपद में इस स्कूल का परचम लहराया है। जिसके लिए इस स्कूल का प्रबंध तंत्र के साथ–साथ शिक्षक और कर्मचारी भी साधुवाद के पात्र हैं। माउंट लिट्रा जी स्कूल ने अपने स्थापना के बाद बहुत कम समय में ही कड़ी मेहनत के बावजूद जिले के शिक्षा जगत में एक नई पहचान बनायी है। इतनी बाधाओं के बावजूद भी यहां के बच्चों ने जिस तरह से परचम लहराया है यह इस बात को साबित करता है कि लक्ष्य संसाधन का मोहताज नही होता है। शिक्षा की सार्वभौमिकता को बढ़ावा देने के लिए, शिक्षा की उत्कृष्ट प्रणाली प्रस्तुत करने में अग्रसर, हमेशा नवीन शैक्षिक पद्धति प्रस्तुत करने में प्रयासरत मोतिहारी शहर के ढाका रोड भरौलिया स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल के सीबीएसई बोर्ड 2021 बैच के मेट्रिक की परीक्षा में सम्मिलित छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत–प्रतिशत परिणाम दिए। जिसमें उज्जवल सागर 96 फीसद अंकों के साथ टॉपर होने का परचम लहराया। साथ ही साथ सौम्या गुप्ता 94:, आदर्श राज 93. 8:, आकाशदीप 93.8:, पलक 92. 8:, आदित्य कुमार 92.2:, नीलांशु राज 92:, आयुषी कुमारी 91.8:, शिवांश आनंद ठाकुर 91.4:, विवेक कुमार 91.2:, कृतिका नयन 91:, अंकिता सिंह 90:, अंशु कुमार 90:, चंद्र शेखर 90:, अल्तमश 90: अंक प्राप्त किये। करीब 36 बच्चों को 80 : से 89.9: के बिच अंक प्राप्त हुए। विद्यालय की मैट्रिक परीक्षा परिणाम आने के बाद चेयरमैन श्री संजय कुमार गुप्ता, वाईस चेयरमैन श्रीमती रंजीता गुप्ता , मैनेजिंग डायरेक्टर श्री शुभम गुप्ता, अकेडमिक डायरेक्टर श्री जे एन प्रसाद ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस गौरवपूर्ण वह

अविस्मरणीय उपलब्धि के लिए चेयरमैन श्री संजय कुमार गुप्ता ने टॉपर छात्र उज्जवल सागर को बधाई देते हुए स्नेहाशीष प्रदान किया साथ ही साथ उन्होंने आने वाले समय में होने वाले बोर्ड की परीक्षा में और भी बेहतर परिणाम देने के प्रयास की घोषणा भी की। इस अवसर पर विशेष रूप से जी लर्न लिमिटेड प्रतिनिधियोने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बधाइयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अर्नब मुखर्जी ने भी विद्यालय के छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की विद्यालय के शिक्षकों ने आने वाले समय में मेहनत और लगन के साथ अच्छे परिणाम की ओर जागृत करते हुए मेधावी छात्र–छात्राओं आशीर्वाद दिया । इस अवसर पर स्कूल के प्रांगण में हर्षोल्लास का माहौल दिखा। स्कूल के शिक्षक–शिक्षिकाओं के साथ–साथ अभिभावक भी काफी खुश नजर आए और उन्होंने अपना अनुभव साझा किया। उक्त आशय की जानकारी माउंट लिट्रा जी स्कूल के प्रबंधक शुभम गुप्ता ने दी।

# चंद्रिका बाबू बाढ़ की शिक्षा जगत के चंद्रमा थे : सत्येंद्र प्रसाद सिंह

देवेन्द्र कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स बाढ़। स्थानीय जगन्नाथन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पूर्व प्राध्यापक भूगोल के ज्ञाता एवं मनसा वाचा कर्मणा से एक संपूर्ण शिक्षक तथा सरलमन समाजसेवी के रूप में अपनी बेदाग जिंदगी व्यतीत करने वाले चंद्रिका प्रसाद साहू के निधन पर एक शोक सभा पूर्व प्राध्यापक जगदीश प्रसाद साहू की अध्यक्षता में विद्यालय के प्रांगण में हुई। जिसमें बतौर विशिष्ट अतिथि एसबीआर कॉलेज बाढ़ के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर साधु शरण सिंह सुमन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरीय शिक्षक अनुराग कुमार ने किया । इस श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य तथा बाढ़ शिक्षक संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि चंद्रिका बाबू बाढ़ अनुमंडल के शिक्षा जगत के चंद्रमा थे । अपनी वाणी और विचार में सदैव शीतलता रखने वाले चंद्रिका बाबू गगन मंडल के चांद की तरह अमर रहेंगे क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में केवल और केवल पढ़ाया चाहे शिक्षक रहे हो या प्रधानाध्यापक। जगन्नाथ उच्च विद्यालय में वर्षों भूगोल के शिक्षक रहे। उनके हजारों विद्यार्थी आज देश के उच्च पदों पर पदस्थापित हैं। नौकरी के अंतिम 4 साल फौजदार सिंह उच्च विद्यालय अथमलगोला में प्रधानाध्यापक रहे और वहां पर भी अपनी विद्वता विनम्रता और शिक्षकीय गरिमा को प्रतिष्ठित किया। सत्येंद्र प्रसाद सिंह ने अपने भावपूर्ण संबोधन में उस कालखंड की विद्यालय की उच्च शैक्षणिक दक्षता और साहित्यिक वातावरण पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रुप में बोलते हुए प्रोफेसर साधु शरण सिंह सुमन ने अपने कई संस्मरणो के माध्यम से चंद्रिका बाबू को श्रद्धा सुमन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपनी विद्वता और समता बोधक स्वभाव से कंकर को भी शंकर बना देता है। वास्तव में वे अपने कालखंड में हजारों शंकर तैयार किए हैं। इसलिए आज उनकी श्रद्धांजलि सभा में भावनाएं हैं संस्मरण है और आंसू है जो उमर–घूमर कर आंखों से निकल रही है। श्रद्धांजलि सभा को विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार , भाजपा नेता अवधेश सिंह , शिक्षिका श्रीमती आत्मजा , शिक्षिका शोभा, रोशनी ,पूर्व प्रधान सहायक गुरुदेव कुमार , शिक्षक अशोक कुमार ,आनंद कुमार, अविनाश कुमार , प्रमोद कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय गिरी आदि ने अपने विचार रखें। विद्यालय के हिंदी के विद्वान शिक्षक नवीन कुमार ने स्वर्गीय चंद्रिका प्रसाद साहू के पठन–पाठन की प्रभावी शैली तथा जगन्नाथन उच्च विद्यालय के उच्च मानक वाले इतिहास पर प्रकाश डाला । संचालन करते हुए अनुराग कुमार ने वर्तमान समय में घटते शिक्षण मूल्य और शिक्षकों के कर्तव्य और दायित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर चंद्रिका बाबू के पेशे से इंजीनियर नाती ने भी अपना भावुक उद्बोधन द्वारा सबके हृदय को मर्माहत किया। अंत में 2 मिनट के मौन के साथ श्रद्धांजलि सभा संपन्न हुई। विद्यार्थियों ने चंद्रिका बाबू अमर रहे के घोष के साथ उन्हें खूब–खूब याद किया । आज की यह सभा एक यादगार श्रद्धांजलि सभा बन गई।

## ट्रक की चपेट में आने से चोरमा के खैनी विक्रेता अमरनाथ केसरी की हुई घटनास्थल पर मौत, एक घायल

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पकड़ीदयाल। पकड़ीदयाल प्रखंड के चोरमा चौक के खैनी विक्रेता ओमप्रकाश केसरी के बड़े पुत्र अमरनाथ केसरी उम्र करीब 45 बरस ने बांकीपुर स्थित महाराजा होटल में मिठाई खरीदने गए थे। मिठाई खरीद कर बाइक पर बाइक चलाने वाले अपने चचेरे भाई महेश केसरी के पीछे बैठ गए। एक ट्रक जो बांकीपुर चौक पर खड़ी थी वह बैक करने लगे इसी क्रम में खड़ी मोटरसाइकिल को ट्रक ने टक्कर मारी जिसके कारण मोटरसाइकिल दाहिने तरफ गिरी और अमरनाथ केसरी का दाहिना हाथ और सीना ट्रक के दाहिने चक्का के नीचे आ गई, जिसके कारण बुरी तरह घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के द्वारा घटना की सूचना स्थानीय पुलिस थाना पकड़ीदयाल को दिया गया। घटनास्थल पर उपस्थित लोगों द्वारा अमरनाथ केसरी एवं महेश केसरी को लादकर अनुमंडलीय अस्पताल पकड़ीदयाल लाया गया। जहां पर प्राथमिक चिकित्सा के दौरान अमरनाथ केसरी को मृत घोषित कर दिया गया। महेश केसरी का प्राथमिक उपचार किया गया। महेश केसरी का स्थिति स्थित है और वह खतरे से बाहर हैं।

एंबुलेंस की व्यवस्था करने में ढ़ाई घंटे लग गए, उसके बाद एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई और अमरनाथ केसरी को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेजा गया। पोस्टमार्टम के दौरान प्लुरल्स पार्टी के नेता विकास केसरी मृतक अमरनाथ केसरी के परिजनों के साथ मोतिहारी सदर अस्पताल में मौजूद रहे ।और मृतक के परिजन को सांत्वना देते रहे। उक्त आशय की जानकारी प्लूरल्स पार्टी के नेता विकास केसरी द्वारा दिया गया। घटना शाम के 7रू बजे के आसपास की बताई गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## सांप के डसने से हुई मौत

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स। मानसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चकहुसैनी के वार्ड संख्या 1 में गीता देवी की सर्प के डसने से मौत हो गई। बताया जाता है कि गीता देवी घर के कार्य में लगी हुई थी ।घर में ही काम करने के दौरान जहरीले सर्प ने डस लिया।

डसने के पश्चात घर के परिजनों ने इलाज के लिए पीएचसी मानसी लाए ।जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना के कारण हर कोई अफसोस कर रहे हैं। तथा परिजनों में शोक की लहर छाई हुई है।

## जमकर हुई बारिश खिल उठे किसानों के चेहरे

(आदर्श राज आनंद, संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स, मोतिहारी)

मोतिहारीरू– प्रखंड क्षेत्र में आज दोपहर लगभग 3रू00 बजे से जमकर बारिश हुई है। जिससे प्रखंड क्षेत्र के लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। बारिश ना होने की वजह से प्रखंड क्षेत्र के किसानों की फसल भी सूखती जा रही थी जिस से धान की पैदावार की उम्मीद भी खत्म हो चुकी थी। इस कारण किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा रही थी। ऐसा लग रहा था कि सुखाड़ की मार इस साल झेलनी पड़ेगी। कई किसानों ने तो पंप सेट के द्वारा धान में पटवन भी किया था पर वह भी नाकाफी साबित हो रहा था। बारिश होने से किसानों के चेहरे खिले खिले हैं और फसल में नई जान आई है। किसानों का कहना है कि बस इसी तरह नियमित अंतराल से बारिश होती है तो सुखाड़ की मार नहीं पड़ेगी और फसल भी अच्छी होगी। इससे किसानों में हर्ष व्याप्त है क्योंकि यह बारिश काफी लंबे अंतराल के बाद में हुई है।

## कौशल जागरूकता अभियान रथ आज पहुंचा छौड़ादानो , की गई भव्य स्वागत

(संजय कुमार, अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ, दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल ,पूर्वी चंपारण) छौड़ादानो। पूरे राज्य भर में चलाए जा रहे कौशल जागरूकता अभियान रथ आज 23 जूलाई को छौड़ादानो प्रखंड स्थित कौशल विकास केन्द्र पहुंचा,जिसका स्वागत कौशल विकास केंद्र के प्रबंधक सुबोध कुमार तिवारी,लर्निंग फैसिलेटर विजय कुमार,सोनू कुमार मिश्रा एवं प्रशिक्षण ले रहे युवक–युवतियों द्वारा गमजोशी से किया गया. चौक–चौराहों पर रथ में लगे एलईडी टीवी के माध्यम से कौशल विकास के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कुशल युवा सामर्थ युवा सपना आपका संकल्प हमारा सरकार द्वारा चलाये जा रहे कुशल युवा कार्यक्रम के तहत् निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा से सम्बंधित जानकारी दी गयी। चौक के पास उपस्थित जनसमुदाय ने इस आयोजित नुक्कड़ सभा कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।

## दुर्गावती में दरवाजे पर खड़ी बोलेरो गाड़ी चुरा ले गए चोर

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। एक बार फिर दुर्गावती में चोरी की घटनाओं में इजाफा होने लगा है चोर इतने बेखौफ है कि दोपहिया और चार पहिया को निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला देर रात की बताई जा रही है। दरअसल दुर्गावती थाना क्षेत्र के आदर्श नुआंव बाजार स्थित दरवाजे से रात्रि में शातिर चोरों ने एक बोलेरो गाड़ी की चोरी कर ली है। ये पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बताया जा रहा है की आदर्श नुआंव के रहने वाले शाहबाज अंसारी रोज की तरह अपनी बोलेरो को दरवाजे के सामने पार्क की थी। जो इस पूरी घटना का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया है। वहीं इस घटना से आहत पीड़ित शाहबाज ने जानकारी देते हुए बताया कि रोज की भांति मैं अपनी बोलेरो गाड़ी को अपने दुकान के सामने खड़ी की थी और जब हम सुबह में जगे तो देखे की मेरी गाड़ी दरवाजे से गायब हो गई है। तभी मैंने अपने दरवाजे पर लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा तो पाया गया कि रात करीब डेढ़ बजे एक बोलेरो में सवार तीन अज्ञात व्यक्ति आए और मेरी बोलेरो के गेट में चार से पांच चाभी लगाकर किसी तरह से खोल लिया और गाड़ी को स्टार्ट कर वहां से फरार हो गए।

## मोहनिया में बस स्टैंड के पास होटल में पुलिस ने किया रेड

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। मोहनिया पुलिस ने नगर के बस स्टैंड में स्थित एक होटल में छापेमारी कर कुल 9 लोगों को

हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए लोगों में होटल मैनेजर के अलावे 4 लड़के और 4 लड़कियां शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को गुप्त सूचना पर मोहनिया पुलिस ने बस स्टैंड में स्थित एक होटल में छापेमारी की। अचानक पुलिस द्वारा होटल में छापामारी करने की सूचना बस स्टैंड में रहे लोगों के बीच फैली तो लोगों में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने होटल मैनेजर समेत 4 लड़के व चार लड़कियों को हिरासत में लेकर थाने ले आई, जहां हिरासत में लिए गए लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर पुलिस द्वारा बस स्टैंड के पास स्थित होटल में छापेमारी की गई है।जिसमें होटल मैनेजर समेत चार लड़के व चार लड़कियों को हिरासत में ली गई है।

## नेपाल में बस से मनोकामना मंदिर के सामाजिक कार्यकर्ता ने किया साफ-सफाई

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चंपारण मोतिहारी। मनोकामना मंदिर एक हिन्दू मंदिर जो नेपाल के गोरखा जिला, मनकामना गांव में स्थित है। मनोकामना मंदिर को मनकामना मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। यह मंदिर नेपाल की राजधानी काठमांडू से लगभग 106 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। मनोकामना का अर्थ व्यक्ति की इच्छा का पूरा करने वाला मंदिर है। मनोकामना मंदिर नाम नेपाल के प्रसिद्ध मंदिरों में आता है। मनोकामना मंदिर को शक्तिपीठ माना जाता है। मनोकामना मंदिर के देवी को माता पार्वती की अवतार माना जाता है। अतः यह मंदिर, देवी भगवती को समर्पित एक मंदिर है। मनोकामना मंदिर दो मंजिला है और इस मंदिर को पारंपरिक नेपाली शिवालय शैली में बनाया गया है। मंदिर दर्शन श्रद्धालु लगभग तीन घंटे की पैदल यात्रा करके पहुचते थे। जो लगभग 5 किलोमीटर की पैदल यात्रा थी। यहीं यात्रा केवल कार द्वारा केवल 10 मिनट मंदिर तक पहुचा जा सकता हैं। वहां पर सामाजिक कार्यकर्ता मोतिहारी के विनोद कुमार जयसवाल ने उनकी

नियति प्राकृतिक से लव है। उन्होंने काठमांडू जाते वक्त चूड़ियां माई मंदिर की साफ–सफाई की एवं मनोकामना माई मंदिर के भी साफ सफाई किया। और रास्ते में कुछ

## हरियाणा के सोनीपत में आयोजित होने वाले स्पेशल ओलंपिक्स हैंडबॉल राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए बिहार की 10 सदस्यी टीम सोनीपत के लिए रवाना

(पटना), सिंटू कुमार( पटना ) यूनिफाइड पार्टनर, प्रशिक्षक शेखर चौरसिया (रोहतास)शामिल है। ज्ञात हो की इसी राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के आधार पर 2023 में बर्लिन में आयोजित होने जा रहे स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड समर गेम्स के लिए भारतीय दल का चयन किया जायेगा इस की जानकारी स्पेशल ओलंपिक्स बिहार के क्षेत्रीय निदेशक संदीप कुमार ने दी एवं यह भी बताया की टाम की तैयारी अच्छी है और बिहार की खिलाडियों का भारतीय दल के लिए चुने जाने की संभावनाए प्रबल है । टीम के जीत के लिए पूर्व दिव्यांगजन राज्य आयुक्त एवं स्पेशल ओलंपिक्स बिहार के अध्यक्ष डॉ. शिवाजी कुमार ने शुभकामनाएं दी । साथ ही साथ स्पेशल ओलंपिक्स के खेल निदेशक आदित्य कुमार, प्रोग्राम मेनेजर संतोष कुमार सिन्हा, सुगंध नारायण प्रसाद, लक्ष्मीकान्त, कुमार, डॉ. धनंजय कुमार, नीतु कुमारी, गुड्डु कुमार,कामिनी कुमारी, हर्षणा कोमल आदि ने शुभकामनाएं दी।

(जितेन्द्र कुमार राय संवाददाता अयोध्या टाइम्स साहेबगंज मुजफ्फरपुर) पटना। स्पेशल ओलम्पिक्स भारत के तत्वाधान में सोनीपत में 24 जुलाई से 29 जुलाई तक आयोजित स्पेशल ओलंपिक्स हैंडबॉल राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए स्पेशल ओलंपिक्स बिहार के 8 मानसिकध्बौद्धिक दिव्यांग खिलाडी, 1 यूनिफाइड पार्टनर एवं उनके 1 प्रशिक्षक आज 23 जुलाई को सोनीपत के लिए रवाना हो गए। खिलाडियों में गजेंद्र कुमार जहानाबाद, सुप्रभात कुमार पटना, विकास कुमार पांडेय (पटना), रजत कुमार (पटना), अंकित कुमार मिश्रा (पटना), धीरज कुमार (पटना ), मयंक कुमार (पटना), तनव तरुण

## आजादी के 75 वें वर्ष अमृत महोत्सव के अवसर कार्यक्रम आयोजित किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। आजादी के 75वे वर्ष अमृत महोत्सव के अवसर पर बापूधाम मोतिहारी स्टेशन पर रेल मंत्रालय की तरफ से कार्यक्रम आयोजित हुआ और यहाँ से हैरिटेज एक्सप्रेस ट्रेन को स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारियों द्वारा हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ततपश्चात स्वतंत्रता सेनानियों को रेल विभाग द्वारा संम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी उत्तराधिकारियों से उनके पूर्वजों के विषय मे बोलने का अवसर प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संगठन के अध्यक्ष श्री किशोर पांडेय, संगठन की कार्यकारी अध्यक्ष अमिता निधि, अशोक वर्मा, चंद्रभूषण पांडेय, भूषण शर्मा, राजकिशोर शर्मा आदि व्यक्तियों ने संबोधित किया। अमिता निधि जो स्वतंत्रता आंदोलन के महान योद्धा रामर्षिदेव ऋषि जी की पुत्री है उनने कहा कि ऐसे महान माता पिता की पुत्री होना मेरे लिए गौरव की बात है।उनने मोतिहारी स्टेशन पर अंकित स्वतंत्रता सेनानियों मे अपने पिता जी का नाम अंकित नही होने क्षोभ व्यक्त किया। संगठन के अध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष अमिता निधि ने महान योद्धा रामर्षिदेवष्ऋषि जीष्स्मृति सम्मान चरखा से समस्तीपुर रेल मंडल के प्रबंधक को संम्मानित किया।इस अवसर पर समस्तीपुर के डी आर एम आलोक अग्रवाल वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी ओमप्रकाश सिंह वरीय मंडल परिचालन प्रबंधक रूपेश कुमार वरीय मंडल इंजीनियर सामान्चय आर एन झा वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक चंद्रशेखर प्रसाद रेलवे अधीक्षक राकेश कुमार त्रिपाठी यातायात निरीक्षक नीलमणि तिवारी सहायक मंडल इंजीनियर विकास चंद्र दाता आर ओ डब्ल्यू तापस राय सहित भारी संख्या में रेलकर्मी मौजूद और उनके साथ सभी रेल कर्मी एवं आम जन की उपस्थिति रही।

## जिले के एससी-एसटी आवासीय विद्यालयों में पाई गई अनियमितता पूर्व मुख्यमंत्री

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। पूर्व मुख्यमंत्री सह अनुसूचित जाति जनजाति कमेटी के सभापति जीतन राम मांझी ने कहा कि कैमूर के एससी– एसटी विद्यालयों में घोर अनियमितता बरती जा रही है। शिक्षा व्यवस्था के अलावे छात्रों को सरकार से उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।

जांच के दौरान यह मामला सामने आया है। दरअसल अनुसूचित जाति जनजाति कमेटी के सभापति जीतन राम मांझी ने अधौरा और कुदरा के आवासीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। जहां पर कई अनियमितताएं सामने आई है। जिला परिषदन में प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कमेटी द्वारा स्थलीय अध्ययन करते हुए विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक भी की गई। उन्होंने कहा कि एससी एसटी से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई है।सभी पदाधिकारियों से रिपोर्ट ली गई है। समीक्षा में यह पाया गया है कि एससी एसटी वर्ग के लोगों तक सरकार से संचालित योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। इसके लिए जिले के अफसरों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। एससी एसटी वर्ग के बच्चों के लिए जो कानून बनाए गए हैं। उसका लाभ भी नहीं मिल रहा है। वन विभाग के द्वारा भी वन संरक्षण अधिकार अधिनियम का सही तरीके से पालन नहीं किया जा रहा है। अधौरा प्रखंड में सिर्फ तीन गांव में ही बिजली की व्यवस्था है। प्रखंड क्षेत्र के लोगों को जानकारी के अभाव में सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।

## वर्षो से बंद पड़े ट्यूबवेल हुआ चालू किसानों में हर्ष का माहौल

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल के प्रखंड बगहा एक अंतर्गत सिगाड़ी पिपरिया पंचायत के पिपरिया वार्ड नं 11 में विगत वर्षों से राजकीय ट्यूबवेल खराब पड़ा हुआ था। इससे किसानों के रबी और खरीफ फसलों को पटवन करने व पेयजल की आपूर्ति एकदम बाधित हो गई थी। लेकिन सिंगाड़ी पिपरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि व समाजसेवी दीपक पाण्डेय उर्फ रिंकू पांडेय के नेतृत्व में जल निगम के अफसरों से मुलाकात करके मरम्मत की मांग उठाई थी।इसके बाद शनिवार को विभाग के लोग ट्यूबवेल की मरम्मत में जुट गए,जो ट्यूबवेल के जेई और टेक्नीशियन की देखरेख में सुचारू रूप से चालू कर दिया गया है। इससे लोगों में विश्वास जग गया कि जल्द ही उन्हे ट्यूबवेल से पानी की आपूर्ति मिलने लगेगी। मद्देनजर जेई अशोक कुमार ने बताया सूखे को देखते हुए पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि की पहल पर तथा पश्चिमी चंपारण जिलाधिकारी कुंदन कुमार के आदेश के आलोक में बंद पड़े ट्यूबवेल को चालू किया गया है।

## जिला उर्वरक निगरानी समिति एवं अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक माननीय जनप्रतिनिधि एवं जिला पदाधिकारी,पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

पूर्वी चम्पारण। समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में जिला उर्वरक निगरानी समिति एवं अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक माननीय जनप्रतिनिधि एवं जिला पदाधिकारी,पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी माननीय जनप्रतिनिधियों,जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक का बुके देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात उन्होंने निगरानी समिति की बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए खरीफ मौसम से जिला में कृषि आच्छादित क्षेत्र ,विगत वर्षों में उर्वरकों की खपत एवं वर्तमान खरीफ फसल के मौसम में उर्वरकों की आवश्यकता एवं उपलब्धता की विस्तृत जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित माननीय जनप्रतिनिधियों को दिया। इसके पूर्व जिला कृषि पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में थोक उर्वरक विक्रेता की संख्या 25 है वही खुदरा उर्वरक विक्रेता की संख्या 594 है । उन्होंने बताया कि वर्तमान में खरीफ के मौसम में जिले में यूरिया की कुल आवश्यकता 35000 एमटी है जिसके आलोक में अभी तक कुल 8646.72 एमटी यूरिया जिले को प्राप्त हुई है। डीएपी की आवश्यकता 8800 एमटी है जिसके आलोक में मात्र 3064.50 एमटी आपूर्ति हुई है। पोटाश की आवश्यकता 3500 एमटी है वही जिले को अभी तक 618 एमटी ही प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि शेष आवश्यकता हेतु उर्वरक की आपूर्ति के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फसल के दौरान गुणवत्ता जाँच हेतु उर्वरक विक्रेताओं से 12 नमूना का संग्रहण किया गया जिससे जांच हेतु प्रयोगशाला में भेजा गया जांच के क्रम में 3 उर्वरक नमूना मानक के विपरीत पाया गया जिसके आलोक में संबंधित उर्वरक विक्रेताओं पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए उनकी लाइसेंस रद्द किया गया है। बैठक में सभी ने एक स्वर में निर्णय लिया कि जिले में आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक की उपलब्धता को लेकर और भी तेजी के साथ प्रयास किया जाएगा। उपस्थित माननीय विधायक रीगा श्री मोतीलाल प्रसाद एवम माननीय विधायक बेलसंड श्री संजय कुमार ने प्रखंडवार थोक एवं खुदरा खाद विक्रेताओं के वितरण की सूची की मांग की जिसे जिला पदाधिकारी ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया की सभी माननीय जनप्रतिनिधियों को प्रखंडवार थोक एवं खुदरा खाद विक्रेताओं की सूची उपलब्ध कराई जाए साथ ही मीडिया एवं अन्य माध्यमों से इसका प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें ताकि किसानों को खाद क्राय करने में आसानी हो। माननीय विधान परिषद सदस्य श्री रामेश्वर महतो ने ऑर्गेनिक खेती,कृषि रोड मैप को लेकर चर्चा की साथ ही सभी बंद पड़े नलकूपों को चालू करें ताकि किसान अपने खेतों में सिंचाई कर सके जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा उन्हें बताया गया कि एजेंसी का चयन कर लिया गया है सभी नलकूपों की मरम्मती शुरू कर दी जाएगी। वहीं उन्होंने खाद तस्करी पर निगरानी रखने की बात कही। बाजपट्टी विधायक श्री मुकेश कुमार ने कहां की किसान सलाहकार के दिए गए आधार कार्ड की जांच की जाए आधार कार्ड वाले के पास खेत है या नहीं इसकी भी जांच हो उन्होंने कहा कि किसान समृद्ध होगा तभी देश समृद्ध होगा। बैठक में थोक खाद विक्रेताओं एवं कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा की गई एवं उन्हें निर्देश दिया गया कि सरकार के निर्देश में जो रेट फिक्स है उससे अधिक बेचने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी

ने कहा कि वर्तमान में जिले में उपलब्ध खाद का सही एवम निर्धारित मूल्य पर वितरण को सुनिश्चित करने को लेकर जिला स्तर पर टीम गठित कर जाँच की जाएगी। उर्वरकों की काला बाजारी,जमाखोरी मुनाफाखोरी, तस्करी एवं कृत्रिम अभाव की समस्या को लेकर उस पर रोक लगाने हेतु प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर उर्वरक की बिक्री में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित उर्वरक प्रतिष्ठानों पर विधि समस्त कार्रवाई की जाएगी। जिला में जीरो टॉलरेंस पॉलिसी को सही अर्थों में क्रियान्वित की जाएगी जिसके लिए किसानों के हित में जिला स्तरीय हेल्पलाइन नंबर – श्री नरेंद्र कुमार लाल दास प्रतिनियुक्त पदाधिकारी 7004293010,श्री अमित कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर 7808328989, श्री पवन कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर 8507 068502 या जिला कृषि कार्यालय का ई–मेल dao-sit-bih@nic-in पर किसान अपनी शिकायत कर सकते हैं। हेल्पलाइन नंबर से प्राप्त शिकायत को पंजी में संधारित किया जाएगा साथ ही प्राप्त शिकायत पर शीघ्र समाधान भी किया जाएगा। अवैध उर्वरक बिक्री में संलिप्तता के कारण नानपुर में एक एवं मेजरगंज में दो अनुज्ञप्तिधारी पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। तत्पश्चात अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति से संबंधित मुआवजा भुगतान हेतु प्राप्त मामले, लंबित आरोप पत्र के संबंध में न्यायालय में लंबित मामलों, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार अधिनियम में न्यायालय में चल रहे लंबित मामलों की सुनवाई, एवं दैनिक प्रतिवेदन से संबंधित समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम पाया गया कि मुआवजा मामले में 332 लंबित मामलों को पी एफ एम एस के माध्यम से मुआवजा भुगतान कर दिया गया है। वही पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि 24 घंटे के अंदर पोस्टमार्टम रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें ताकि परिजन को मुआवजा ससमय दिया जा सके।वही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति भूमिहीन लोगों के लिए सामुदायिक शौचालय के निर्माण को लेकर चर्चा की गई। उक्त बैठक में माननीय विधान परिषद सदस्य श्री रामेश्वर महतो, माननीय विधान परिषद सदस्या श्रीमती रेखा देवी, माननीय विधायक रीगा श्री मोतीलाल प्रसाद,माननीय विधायक बेलसंड श्री संजय कुमार गुप्ता, माननीय विधायक बाजपट्टी श्री मुकेश कुमार, मननीय जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती अदिति कुमारी, उप विकास आयुक्त विनय कुमार, सिविल सर्जन सीतामढ़ी ,जिला कृषि पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी के साथ सभी थोक उर्वरक विक्रेता सहित कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## फुलवारीशरीफ प्रकरण में पकड़े गये सभी आरोपीयो के ठोस सबूत जनता के समक्ष प्रस्तुत करो : माले

दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज संवाददाता दीपू साह

फुलवारीशरीफ प्रकरण भाजपा के मिशन 2024 का हिस्सारू इन्साफ मंच नरकटियागंज, भाकपा माले व इन्साफ मंच ने राज्य व्यापी कार्यक्रम के तहत पटना–फुलवारीशरीफ मे गत दिनो पुर्व हुई प्रशासनिक कार्रवाई के खिलाफ प्रतिवाद मार्च निकाला जो पार्टी कार्यालय से चलकर शहर के मुख्य मार्ग होकर शहीद भगत सिंह चौक पहूँचा और सभा में तब्दील हो गया।सभा को संबोधित करते हुए माले नेता यासिर अरफात ने कहा की फुलवारीशरीफ की घटना भजपा की मिशन 2024 का तैयारी है और मुसलमानो की नुमाइंदगी का ढोंग रचने वाले शुसासन बाबु की भाजपा के सामने खामोशी उनकी बेबसी का परिणाम है।आगे माले नेता ने कहा की मुस्लिम बहुल क्षेत्रो को निरंतर आतंकवाद के नाम पर बदनाम करने की कोशिश बिहार में की जा रही है तथा संदिग्ध के नाम पर पूरे मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाना जो की गैर संवैधानीक व अलोकतांत्रिक है। आतंकवाद के नाम पर गिरफ्तार करना और कुर्सी बाबु के प्रशासन के इस गैरजिम्मेदाराना कार्रवाई के प्रती खामोशी इख्तियार कर लेना मुस्लिमों के साथ धोखा के सिवाय कुछ नही।जिसके के कारण आज मुस्लिम समुदाय भय के माहौल में अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है।इसलिए यह जरूरी है की नितीश कुमार की प्रशासन निर्दोषों को गिरफ्तार करने से पहले चिन्हित कर सजा दे।

वहीं माले वरिष्ठ नेता केदार राम ने कहा की फुलवारीशरीफ की घटना और प्रशासनिक कार्रवाई से ऐसा प्रतीत होता है की नितीश कुमार की प्रशासन नीतीश कुमार की कम भाजपा की ज्यादा सुन रही है।और लोकतंत्र व संविधान के साथ शदीयों पुरानी भारतीय गंगा–यमुनी संस्कृती को हत्या करने वाले संघी ताकतों के मिशन 2024 के लिए कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहे हैं और हिन्दु–मुस्लिम ध्रुवीकरण करने की कोशिश कर रही है।

अफसोस है की पूरा प्रशासनिक तंत्र संघी ताकतो के इशारा पर काम कर रही है जिसे कभी सफल नही होने दिया जायेगा और माले भारतीय लोकतंत्र व संविधान बचाने की लड़ाई निरंतर जारी रखेगी।वहीं इन्साफ मंच के जिला उपाध्यक्ष ऐनुल हसन ने प्रशासन से गिरफ्तार सभी पांच आरोपीयों के ठोस सबूत जनता के सामने प्रस्तुत करने की मांग किया और कहा की भाजपा के इस साजिश के खिलाफ गांव–गांव मे आन्दोलन चलाकर भंडाफोड किया जायेगा।

नागरिक प्रतिवाद मार्च में नजरे आलम, जिउत साह,महम्मद रईस, दिनेश राम, जिउत साह,महंत दास, छोटु आलम,सुभाष चौधरी,ममताज आलम,पारस मुखिया, जफीर आलम, सुकट चौधरी, शेख युनिस,जिउत साह,छोटे लाल दास,जुनैद आलम,भुलेन्दर बिन, आन्चेज आलम,लालबाबू चौधरी, महमद नुरआलम,राजेश गुप्ता,महमद अलीमुद्दीन, जनार्दन साह,महम्मद जफर,महमद साहेब, शेख नजारूल,नवीन कुमार तिवारी आदि शामिल थे।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूरे हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाने का निर्णय, दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

☒ आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 08 से 15 अगस्त के बीच मनेगा हर घर तिरंगा उत्सव, निर्धारित आकर का राष्ट्रीय झंडा हर घर,प्रतिष्ठान पर फहराने की जिलाधिकारी ने की अपील

किशनगंज। जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस, 2022 के आयोजन की तैयारी हेतु रचना भवन,डी आरडीए सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया, जिसमें सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी,गणमान्य स्थानीय जन प्रतिनिधि,सामाजिक कार्यकर्ता,विद्यालय के प्राचार्य,प्रबुद्ध जन शामिल हुए। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह शहीद अशफाक उल्लाह खां स्टेडियम ,खगड़ा में आयोजित किया जाएगा, जहां पूर्वाह्न 08रू45 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। समाहरणालय में पूर्वाह्न 09रू50 बजे, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण में पूर्वाह्न 10रू25 बजे, अनुमंडल कार्यालय में पूर्वाह्न 10रू45 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। विगत वर्षों की भांति महादलित टोलों में भी झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में डीएम ने आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम,खेलकूद,विद्यालय में बच्चो के बीच कार्यक्रम,सभी प्रतिष्ठानों पर झंडोतोल्लन,सजावट करने का निर्देश दिया ।लगातार तीन दिन 13 अगस्त से 15 अगस्त का कार्यक्रम आयोजित करने हेतु तैयारी के निर्देश दिए।साथ ही,उपस्थित अतिथियों से सुझाव भी प्राप्त किए गए। प्रभात फेरी कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राएं शामिल रहेंगे।जिला स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय ध्वज की सलामी के लिए डीएपी और गृह रक्षा वाहिनी की प्लाटून पूर्वाभ्यास करेंगे। विभिन्न समारोह स्थलों पर झंडोत्तोलन के अवसर पर राष्ट्रीय गान की व्यवस्था हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को सर्वोत्तम टीम चयन करने का निर्देश दिया गया।

मुख्य समारोह स्थल पर मंच का निर्माण, दर्शक दीर्घाओं का निर्माण, बैरीकेडिंग की व्यवस्था,स्टेडियम की रंगाई का निदेश कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल को दिया गया। झंडोत्तोलन के कार्यक्रम को सोशल मीडिया पर आम जनता के लिए लाइव प्रदर्शन किया जाएगा। डॉ रफत हुसैन मेमोरियल अवार्ड और अन्य अवार्ड से उत्कृष्ट कर्मी को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर आगंतुक जनप्रतिनिधियों विशिष्ट अतिथियों/महिलाओं/पत्रकारों आदि को अलग–अलग दीर्घाओं में बिठाया जाएगा एवं प्रत्येक दीर्घा में दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए जायेंगे। समारोह स्थल सहित संपूर्ण शहर के मुख्य सड़कों एवं गलियों की सफाई सुनिश्चित कराने का दायित्व कार्यपालक पदाधिकारी,नगर परिषद किशनगंज को दिया गया।

जिलाधिकारी के द्वारा सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ–सफाई कराने एवं उन पर माल्यार्पण करने का भी निर्देश दिया गया। मुख्य झंडोत्तोलन स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज को त्रुटिरहित बांधने का कार्य परिचारी प्रवर अपनी देखरेख में संपन्न कराएंगे। विधि व्यवस्था संधारण हेतु अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला कल्याण पदाधिकारी को सभी पदाधिकारियों के लिए महादलित टोला में झंडोत्तोलन स्थल निर्धारित करने का निर्देश दिया गया। महादलित टोलों में झंडोत्तोलन के वक्त सारी व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया।

मुख्य समारोह स्थल खगड़ा स्टेडियम के आसपास यातायात व्यवस्था तथा मंच पर झंडोत्तोलन के समय मंच के सामने समुचित व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया। अतिथियों को आमंत्रित करने के लिए आमंत्रण पत्र भी छपवाने का निर्देश नजारत उप समाहर्त्ता को दिया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा,

जिसमें स्कूली छात्र–छात्राएं, नये कलाकारों एवं अन्य स्थानीय लोगों को भाग लेने का मौका दिया जाएगा। विभिन्न कला,और खेल विधाओं में जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिला प्रशासन बनाम प्रेस क्लब के बीच फैंसी मैच का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए पूरे हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ 75 वर्ष पर स्वतंत्रता समारोह के आयोजन का निर्देश दिया गया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त श्री मनन राम, डीएलएओ ,संदीप कुमार,एसडीएम अमिताभ गुप्ता, सिविल सर्जन,निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,सभी वरीय उप समाहर्त्ता,पुलिस उपाधीक्षक सहित सभी जिलास्तरीय पदाधिकारियों एवम सचिव इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी मिक्की साहा, प्रो सजल प्रसाद,मारवाड़ी कॉलेज व अन्य प्रबुद्ध जन, सामाजिक कार्यकर्ता ने भाग लिया।

# संक्षिप्त समाचार

## नई एंबुलेंस से मरीजों को जल्द अस्पताल पहुंचाने में होगी सुविधा

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। जिले में अत्याधुनिक सभी सुविधाओं से लैस नौ नई एंबुलेंस के आने से गंभीर मरीजों को जल्द अस्पतालों में पहुंचाने में सुविधा होगी। इससे एंबुलेंस के अभाव में रोगी को तत्काल हायर सेंटर भेजने में होने वाली परेशानी से भी छुटकारा मिलेगा। यह बाते सिविल सर्जन डा. मीना कुमारी ने कही। वे सदर अस्पताल परिसर से हरी झंडी दिखा नई एंबुलेंस को अनुमंडल व अन्य पीएचसी को रवाना करते समय उपस्थित पदाधिकारियों व एंबुलेंस कर्मियों को संबोधित कर रही थी। सीएस ने बताया कि सरकार से जिले को 16 नई एंबुलेंस उपलब्ध कराने की स्वीकृति मिली है। प्रथम चरण में पहुंची नौ एंबुलेंस में से एक–एक एंबुलेंस को अनुमंडल अस्पताल मोहनियां, दुर्गावती पीएचसी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरा, रेफरल अस्पताल अधौरा व रामगढ तथा नुआंव पीएचसी को उपलब्ध कराया गया है। सदर अस्पताल की आवश्यकता के अनुसार तीन एंबुलेंस को जिला मुख्यालय में ही रखा गया है। इससे मरीजों को जिले में किसी स्थान व हायर सेंटर भेजने में सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि शेष एंबुलेंस के आने पर आवश्यकतानुसार अन्य पीएचसी को उपलब्ध कराया जाएगा।

## लिपिक को थप्पड़ मारने के विरोध में कर्मचारियों ने समाहरणालय में कार्य किया ठप

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। समाहरणालय में शुक्रवार को किसी भी विभाग के कर्मचारियों ने कार्य नहीं किया। सुबह से ही सभी कर्मचारियों ने कार्यालयों को बंद कर कामकाज को बाधित कर दिया। सामूहिक तौर पर कर्मचारियों ने जिलाधिकारी को आवेदन भी दिया। आवेदन के माध्यम से कहा कि वरीय उप समाहर्ता सह प्रभारी पदाधिकारी जिला राजस्व सविता कुमारी के द्वारा राजस्व कार्यालय के कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। बीते 21 जुलाई को दस बजे के आसपास पूर्व मुख्यमंत्री सह बिहार सभापति अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण समिति जीतन राम मांझी के द्वारा पदाधिकारियों के साथ होने वाली समीक्षा बैठक के लिए रिपोर्ट बनाई जा रही थी। इसके लिए 20 जुलाई की रात आठ बजे के आसपास कुछ प्रतिवेदन तैयार किया गया।

## जागृति सेवा फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंदों को खाना खिलाया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चंपारण मोतिहारी। जागृति सेवा फाउंडेशन एवं महिला सेवा सशक्तिकरण मंच के द्वारा मिशन– (अन्नपूर्णा),जरूरतमंदों के बीच खाना खिलाया गया। मोतिहारी स्टेशन बजरंगबली एवं साईं मंदिर के सामने। जागृति सेवा फाउंडेशन का मिश्रण अन्नपूर्णा एवं महिला सेवा सशक्तिकरण मंच के सौजन्य से लगभग 1 साल पूर्व से प्रत्येक शनिवार या बृहस्पतिवार के दिन कभी प्रसाद कभी खाना खिलाने एवं मानव सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। और निरंतर सेवा करने का प्रयास जारी रहेगा।जिसमें उपस्थित जागृति सेवा फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर बबीता श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी रेनू वर्मा सह सचिव सुरेखा तिवारी महासचिव रजनी ठाकुर जी कोषाध्यक्ष विभा सिंह सदस्य ममता सिंह जागृति सेवा फाउंडेशन के सदस्य अनुराग श्रीवास्तव ,मनीष कर्मकार, आदित्य कुमार ,सूरज कुमार, सनी कुमार ,विशाल कुमार ,सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सोनबरसा में जीविका दीदी के द्वारा मनाया गया बीमा उत्सव

वीरेन्द्र कु– सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढी सोनबरसा। जीविका द्वारा प्रखण्ड के विभिन्न गांव में शिविर का आयोजन कर दो हजार जीविका दीदी का बीमा कराया गया । प्रखण्ड के कन्हौली , सोनबरसा , जानकीनगर दोस्तिया , अररिया परसा सहित कई गांव में शिविर के माध्यम से स्टेट बैंक व उत्तर ग्रामीण बैंक के माध्यम से संगठन विभिन्न समूह के जीविका दीदी का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा अंतर्गत 18 से 50 वर्ष के आयु बाले सभी लोगो को 436 रुपये में एक साल के लिये 998 जीविका दीदी का बीमा गया । वही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहद 1040 जीविका दीदी को 20 रुपये में एक साल का बीमा कराया गया । जिसमें उम्र सीमा 18 से 70 वर्ष है । दोनो बीमा में अलग अलग प्रावधान है जिसमे 436 रुपये वाली बीमा में दुर्घटना में मौत पर चार लाख एव सामान्य मौत पर दो लाख देने का प्रावधान है । वही 20 रुपये वाली बीमा पर दुर्घटना में मौत होने पर दो लाख दिया जाएगा । वही सामान्य मौत पर बीमा कम्पनी कुछ नही देगी । इस अवसर पर बैंक कर्मी के अलावे ऐसी शिवेन्द्र सिंह, एलएचस शाकिब आलम ,सीसी लालबाबू यादव , धीरज कुमार , पिंकू कुमार , विजय पाल , मिथलेश कुमार , सोनू कुमार , प्रिय रंजन कुमार सहित बड़ी संख्या में जीविका दिदी मौजूद थी।

## पीडब्ल्यूडी संगठन के कार्यकारणी टीम की बैठक में मांग से संबंधित मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया

(जितेन्द्र कुमार राय संवाददाता अयोध्या टाइम्स साहेबगंज मुजफ्फरपुर) साहेबगंज। पीडब्ल्यूडी संघ साहेबगंज में बैठक हुई! जिसमें सारे कार्य करने टीम की सदस्य उपस्थित हुए जिसमें निम्नलिखित बातों पर चर्चा हुई और दिव्यांगों की मांग इस प्रकार है ! (1) सारे पंचायत के दिव्यांगों की सूची की मांग (2) पूर्व में दिए गए आवेदन को पुष्टि कर्ण 25/6/2022 का 8 सूत्री का मांग की गई थे (3) दिव्यांग को शिविर द्वारा सरकारी ट्रांसपोर्ट का पास करने एवं रेलवे यात्रा का पास कार्ड बनाया जाए !

(4) स्वरोजगार के लिए बिना ग्रांटेड बैंक ऋण की मांग एवं बिना ब्याज के दर पर लोन पास किया जाए ! (5) पीएम दिव्यांग आवास योजना की मांग एवं शौचालय उपलब्ध कराया जाए! अतः श्रीमान से नर्म निवेदन है कि हमारी समस्या को मध्य नजर रखते हुए इसकी समाधान करने की कृपया करें। पीडब्ल्यूडी सॉन्ग कार्य करनी टीम के अध्यक्ष राजेश कुमार रमन आरटीआई कोषांग प्रभारी जितेंद्र कुमार अविनाश कुमार रोजगार प्रभारी राजेश रोशन मीडिया प्रभारी पंकज कुमार शशि भूषण सिंह इत्यादि दिव्यांग लोग भी उपस्थित थे।

## शिकारपुर थाना अंतर्गत के दुष्कर्मी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। शिकारपुर थाना कांड संख्या 567/22 के नामजद प्राथमिक अभियुक्त अमरेन्द्र कुमार साह उम्र लगभग 20 वर्ष

## वीआईपी सुप्रीमों मुकेश ह्नी ने दिया बड़ा बयान कहा बिहार में अपने दम पर सरकार बनाएगी वीआईपी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

पटना। टप्प सुप्रीमो मुकेश सहनी ने किया दावा, उन्होंने कहा कि आने वाले समय में टप्प बिहार में अपने दम पर सरकार बनाएगी। मुकेश सहनी ने बताया कि, संगठन के विस्तार के लिए वे लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में कभी चार विधायक थे लेकिन आने वाले समय में 40 विधायक होंगे।

बता दें कि, विकासशील इंसान पार्टी सुप्रीमो मुकेश सहनी शनिवार को पटना के मसौढ़ी पहुंचे, जहां उन्होंने 'वीआईपी चला गांव की ओर, कार्यक्रम की शुरूआत की। इस कार्यक्रम के तहत वीआईपी गांव गांव घुमकर सदस्यता अभियान

चलाएगी और संगठन को मजबूत करने के लिए अभियान चलाएगी। वही, पार्टी के इस कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मुकेश सहनी ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए पूरे बिहार में अभियान शुरु कर दिया गया हैं। मुकेश सहनी ने कहा कि, निषाद समाज पिछले 75 साल से दबा कुचला था आज लंबी लड़ाई के बाद वो मजबूती के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि, मछली मारने वाला समाज आज बिहार की राजनीत में खड़ा हो चुका है। साल 2020 में एक निषाद के बेटे ने नीतीश कुमार को बिहार का मुख्यमंत्री बनाया। उन्होंने कहा कि, कल तक हमारे पास चार विधायक थे लेकिन आने वाले समय में उनकी संख्या 40 हो जाएगी और एक समय आएगा जब बिहार में अपने दम पर सरकार बनाएंगे। मालूम हो कि, मुकेश सहनी ने कहा कि कल तक निषाद समाज को अधिकार दिलाने के लिए हम दूसरों के पीछे घुम रहे थे लेकिन अच्छा काम करेंगे तो सरकार और सिस्टम में होंगे। और पार्टी व संगठन को मजबूत बनाने के लिए वीआईपी चला गांव की ओर कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। जिसके तहत हम गांव गांव घुमकर पार्टी को मजबूत कर रहे हैं और समय अनुकूल रहा तो आने वाले समय में बिहार की में हमारी वापसी होगी।

## दहेज लोभियों ने गर्भवती की हत्या कर लाश का किया अंतिम संस्कार, पिता ने लगाया हत्या का आरोप

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या दैनिक टाइम्स बिहार शरीफ(नालंदा)। हिसुआ के तुंगी बेलदारी में दहेज की खातिर गुरुवार को गर्भवती की हत्या कर शव को जला देने का मामला सामने आया है। जिसके बाद मृतका के पिता ने शुक्रवार को हिसुआ थाने में आवेदन देकर ससुराल वाले को हत्या कर लाश जला देने का आरोप लगाया है। पकरीबरावां के छतरवार निवासी मृतका के पिता अजित चौरसिया ने बताया कि एक वर्ष पूर्व अपनी बेटी गुड़िया की शादी हिसुआ के तुंगी बेलदारी के गिरीश चौरसिया के बेटे शत्रुघ्न चौरसिया के साथ एक वर्ष कराई थी। शादी के एक–दो माह बाद ही दहेज के लिए ससुराल वालों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इसके बाद गुरुवार को दामाद शत्रुघ्न चौरसिया ने फोन करके बताया कि उनकी बेटी की मौत हो चुकी है। वहां पहुंचने पर मालूम हुआ कि उसकी हत्या कर शव को जला दिया गया है।चार माह की थी गर्भवती उन्होंने बताया कि उनकी बेटी चार माह की गर्भवती थी। मृतका के पिता ने थाने में आवेदन देकर पति शत्रुघ्न चौरसिया, ससुर गिरीश चौरसिया, सास मंती देवी, भैसुर कृष्णा चौरसिया, गोतनी गुड़िया देवी एवं ननद पायल कुमारी पर हत्या कर देने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार वालों ने आवेदन दिया है। प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

## कीड़ा युक्त चावल का भोजन खाने से मना करने पर बच्चों को सरबरपुर के प्रधानाध्यापक के द्वारा पिटाई के मामले में पब्लिक हेल्प कौंसिल के प्रदेश सचिव ने एचएम पर करवाई करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

वीरेन्द्र कु. सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढ़ी। पब्लिक हेल्प कौंसिल के प्रदेश सचिव ने सोनबरसा प्रखंड के सरबरपुर गांव के मध्य विद्यालय मे बीते दिनों बच्चों ने कीड़ा युक्त पुराना चावल का भोजन खाने से मना करने पर प्रधानाध्यापक के द्वारा बच्चों के पिटाई के मामले में कारवाई की मांग को लेकर प्रदेश सचिव ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया है। संज्ञान लेते हुए प्रदेश सचिव के द्वारा मुख्यमंत्री, प्रधान सचिव शिक्षा विभाग, सचिव शिक्षा विभाग, राष्ट्रिय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली, जिला पदाधिकारी सीतामढ़ी को ईमेल पर लिखित शिकायत दर्ज कर भेजा गया है वहीं मालूम हो कि एमडीएम प्रभारी सीतामढ़ी उमेश क्षा का कहना है कि कीड़ा युक्त पुराने चावल का भोजन बनाना गलत है, प्रदेश सचिव पूनम शर्मा ने कहा कि पूर्व मे बिहार के छपरा के स्कुल मे एमडीएम का भोजन खाने से 21 बच्चों की मौत हो गई थी वहीं पूर्व मे मधुबनी जिले मे एमडीएम का भोजन खाने से 50 बच्चे बीमार हो गए थे इसके बाबजूद

इस तरह की लापरवाही प्रधानाध्यापक के द्वारा किया जाना अति दुःखद है, कीड़ा युक्त पुराना चावल का भोजन नहीं खाने पर प्रधानाध्यापक के द्वारा पिटाई करना हिटलर शाही को दर्शाता है, वहीं मानवाधिकार का हनन प्रतीत हो रहा है।

उक्त मामले मे उच्च स्तरीय जांच का गठन करते हुए दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग प्रदेश सचिव ने की है।

## ट्रक से बड़े पैमाने पर अवैध शराब की तस्करी पुलिस प्रशासन ने किया जप्त

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह तमाम बुनियादी और समीचीन जरूरत पर बिहार में शराब बन्दी हावी है लेकिन आप सभी को इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए की शराबबंदी वाले बिहार में अवैध शराब के –नए तरीके ढूंढ रही है। पहले पुलिस का उड़नदस्ता था, फिर ड्रोन से सर्वे करके अवैध शराब कारोबारियों पकड़ने की लेकिन बिहार सरकार इसमे बील्कुल असफल साबित हो रही। जी इस संदर्भ में बता दिया जाए शानिवार को बिहार के सीतामढ़ी के पुनौरा धाम पुलिस प्रशासन द्वारा बड़ी कामयाबी मिली है जिसमे एक अवैध शराब से भड़ी ट्रक को जब्त किया गया उसके बाद पुलिस प्रशासन द्वारा उस शराब को मिट्टी में बहाया गया और उसके ऊपर मिट्टी रख दिया गया। वही आप सभी को बता दू विदेशी शराब से भरी थी ट्रक ट्रक दिल्ली नंबर है जिसका नम्बर DL 1L-T 627–6 है ।जो पूरी ट्रक विदेशी शराब से भरी थी और उसमें कुछ कार्टून जिसके उपर ऐमजॉन कम्पनी की स्टीकर लगी थी उसके अंदर शराब की बोतलें रखी थी इसे ये साबित होता बिहार सरकार के फैसले सिर्फ कागजों भी धरातल पे नही बिहार में शराब बन्दी से सबसे अधिक पुलिस की कार्यशैली पर असर पड़ा। वही अवैध शराब पीने से। होने वाली मौतों। की वजह से आज बिहार की आर्थिक स्थिति। प्रभावित किया है वही जनता जनार्दन। ने अपने ब्यान। कहा शराब बन्दी कानून बिहार में पूरी तरह से असफल है।

## सुपौल के सैकड़ों विद्यालय में उपयोग के लायक नहीं है शौचालय : मनोज कुमार यादव

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल। टीईटी–एसटीईटी उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ गोपगुट सुपौल के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी सुपौल,जिला पदाधिकारी सुपौल,अपरमुख्य सचिव शिक्षा विभाग बिहार पटना को पत्र लिखकर कहा है कि सुपौल के सैकड़ों

विद्यालय में न तो शौचालय है और न ही चारदीवारी और न ही पीने के लिए स्वच्छ पानी और न ही भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए विद्यालय में पंखा हैं।जिसके कारण शिक्षक एवं छात्रों को विद्यालय में काफी परेशानी होती है।जहाँ एक तरफ सरकार स्वच्छता को लेकर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है और घर–घर शौचलय बनवाने की बात कर रही है वही दूसरी ओर छातापुर प्रखण्ड के झखाड़गढ़ पंचायत स्थित उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय झखाड़गढ़,बसंतपुर प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय साहेवान,सुपौल प्रखंड स्थित राधिका प्राथमिक विद्यालय सुपौल,पिपरा प्रखंड स्थित प्रावि.मुसहरी टोला लालपुर दुबियाही,त्रिवेणीगंज प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय इस्लामपुर जदिया,म.वि.अनंतपुर ब्राह्मण टोला जदिया,राघोपुर प्रखंड स्थित–प्रावि छपकी टोला रामबिशनपुर,सरायगढ प्रखंड स्थित उमवि चिकनी, प्राथमिक विद्यालय चिकनी, निर्मली प्रखंड स्थित उर्दू प्राथमिक विद्यालय कमलपुर,धोबिया नोनिया टोला बेला,मरौना प्रखंड स्थित प्रा. वि.चन्द्रगढ मरौना में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों को विद्यालय में शौचालय नही रहनें के कारण काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है और सात से आठ घंटा तक विद्यालय में रहने के दौरान मल मूत्र को शरीर के अंदर दबाकर रखना पड़ता है,जिनसे दिन भर स्वास्थ्य खराब रहता है।

अयोध्या टाईम्स सुपौल के ग्रांउड रिपोर्ट में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय झखारगढ में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं ने बतलाया कि जब किसी बच्चों को शौच जाना होता है तो बगल के झाड़ी या नदी किनारे में जाना पड़ता हैं और प्रतिदिन शिक्षकों के पास बालिग छात्र एवं छात्रा को लेकर डर बनी रहती है कि कहीं कोई अप्रिय घटना घटित ना हों।शिक्षक एवं छात्रों की मजबूरी बन जाती हैं कि स्कूल समय में किसी को जब शौच जाना होता है तो उसे या तो नदी किनारे जाना होता है या बगल के झाड़ी में जाना होता है। वही उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय झखारगढ के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अलाउद्दीन ने बतलाया कि इस विद्यालय में लगभग 700 बच्चें नामांकित है वहीं 10 शिक्षक शिक्षक शिक्षिकाएं एवं पांच रसोईया कार्यरत हैं।विद्यालय में न तो शौचालय है और न ही चारदीवारी और न ही पीने के लिए स्वच्छ पानी हैं।

जिसके कारण शिक्षक एवं बच्चों को अधिक परेशानी होती है,प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय झखारगढ ने बतलाया कि यह विद्यालय उच्च विद्यालय में 2019 में हीं उत्क्रमित हो गया है फिलहाल

100 से अधिक छात्र–छात्राएं 9 वीं और 10 वीं का नामांकन करवा कर पढ रही है,लेकिन एक भी शिक्षक की बहाली नहीं हुई हैं। जिसके कारण छात्रों एवं शिक्षकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है सरकार और विभाग को तुरंत संज्ञान लेकर विद्यालय के मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने हेतु प्रयास करनी चाहिए।

## क्लेवर चिल्ड्रन के छात्र छात्राओं ने लहराया परचम

☒ संस्था सहित जिले में खुशी की लहर फिर से एक बार सत प्रतिशत परिणाम दिया है दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह

कहा जाता है कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो हमे सफलता की और अग्रसर करता है और सफलता

एक ऐसी चीज है जो हमारे जीवन को सार्थक बनाती है। जीवन में यह सीढ़ी का वह उच्चतम बिंदु है जहां हम सभी पहुंचना चाहते है। इसी क्रम में आप सभी को इस संदर्भ में जानकारी दे दूं कि बिहार के लघु जिले शिवहर के एक मात्र ऐसा कोचिंग संस्थान क्लेवर

चिल्ड्रन जिसके छात्र छात्राओं ने सीबीएसई 10वीं के परिणाम में बेहतर परिणाम लाकर संस्था सहित पूरे जिले को हर्षोल्लास। का माहौल दिया वही आप सभी को इस जानकारी से अवगत करा दू क्लेवर चिल्ड्रन के संस्थापक है मुकुन्द कुमार सिंह जिनके संस्था के मध्यम से प्रत्येक वर्ष। का परिणाम और प्रदर्शन सत प्रतिशत रहा है वही इस वर्ष आदित्य कुमार 462 अदित्य राज 450 ,पुष्पित टोपो 428 रितिनिश कुमार 427 ,थतघट कुमार 412 ,साक्षी कुमारी 411 तो ।वही परिणाम आने के बाद छात्र छात्राओं के परिवार परिजनों में आई खुशी की लहर बधाई देने के लिए लोगो का लगा ताता इन छात्र छात्राओं ने बताया कि हमने इस सफलता की उच्चतम सीढ़ी तक पहुंचने के लिए हर कदम चुनौतियों से भरी होती है। हमें अपने जीवन में सफल होने के लिए इन सभी चुनौतियों का सामना करने और इन चुनौतियों से पार पाने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। ऐसा बताया इन सभी सफल छात्र छात्राओं ने वही मौके पे क्लेवर चिल्ड्रन के संस्थापक महोदय मुकुन्द कुमार सिंह ने बतया हमारे संस्थान में सभी विषय पे सुयोग्य और अनुभवी शिक्षा को द्वारा अध्ययन कराया जाता । ये बताते हुए उन्होंने सभी सभी छात्र छात्राओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## डीएम एसपी ने मुहर्रम को लेकर सभी अति सवेदनशील स्थानों पर शांति समिति के बैठक का दिया निदेश

वीरेन्द्र कु. सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढ़ी। डीएम मनेश कुमार मीणा एवं एसपी हर किशोर राय की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में आगामी मुहर्रम पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था से सबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी थानाध्यक्ष से पर्व के अवसर पर संवदेनशील एवं अति संवेदनशील स्थलों पर समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही अनुमंडलवार एवं थानावार निरोधात्मक कारवाई को लेकर 107,110,116 एवं 144 केस के मामलों में आवश्यक निदेश दिये गये। सभी अति संवेदनशील स्थानों पर जल्द ही शांति समिति की बैठक करने का निदेश दिया गया। डीजे पर पूरी सख्ती बरते जाने को लेकर सभी डीजे मालिको के साथ सभी थानाध्यक्ष दो दिनों के अंदर बैठककर बॉन्ड भरवाने का निदेश दिया गया। साथ ही निदेश दिया गया कि जुलूस का लाइसेंस देने से पहले रूट की जाँच करना सुनिश्चित करें। लाइसेंस लेने वाले का फोटो अनिवार्य करें। लाइसेंस में संधारित करें की जुलूस के दौरान किसी प्रकार का डीजे का इस्तेमाल या किसी प्रकार का हथियार का इस्तेमाल नही किया जायेगा। जुलूस के वेलिटच्यर की सूची उपलब्ध कराएंगे। सभी जुलूस का समय सूची बनाना सुनिश्चित करें। साथ ही मद निषेद्य को लेकर छापेमारी कर सख्ती बरती जाये। साथ ही बैठक में उपस्थित सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से विवादित एवं सेंसटिव स्थलो के बारे में फीडबैक लिया गया। एवं निदेश दिया गया कि विवादित स्थलों पर दोनों समुदायों के लोगो के साथ बैठक करें। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त विनय कुमार, अपर समाहर्ता मनीष कुमार शर्मा, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी महेश कुमार दास, जिला परिवहन पदाधिकारी रवीन्द्र नाथ गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सीतामढ़ी सदर राकेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी पुपरी नवीन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बेलसंड शिवानी शुभम, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, ओएसडी प्रशांत कुमार, सभी प्रखण्ड नोडल पदाधिकारी, के साथ सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

## '24 घण्टे के भीतर प्रधानाध्यापिका व मिडडेमील प्रभारी पर होगी करवाई : डीपीआरओ

☒ मिडडेमील में बड़ी घोटाला , चावल की गई बिक्री , वर्ष 19–20 के 38 क्विंटल चावल चावल होंगे नष्ट , कोरोना काल मे सुखा राशन का नही किया गया वितरण

वीरेन्द्र कु. सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढ़ी। पिछले दो दिनों से सोनबरसा प्रखंड के सरवरपुर मध्य विद्यालय में मिडडेमील में हो रही जांच में बड़ा घोटाला सामने आया है दो दिन से चर्चा का केन्द्र बना सरवरपुर मध्य विद्यालय में शनिवार को जिला के मिडडेमील डीपीआरओ व जिला समन्वयक द्वारा जांच की गई जिसमें बड़ी अनिमियता व चावल का बिक्री के साथ 38 क्विटल चावल पूरी तरह सड़े पाए गए । मालूम हो कि 21 जुलाई को मध्यान्ह भोजन को लेकर ग्रामीणों द्वारा हंगामा की जांच करने सोनबरसा मिड डे मील प्रभारी उमेश चंद्र झा 22 जुलाई को विद्यालय पहुंचे थे। उनके समक्ष खाना में कीड़े की बात आई थी। वहीं फरवरी का मिड डे मील नही बांटे जाने पर सवाल से मिड डे मील प्रभारी भी घिरे थे। फोर्टीफाइज्ड चावल उपलब्ध नही कराये जाने का मामला भी उजागर हुआ था। अप्रैल मई जून का चावल उपलब्ध कराया गया तो विद्यालय में पुराने चावल का स्टॉक कैसे है। जो चावल न बांटने लायक है और न खाने लायक। वस्तुस्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह मामला डीएम के संज्ञान तक पहुंचा । ततपश्चात शनिवार को डीपीओ मध्यान्ह भोजन पदाधिकारी संजय कुमार देव कन्हैया व जिला समन्वयक पंकज कुमार, प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं मो मोहिबुल्लाह खान विद्यालय पहुंचे । जांच में यह पाया गया कि विद्यालय को इस वर्ष 23 क्विटंल एवं 11 क्विंटल चावल उपलब्ध कराया गया। मिड डे मिल में खर्च के उपरांत 13 क्विटंल अनाज शेष बचा होना चाहिए। 13 क्विटंल के स्थान पर विद्यालय में 38 क्विटंल पाया गया जो वित्तीय वर्ष 2019–20 का था। पदाधिकारी ने बताया कि यह चावल सड़ा गला है जो न खाने योग्य है और नही बांटने योग्य है। अब सवाल यह उठता है कि अगर अप्रैल मई जून का चावल अप्रैल में उपलब्ध कराया गया तो वह चावल कहां है। बड़े घोटाला की संभावना से इंकार नही किया जा सकता। विद्यालय को उपलब्ध कराया गया चावल कहा गया। संभव है प्रधानाध्यापक और मिड मे मील प्रभारी के मिलीभगत से विद्यालय को उपलब्ध ही नहीं कराया गया हो। यहां बड़े खेल की संभावना है। मिड डे मील प्रभारी ने बताया कि फरवरी का अनाज बच्चों के बीच नही बांटा गया। अगर नही बांटा गया तो प्रभारी एवं शिक्षा विभाग अब तक अंजान क्यों बना रहा। हेडमास्टर दोषी है या मिड डे मील प्रभारी यह जांच का विषय है। इसका स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच हो। कचोर मुखिया मधुरेंद्र कुमार ने कचोर पंचायत के सभी विद्यालय में मिड डे मील की हाजिरी अधिक बनाने, बिना आम सभा के विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किये जाने, विद्यालय की सहायक शिक्षका शैल कुमारी का डिपटेंशन चार वर्षो से किये जाने एवं पंचायत के सभी विद्यालयों की जांच अपने स्तर से करने की मांग की। मुखिया मधुरेंद्र एवं पंचायत समिति सदस्य जय किशोर साह ललित ने शैल कुमारी का प्रतियोजन रद्द करने एवं तीन वर्षो का वेतन भुगतान की राशि रिकवरी करने की मांग की।

डीपीओ मध्यान्ह भोजन संजय कुमार देव कन्हैया ने कहा 24 घंटे के अंदर कारवाई होगी। सरवरपुर मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापिका को सरवरपुर से हटाया जाएगा।बीआरपी एम डी एम प्रभारी को सोनबरसा से हस्तांतरित किया जाएगा। सहायक शिक्षिका जब तक मूल मध्य विद्यालय में योगदान नही देती है, वेतन देय नही होगा। वहीं शैल कुमारी के मूल विद्यालय में योगदान नही देने तक अनुपस्थिति विवरणी पर रोक लगा दी। उन्होंने मौजूद ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी।

दोषी कर्मीयों पर कारवाई निश्चित होगी। विद्यालयों में फोर्टीफाइड चावल ही उपलब्ध कराया जाएगा। 38 क्विटंल सड़े गले चावल को नष्ट किया जाएगा और इसकी राशि दोषी कर्मी से वसूला जाएगा। वही जिला समन्वयक पंकज कुमार ने बताया कि चावल की बिक्री हो चुकी है, शेष चावल को कागजी खानापूर्ति के लिए विद्यालय रखा गया है।

## विद्यापति प्रखंड के खनुअ पुल के पुनः निर्माण प्रारंभ होने के बाद भी समय से नहीं हो पा रहा है काम

'संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता! दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! 'विद्यापति प्रखंड के खनुआँ ग्राम स्थित बाया नदी पर बने पुल का पुनः निर्माण होने के बाद भी समय से नहीं हो पा रहा है। कार्य गौरतलब हो कि पुल निर्माण का कार्य 2013 में बिहार सरकार में रहे जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी जी के द्वारा शिलान्यास किया गया था।

लेकिन आज तक पुल निर्माण पूर्ण रूप से नहीं हो पाया किंतु पिछले कई महीनों से जनता की मांगों को लेकर पुल का पुनः निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया वही खनुआँ ग्राम के कुछ ग्रामीणों का कहना है कि कार्य बहुत ही मंद गति से किया जा रहा है जो की बाढ की समस्या आने पर पुनः कार्य ठप ना हो जाए साथी वहीं मौजूद पुल निर्माण कार्य करने वाली कंपनी के मुंशी जी बैजनाथ राय ने बताया कि पुनः पुल निर्माण का कार्य प्रारंभ हुए। 35 से 40 दिन हो चुका है और हम लोगों की ओर से पूरी कोशिश की जा रही है कि जल्द से जल्द कार्य समाप्त कर लिया जाए जिससे यहां के तमाम ग्राम वासियों को कोई भी परेशानी ना हो जो परेशानी 10 को से होता आ रहा है उसका जल्द से जल्द समापन हो साथ ही बैजनाथ राय मुंशीजी ने यह भी बताया कि हम लोगों का लक्ष्य रखा गया है कि 60 से 65 दिनों में अब कार्य को समाप्त कर लिया जाएगा।वहीं मौजूद मिर्च व्यापारी शत्रुघ्न राय एवं कुछ खनुआँ ग्राम के लोगों ने कहा कि फिलहाल जब तक पुल निर्माण का कार्य पूर्ण रूप से नहीं हो जाता है तब तक हम लोगों को और भी ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



# संक्षिप्त समाचार

## चकिया चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रथम स्थापना समारोह कार्यक्रम का उद्घाटन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

चकिया चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रथम स्थापना समारोह कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक, अनुमंडल पदाधिकारी चकिया श्री शम्भू शरण पांडेय व एसडीपीओ श्री संजय कुमार चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष पवन सर्राफ ने संयुक्त से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने चेम्बर के पदाधिकारी व कार्यकारणी के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि व्यवसायी संगठनों को व्यवसाय के साथ लोक हितों का भी ख्याल रखना अत्यंत जरूरी है। वही उन्होंने कहा कि चकिया के बड़े व्यवसायी यहां पर उधोग लगाकर शहर को विकसित करने में योगदान कर सकते है। उन्होंने व्यवसायियों को जिला प्रशासन से हर सम्भव मदद करने की बात कही। इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष पवन सर्राफ, उपाध्यक्ष सुशील पोद्दार, संजय गुप्ता, सचिव लखिन्द्र गुप्ता, सह सचिव शम्भू जी तुलस्यान, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल सहित पंद्रह कार्यकारणी के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। आगन्तुको को छात्राओं द्वारा स्वागत गान से स्वागत किया गया। कार्यक्रम समापन राष्ट्रगान के बाद किया गया। मौके पर केसर सिंह, हरजीत सिंह राजू, मोहन भार्गव,राजेश यादव, प्रमोद कुशवाहा, नंदू यादव, डॉ नागेंद्र , कन्हैया सर्राफ, कुलदीप सिंह, अवध किशोर प्रसाद,ओम गुप्ता, संदीप सुल्तानिया, उमेश चौरसिया, संजय गुप्ता, सुशील पोद्दार, मनोज तुलस्यान मौजूद थे।

## विद्यापति प्रखंड के बाजिदपुर पंचायत में नाला सफाई का कार्य जोरों पर लोगों को मिला कुछ राहत

संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता! दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! विद्यापति प्रखंड के बाजिदपुर पंचायत के वार्ड संख्या 4 व 7 में बाजिदपुर पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया मुकेश कुमार के द्वारा 15वें वित्त आयोग की राशि से वार्ड संख्या 4 व वार्ड संख्या 7 में बने पुराने नाली की सफाई कराई जा रही है।वहीं वार्ड संख्या 7 के ग्रामीणों

का यह कहना है कि पिछले मुखिया जी के द्वारा यह नाला का निर्माण कराया गया था जो कि रोड से 2 फीट ऊंचा है और इसकी गहराई मात्र 1 फीट है, जिसके हिसाब से इसकी सफाई प्रत्येक साल करानी चाहिए क्योंकि बरसात के मौसम में नाला के भर जाने से नाला से गंदगी का बहाव सड़क पर होता है जिससे हम लोगों का जीना दुश्वार हो जाता है। साथ ही वहीं मौजूद समाजसेवी शशि प्रकाश भट्ट उर्फ ब्रिगेडियर ने कहा कि जब से इस नाला का निर्माण किया गया है तब से लेकर आज तक में पहली बार नाला की सफाई कराई जा रही है। जिसके लिए मैं मुखिया जी मुकेश कुमार को समस्त वार्ड संख्या 4 व 7 के निवासी की ओर से धन्यवाद देता हूं।

## कन्या मध्य विद्यालय के शिक्षकों ने ग्रहण कि न्याय मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता

दैनिक अयोध्या टाइम्स गोपाल कुमार ठाकुर शिवहर ब्यूरो चीफ।

शिवहर,सीतामढ़ी। राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के सभी शिक्षकों को न्याय मोर्चा के कार्यकारी जिला संयोजक राधेश्याम सिंह एवं जिला कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने विद्यालय परिसर मे शिक्षक न्याय मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता दिलाई है। साथ ही श्री सिंह ने वहाँ के सभी शिक्षकों के साथ –साथ प्रधानाध्यापक राज कुमार जी को कल यानि दिनांक 24–07–2022 दिन रविवार 10:30 बजे प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल शिवहर मे होने वाली चुनावी महासमर मे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह भी किया। सदस्यता ग्रहण करते हुए शिक्षकों मे काफी हर्ष का माहौल था

सभी शिक्षकों ने गर्मजोशी से श्री सिंह का स्वागत किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों मे अशोक कुमार, अशोक कुमार सिंह, अविनाश झा, अनुराग पासवान, राहुल तिवारी, शीलम कुमारी, विभा कुमारी, ममता कुमारी, नीलम कुमारी एवं अख्तरी खातून है। साथ ही श्री सिंह ने शिवहर जिला के सभी शिक्षकों से उक्त स्थल पर पहुँचकर इस चुनावी महासमर मे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की है।

## नवादा में महिला ने एक साथ 4 बच्चों को दिया जन्म, डॉक्टर ने कड़ी मशक्कत से बचाई प्रसूता की जान

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या दैनिक टाइम्स बिहार शरीफ (नालंदा)। बिहार के नवादा में एक महिला ने एक नहीं, बल्कि एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया है, जो पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। दुरूखद बात यह है कि जन्म के साथ ही चारों बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद परिवार वालों में मायूसी देखी गई है। जबकि मां को स्वस्थ होने की खबर ने थोड़ी राहत जरूर दिया है। चारों बच्चे में 3 लड़कियां एवं एक लड़का शामिल हैबताया जा रहा है कि पकरीबरावां थाना क्षेत्र के दत्तरौल गांव निवासी मो कुदरुश की पत्नी शानू प्रवीण नवादा के प्रसिद्ध चिकित्सक एमबीबीएस डॉ मधु सिन्हा की क्लीनिक में प्रसव के लिए भर्ती हुई, जहां अल्ट्रासाउंड में पाया गया कि महिला के गर्भ में 4 बच्चे हैं। डॉ मधु सिन्हा ने पूरी तत्परता दिखाते हुए नॉर्मल डिलीवरी कराकर बच्चे को गर्भ से बाहर निकाल दिया। हालांकि जन्म के बाद चारों बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया। लेकिन मां पूरी तरह से सुरक्षित है।वही डॉ मधु सिन्हा ने बताया कि महिला इमरजेंसी हालात में मेरे पास पहुंची थी। उस दौरान वह प्रसव पीड़ा से कराह रही थी। अल्ट्रासाउंड में पाया गया कि उसके गर्भ में 4 बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि यह केस सिजेरियन सेक्शन का था, लेकिन नॉर्मल डिलीवरी कराकर बच्चे को बाहर निकाल दिया गया और प्रसूति महिला को बचा लिया गया। डिलीवरी के दौरान कुछ परेशानी हुई। लेकिन मेडिकल ट्रीटमेंट से वह ठीक हो गई।

## स्कुली बच्चों के साथ हर घर तिरंगा कार्यक्रम 65 वीं वाहिनी एसएसबी के द्वारा मनाया जा रहा है

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। 65 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया शिविर बगहा के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन सन फ्लावर चिल्ड्रेन एकेडमी के स्कूली बच्चो के बीच किया गया।जिसमे तिरंगा झण्डा के महत्व विषयक निबंध लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया। गौरतलब हो कि देश मे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत देश के समस्त नागरिकों से यह अनुरोध किया गया है की वो भारतीय झण्डा संहिता 2002 के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए अपने अपने घरों, सरकारी तथा गैर सरकारी भवनों, स्कूलों–कॉलेजों इत्यादि जगहों पर झंडोत्तोलन करें।इसी क्रम मे 65वी वाहिनी के द्वारा अपने कार्य क्षेत्र के अंतर्गत लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसके

अंतर्गत दिनांक 22/07/2022 को 65वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के प्रांगण मे हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत वॉली बॉ

## स्थानीय सर्वोदय किड्स कैंपस में एआईएसएफ के जिला परिषद की बैठक हुई संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स केसरिया अभिषेक कुमार। एआईएसएफ की कई मुद्दे पर हुई बैठक,जिसकी अध्यक्षता धनंजय कुमार ने किया एवं संचालन साथी विकास ने इस बैठक में मुख्य रूप से सदस्यता अभियान व महात्मा गांधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी में हो रहे धांधली के खिलाफ प्रदर्शन,बिहार विश्वविद्यालय के नियमित सेसन कॉलेजों में कक्षा संचालन जैसे

ज्वलंत मुद्दों को लेकर एआईएसएफ आगे प्रदर्शन करेगी इस बैठक में जिला परिषद का गठन और सचिव मंडल का गठन किया गया,उत्तर प्रदेश के राज्य सचिव उज्जवल शर्मा एवं मुजफ्फरपुर जिला के कंचन की उपस्थिति में पूर्वी चंपारण जिला के सचिव मंडल का गठन किया गया,जिसमें साथी धनंजय को जिला सचिव विकास कुमार को जिला अध्यक्ष अंकित कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया।वही साथी कंचन कुमार और उज्जवल शर्मा के नेतृत्व में पूर्वी चंपारण जिला के 15 सदस्य के जिला परिषद का गठन किया गया जिसमें 13 लड़के और दो लड़कियों को जगह दी गई,बैठक में विभिन्न प्रखंडों के जिम्मेदारी अलग–अलग लोगों को दी गई कल्याणपुर चकिया प्रखंड कुमार धनंजय मधुबन तुरकौलिया साथ ही विकास मोतिहारी सदर कुणाल राधे सुगौली रामगढ़वा नवनीत मिश्रा और बहादुरजमा कुरेशी केसरिया संग्रामपुर यशराज पिपराकोठी अखिलेश को दिया गया, बैठक में सीपीआई के राजपरिसद सदस्य कामरेड विजय कुमार सिंह युवा कॉमरेड पुष्पेंदर द्विवेदी यशराज पवन अमित कुमार विपुल कुमार रवि कुमार सिंह कुणाल राधे अखिलेश कुमार सौरभ पांडे विकास नीतीश नवनीत मिश्रा बादुरजमा कुरेशी के साथ–साथ कई छात्र उपस्थित थे।

## सिवान में मोबाइल चोरी कर भाग रहा था लोगो ने कर दी पिटाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पांडेय

सिवान शहर स्थित मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ललित बस स्टैंड में शुक्रवार की देर संध्या 6 बजे के करीब एक युवक का मोबाइल छीनकर भर रहे मोबाइल चोर को लोगो ने खदेड़ कर रंगे हाथ पकड़ लिया द्य फिर मोबाइल चोर की लोगो ने जमकर पिटाई कर दी द्य इसके बाद लोगो ने इसकी सूचना मुफस्सिल थाने को दी द्य जिसके बाद पुलिस ने चोर को गिरफ्तार

थाने लेकर चली गई द्य हालांकि पकड़ा गया चोर अपनी पहचान पूछने के वावजूद भी नही बताया द्य जबकि पीड़ित युवक की पहचान नत्थुछाप गांव निवासी कपचन कुमार के रूप में हुई है द्य घटना के संबंध में दीपू ने बताया की वह सिवान रेलवे स्टेशन पर खड़ा था, तभी दो मोबाइल चोर उसके पास पहुंचे और मोबाइल छीनकर भागने लगे। एक चोर तो उनका मोबाइल लेकर भाग गया जबकि दूसरे चोर को लोगो ने पीछा करते हुए मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ललित बस स्टैंड के पास स्थानीय लोगो की मदद से धर दबोचे द्य मोबाइल चोरी के आरोप में स्थानीय लोगो ने पहले तो चोर को मोबाइल दिलवाने की बात कही द्य जिसके बाद चोर लोगो लेकर कई गली मुहल्ले का चक्कर कटवाता रहा और मोबाइल दिलवाने की बात करता रहा द्य लोगो लगभग 1 घंटा तक लोगो को घुमाने और भ्रमित करने के बाद चोर ने उसे दूर भाग जाए की बात कहने लगा द्य इस्तने में आक्रोशित लोगो का आक्रोश भड़क उठा द्य जिसके बाद लोगो ने उस की जमकर पिटाई कर दी।

इतना ही मुफस्सिल थाना के पहुंचने तक लोग चोर पिटाई करते रहे जिससे चोर घायल हो गया।

## मशरक में सड़क निर्माण कार्य में बरती जा रही भारी अनियमितता, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

मशरक (सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के एकावना गांव में मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के तहत बन रही सड़क योजना में भारी अनियमितता बरती जा रही है। यहां ठेकेदार द्वारा नियमों को ताक पर रख सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा इस मामले में शनिवार को लिखित शिकायत ग्रामीण कार्य विभाग कार्यपालक अभियंता मढ़ौरा को लिखित शिकायत कर जांच की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार मशरक प्रखंड क्षेत्र के बंगरा गांव के मुख्य सड़क एस एच 73 से एकावना गांव होते हुए पश्चिम टोला गांव तक ढ़ाई किलोमीटर के लगभग सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। विभाग ने सड़क का निर्माण कार्य सुनिल सिंह को

ठेके पर दे दिया है।

ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। लेकिन निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है।

वही ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार स्थानीय हैं और दबंग प्रवृत्ति के हैं जिनके डर से गांव में कोई भी मुंह खोलने को तैयार नहीं है। गुणवत्ताहीन कार्य होने पर ग्रामीणों ने इसका विरोध भी जताया। लेकिन ठेकेदार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। जिससे सड़क निर्माण में गुणवत्ता का कोई ध्यान नहीं रखा,वही ग्रामीणों ने जांच किए जाने की मांग की है।बजरी की मोटाई कम मात्रा की है। सूचना बोर्ड में निर्माण कार्य शुरू होने की तारीख से लेकर सभी आवश्यक जानकारी दी गई है पर उस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस तरह से निर्माण कार्य में नियमों की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि एकावना गांव में मुख्य सड़क से आने के लिए जर्जर सड़क थी पर आज सरकार द्वारा टेंडर निकाली गई पर सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है ग्रामीणों की मांग हैं कि सड़क अच्छी बननी चाहिए ताकि गांव के लोगों को आने जाने में सहूलियत हो।

## समस्तीपुर रेल मंडल नियत समय पर ट्रेनों के परिचालन के मामले में रेलवे बोर्ड द्वारा जारी की गई रैंकिंग में पहले स्थान पर

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ–निरंजन जायसवाल। समस्तीपुर रेल मंडल नियत समय पर ट्रेनों के परिचालन के मामले में 21 जुलाई को देश में पहले स्थान पर रहा। समस्तीपुर रेलवे मंडल के विभिन्न स्टेशनों से खुलने वाली सभी ट्रेनें नियत समय पर खुली व अपने गंतव्य तक पहुंची। शुक्रवार को रेलवे बोर्ड द्वारा जारी की गई रैंकिंग में बताया गया है कि देश भर के सात रेलवे मंडल ने 100 फीसदी अंक हासिल किया है। जिसमें समस्तीपुर एक नंबर पर है। डीआरएम आलोक अग्रवाल ने खुशी जाहिर की उन्होंने कहा कि समस्तीपुर मंडल के लिए बड़ी खुशी की बात है। उन्होंने इस सफलता के लिए परिचालन समेत अन्य विभागों के कर्मियों की टीम वर्क का परिणाम बताया है। और इसे लगातार जारी रखने का आह्वान किया है। उधर पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर को देश में 23 वां, दानापुर

को 24 वां, धनबाद को 37वां व दीनदयाल उपाध्याय (मुगलसराय) को 41 वां स्थान आया है।

## डॉक्टर मंतोष बने बिहार प्रदेश जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव, चंपारण समेत रक्सौल अनुमंडल में हर्ष का माहौल

(संजय कुमार अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक रक्सौल पूर्वी चंपारण)। बिहार जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के माननीय प्रदेश अध्यक्षसह विधायक विजय सिंह निषाद के द्वारा पूर्वी चंपारण के डॉ मंतोष साहनी को प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनीत किया गया है. इनके मनोनीत होने पर चंपारण सहित रक्सौल अनुमंडल के क्षेत्रों में खुशी का माहौल है. बता दें कि बिहार प्रदेश जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के माननीय प्रदेशाध्यक्ष सह विधायक विजय सिंह निषाद द्वारा विस्तारित, संशोधित प्रदेश पदाधिकारियों सहित शेष जिला अध्यक्षों की सूची आज जारी की गई है. इस नई सूची में प्रदेशउपाध्यक्ष 27, प्रदेश महासचिव 36, प्रदेश सचिव 29 व कार्यालय सचिव 01 सहित 06 जिला अध्यक्ष का नाम भी शामिल है. उनके मनोनयन को लेकर रक्सौल क्षेत्र के जदयू जदयू नेताओं में काफी प्रसन्नता की लहर है बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह वरिष्ठ जदयू नेता श्री बीरेंद्र प्रसाद सिंह कुशवाहा ने कहा कि डॉक्टर मंतोष साहनी शुरू से जदयू के प्रति काफी ईमानदार व निष्ठावान रहे हैं. जदयू के प्रति इनकी सच्ची समर्पित भावना को देखते हुए माननीय प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक श्री विजय सिंह निषाद जी के द्वारा इनको प्रदेश महासचिव की जिम्मेवारी दी गई है।

पूर्वी चंपारण जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल ने कहा है कि डॉ साहनी जी जदयू के पुराने वफादार सिपाही रहे है, इनके मनोनयन से पार्टी प्रदेश सहित जिले में भी काफी मजबूत एवं धार धार बनेगी. प्रसन्नताजाहिर कर

बधाई देने वालों में पूर्व मंत्री सह नरकटिया विधानसभा के पूर्व जदयू प्रत्याशी श्री श्याम बिहारी प्रसाद, प्रदेश महासचिव श्री कपिल देव पटेल उर्फ भुवन पटेल ,अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव असरार आलम ,युवा नेता सनी पटेल ,श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विकास पटेल, सुरेश कुमार ,इंद्रजीत पटेल, युवा नेता सुनील कुशवाहा ,विशाल कुशवाहा ,छौड़ादानो प्रखंड अध्यक्ष दीपक ठाकुर पूर्व विधायक प्रतिनिधि महेश कुशवाहा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामदेव यादव, देवचंद्र यादव, सत्येंद्र कुशवाहा,विनोद कुशवाहा ,मुकेश पटेल, उषा श्रीवास्तव, पूर्व जिला महासचिव संजय कुशवाहा, रमेश कुशवाहा, राजन कुशवाहा ,मोहम्मद एहतेशाम , प्रकाश कुशवाहा, गणेश कुशवाहा, बैजनाथ कुशवाहाआदि लोग शामिल हैं।

## पांच दिवसीय चहक प्रशिक्षण का हुआ समापन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता कुमार उत्कर्ष मोनु की रिपोर्ट शिवहर शिवहर,सीतामढ़ी। प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षकों हेतु विद्या – प्रवेश के आलोक में पांच दिवसीय चहक माड्यूल –विद्यालय तत्परता एवं श्स्छ शिक्षक प्रशिक्षण बी आर सी शिवहर मे चल रहा है ।

उक्त कार्यक्रम मे डुमरी कटसरी, पुरनहिया, पिपराही, तरियानी के प्रत्येक संकुल संसाधन केन्द्र से दो– दो प्रशिक्षक शामिल हैं , जिसमें कुल 40 प्रतिभागी शामिल है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों का विद्यालय से जुड़ाव सुनिश्चित करना ताकि बच्चें विद्यालय से जुड़ पायेंगे एवं विद्यालय में आनंददायी माहौल का निर्माण किया जा सकें। यह प्रशिक्षण विद्यालय मे एक नया माहौल उत्पन्न करेंगा साथ ही नयें नामांकन वाले बच्चों का विद्यालय में ठहराव सुनिश्चित करेगा, साथ ही निपुण भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के तरफ अग्रसर होगा। इस प्रशिक्षण का संचालन दिनांक 19 जुलाई 22 से 23 जुलाई 2022 तक स्थानीय बी० आर० सी शिवहर मे संचालित किया गया। जिसमें मुख्य प्रशिक्षक की भुमिका मे सुनील कुमार सिंह, अनिल कुमार , शंभु कुमार थे। यह प्रशिक्षण विद्यालय में एक अच्छा माहौल देगा ,उक्त प्रशिक्षण जिला शिक्षा पदाधिकारी डां ओमप्रकाश, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मध्याह्न भोजन एवं सर्व शिक्षा अभियान नासिर हुसैन एवं जिला क्वालिटी समन्वयक सत्येंद्र कुमार सिंह के देख रेख मे संचालित करायी गई।

चहक कार्यक्रम को जिलें के सभी विद्यालयों मे संचालित किया जाऐगा, जिसके लिए जिला स्तर पर चयनित प्रशिक्षक प्रत्येक संकुल संसाधन केन्द्र पर संकुलाधीन सभी विद्यालय से वर्ग 1 के शिक्षक एवं प्रधान शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का कार्य करेंगे ताकि जिलें के सभी विद्यालयों मे इसे सफलतापूर्वक संचालित किया जा सकें। इस प्रशिक्षण को अनुश्रवण एवं बेहतर संचालन मे राज्य परियोजना प्रवंधक प्रवीण चन्द्रा, बी आर सी शिवहर पहुँच कर प्रतिभागियों के बीच अपनी अनुभव को रखा । सभी प्रतिभागियों ने उन्हें आश्वास्त किया कि हमारा शिवहर जिला पुरे बिहार मे अब्बल रहेगा।

उक्त प्रशिक्षण मे सम्मिलित प्रतिभागियों मे मुकेश कुमार सिंह, अविनाश कुमार, अरुण कुमार, मनोज सिंह , विजय गुप्ता, अर्चना गोविंदम, आरती कुमारी, नरेंद्र किशोर, नुतन कुमारी नीरु कुमारी, रमाशंकर, सुरजीत संजय, सत्येंद्र कुमार अशोक कुमार, विनोद कुमार, सुरेन्द्र दास, मुकेश कुमार, शिवशंकर राम, राजेश कुमार, मिलन कुमार, गंगा कुमार पांडेय एवं अन्य शामिल हुऐ ।

## शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर युवा कांग्रेस ने अर्पित किया श्रद्धांजलि

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। भारत की स्वाधीनता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर देने वाले, वीर सपूत, महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जी की जयंती पर सीतामढ़ी जिला युवा कांग्रेस ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। कोट बाजार वार्ड नंबर – 13 में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में प्रदेश प्रवक्ता सह सीतामढ़ी युवा कांग्रेस अध्यक्ष शम्स शाहनवाज ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर जंग आजादी में उनके अविस्मरणीय बलिदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि महान क्रांतिकारी चंद्र शेखर आजाद के अद्भुत शौर्य, त्याग और बलिदान के लिए भारत वासी सदैव ऋणी रहेंगे। उनके क्रांतिकारी विचार और तेजस्वी जीवन जन–जन को राष्ट्र व समाज की उन्नति और सेवा के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे। वहीं, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के राजगुरु रहे लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को भी उनकी जयंती पर याद किया गया। श्रद्धांजलि सभा में जिला कांग्रेस के निवर्तमान मुख्य प्रवक्ता प्रमोद नील, पूर्व उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाहा, जिला युवा कांग्रेस महासचिव रंजीत कुमार, राहुल रमेश गुप्ता, राजू कुमार, जानकी देवी, राकेश कुमार पप्पू, शिवानी शर्मा, चंचल कुमारी, कांति देवी, अमित कुमार, श्रृष्टि प्रिया, संतोष कुमार, आयुष कुमार, सोनम कुमारी, संजीव कुमार, गोलू

कुमार, चांदनी गुप्ता आदि ने भी महा पुरुषों को नमन किया।

## पढ़ाई के नाम पर सरकारी विद्यालयों में हो रही है खानापूर्ति

☒ मेडेमिल का रूपये में शिक्षकों का पड़ा डाका, बच्चों को कम राशि देकर किया जा रहा है वारे न्यारा

☒ शिक्षक 12:30 बजे विद्यालय छुट्टी कर होते हैं फरार

चतरा,टंडवा। प्रखण्ड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय कुमडांग कला विद्यालय में बच्चों के भोजन में डाका डाला जा रहा है । पत्रकारों के टीम जब विद्यालय में पहुंची तो बच्चों को भोजन में मात्र खिचड़ी व् अचार दिया गया था। खिचड़ी भी ऐसी की जो खाने लायक नहीं खिचड़ी में दाल का आता पता नहीं मात्र खिचड़ी के नाम पर बच्चों के खाने पर शिक्षकों व् अध्यक्षो द्वारा डाका डाला जा रहा है। बच्चों ने बताया कि शुक्रवार को फल देना था किंतु फल हम लोगों को नहीं दिया गया। वहीं बच्चों ने मिडेमील का रूपये में एक से पांच क्लास के बच्चों को महज एक हजार व छह क्लास से आठ क्लास के बच्चों को महज 12 सौ से 15 सौ रूपये देकर खाना पूर्ति की गयी है। बच्चों ने विद्यालय अध्यक्ष के विरुद्ध कहा कि मात्र अध्यक्ष के बच्चे को 27 सौ रूपये दिया गया है। ऐसे में विद्यालय के शिक्षकों व् अध्यक्षों के मिली भगत से बच्चों को सरकार द्वारा दी जाने वाली मिडेमिल के रूपये में घोटाला किया जा रहा है। सूत्रों के माने तो इस रूपये में वरीय अधिकारियों की मिलीभगत है। उन तक रूपये की होती है चढावा। जिसके कारण इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। और तो और एक विद्यालय ऐसा की जिसमें 12 रू30 बजे हीं बच्चों को छुट्टी कर शिक्षक फरार हो जाते हैं। जी हम बात कर रहे हैं उड़सू के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय उड़सू की जिसमें समय के अनुशार पढाई तो छोड़ दीजिए विद्यालय हीं बन्द कर अपने घर के काम काज में जुट जाते है शिक्षक। इस तरह सरकारी विद्यालयों में होती है पढाई। इस संदर्भ में जिला शिक्षा पदाधिकारी से बात करने पर उन्होंने दूरभाष पर बताया कि इस बात की जानकारी हमें नहीं है आप प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी से बात करें। किन्तु प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी का विद्यालय बोर्ड में अंकित नम्बर पर नम्बर ऑफ बताया है।

मोकिम अंसारी

## आजसू विधान सभा प्रभारी मनोज चंद्रा ने डीसी अबू इमरान को बुके देकर किया स्वागत

☒ मनोज चंद्रा ने अपने शिष्टमंडल के साथ चतरा जिला को सुखाड़ घोषित करने की किया मांग

सिमरिया। आजसू पार्टी के विधान सभा प्रभारी सह सिमरिया विधान सभा के प्रबल उम्मीदवार व पार्टी के शिष्ट मण्डल के साथ निर्वतमान उपायुक्त अबु इमरान से औपचारिक मुलाकात की । मुलाकात के बाद उपायुक्त को बुके देकर स्वागत किया। साथ ही चतरा जिला को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने के लिए राज्यपाल के नाम उपायुक्त को मांग पत्र सौपा है। मनोज चंद्रा ने मांग पत्र में कहा है कि चतरा जिला में वर्षा का अभाव है । जिससे यहां के किसानों को आर्थिक क्षति हुई है साथ हीं किसान तो धान बिज लगाया था किंतु औसत अनुपात में वारिस नहीं होने के कारण धान का बिचड़ा सुख कर मर गया है। वैसे में यहां के किसानों के बीच अब भुखमरी की समस्या उत्पन हो गया है। किसानों ने कर्ज महाजन कर धान का का बिज खरीदारी किया था।

किंतु वर्षा का अनुपात सही नहीं होने से बिचड़ा सुख कर मर चुका है। अब किसानों को कर्ज की चिंता के साथ साथ भुखमरी की समस्या का चिंता सता रही है। वैसे में चतरा

जिला को सुखाड़ घोषित कर सरकार द्वारा आर्थिक लाभ पहुंचाया जाय। मौके पर जिलाध्यक्ष चंद्रदेव साहू, केंद्रीय सचिव पारस सिंह, जागेश्वर दास, नेमधारी महतो, पंकज साहू, जितेंद्र सिंह, युवा जिलाध्यक्ष उपेंद्र पांडेय, जिला सोशल मीडिया प्रभारी विकास पांडेय, जिलाप्रधान सचिव धर्मेन्द्र दांगी, छोटु सिंह भोक्ता, राजेश यादव आदि उपस्थित थे।

मोकिम अंसारी

## बाबा धाम जा रहे एक युवक की बस की छत से नीचे गिर जाने के कारण हुई मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता किशन कुमार सोनबरसा सीतामढ़ी। बाबा नगरी पूजा करने जा रहे एक अज्ञात युवक की बस के छत से नीचे गिर जाने के कारण घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इसके पास कोई आईडी प्रूफ नही होने के कारण इनके नाम और पता का सत्यापन नही हो पाया है की युवक कहां का रहने वाला है। हम सभी मनुष्य है और मनुष्य का पहला धर्म है मानवता।

मैं किशन कुमार अयोध्या टाइम्स संवादाता आप सभी से अनुरोध करता हूं की आप जितने भी लोग हमारे अयोध्या टाइम्स अखबार को पढ़ रहे है वो अपने ग्रुप मे इस खबर को शेयर कर दे ताकि इसके माता पिता को घटना की जानकारी मिल सके।

## नियामतपुर भाजपा सेंट्रल कार्यालय द्रोपदी मुर्मुजी के राष्ट्रपति मनोनीत होने भाजपाइयों ने खुशियां मनाई

नियामतपुर। नियामतपुर भाजपा सेन्ट्रल कार्यालय में शनिवार को संध्या 7:00 बजे भारत के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति माननीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मुजी के राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित होने की खुशी में सभी भाजपा कर्मियों एकदूसरे को केशरिया गुलाल लगाकर इस ऐतिहासिक जीत की खुशी मनाया व शुभकामनाएं दिए। भारतवर्ष के इतिहास में पहली बार एक आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनकर कीर्तिमान स्थापित किया है। भाजपा कुल्टी मंडल के वरिष्ठ भाजपा सदस्य और कुल्टी मंडल के पुर्व अध्यक्ष सिद्धेश्वर राय के नेतृत्व में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत वार्ड नं 19 के फुचु धौडा में आदिवासियों के साथ केशरिया गुलाल लगाकर और चाकलेट मिष्ठान वितरण कर खुशियाँ मनाई गई। इस मौके पर वार्ड 19 के अनुसूचित जनजाति के जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रुपा दास, काजल दास, पुर्व पार्षद महेश सिंह, वरिष्ठ सदस्य सुनील सरकार, दिवाकर सिंह, संजय दास, बिनोद सिंह सोलंकी, निर्मल गुप्ता मध्यदेशीय और आदिवासी समाज के भाई बहनों ने भाग लिया और प्रसन्नता जताई।

# संक्षिप्त समाचार

### धरती को हरा-भरा रखना सबका दायित्व : श्याम

विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ) विद्यापतिनगर, दलसिंहसराय। धरती को हरा–भरा रखना हम सबका दायित्व है, उक्त बातें विद्यापति नगर प्रखंड के शिक्षक श्याम कुमार ने कही ! श्री श्याम पौधारोपण के लिए विद्यापति नगर प्रखंड मुख्यालय स्थित श्श्री कृष्णा नर्सरीश से पौधा खरीदने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि मुझे प्रकृति से बेहद प्रेम हैं, चारों ओर हरियाली देखकर मन प्रसन्न हो जाता है, यही कारण है कि मैं अक्सर पेड़ – पौधे लगाया करता हूं तथा छात्रों एवं युवाओं को पौधे लगाने के लिए प्रेरित करता रहता हूं, यदि सभी लोग अपने आप – पास पौधे लगाने लगें तो हमारा पर्यावरण बेहतर हो जाएगा ! नर्सरी संचालक सुजीत कुमार मालाकार ने बताया कि हमारे यहां हर प्रकार के पौधे उपलब्ध है, इसमें आम,लीची,नीम, अमरूद,अनार, जैसे फलदार पौधों के अलावा हर प्रकार के सजावटी एवं फूल के पौधे उपलब्ध है, ये पौधे अच्छे नस्ल के है जो कम समय में ही अच्छे परिणाम देते हैं, यही कारण है कि मेरे यहां से रोजाना कई लोग पौधे ले जाते हैं !

### द्रोपदी मुर्मुर को राष्ट्रपति बनने पर भाजपा परिवार में देखा गया खुशी का माहौल

साहिल कुमार सिंह (ब्योरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार)। संवैधानिक पद के सर्वोच्च स्थान पर`ज समाज की महिला श्रीमती द्रोपदी मुर्मूर जी के भारी बहुमत से विजयी होने पर सिक्कट पंचायत के उरावं टोला में समलू उरावं के घर पर भाजपा जिला मंत्री शान्ति जायसवाल की अगुवाई में मंडल अध्यक्ष धर्मेंदर राम तथा`ज मोर्चा के महामंत्री तल्लू सोरेन के नेतृत्व में एक सोभा यात्रा निकाली गयी शान्ति जायसवाल ने बतया`ज समाज का वर्णन रामायण काल से ही सनातनी के रूप में होता आ रहा हैं। विस्तार से उन्होंने रामायण की एक महती भूमिका जटायु की चर्चा की उन्होंने श्रीमती मुर्मूर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बतया इस समाज की महिलाये औरो के मुकाबले ज्यादा सशक्त और कर्मनिष्ठ होती है। धर्मेंदर राम ने लोगों से उत्साह मनाने की अपील की वही तल्लू सोरेन ने अपने समाज की ओर से मोदी जी एवं जगत प्रसाद नड्डा जी का आभार व्यक्त किया। मौके पर मंडल उपाध्यक्ष भगवान चौधरी ,बिश्वनाथ चौधरी ,सुलोचना भारती ,पुस्पा देवी ,सचिन पंडित ,राकेश सोरेन , बिनोद ठाकुर ,बाबूलाल मांझी ,टुडू उरावं सहित दर्जनों महिला एवं पुरुष की उपस्थिति रही।

### मशरक दलित टोला में बाइक दुर्घटना में युवती घायल,सदर अस्पताल छपरा रेफर

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक तरैया शीतलपुर एस एच 73 पर मशरक थाना क्षेत्र के दलित टोला गांव में शनिवार की सुबह बाइक दुर्घटना में बाइक पर बैठी युवती गंभीर रूप से घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। जहां घायल युवती की पहचान सिवान जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव निवासी स्व राम इकबाल प्रसाद की 22 वर्षीय पुत्री प्रभावती कुमारी के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ संजय कुमार ने प्राथमिक उपचार किया और प्राथमिक उपचार के बाद सर पर लगे गहरे जख्म की वजह से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घायलों के परिजनों ने बताया कि वे बाइक पर सवार होकर मढ़ौरा गढदेवी मंदिर में पूजा अर्चना करने जा रहे थे कि बाइक दुर्घटना में पीछे बैठी युवती गिर गंभीर रूप से घायल हो गई।आस पास के लोगों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया।

### दुधपुरा में आपसी विवाद को लेकर, कुछ युवकों ने चलाई गोली

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल समस्तीपुर,हसनपुर। समस्तीपुर जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुधपुरा में आपसी विवाद को लेकर कुछ युवकों ने एक ढाबा पर शुक्रवार की रात करीब नौ बजे गोली चला दिया। हालांकि गोली किसी को नहीं लगी, लेकिन आसपास के लोगों में दहशत फैल गया। लोगो ने बताया कि ढाबा पर पहले दो अनजान लोगो के बीच बकझक हुई, उसके बाद युवक मारपीट की और फिर गोली चला दी। गोली चलाने वाले युवकों ने ढाबा के मालिक को भी पिटा है। इस मामले में अभी तक किसी ने थाना में आवेदन नहीं दिया है।

### अनाज और कफन से टैक्स हटाएं केंद्र सरकार : उदय मंडल

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या दैनिक टाइम्स बिहार सरीफ (नालंदा)। समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय मंडल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि आजाद भारत में पहली बार अनाज और कफन पर टैक्स लगाया गया है, जिसका सबसे अधिक खामियाजा निम्न और मध्यम वर्ग को उठाना पड़ेगा। श्री मण्डल ने कहा कि खाद्य पदार्थों गेंहू, अनाज, चावल, आटा, किताब, कफन, इलाज इत्यादि पर भी जीएसटी लगाकर सरकार गरीबी को नही बल्कि गरीबों को खत्म करने का प्लान बना रही है। उन्हीने कहा कि एक ओर सरकार मुफ्त राशन देने का ढोंग कर रही है और दूसरी तरफ सबसे ज्यादा जरूरी राशन के सामान पर टैक्स बढ़ा रही है और हद तो तब हो जाएगी जब कफन पर टैक्स लगेगा। सरकार को इसे तुरंत वापस लेना चाहिए, अनाज और कफन को टैक्स फ्री करना चाहिए। जानकारी के अनुसार आगामी एक जुलाई से बिना सिलाई के कपड़ों पर पांच फीसद जीएसटी लगाने का निर्णय किया गया है। बिना सिले कपड़ों पर अभी तक सेल्स टैक्स, वैट नहीं आदि नहीं लगते थे। इस कारण ऐसे कपड़े अब महंगे हो जाएंगे। इस दायरे में कफन भी आ जाएंगे, क्योंकि कफन की सिलाई भी नहीं होती है। अगर सरकार अभी से ध्यान देकर कफन को टैक्स मुक्त नहीं करती तो आजाद भारत के इतिहास में पहली बार उस पर टैक्स लगाया जाएगा। हालांकि इसके पहले 1956 में कपड़े पर एडिशनल एक्साइज ड्यूटी लगाई गई थी, जिसे केंद्र व राज्य सरकारों के समझौते के तहत हौजरी में बदल दिया गया था।



### सीटी मांटेसरी विद्यालय के छात्रा आकृति ने सी.बी.एस.ई 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में किया बेहतरीन प्रदर्शन

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। पश्चिमी चंपारण जिला के बगहा अनुमंडल अंतर्गत सीटी मांटेसरी विद्यालय बड़गांव के प्रधानाध्यापक सीमा स्वाधा ने बताया की आकृति कुमारी पिता मिथलेश तिवारी प्रखंड बगहा एक के बड़गांव पंचायत के छोटकीपट्टी निवासी ने सी बी एस ई बोर्ड 2022 के 10 वीं की परीक्षा में 89: अंक लाकर बेहतर प्रदर्शन किया। वही विधालय के डायरेक्टर प्रमोद गुप्ता, अकादमी मैनेजर प्रिया स्वतंत्र, शिक्षक,धिरज चौबे, उदयप्रताप सिंह, निरंजन तिवारी व कोमल कुमारी समेत तमाम शिक्षक गण ने काफी खुशी जाहिर करते हुए विधार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शत प्रतिशत रिजल्ट पाकर डालिम्स सनबीम गांधीनगर ने परचम लहराया

गाजीपुर। ग्रामीण अंचल में स्थित डालिम्स सनबीम स्कूल, गाँधीनगर ने सी०बी०एस०ई० के 10वीं परीक्षाफल में 100: रिजल्ट के साथ लहराया परचम, प्रिया राज ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किया है ।

कोरोना महामारी के चपेट में विगत दो साल रहने के बावजूद डालिम्स सनबीम स्कूल, गाँधीनगर ने जिस तरह से अपने छात्र–छात्राओं के पठन–पाठन पर ध्यान दिया उसी के बदौलत इस स्कूल की छात्रा प्रिया राज ने 91.8 प्रतिशत अंक हासिल किया । जिसके लिए इस स्कूल का प्रबंध तंत्र के साथ–साथ शिक्षक और कर्मचारी भी साधुवाद के पात्र हैं। डालिम्स सनबीम स्कूल, गाँधीनगर ने अपने स्थापना के बाद प्रथम बैच में बहुत कम समय में ही कड़ी मेहनत के साथ जिले के शिक्षा जगत में एक नई पहचान बनायी है। संसाधनों के अभाव में भी प्रयासरत डालिम्स सनबीम स्कूल, गाँधीनगर के सीबीएसई बोर्ड 2022 बैच के हाई स्कूल की परीक्षा में सम्मिलित छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत–प्रतिशत परिणाम दिए। जिसमें प्रिया राज ने 91.8 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना परचम लहराया। साथ ही साथ तृषा वर्मा 90 प्रतिशत, वंदना यादव ने 89.8 प्रतिसत,कात्यायनी पांडेय ने 87.4 प्रतिशत,नीतीश यादव ने 85.2 प्रतिशत,अभय गुप्ता,शिवम् राय आदि ने अच्छे अंक प्राप्त कर अपना परचम लहराया। तृषा वर्मा ने SST में 97 नम्बर,वंदना यादव एवं अभय गुप्ता ने हिंदी में 97 नम्बर,प्रिया राज ने साइंस में 94 नम्बर प्राप्त करने में सफलता हासिल की । विद्यालय की हाई स्कूल परीक्षा परिणाम आने के बाद डायरेक्टर हर्ष राय ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस गौरवपूर्ण वह अविस्मरणीय उपलब्धि के लिए डायरेक्टर हर्ष राय ने टॉपर प्रिया राज को बधाई देते हुए स्नेहाशीष प्रदान किया साथ ही साथ उन्होंने आने वाले समय में होने वाले बोर्ड की परीक्षा में और भी बेहतर परिणाम देने के प्रयास की घोषणा भी की । इस अवसर पर स्कूल के प्रांगण में हर्षोल्लास का माहौल दिखा। स्कूल के शिक्षक– शिक्षिकाओं के साथ–साथ अभिभावक भी काफी खुश नजर आए और उन्होंने अपना अनुभव साझा किया ।

यहां के बच्चों ने जिस तरह से परचम लहराया है यह इस बात को साबित करता है कि लक्ष्य संसाधन का मोहताज नही होता है। शिक्षा की सार्वभौमिकता को बढ़ावा देने के लिए, शिक्षा की उत्कृष्ट प्रणाली प्रस्तुत करने में अग्रसर, हमेशा नवीन शैक्षिक पद्धति प्रस्तुत करने में

# दोहरीकरण के चलते करीमुद्दीनपुर युसुफपुर रेल खंड पर दो ट्रेन 22 से 31जुलाई तक निरस्त कई के रूट परिवर्तन

गाजीपुर। रेल प्रशासन की ओर से यूसुफपुर–करीमुद्दीनपुर रेल खण्ड पर दोहरीकरण कार्यों के चलते गाजीपुर सिटीदूऔड़िहार रेल खण्ड पर 22 से 27 जुलाई तक प्री नान–इंटरलॉक व 28 से 31 जुलाई तक नान–इंटरलॉक किया जाना प्रस्तावित है। इस कार्य के दौरान यूसुफपुर और करीमुद्दीनपुर स्टेशन पर 2 से 5 घण्टे का ब्लाक लेकर कार्य किया जाएगा। इस कारण निम्नलिखित गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशनध्ओरिजनेशन, मार्ग परिवर्तन एवं निरस्तीकरण किया जाएगा। निरस्तीकरण की जाने वाली जाने वाली ट्रेनें गाड़ी संख्या–05170/05169 बलिया–प्रयागराज रामबाग–बलिया सवारी गाड़ी एवं गाड़ी संख्या–05446/05445 छपरा–वाराणसी सिटी–छपरा सवारी गाड़ी 22 जुलाई से 31 जुलाई तक निरस्त रहेगी।मार्ग परिवर्तित की गई ट्रेनें छपरा से 22 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं 05135 छपरा–औड़िहार डेमू गाड़ी अपने निर्धारित मार्ग फेफना–गाजीपुर सिटी–औड़िहार के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फेफना–मऊ–औड़िहार से चलाई जाएंगी। वहीं गोंदिया से 21, 22, 24, 25, 27, 28 एवं 29 जुलाई को प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं 15232 गोंदिया–बरौनी एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग औड़िहार–गाजीपुर सिटीदृफेफना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग औड़िहार–मऊ फेफना होकर चलाई जाएंगी। आनंदविहार टर्मिनस से 21, 26 व 28 जुलाई को प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं 14008 आनंदविहार टर्मिनसदृरक्सौल सदभावना एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग औड़िहार–गाजीपुर सिटीदृफेफना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग औड़िहार–मऊ–फेफना होकर चलाई जाएंगी। अम्बेडकरनगर से 21व 28 जुलाई को प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं 19305 अम्बेडकर नगर–कामाख्या एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग औड़िहार–गाजीपुर सिटीदृफेफना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग औड़िहार–मऊ–फेफना होकर चलाई जाएंगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 21, 22, 23, 24, 25, 26 व 28 जुलाई को प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं 11061 लोकमान्य तिलक टर्मिनल–जयनगर पवन एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग औड़िहार–गाजीपुर सिटीदृफेफना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग औड़िहार–मऊ–फेफना होकर चलाई जाएंगी। नई दिल्ली से 21 जुलाई से 30 जुलाई तक प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं 12562 नई दिल्ली–जयनगर स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग औड़िहार–गाजीपुर सिटीदृफेफना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग औड़िहार–मऊ–फेफना होकर चलाई जाएंगी। नई–दिल्ली से 22, 23, 25, 26 एवं 30 जुलाई को प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं 20504 नई दिल्ली–डिब्रूगढ राजधानी एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग औड़िहार–गाजीपुर सिटीदृफेफना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग औड़िहार–मऊ–फेफना होकर चलाई जाएंगी। रक्सौल से 21, 27 एवं 29 जुलाई को प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं 14007 रक्सौल–आनंदविहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग औड़िहार–गाजीपुर सिटी फेफना के स्थान पर औड़िहार मऊ –फेफना के मार्ग से चलेगी। आनंदविहार टर्मिनल से 22 जुलाई को प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं 14007 आनंदविहार टर्मिनल रक्सौल सदभावना एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग औड़िहार–गाजीपुर सिटी–फेफना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग औड़िहार–मऊ–फेफना के रास्ते चलाई जाएगी। छपरा से 23 एवं 30 जुलाई को प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं 15115 छपरादृदिल्ली एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग फेफना–गाजीपुर सिटी–औड़िहार के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फेफना–मऊ– औड़िहार के रास्ते चलाई जाएंगी।

आनंदविहार टर्मिनल से 23 जुलाई को प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं 22428 आनंदविहार टर्मिनल बलिया एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग फेफना–गाजीपुर सिटी–औड़िहार के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फेफना–मऊ–औड़िहार के रास्ते चलाई जाएगी। नई–दिल्ली से 24 एवं 31 जुलाई को प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं 20506 नई दिल्ली दृडिब्रूगढ राजधानी एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग औड़िहार –गाजीपुर सिटी–फेफना के स्थान पर औड़िहार–मऊ–फेफना के मार्ग से चलेगी। बरौनी से 25 एवं 28 जुलाई, 2022 को प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं–14523 बरौनी–अम्बाला एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग फेफना–गाजीपुर सिटी–औड़िहार के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फेफना–मऊ औड़िहार के रास्ते चलाई जाएगी। सुरत से 25 जुलाई को प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं–09065 सुरत–छपरा एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग औड़िहार गाजीपुर सिटी–फेफना के स्थान पर औड़िहार–मऊ –फेफना के मार्ग से चलेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 25 जुलाई को प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं–15268 लोकमान्य तिलक टर्मिनल–रक्सौल एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग औड़िहार गाजीपुर सिटी–फेफना के स्थान पर औड़िहार–मऊ –फेफना के मार्ग से चलेगी। छपरा से 27 जुलाई को प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं–09066 छपरा–सूरत एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग फेफना–गाजीपुर सिटी–औड़िहार के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फेफना–मऊ–औड़िहार के रास्ते चलाई जाएगी। औड़िहार से 28 एवं 29 जुलाई को प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं–05136 औड़िहार–छपरा डेमू अपने निर्धारित मार्ग औड़िहार–गाजीपुर सिटी–फेफना के स्थान पर औड़िहार–मऊ –फेफना के मार्ग से चलेगी। बरौनी से 26 एवं 31 जुलाई को प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं–15231 बरौनी–गोंदिया एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग फेफना–गाजीपुर सिटी–औड़िहार के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फेफना–मऊ– औड़िहार के रास्ते चलाई जाएगी। आनंदविहार टर्मिनल से 27 जुलाई को प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं 14018 आनंदविहार टर्मिनल–रक्सौल सदभावना एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग औड़िहार–गाजीपुर सिटी–फेफना के स्थान पर औड़िहार–मऊ –फेफना के मार्ग से चलेगी। रक्सौल से 30 जुलाई को प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं 15267 रक्सौल–आनंदविहार टर्मिनल एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग फेफना–गाजीपुर सिटी औड़िहार के स्थान पर फेफना मऊ औड़िहार के मार्ग से चलेगी।

# हत्या के मामले में 6 लोगो को 10 साल की कड़ी कैद व 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड

गाजीपुर। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम रामशुध सिंह की अदालत ने शुक्रवार को हत्या के मामले में 6 लोगो को 10 साल की कड़ी कैद व प्रत्येक को 10–10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है बताते चले कि दुल्लहपुर थाना गांव कोठिया निवासी वादी पिंटू ने इस आशय की तहरीर दिया कि 6 फरवरी 2011 को सुबह 10 बजे रास्ते की जमीन के विवाद को लेकर उसके गांव के ही इंदरजीत राम उर्फ टुनटुन,सत्यनारायण, दिनेश,उसका भाई श्यामसुंदर, राजेश,व उसका पिता केशव एक राय होकर लाठी डंडे से लैस होकर उसके पिता रामजन्म को गन्दी गन्दी गाली देते हुए लाठी डंडा से मारकर बुरी तरह से घायल कर दिए जिससे उनकी मौत हो गई सूचना पर आरोपियो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ और पुलिस ने विवेचना उपरांत आरोपियो

के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र पेश की दौरान विचारण आरोपी राजेन्द्र राम की मृत्यु हो गई अभियोजन की तरफ से सहायक शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव ने कुल 8 गवाहों को पेश किया दोनो तरफ की बहस सुनने के बाद न्यायालय उपरोक्त फैसला सुनाते हुए आरोपियो को जेल भेज दिया वही क्रॉस केस के आरोपी रमाशंकर, संजीव,संतोष,संदीप,पिंटू,प्रकाश,शम्भू, गुड्डू व संजय को दोषमुक्त कर दिया।

# पूर्व मंत्री पार्थो मुखर्जी के गिरफ्तारी के विरोध में तृणमूल नेता द्वारा नियामतपुर में सड़क जाम

नियामतपुर। एसएससी दुर्नीति मामले में पश्चिम बंगाल सरकार के भारी उद्योग मंत्री पार्थो चटर्जी को इडी द्वारा 24 घंटे पूछताछ के बाद शनिवार को गिरफ्तार किया। मंत्री की गिरफ्तारी की खबर आते ही कुल्टी ब्लोक तृणमूल कॉंग्रेस के वरिष्ट नेता बचु रॉय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने पार्टी कार्यालय के सामने जीटी रोड सड़क अवरोध कर इडी ओर सीबीआई मोदी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान सड़क पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हुई। मामले की जानकारी मिलते ही नियामतपुर फांड़ी प्रभारी अखिल मुखर्जी लक्षिपुर स्थित तृणमूल पार्टी कार्यालय के पास सड़क जाम स्थल पहुचे सड़क जाम को हटाया।

मामले को लेकर तृणमूल के वरिष्ठ नेता बचु राय ने कहा कि जिस प्रकार से केंद्रीय भाजपा सरकार द्वारा लगातार राज्य सरकार के उच्च नेतृत्व, मंत्री के ऊपर इडी सीबीआई का झूठा आरोप लगाकर डराने ओर सताने का कार्य किया जा रहा है। जिसे तृणमूल कभी भी बर्दाश्त नही करेगी। नरेंद्र मोदी और उनके सरकार द्वारा ईडी ओर सीबीआई का दबाव बनाकर हमारे नेताओं को झूठा बदनाम करने की एक साजिश रची जा रही है। जिसका हम हर स्तर पर विरोध करेंगे।

उनका दावा है कि भाजपा के पद में रहे कई कार्यकर्ताओं के नाम ईडी एवं सीबीआई को सौंपे गए हैं लेकिन वे उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रहे हैं। तृणमूल के चुनिंदा नेताओं को गिरफ्तार कर रहे हैं। इसके विरोध में तृणमूल समर्थकों ने आज लच्छीपुर गेट पर सड़क जाम कर दिया। बाद में कुल्टी थाना के नियामतपुर फांड़ी की पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क जाम हटा लिया।

# माथुर वैश्य महासभा ने निकाली रक्तदान रैली

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा द्वारा शनिवार को कस्बा पिनाहट मे रक्तदान जागरुकता रैली निकाली गयी।जिसके तहत स्वस्थ लोगो को रक्तदान करने के प्रति जागरुक किया। अखिल भारतीय

माथुर वैश्य महासभा के अन्तर्गत मण्डल परिषदीय फतेहाबाद,केन्द्रीय युवा दल एवं शाखा सभा पिनाहट द्वारा शनिवार को कस्बा पिनाहट स्थित माथुर वैश्य धर्मशाला से लेकर गोलस वाटिका तक सरस्वती शिशु मंदिर के स्कूली बच्चो व अध्यापको के साथ रक्तदान जागरुकता रैली निकाली गयी। जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा की शाखा पिनाहट के अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने की।इस दौरान मण्डल मंत्री राजेश गुप्ता ने पुष्पवर्षा कर रैली का शुभारंभ किया। वही रेली का नेतृत्व रक्तदान प्रभारी गोपाल गुप्ता ने किया।रैली मे महिला मण्डल ने सहयोग किया। रैली का स्वजातीय बन्धुओ द्वारा जगह जगह स्वागत किया गया। इस दौरान राहुल गुप्ता,दीपक गुप्ता, गौरव गुप्ता, राजकुमार गुप्ता,राम कुमार बाटलस, जितेंद्र गुप्ता,प्रिंस गुप्ता, मनोज गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# गुरु गोबिंद सिंघ स्टडी सर्कल पश्चिमबंगाल द्वारा प्रकाश पर्व पर सेवा दिवस पालन किया

नियामतपुर। गुरु गोबिंद सिंघ स्टडी सर्कल पूरे वर्ष धर्म के प्रचार, सामाजिक कार्य और विभिन्न तरह के सेवामूलक कार्यक्रम आयोजित करती है। इसी कड़ी के तहत हर साल की तरह इस साल भी गुरु गोबिंद सिंघ स्टडी सर्किल पश्चिम बंगाल द्वारा श्री गुरु हरकृष्ण साहिब जी के पावन प्रकाश पर्व पर सेवा दिवस का पालन किया गया। दिनांक 23 जुलाई दिन शनिवार आसनसोल एस.बी.गोराई स्थित नारी सुधार केंद्र एवं बर्नपुर ढाकेश्वरी स्थित वृद्ध आश्रम में जाकर वहां रहने वाले लोगों एवं कर्मचारियों के मध्य खाद्य सामग्री एवं वस्त्र वितरण किया गया। गुरु गोबिंद सिंघ स्टडी सर्किल पूर्वी भारत के सचिव सरदार गुरविंदर सिंघ जी ने आए पत्रकारों को बताया गुरु हरकृष्ण साहिब जो कि सिखों के आठवें गुरु है एवं सवा 5 साल की उम्र में वह गुरु गुर्दी में आसींन हुए थे। उनके गुरु काल में दिल्ली में चेचक का प्रकोप हुआ था।

गुरु हरकृष्ण साहिब जी अपने हाथों से चेचक के रोगियों की सेवा की थी एवं सेवा करते हुए वह खुद चेचक की बीमारी से ग्रस्त हो गए एवं कुछ दिनों में परम ज्योति में विलीन हो गए। इतनी छोटी उम्र में सेवा का उन्होंने एक बहुत महान उदाहरण पेश किया। इसीलिए सिख धर्म में उनके प्रकाश पर्व को सेवा दिवस के रूप में पालन किया जाता है और अलग अलग जगह में सेवा कार्य कीये जाते हैं। मौके पर गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल पश्चिमी बंगाल के अध्यक्ष सरदार

गुरदीप सिंह पुरवा, सचिव सरदार जसपाल सिंघ, कोषाध्यक्ष सरदार हरदीप सिंघ, सलाहकार समिति के सदस्य सरदार अवतार सिंघ, महिला शाखा की उपाध्यक्ष बीबी रविंदर कौर, सचिव बीबी जसवीर कौर, अतिरिक्त सांगठनिक सचिव सरदार गुरदीप सिंघ, विद्यार्थी शाखा से करणदीप सिंघ, दीक्षा कौर, सिमरन कौर श्रीपुर, सिमरन कौर बराकर, रमनदीप सिंघ, शरणदीप सिंघ, प्रभजोत कौर, मनप्रीत सिंघ, साहिल सिंघ खालसा सेवादल परवलिया से कुलदीप सिंघ, राजन सिंघ एवं कुलविंदर सिंघ इस कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# शिक्षा माफिया की 3 करोड़ 10 लाख की संपत्ति कुर्क

गाजीपुर। शुक्रवार को जिलाधिकारी के आदेश पर प्रशासन ने सदर कोतवाली क्षेत्र के रघुनाथपुर छावनी कुशवाहा की रघुनाथपुर छावनी लाइन स्थित शिक्षा भूमि को मुनादी के बीच कुर्क किया गया। उन्होंने

लाइन स्थित शिक्षा माफिया राजेंद्र सिंह कुशवाहा उपरोक्त व जीउत कुशवाहा के नाम रजिस्ट्री कराई गई बेनामी करोड़ों की भूमि को को मुनादी बीच कुर्क करने की कार्रवाई किया गया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रोहित पी बोत्रे ने बताया कि अपराध और अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमें पंजीकृत किए जा रहे थे और बहोत सारे अभी भी पंजीकृत किए जा रहे हैं। गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अंतर्गत शिक्षा माफिया राजेंद्र सिंह बताया कि लगभग 3 करोड़ 10 लाख की कार्रवाई आज पूरे दिन में इन शिक्षा माफियाओं के खिलाफ कराई जाएगी। अन्य जगह भी इन लोगों की प्रापर्टी है। सभी प्रापर्टी का धारा 14 (1) जिलाधिकारी द्वारा आदेश दिया गया था। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार अभिषेक कुमार, एसपी सिटी गोपीनाथ सोनी, सदर कोतवाली विमलेश मौर्या, गोराबाजार चौकी प्रभारी सुनील शर्मा सहित भारी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# उमरैठा के जर्जर विद्यालय मे चल रही कक्षाऐ जर्जर इमारत मे बच्चो की पढाई हो सकती है बडा हादसा

☒ प्रधान ने की खण्ड शिक्षा अधिकारी से शिकायत

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। ब्लाक की ग्राम पंचायत उमरैठा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय की जर्जर इमारत मे बच्चो के पठन पाठन बच्चो की जान जोखिम का काम बताते हुऐ प्रधान द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी से शिकायत कर जल्द विद्यालय की मरम्मत कराने व बच्चो की पढाई के लिये सुरक्षित स्थान की व्यवस्था की जाये।

उमरैठा का पूर्व माध्यमिक विद्यालय की इमारत बुरी तरह जर्जर हो चूकी है।आलम यह है।कि बच्चो के बैठने वालो कमरो की छत से सीमेंट के टुकडे टूट टूट कर बच्चो के ऊपर गिरने लगे है।इमारत इस कदर जर्जर हो चूकी है।तेज आंधी व बारिस मे गिर सकती है।वही विभाग बडी लापरवाही करते हुऐ अब तक इसी इमारत मे बच्चो की पढाई करवा रहा है।जो स्कूली बच्चो को जान जोखिम मे डालने का काम है।शनिवार को उमरेठा प्रधान प्रदीप बघेल ने मामले की शिकायत खण्ड शिक्षा अधिकारी पिनाहट कार्यालय पर लिखित शिकायत देते हुऐ कहा कि शिक्षा विभाग जान बूझकर लापरवाही करते हूऐ जर्जर इमारत मे बच्चो की पढाई का कार्य जर्जर इमारत मे करवा कर बच्चो की जिंदगियो से खिलवाड कर रहा है।इस विद्यालय के कमरो मे कभी भी हादसा हो सकता है।इसलिये विभाग विद्यालय की जल्द मरम्मत करवाये।तब तक किसी सुरक्षित स्थान पर बच्चो के पढने की व्यवस्था करे। वही प्रधान प्रदीप बघेल ने बताया कि विभाग लापरवाही करते हूऐ बच्चो को जान से खिलवाड कर रहा है जो गलत है। जल्द विद्यालय की मरम्मत हो। इसके लिये खण्ड शिक्षा अधिकारी पिनाहट के कार्यालय पर लिखित शिकायत की है।

# राजकीय हाई स्कूल नयापुरा में नव प्रवेशी विद्यार्थियों का किया गया स्वागत

संवादाता सभाजीत वर्मा फतेहाबाद आगरा फतेहाबाद। फतेहाबाद की राजकीय हाई स्कूल नयापुरा में कक्षा 10 के नव प्रवेश विद्यार्थियों का सम्मान किया गया इस दौरान विभिन्न सदनों का गठन किया गया।

तथा उनके प्रमुख चुने गए।

साथ ही विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधानाचार्य डॉ राखी गुप्ता ने किया।प्राप्त जानकारी अनुसार राजकीय हाई स्कूल नंदा पुरा में सहायक अध्यापिका दिव्या वशिष्ठ के मार्गदर्शन में कक्षा दस के विद्यार्थियों द्वारा नवीन प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर तथा ग्रीटिंग कार्ड बनाकर विद्यार्थियों को भेंट किए। तत्पश्चात प्रधानाध्यापिका डॉ राखी गुप्ता के निर्देशन में सदन गठन तथा सदन कार्यकारिणी का चयन किया गया। चयनित सदन नायक एवं उप नायकों को विद्यालय के प्रति कर्तव्य पालन उत्तर दायित्व निर्वहन की शपथ दिलाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## बीसीसीएल सीवी एरिया बारह के सीआईएसएफ यूनिट द्वारा मारवाड़ी विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम

बराकर। बीसीसीएल सीवी एरिया बारह के सीआईएसएफ यूनिट द्वारा यूनिट के क्षेत्रीय प्रभारी सहायक एल गौतम के नेतृत्व में शनिवार को बराकर स्थित उच्च माध्यमिक मारवाड़ी विद्यालय के मैदान में 100 के करीब विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए। जहां सीआईएसएफ क्षेत्रीय प्रभारी एल गौतम के अलावा सीआओएसेफ इंस्पेक्टर अवनीश सिंह, विद्यालय के अध्यक्ष पप्पू सिंह, इंचार्ज दीपिका राय, शिक्षक संदीप मुखर्जी, शिक्षक चौताली चौधरी, सहित कई शिक्षक एवं अन्य सीआईएसएफ अधिकारी एवं जवान उपस्थित। इन पौधरोपण कार्यक्रम के पूर्व विद्यालय के छात्र छात्राओं को कतार में खड़े कर उनके हाथों में सीआईएसएफ द्वारा एक एक पौधे सौपे गए। उसके बाद सीआईएसएफ के क्षेत्रित प्रभारी एल गौतम ने छात्र छात्रों में वृक्षरोपण के लाभ के बारे में बताया। उसके बाद सर्वप्रथम विद्यालय के करीब विद्यालय अध्यक्ष पप्पू सिंह एवं सीआईएसएफ प्रभारी एल गौतम ने पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । जिसके बाद अन्य सीआईएसएफ जवान स्कूल के शिक्षक एवं छात्र छात्राओं ने एक एक कर पौधे लगाना शुरू किया। इस दौरान करिब 100 से अधिक पौधे लगाए गए। जिसमे निम, जामुन आदि पौधे शामिल थें।

## सलानपुर थाने में भाजपा युवा मोर्चा का धरना व ज्ञापन सौंपा

सालनपुर। पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी के बाद भाजपा के युवा मोर्चा ने टेट घोटाले में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग को लेकर सालनपुर थाने में धरना दिया। साथ ही लिखित ज्ञापन सलानपुर थाना प्रभारी अमित हाटी व एसीपी कुल्टी सुकांत बनर्जी के हाथों दिया गया। इस भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संतोष मुखर्जी ने कहा कि तृणमूल को चोरी के अलावा कुछ नहीं पता। इसका सबूत राज्य की जनता को कल ही मिल गया। पार्थ चटर्जी की साथी के घर से 20 करोड़ नकद बरामद। इसका मतलब है कि पैसे के लिए नौकरियां बेची जाती थी। और हम दृढ़ता से मानते हैं कि इस भ्रष्टाचार में पार्थ बाबू ही नहीं बल्कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी शामिल हैं। क्योंकि मुख्यमंत्री खुद कहते हैं कि तृणमूल का मतलब उनके बिना कोई कुछ नहीं कर सकता।

## सीबीएसई के माध्यमिक परीक्षा में ग्रीन पाइन अकादमी के छात छालाओं ने मारी बाजी

नियामतपुर। सीबीएसई माध्यमिक के परीक्षा फल की घोषणा के साथ छात्र छात्राओं में खुशी की लहर देखने को मिली। जहां कुल्टी के कुलतोड़ा स्थित ग्रीन पॉइंट एकेडमी स्कूल का परीक्षा फल में छात्रों ने मारी बाजी। स्कूल के 173 छात्र छात्राओं में 93.64 प्रतिसत छात्र छात्राएं सफल रही। वही 90 प्रतिसत से ऊपर 10 छात्र छात्राओं ने बाजी मारी । स्कूल में यस केशरी 97.5 प्रतिसत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही सौरिधा माहता ने 96.6 प्रतिसत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहा। प्रोमित घोष ने 93.8 प्रतिसत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल के बेहतर परिणाम को लेकर एक ओर जहा स्कूल छात्र छात्राओं में अपार खुसी का इजहार किया। वही अभिभावकों ने भी छात्र छात्राओ के मेहनत और स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं की कड़ी मेहनत को खूब सराहा। वही स्कूल के डायरेक्टर डॉ रामबालक शर्मा ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कुल्टी एसीपी सुकान्त बनर्जी सलपिर थाने पोहुचे निरीक्षण को

सलानपुर रू आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के एसीपी सुकांत बनर्जी सलानपुर थाने में निरीक्षण के लिए पहुंचे। इस दिन सालनपुर थाना प्रभारी अमित हाटी ने अन्य पुलिस अधिकारियों व आरक्षकों के साथ एसीपी कुल्टी सुकांत बनर्जी को सलामी देकर उनका स्वागत किया। इतना ही नहीं इस दिन सुकांता बनर्जी थाने के पुलिस अधिकारियों को होने वाले फायदे और नुकसान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्र की वर्तमान स्थिति पर भी चर्चा की।

## श्री श्याम बाबा एवं दादी मंदिर में झूलन उत्सव मनाया गया

नियामतपुर। नियामतपुर स्थित श्री श्याम बाबा एवं दादी मंदिर में बड़े ही धूमधाम से एक से एक भजनों के साथ झूलन उत्सव मनाया गया। जहां महिला मंडल झुमरीतिलैया से बर्धमान तक सारे श्याम मण्डल इस उत्सव में शामिल होकर भक्ति का आनंद उठाया। झूलन उत्सव में सभी मंडली गायिकी श्रीमती उमा लाहिरी के प्यारे प्यारे भजनों में लीन होकर झूम उठे। उत्सव को सफल बनाने में मंदिर कमिटी के अभिषेक बनेथिया, शक्ति बोहरा, मिठू अग्रवाल, जय किशन अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, विशाल शर्मा, विवेक जिंदाल एवं अन्य कमिटी सदस्यों का अहम योगदान रहा।

## रिलायंस फाउंडेशन के द्वारा मक्का के फसल से सम्बंधित डायल आउट ऑडियो कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम का आयोजन

रिलायंस फाउंडेशन द्वारा मक्का के फसल से सम्बंधित जिले के बिभिन्न गांव के किसानों के साथ डायल आउट ऑडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया इस कर्यक्रम के माध्यम से सेवानिवृत कृषि वैज्ञानिक प्रभारी डॉ दिनेश सिंह ने किसान भाइयों को मक्के की फसल की प्रजाति खरपतवार नाशी उर्वरक प्रबंधन, खेत की तैयारी तथा उसमें आने वाली बिभिन्न समस्याओं का समाधान किया इसके अलावा किसानों को मक्के की खेती के लिये प्रेरित किया सरिलायंस फाउंडेशन द्वारा संचालित टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800 419 8800 के द्वारा भी सभी किसान भाई अपने कृषि पशुपालन मौसम एवं उद्यानिकी से संबंधित प्रश्नों का समाधान प्राप्त कर रहे हैं। रिलायंस फाउंडेशन के सामाजिक सेवा के लिए सभी किसान भाइयों ने रिलायंस फाउंडेशन को अपना आभार व्यक्त किया।

MAHARISHI UNIVERSITY

Established under MUIT Uttar Pradesh Act No. 31 of 2001

D.Pharm B.C.A.
B.Pharm M.C.A.
Diploma M.B.A.
B.Tech B.Ed.
L.L.B. L.L.M

100% गारंटी : सभी सुविधाएं

- स्कॉलरशिप सुविधा उपलब्ध।
- फीस एस्टालमेंट में जमा करने की सुविधा।
- प्लेसमेंट की सुविधा।

कुछ सीट शेष जल्दी करें

श्री साईं एजूकेशन कंसलटेंसी 9918523251